www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, बुधवार, 18 अक्टूबर 2023 | वर्ष – 65 | अंक –184 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



शारदीय नवरात्रि के चौथे दिन माता कुस्मांडा देवी की होगी आराधना

- डूबते मोदी को अब सेना की रेस्क्यू टीम का सहारा
- हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया जोखिम

पृष्ठ 6

- इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच ईरान ने दी दीर्घकालिक युद्ध की चेतावनी
- बाइडेन आज करेंगे इजराइल का दौरा

पृष्ठ 7

लौरा वोल्वार्ट आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के करीब

पृष्ठ 8

## विधायकों की अयोग्यता मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

# अगर स्पीकर समय सीमा तय नहीं करेंगे, तो कोर्ट करेगा

**नई दिल्ली**, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार 17 अक्टूबर को विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को अंतिम मौका देने की बात कही। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि विरोधी धड़े (उद्धव ठाकरे) की तरफ से जो याचिकाएं दायर की गई हैं, उस पर फैसला लेने के लिए स्पीकर वास्तविक समयसीमा निर्धारित करें। अयोग्यता की याचिकाओं को जल्द निर्णय लिए जाने की जरूरत है। महाराष्ट्र में विधायक अयोग्यता मामले की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने साफतौर पर कहा, 'टाइम शेड्यूल से हम संतुष्ट नहीं हैं। सॉलिसिटर जनरल ने भरोसा दिया है कि वे दशहरे की छुट्टियों में व्यक्तिगत रूप से स्पीकर से बात करेंगे और रास्ता निकालेंगे। अब मामले की सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।



- सर्वोच्च अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर को दिया आखिरी मौका
- अब 30 अक्टूबर को होगी मामले की सुनवाई
- सॉलिसिटर जनरल ने रास्ता निकालने की बात कही

**नार्वेकर ने कहा था जल्दबाजी नहीं करूंगा**–वहीं, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने 17 अक्टूबर को बागी शिवसेना विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर कहा कि यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि किस घटनाक्रम को असंवैधानिक माना जाए। नार्वेकर ने 21 सितंबर को कहा था कि मैं शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर फैसला लेने में देर नहीं करूंगा, लेकिन इस मामले में जल्दबाजी भी नहीं करूंगा। जल्दबाजी करना मिसकैरेज ऑफ जस्टिस हो सकता है। मैं जो भी फैसला लूंगा, संवैधानिक होगा।

**13 को भी सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई थी**–महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 13 अक्टूबर को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में लगातार हो रही देरी पर महाराष्ट्र स्पीकर पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने कहा कि कोई उन्हें समझाए कि वे हमारे आदेश का उल्लंघन नहीं कर पाएंगे। कोई भी कार्यवाही महज दिखावा नहीं हो सकती।

**स्पीकर पर छोड़ा था सदस्यता का फैसला**–एकनाथ शिंदे गुट के 16 बागी विधायकों की अयोग्यता पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को फैसला सुनाया था। इसमें कोर्ट ने बागी विधायकों की सदस्यता पर फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया था।

## समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से किया इंकार

उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की गुहार मंगलवार को ठुकरा दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग तीन–दो के बहुत से खारिज कर दी जबकि हिंसा, जबरदस्ती या हस्तक्षेप के किसी भी खतरे के बिना सहवास के उनके अधिकार को बरकरार रखा। संविधान पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि कानून समान लिंग वाले जोड़ों के विवाह के अधिकार को मान्यता नहीं देता है। इस पर कानून बनाना संसद पर निर्भर है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल ने विवाह के अधिकार को पढ़ा और ऐसे समान लिंग वाले जोड़ों को परिणामी लाभ देने के अपने अधिकार को बरकरार रखा। दूसरी ओर न्यायमूर्ति भट, न्यायमूर्ति कोहली और न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने समान लिंग वाले जोड़ों की शादी को मान्यता देने से इनकार कर दिया।

# हेट स्पीच को लेकर कांग्रेस की अमित शाह के खिलाफ शिकायत

### शाह, रमन व साव पर लगाया आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

**रायपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजनांदगांव में भाजपा नेता अमित शाह द्वारा किये गये हेट स्पीच और भड़काऊ भाषण की शिकायत कांग्रेस ने चुनाव आयोग से किया तथा कार्यवाही की मांग किया।

प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जाकर चुनाव आयोग से शिकायत किया। शिकायत में कहा गया कि ङ्क भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा के राजनांदगांव के प्रत्याशी डॉ. रमन सिंह के नामांकन के लिये आयोजित सभा में दिये गये अपने भाषण में दंगा भड़काने के उद्देश्य से गलत बयानी करते हुये कहा कि उन्होंने बेमेतरा जिले के बीरनपुर में हुये हत्या के मामले को



लेकर अपनी चुनाव सभा में सीधे कहा, भूपेश बघेल सरकार ने तुष्टिकरण के लिए, वोट बैंक की राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ के बेटे भुवनेश्वर साहू को लिंचिंग करवाकर मार दिया। भारतीय जनता पार्टी ने तय किया है कि हम भुवनेश्वर साहू के हत्यारों को उनके अंजाम तक पहुंचाएंगे और इसके प्रतीक के रूप में उनके पिता ईश्वर साहू को चुनाव मैदान में उतारा है। अमित शाह का यह बयान ना केवल आपत्तिजनक है बल्कि इसका एकमात्र उद्देश्य शांत प्रदेश छत्तीसगढ़ में सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है। गृह मंत्री ने चुनावी फ़ायदे की नीयत से ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢

## सार संक्षेप

### सेना की गरिमा को ठेस पहुंचा रही मोदी सरकार : खडगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सेना की प्रतिष्ठा का ध्यान रखे बिना अपनी सरकार के कार्यों की उपलब्धियों का प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है और उसका यह कदम सेना के शौर्य को ठेस पहुंचाने वाला है। श्री खडगे ने ट्वीट किया राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले हमारे भारतीय सेना के वीर जवानों की लोकप्रियता को भुनाकर मोदी जी स्वयं का प्रचार करवा रहें हैं।

### तमिलनाडु में दो पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट, 10 की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को दो अलग-अलग पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट होने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में छह महिलाएं हैं। मृतकों की पहचान को लेकर जांच प्रक्रिया जारी है। एक सप्ताह पहले शिवकाशी में एक पटाखा इकाई में विस्फोट से सात लोगों की जान चली गई थी और पिछले 15 दिनों में पटाखा विस्फोट की पांच अलग-अलग घटनाओं में 30 लोगों की जान चली गई है।

### अजित पवार ने सरकारी भूमि सौदे पर पुणे की पूर्व पुलिस आयुक्त के आरोप को खारिज किया

**मुंबई।** पिछले कुछ दिनों से आलोचनाओं का सामना कर रहे उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि एक सरकारी साजिश के संबंध में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और पुणे की पूर्व पुलिस आयुक्त मीरां चड्ढा-बोरवंकर द्वारा यरवदा पुलिस स्टेशन (पुणे) की जमीन के सौदे बारे में लगाए गए आरोप से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

### अभी प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं किया तो भविष्य में मुश्किल : अखिलेश यादव

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कानपुर में इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस को गठबंधन के बारे में तय करना है कि यह गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर होगा या प्रदेश स्तर पर। अगर अभी प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं किया गया तो भविष्य में भी प्रदेश स्तर पर गठबंधन नहीं होगा।

### नीतीश कुमार की सवर्णों को साधने की कोशिश !

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा के इस्तीफे के बाद विधान परिषद की सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री भागवत झा आजाद के पुत्र राजवर्धन आजाद को भेजकर एक नई चाल चली है।

### राजस्थान में कांग्रेस की खास रणनीति

# तीन दर्जन मौजूदा विधायकों का कट सकता है टिकट



- अशोक गहलोत खेमे को लग सकता झटका
- सर्वे के साथ जाना चाहता है पार्टी आलाकमान

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी ने तकरीबन सभी चुनावी राज्यों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करनी शुरू कर दी है। लेकिन राजस्थान में पेंच फंस गया है। क्योंकि पार्टी के सियासी रणनीतिकार के सर्वे में 50 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट काटने की सिफारिश की गई है। जबकि सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना है कि अगर टिकट कटना ही है तो उनके टिकट काटे जाएं, जिन्होंने पार्टी से बगावत की थी। इसी के चलते केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी लंबित है। हालांकि माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने मामले में दखल दिया है और कल सीईसी की बैठक हो सकती है।

गहलोत ज्यादा से ज्यादा समर्थक विधायकों को टिकट दिलाकर विधायक दल पर अपना वर्चस्व कायम रखना चाहते हैं। लेकिन आलाकमान सर्वे के साथ जाना चाहता है। इसके पीछे उसका मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे और अगर सरकार बनाने लायक संख्या मिल जाती है तो कोई भी खेमा दबाव की राजनीति न कर सके। इसको देखते हुए आलाकमान ने सर्वे को पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई को सौंप दिया है। यही नहीं आलाकमान ने स्क्रीनिंग कमेटी में भी संतुलन अपने पक्ष में बनाने के लिए प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, चेयरमैन गौरव गोगोई, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, ➢➢ शेष पृष्ठ 7 पर ➢



### दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से वहीदा रहमान सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर वहीदा रहमान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और जूरी मेंबर्स का शुक्रिया अदा किया। वहीदा रहमान ने कहा, आज जिस भी मुकाम पर मैं खड़ी हूं, यह मेरी प्यारी फिल्म इंडस्ट्री की वजह से है।

## जगदलपुर में अमित शाह कल नामांकन रैली में होंगे शामिल

**रायपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 19 अक्टूबर को जगदलपुर प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर में प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होंगे। इसके साथ ही वे लालबाग मैदान में चुनावी आमसभा को भी संबोधित करेंगे। अमित शाह के दौरे को लेकर भाजपा तैयारियों में जुट गई है। 19 अक्टूबर को वे जगदलपुर प्रत्याशी किरण देव, बस्तर प्रत्याशी मनीराम कश्यप व चित्रकोट प्रत्याशी विनायक गोयल के साथ उनकी नामांकन रैली में शामिल होंगे। रैली भाजपा कार्यालय से माई दंतेश्वरी मंदिर जाएगी, जिसके बाद मां दंतेश्वरी के दर्शन के बाद भाजपा प्रत्याशी कलेक्टोरेट में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं लालबाग मैदान में आयोजित होने वाली आमसभा को भी संबोधित करेंगे।

### राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों को लेकर किया बड़ा दावा

# हम सभी पांचों राज्यों में जीत हासिल करेंगे

**आइजोल**, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मिजोरम का दो दिन का दौरा किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह दावा किया कि देश के पांच राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी जीत हासिल करेगी। उन्होंने अपने दावे को और पुख्ता करते हुए कहा कि वे जिधर भी जाते हैं उन्हें बीजेपी के खिलाफ भारी जन–आक्रोश नजर आता है। कांग्रेस सांसद ने कहा, अगर आप उन राज्यों पर नजर डालें जहां हम चुनाव लड़ रहे हैं तो छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम, तो हम हर राज्य में जीत हासिल करेंगे। मैं जब मध्य प्रदेश जाता हूं तो मुझे भाजपा के खिलाफ भारी जनआक्रोश दिखता है, जब मैं छत्तीसगढ़ जाता हूं तो वहां हमारी सरकार द्वारा किए गए काम के लिए भारी समर्थन देखता हूं, राजस्थान में भी ऐसा ही होता है इसलिए जिन लोगों को पद से हटना है, वह भाजपा है, हम नहीं।'



■ भाजपा के खिलाफ जनता में है भारी आक्रोश

**'इंडिया' गठबंधन 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व** –राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और धर्म या संस्कृति से परे लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने और सद्भाव से रहने की स्वतंत्रता को संरक्षित कर 'भारत की अवधारणा' की रक्षा करेगा।

**मणिपुर में जो हुआ, वह भाजपा की विचारधारा : राहुल**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिनों पहले मैं भारत जोड़ो यात्रा से कन्याकुमारी से कश्मीर तक चला। इसका आइडिया भाजपा और आरएसएस की ओर से देश में फैलाई गई विचारधारा से लड़ना था। अगर हम देश में ध्यान से देखें तो भाजपा की विचारधारा साफ नजर आएगी।

मणिपुर में जो हो रहा है, उससे पता चलता है कि बीजेपी की विचारधारा क्या कर सकती है। वहां सैकड़ों लोग मार दिए गए, महिलाओं से छेड़छाड़ हुई, उनका रेप हुआ। बच्चों को मार दिया गया, लोगों के घर जलाए जा रहे हैं। इसके बाद भी पीएम ने मणिपुर का दौरा नहीं किया। ऐसा लगता है कि पीएम के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है। इसलिए वे मणिपुर को महत्व नहीं दे रहे हैं। राहुल ने मिजोरम के लुंगलेई में जनसभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

# प्रदेश में पहले चरण के लिए आज तीसरे दिन 16 नामांकन पत्र दाखिल

**रायपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों के लिए आज तीसरे दिन 11 अभ्यर्थियों ने 16 नामांकन पत्र दाखिल किए। इस प्रकार पहले चरण के लिए अब तक कुल 17 अभ्यर्थियों ने 23 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

■ अब तक 17 अभ्यर्थियों ने दाखिल किए 23 नामांकन पत्र

तीसरे दिन कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 05, मोहला –मानपुर में 3, डोंगरगढ़ में 2 तथा खैरागढ़, अंतागढ़, कांकेर, केशकाल, जगदलपुर और बीजापुर में एक –एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित राजनांदगाँव, , मोहला –मानपुर –अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़– छुईखदान– गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 3 दिसंबर को होगी। प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर , नारायणपुर , कोंडागांव ,केशकाल ,कांकेर ,भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला– मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

### लोकसभा अध्यक्ष ने दुबे के खत का लिया संज्ञान

## ओम बिरला ने आचार समिति के पास भेजा मामला

**नई दिल्ली**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में पैसा लेकर सवाल पूछने का जो आरोप भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लगाया है; उसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गंभीरता से लेते हुए ऐथिक्स कमेटी (आचार समिति) के पास भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को खत लिखकर महुआ के खिलाफ आरोप लगाते हुए इसकी जांच के लिए एक समिति गठित करने व सदन से उन्हें तत्काल निलंबित करने की मांग की थी। उन्होंने अपने खत में लिखा था कि ये सदन की अवमानना है। इसकी तत्काल जांच कराई जए। इसके बाद ओम बिरला ने टीएमसी सांसद के खिलाफ पैसा लेकर सवाल पूछने का मामला ऐथिक्स कमेटी के पास भेज दिया है। यही नहीं दुबे ने इसको लेकर आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव व राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर को भी खत लिखकर मामले की जांच कराने को कहा था। बतादें कि दुबे ने अपने खत में दावा किया था कि सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने टीएमसी सांसद पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसा लेकर सदन में सवाल पूछने का दस्तावेजी आरोप लगाया है।

## मध्य प्रदेश के लिए कांग्रेस का वचन पत्र जारी

**भोपाल**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने वचन पत्र जारी कर दिया है, इसमें महिलाओं, किसान और नौजवानों पर खास फोकस किया गया है। इस वचन पत्र में कांग्रेस ने वचनों की झड़ी लगा दी है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित विधानसभा चुनाव–2023 के लिए कांग्रेस के वचन पत्र विमोचन कार्यक्रम में कहा कि मध्य प्रदेश की जनता गवाह है कि वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली किस्त में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। सत्ता में आने पर सरकार का और शासन तंत्र का सरलीकरण करना है।

महिला, किसान और नौजवान पर फोकस

**धान 2500 रुपए क्विंटल खरीदने का वचन**–कांग्रेस ने किसानों का धान 2500 रुपए क्विंटल खरीदने का वचन दिया है। गेहूं 2600 रुपए क्विंटल के हिसाब से खरीदने का काम भी करेंगे, और इसको बढ़ाकर हम 3000 हजार तक ले जाने का काम करेंगे। कमलनाथ ने नंदिनी गौ–धन योजना की घोषणा करते हुए कहा कि दो रुपए किलो के हिसाब से गोबर खरीदेंगे। सरकार में युवाओं की दो लाख पदों के लिए भर्ती की जाएगी। वहीं, एक लाख अलग से पद बनाकर युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे। हम युवा स्वाभिमान योजना शुरू करेंगे, दुर्घटना, स्वास्थ्य बीमा के लिए हम लोग 25 लाख रुपए तक का बीमा कराएंगे। बेटियों की शादी के लिए अब एक लाख 1000 हजार की सहायता करेंगे। वृद्धा पेंशन योजना के जरिए 1200 रूपये देने का काम करेंगे। 'मेरी बेटी योजना' में जन्म से लेकर विवाह तक दो लाख तक देने का काम करेंगे। प्रदेश को आईटी हब बनाने के लिए काम करेंगे।

### रिपोर्ट — ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री में 87 फीसदी वृद्धि

# गेमिंग साइटों से बच्चों के यौन शोषण का खतरा

■ वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस की रिपोर्ट में दी गई जानकारी

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया में आनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री के मामलों में 2019 के बाद से 87 फीसदी की वृद्धि हुई है तथा गेमिंग साइटों से भी बच्चों के यौन शोषण का खतरा बढ़ा है। यह तथ्य गैर सरकारी संगठन वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस की ताजा रिपोर्ट में दिया गया है।**

*बच्चों के लिए आनलाइन खतरे के बारे में वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस ने जारी अपनी चौथी वैश्विक रिपोर्ट में कहा है कि वैश्विक स्तर पर 3.2 करोड़ से अधिक ऐसे मामले की रिपोर्ट की गई है जहां आनलाइन माध्यमों में बाल यौनशोषण से जुड़ी सामग्री प्रस्तुत की गई थी।*

***भारत पर भी आसन्न खतरों को किया जिक्र***

*रिपोर्ट के अनुसार भारत चिंताजनक रूप से उन देशों में से एक है जहां बच्चों के लिए आनलाइन माध्यामों पर आसन्न खतरों का जिक्र इस रिपोर्ट में किया गया है। इसमें यह भी पाया गया कि 2020 से 2022 (इंटरनेट वॉच फाउंडेशन) के बीच सात से 10 साल के बच्चों की स्व–निर्मित यौन कल्पना की सामग्रियों में 360 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार चौंकाने वाली बात यह भी है कि सोशल गेमिंग प्लेटफॉर्म पर बच्चों के साथ बातचीत 19 सेकंड के भीतर उच्च जोखिम वाली ग्रूमिंग स्थितियों में बदल सकती है, जबकि ग्रूमिंग का औसत समय केवल 45 मिनट है। वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस के अनुसार सोशल गेमिंग का माहौल वयस्क और बच्चे के बीच मेल–जोल, आभासी उपहारों के आदान–प्रदान और पब्लिक रैंकिंग प्रणालियों की सुविधा प्रदान करता है, उससे ऐसे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं। संगठन की इस शोधपरक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यौन शोषण से जुड़े वित्तीय उत्पीड़न में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने का उल्लेख किया गया है।*

***पिछले साल 10 हजार से अधिक वसूली के मामले***–*इसके तहत 2021 में जहां बच्चों से वसूली के 139 मामले सामने आए थे, वे 2022 में बढ़कर 10,000 से अधिक हो गए। ऐसी घटनाओं में अपराधियों का अपनी यौन तस्वीरें और वीडियो साझा करने के लिए बच्चों को तैयार करना और हेराफेरी करना और फिर पैसे कमाने के लिए उनसे जबरन वसूली करना शामिल है। जबरन वसूली करने वाले लोग युवा लड़कियों के रूप में अपने को ऑनलाइन पेश होते हैं और मुख्य रूप से सोशल मीडिया के माध्यम से 15–17 वर्ष की आयु के लड़कों से संपर्क करते हैं। इसमें कहा गया है कि कई मामलों में, ऐसी घटनाओं के कारण बच्चों ने दुखद रूप से, अपनी जान ले ली।*

# देश

**उवाच**

बिहार सरकार ने राजनीतिक षड्यंत्र के तहत जातीय सर्वेक्षण के आंकड़ों में फेरबदल कर इसे जारी किया है, जो अपूर्ण एवं भ्रामक है तथा राज्य की जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

–रेणु देवी, भाजपा की वरिष्ठ नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 22.0 |
| मुंबई | 33.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# कांग्रेस के दबाव में आकर सरकार ने गंगाजल पर जीएसटी हटाया : श्रीनेत

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मां गंगा को भी नहीं बख्शा और गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया और कांग्रेस ने दबाव बनाया तो फिर वापस लेना पड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस को जब पता चला कि मां गंगा को भी नहीं बक्शा जा रहा है और गंगाजल पर जीएसटी लगाया जा रहा है तो कांग्रेस ने इसका जबरदस्त विरोध किया जिसके दबाव में सरकार को फैसला बदलना पड़ा। इस तरह एक बार फिर कांग्रेस ने मोदी सरकार को मजबूर किया और उसको यह गलत फैसला वापस लेना पड़ा।

■ **कांग्रेस ने भाजपा पर मां गंगा को भी नहीं बख्शने का लगाया आरोप**

उन्होंने कहा भाजपा प्रवक्ता, ट्रोल आर्मी और उनके फेक न्यूज संचालक कहते रहे कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं है क्योंकि गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है। यह प्रचार झूठ था और मीडिया इस झूठ को सच मानकर खबरें चलाता रहा। सच्चाई यह थी कि गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था और ये कहना कि उस पर जीएसटी नहीं था यह कोरा झूठ है। प्रवक्ता ने कहा की गंगाजल पर जीएसटी लगाकर सरकार का उद्देश्य गंगाजल डाक से भेजकर डाकघर की आमदनी



**गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था और यह कहना कि उस पर जीएसटी नहीं था कोरा झूठ है : सुप्रिया श्रीनेत**

बढ़ाना था। पहले 250 एमएल की बोतल 30 रुपए थी लेकिन 18 प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद इसकी कीमत 35 रुपए हो गई थी। इसकी जानकारी 18 अगस्त को इंडिया पोस्ट ने ट्वीट से दी थी जिसमें साफ लिखा था कि 30 रुपए की बोतल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि सरकार बोलती रही है की गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है इसलिए इस पर जीएसटी नहीं लगेगा।

उन्होंने कहा कि सीबीआईसी के तहत जीएसटी जीएसटी आता है और सीबीआईसी की वेबसाइट पर लिखा है–रुद्राक्ष की माला, रोली, विभूति, यज्ञोपवीत, कलावा, बिना ब्रांड के शहद, लकड़ी के खड़ाऊं, चरणामृत, चंदन का टीका और दीये की बाती पर जीएसटी नहीं है बाकि सब पर जीएसटी है। वेबसाइट में गंगाजल पर जीएसटी नहीं लगाने की कोई बात नहीं है। हिंदू धर्म में गर्भधारण से मृत्यु तक 16 कर्मकांड होते हैं और उन सबमें गंगाजल अनिवार्य है। वहीं दूसरी ओर गत दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी एक पोस्ट में हमला बोलते हुए कहा था कि मोदी जी, मोक्ष प्रदाता मां गंगा का महत्व एक आम भारतीय के लिए जन्म से लेकर जीवन के अंत तक बहुत अधिक है। आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया।

उन्होंने कहा कि आपने एक बार भी नहीं सोचा कि उन लोगों पर क्या असर पड़ेगा जो अपने घरों में गंगाजल रखने इसे ऑर्डर देकर मंगाते हैं। यह आपकी सरकार की लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है।

### गंगाजल पर भी वसूला जा रहा था जीएसटी : कांग्रेस

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा गंगाजल पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा था और जब हमने दस्तावेजों के साथ भंडाफोड़ किया, तब जाकर इन्होंने टैक्स हटाया। उन्होंने कहा कि आजकल शारदेय नवरात्र चल रहा और इस पावन पर्व में जब श्रद्धालु बिना जीएसटी के गंगाजल से पूजा करेंगे तो उनका आशीर्वाद कांग्रेस को मिलेगा। दु:ख इस बात का भी है कि जिस झूठ का पर्दाफाश मीडिया को करना चाहिए था उसे हम कर रहे हैं और आगे भी सरकार का असली चेहरा इसी तरह बेनकाब करते रहेंगे।

## झारखंड के लोटिया डैम में छह बच्चे डूबे

**रांची,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र के लोटवा डैम में मंगलवार सुबह डूबे सभी छह स्कूली छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सभी हजारीबाग के माउंट एग्माउंड स्कूल के प्लस टू के छात्र थे और स्कूल ड्रेस पहनकर डैम साइड में सैर करने पहुंचे थे। छात्रों के डूबने की खबर पाकर उनके परिजन डैम के पास पहुंचे। उनकी चीत्कार से माहौल बेहद कारुणिक हो उठा। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। बताया गया कि सात छात्र स्कूटी और बाइक से पहुंचे थे। उन्होंने अपने स्कूल ड्रेस डैम के किनारे उतार दिया और नहाने के लिए पानी में उतर गए। माना जा रहा है कि इनमें से कोई एक गहरे पानी में चला गया, जिसे बचाने के चक्कर में छह छात्र डूब गए। घटना की सूचना जैसे ही इचाक पुलिस को मिली, वह घटनास्थल पर पहुंची। डूबने वाले छात्रों में हजारीबाग के ओकनी मोहल्ले का रजनीश पांडे और सुमित कुमार, मटवारी का मयंक सिंह, दीपूगढ़ा का प्रवीण गोप, पीटीसी चौक का ईशान सिंह और मटवारी गांधी मैदान कॉलोनी का शिवसागर शामिल है। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि लोटवा डैम में हादसे की दु:खद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा, हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।



■ **राज्यपाल व सीएम ने जताया शोक**

## जम्मू, कठुआ व पठानकोट में आठ स्थानों पर ईडी ने की छापेमारी

**जम्मू,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिगड़े मौसम के बीच मंगलवार को जम्मू संभाग के जिला कठुआ में पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह के घर पर छापा मारा। साथ ही जम्मू और पठानकोट समेत आठ अलग-अलग जगहों पर ईडी की टीम पहुंची है। यह कार्रवाई आरबी एजुकेशनल ट्रस्ट के खिलाफ पीएमएलए केस में की गई। पूर्व सांसद लाल सिंह की पत्नी एवं ट्रस्ट की चेयर पर्सन कांटा अंदोत्रा से जुड़े ठिकानों पर ईडी की छापेमारी हो रही है। साजिश रचकर ट्रस्ट को 329 कनाल लैंड अलॉटमेंट को लेकर छापे मारे गए हैं। सीबीआई ने 12 सितम्बर 2020 को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी, जिसके बाद ईडी ने मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है। जम्मू में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई है। सूत्रों के अनुसार, शहर के शास्त्री नगर में नायब तहसीलदार रविंद्र सिंह, मीरां साहब में एडवोकेट अशीष कोतवाल समेत जम्मू के गुलशन ग्राउंड के नजदीक एक घर पर भी एजेंसी की टीम पहुंची। जम्मू संभाग के जिला कठुआ में आरबी एजुकेशनल ट्रस्ट है। इस ट्रस्ट के जरिए वन्य भूमि की बिक्री और खरीदी करने का आरोप है। ट्रस्ट के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने इस काम को अंजाम देने के लिए जिले के राजस्व और वन अधिकारियों को रिश्वत दी, ताकि वे वन्य भूमि की खरीददारी करवाएं। इस मामले में सीबीआई भी कार्रवाई कर चुकी है। सीबीआई ने इस ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में कई बार छापेमारी भी की है। 2014 में बसोहली से भाजपा के टिकट पर उन्होंने फिर जीत दर्ज की। तब जम्मू कश्मीर राज्य में भाजपा और पीडीपी ने मिलकर सरकार बनाई। वह एक बार फिर मंत्री बने। इस बार वह वन मंत्री बने। साल 2014 में मंत्री बनने के कुछ सप्ताह बाद ही उनके खिलाफ एक महिला डॉक्टर ने शिकायत दर्ज कराई थी।




**मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह के घर पर छापा**

### समर्थकों ने कार्रवाई का विरोध जताया

वहीं, इस कार्रवाई का पता चलते ही कठुआ में पूर्व मंत्री के समर्थक भी उनके घर के बाहर एकत्रित होना शुरू हो गए हैं। समर्थकों ने इस कार्रवाई का विरोध जताया है। चौधरी लाल सिंह ने राजनीति की शुरुआत छात्र नेता के तौर पर की थी। पहली बार 1986 में कठुआ की बसोहली सीट से कांग्रेस टिकट पर विधायक बने। 2002 में भी वह यहां से जीते औप पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। स्वास्थ्य मंत्री बनने के दौरान भी वह खूब सुर्खियों में रहे।

**सार संक्षेप**

### जम्मू-कश्मीर को मिले बर्फ हटाने वाले विशेष उपकरण

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को बर्फ हटाने वाले विशेष उपकरण और वाहन जनता को समर्पित किए। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा खरीदे गए उपकरण सुरक्षित और प्रभावी बर्फ हटाने और नागरिकों के लिए पहुंच बनाए रखने के लिए पीडब्ल्यू विभाग के मैकेनिकल व अस्पताल इंजीनियरिंग निदेशालय को सौंप दिए गए।

### बुधनी में टैक्सटाइल फैक्ट्री पर आयकर विभाग का छापा

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र में स्थित एक टैक्सटाइल फैक्ट्री पर आयकर विभाग के दल ने छापे की कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग के अधिकारियों का दल संबंधित फैक्ट्री परिसर में सुबह पहुंचा और फैक्ट्री कार्यालय के अलावा इसके परिसर में स्थित दो तीन ठिकानों पर छापे की कार्रवाई को अंजाम दिया। हालाकि छापे के दौरान क्या मिला, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। सूत्रों का कहना है कि संबंधित फैक्ट्री का नाता पंजाब से है व पंजाब के आयकर विभाग के दल ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस संबंध में व कोई अधिकृत विवरण नहीं मिल सका है।

### ओडिशा में चार करोड़ की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** ओडिशा पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने निवेश योजनाओं के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों से 4 करोड़ की ठगी करने वाले दो आरोपियों को रांची पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। इनके नाम अमर डेनिश और पीयूष कुमार उर्फ निशांत हैं। दोनों बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से रांची के पुंदाग इलाके में श्याम विहार अपार्टमेंट में छिपे थे। बताया गया है कि इन आरोपियों ने वास्तव इंडिया नामक एक ट्रस्ट के जरिए विभिन्न योजनाओं के तहत आकर्षक रिटर्न का वादा कर लोगों से रकम जमा करवाई।

### गुजरात के मछुआरे की पाकिस्तानी जेल में मौत

**गिर सोमनाथ।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के एक मछुआरे की इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान की जेल में मौत हो गई। राज्य के मछुआरों के कल्याण के लिए समर्पित गैर सरकारी संगठन समुद्र श्रमिक संघ ने मंगलवार को कहा कि पिछले तीन महीनों में यह इस तरह की दूसरी मौत है। मृतक की पहचान कोडिनार ब्लॉक के डुडाना गांव के 55 वर्षीय भूपतभाई जीवाभाई वाला के रूप में हुई है। कराची जेल में बंद साथी मछुआरों ने बताया कि 9 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। भूपतभाई जीवाभाई वाला को 12 अक्टूबर, 2021 को पीएमएसए ने गिरफ्तार किया था।

## चुनाव का टिकट न पाने वाले लिखित में दे प्रतिवेदन : दिग्विजय

**भोपाल,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद उपजे कथित असंतोष को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने टिकट पाने में असफल प्रत्याशियों से आग्रह किया है कि वे तथ्यों के आधार पर अपना लिखित प्रतिवेदन टिकट वितरण से जुड़े कांग्रेस पदाधिकारियों को भेजें। सिंह ने एक्स पर अपनी सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि उन्हें 1985 में जब से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया था, वे तब से टिकट वितरण प्रक्रिया से जुड़े हैं। ये सबसे कठिन काम है। इस चुनाव में लगभग चार हजार उम्मीदवार चुनाव लड़ना चाह रहे थे, जिनमें से केवल 230 का चयन होना है। सिंह ने कहा कि प्रत्याशियों में असंतोष होना स्वाभाविक है, क्योंकि हर उम्मीदवार यह समझता है केवल वही चुनाव जीत सकता है। जिनको उम्मीदवार नहीं बना पाए हैं उनको संघटन में स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने टिकट वितरण की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसके लिए मापदंड के तहत जिला कांग्रेस और वरिष्ठ कांग्रेसजनों से नाम लिए गए। कांग्रेस समिति सचिवों ने हर विधानसभा क्षेत्र में जा कर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी ने भोपाल आ कर सभी से मिलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वे टिकट प्राप्त करने में असफल रहे उम्मीदवारों से अपील कर रहे हैं कि उन्हें जो कहना है वह तथ्यों के आधार पर कांग्रेस महासचिव, सचिव व पर्यवेक्षक को लिखित में प्रतिवेदन दें।



■ **टिकट पाने में असफल प्रत्याशियों से किया आग्रह**

# महागठबंधन का कोई मुकाबला नहीं : तेजस्वी

**पटना,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद के नेता तेजस्वी यादव ने साफ तौर पर कहा कि सीट शेयरिंग में बिहार महागठबंधन में कोई कठिनाई नहीं है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि 2015 विधानसभा चुनाव के दौरान जब 243 सीटें थी, तब तो कोई विवाद नहीं हुआ, अब तो उससे कम 40 लोकसभा सीट है।

■ **बिहार लोस चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर विवाद की बात को नकारा**

■ **चिराग और पशुपति पारस के बीच हाजीपुर सीट को लेकर खींचतान चल रही है**

बिहार में महागठबंधन को मजबूत बताते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार में महागठबंधन का कोई मुकाबला नहीं है। पीएम मोदी और अमित शाह अगर 365 दिन भी बिहार में आकर रहेंगे तो भी कुछ होने वाला नहीं है। सीट शेयरिंग के बहाने तेजस्वी के निशाने पर चिराग थे, जो एकबार फिर एनडीए में शामिल हुए हैं। चिराग और पशुपति पारस के बीच हाजीपुर सीट को लेकर खींचतान चल रही है। विधान परिषद के एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी ने ये बातें कहीं।



**मोदी व अमित शाह अगर 365 दिन भी बिहार में आकर रहेंगे तो भी कुछ होने वाला नहीं : तेजस्वी यादव**

### दिक्कत है तो देश में जातीय गणना कराए केंद्र सरकार

पटना में मंगलवार को तेजस्वी यादव से पत्रकारों ने जब जातीय गणना के सही आंकड़े नहीं होने के आरोप लगाए जाने के संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि अगर जातीय गणना के आंकड़े पर भाजपा को भरोसा नहीं है तो प्रधानमंत्री से कहकर देश में ही जातीय जनगणना करा लेना चाहिए।

लेकिन, ऐसा होने वाला है नहीं, क्योंकि भाजपा के जो प्रधानमंत्री हैं या फिर भारत सरकार में बैठे लोग हैं, वो चाहते ही नहीं हैं कि देश में जातीय जनगणना हो। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि बिहार में सही तरीके से गणना हुई है। किसी के बोलने से कोई फर्क नहीं पड़ता। हम इस पर ध्यान नहीं देते हैं कि कौन क्या चाहता है और क्या करेगा हमारी सरकार जनता की सेवा के लिए काम करती है।

हम लोग जनता से किए वादे को पूरा करने में लगे हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि भाजपा कोई एक ऐसा राज्य बता दे जहां एकसाथ लाखों पदों के लिए बहाली आई हो। भाजपा को भी लगता है कि बिहार के महागठबंधन का कोई मुकाबला नहीं है।

### चरित्र हनन करना भाजपा का पुराना मॉडल रहा है

तेजस्वी यादव ने भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बीच चल रहे विवाद को लेकर कहा कि चरित्र हनन करना, बदनाम करना, यह भाजपा का पुराना मॉडल रहा है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की जमानत रद्द कराने को लेकर सीबीआई पर कहा कि यह पहली बार है क्या। कितने आरोपी रहे हैं। इस स्कैम में कई को जमानत मिली। न्यायालय अपना काम करती है। मेरा जमानत कैंसिल करने गए थे। कैंसिल कराने गए तो क्या हुआ। आरोप में दम तो होना चाहिए। सबको पता है क्या हो रहा है।

## जब्त किया पैसा भाजपा से जुड़ा : शिवकुमार

**बेंगलुरु,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि बेंगलुरु में आयकर छापे के दौरान जब्त की गई भारी नकदी का संबंध भाजपा और उसके नेताओं से है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि इसका कांग्रेस सरकार या पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि छापे के दौरान आयकर अधिकारियों को उनकी जानकारी के अनुसार किताबें और कई डायरियां मिलीं और जांच के दौरान तथ्य सामने आएंगे। शिवकुमार ने परोक्ष रूप से पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि.पर निशाना साधते हुए कहा, जो नाम सामने आएंगे वे भाजपा के पूर्व मंत्री आर. अशोक, फर्जी स्वामी, ब्लैकमेल स्वामी और लूट रवि के होंगे। शिवकुमार ने कहा कि उन्हें जांच करने दीजिए। पिछली भाजपा सरकार भ्रष्टाचार का प्रतीक थी। हमारे नेता भी जांच की मांग कर रहे हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच शुरू होने दीजिए। उन्होंने कहा कि पूरा भ्रष्टाचार केवल भाजपा द्वारा किया जाता है। भाजपा भ्रष्टाचार की नींव है और यही कारण है कि कर्नाटक की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। सभी ठेके पिछली भाजपा सरकार द्वारा दिए गए हैं। शिवकुमार ने कहा कि क्या मुझे विधायकों और पूर्व मंत्रियों से भाजपा सरकार के दौरान भ्रष्टाचार पर बयान जारी करने के लिए कहना चाहिए। पिछले सप्ताह से अब तक आयकर विभाग के अधिकारियों ने 80 करोड़ रुपए से अधिक नकदी जब्त की है। पिछली भाजपा सरकार के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाने वाले एक ठेकेदार के फ्लैट से 40 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त की गई थी।



■ **आईटी छापों पर बोले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री**

### भाजपा भ्रष्टाचार का हिमालय

भाजपा द्वारा सीएम सिद्धारमैया और शिवकुमार को कलेक्शन मास्टर्स के रूप में चित्रित करने वाले पोस्टर जारी करने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी भ्रष्टाचार का हिमालय है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार के दौरान सीएम कार्यालय से 2,000 करोड़ रुपये हाईकमान तक पहुंचने का आरोप था।

## उत्तराखंड में बारिश व बर्फबारी के साथ येलो अलर्ट

**देहरादून,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में मानसून के जाने के बाद अब मौसम ने करवट बदली है। प्रदेश में गुलाबी ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है। लेकिन मौसम विभाग ने एक बार फिर प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के साथ ही तेज आंधी तूफान का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को प्रदेश में आंधी तूफान बारिश और बर्फबारी भी हुई। वहीं मंगलवार को भी मौसम विभाग ने एक बार फिर बारिश-बर्फबारी होने के साथ ही कई जिलों में भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के 3500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार जताए हैं। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि बुधवार से अगले कुछ दिन राहत मिलने के आसार हैं।

## राजनाथ ने सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के हांगझोऊ में हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं और सहायक कर्मचारियों को आज सम्मानित किया और उनके लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की। सिंह ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले 76 खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। रक्षा मंत्री ने इस मौके पर मंत्रालय की ओर से घोषणा की कि स्वर्ण पदक विजेता को 25 लाख, रजत पदक विजेता को 15 लाख और कांस्य पदक विजेता को 10 लाख रूपए का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। सशस्त्र बलों के कर्मियों ने इन खेलों में 02 स्वर्ण, 03 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं। सिंह ने उन खिलाड़ियों की भी सराहना की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन पदक नहीं जीत सके। उन्होंने विश्वास जताया कि ये पदक और प्रदर्शन देश के युवाओं को खेलों में आगे आने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने खिलाडियों से कहा कि आप केवल एक पदक का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं, बल्कि भारतीय समाज की उत्कृष्टता की कहानी का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप युवाओं को प्रेरणा देने का एक बड़ा माध्यम हैं। रक्षा मंत्री ने विभिन्न खेलों में पदक जीतने के लिए सशस्त्र बलों के जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चाहे युद्ध का मैदान हो या खेल का मैदान, सैनिक हमेशा समर्पण, अनुशासन, कड़ी मेहनत और देश के लिए कुछ करने की इच्छा के कारण प्रदर्शन करता है।



■ **एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दी बधाई**

**पहल** *तनावग्रस्त छात्रों के लिए केंद्र की अनूठी पहल*

# विद्यार्थियों के लिए सभी स्कूलों में गठित होगी वेलनेस टीम

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा और इंजीनियरिंग व मेडिकल में पवेश के लिए भारी दबाव के बीच कभी-कभी कुछ छात्र अप्रत्याशित कदम उठा लेते हैं। जिसका कोई अंदाजा भी नहीं लगा पाता है। यानि छात्रों में अवसाद के चलते बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति यह बेहद चिंताजनक दौर है।**

इसी से निपटने के लिए अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय आगे आया है। इसके लिए जरूरी कदम उठाने को लेकर सभी राज्यों के लिए गाइड लाइन भेजी गई है। जानकारी के मुताबिक जो गाइड लाइन भेजी गई है, उसके तहत सभी स्कूलों में छात्रों के लिए वेलनेस टीमें गठित किए जाने का निर्देश दिया गया है।

इस वेलनेस टीम में वाइस प्रिंसिपल, हेडमास्टर, शिक्षक, वार्डन, छात्र, अभिभावक और काउंसलर जैसे लोग शामिल होंगे। इस टीम में शामिल लोग स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के बातचीत के लहजे के साथ ही उनके व्यवहार का अध्ययन करेंगे। इसके साथ ही बच्चों में किसी भी तरह के असामान्य व्यवहार को नोटिस करने के बाद टीम की ओर से जरूरी कदम उठाना अनिवार्य होगा। मंत्रालय की ओर से भेजी गई गाइड लाइन में यह भी कहा गया है कि गठित टीम के सदस्यों को छात्रों के भीतर के उन लक्षणों को समझना बेहद जरूरी होगा। जिसके तहत पीड़ित छात्र अगर अपने दोस्तों व परिवार के बीच यह कहता है कि उसकी इस समस्या का कोई समाधान नहीं कर सकता है। वह बेकार हो गया है और शारीरिक रूप से थक गया है, हर समय उदास महसूस करता है और कभी ठीक नहीं हो सकता है। इस तरह का व्यवहार वह करता है तो संबंधित छात्र से तुरंत बात करनी होगी।



■ **केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों को भेजी गाइड लाइन**

गाइड लाइन में कहा गया है कि समय रहते इस तरह के प्रयास करके पीड़ित छात्र के अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है। ऐसे तनावग्रस्त छात्रों को अकेले बिल्कुल नहीं छोड़ें। दोस्ताना व्यवहार के साथ परिवार व अन्य शिक्षकों व काउंसलिंग टीम को शामिल करते हुए मदद लें। इसके अलावा स्कूलों को अपने कैंपस और क्लासरूम में सकारात्मक व्यवहार का निर्माण करना होगा, ताकि कोई भी छात्र बिना किसी डर के आसानी से अपनी बात रख सके। पढ़ाई, परिवार या किसी दोस्त से लड़ाई, परीक्षा में कम अंक आना, परिवार का दूसरे बच्चों से परीक्षा को लेकर तुलना करना, स्कूल में शिक्षक द्वारा प्रताड़ित या कोई अन्य कारण और आर्थिक दिक्कत समेत अन्य कारण मुख्य रूप से सकते हैं। वेलनेस टीम और परिवार के लोगो को आगे आकर छात्र को तनाव या अवसाद से निकालना होगा। मंत्रालय ने स्कूलों के लिए इस तरह की जो गाइड लाइन तैयार की है,उसे कई भागों में बांटा गया है और हर स्तर पर ध्यान देने व तत्काल जरूरी कदम उठाने की बात कही गई है।

## ममूटी-स्टारर 'कन्नूर स्क्वाड' का लेटेस्ट ट्रैक 'मृदु भावे ध्रुदा क्रूथये' हुआ हिट

**नई दिल्ली।** मलयालम सुपरस्टार ममूटी की नई क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'कन्नूर स्क्वाड' ने अपने लेटेस्ट ट्रैक 'मृदु भावे ध्रुदा क्रूथये' के लिए म्यूजिक वीडियो जारी किया है, जो एक बहुत ही मनभावन और सुखदायक ट्रैक है जिसे सुनने का आनंद ही कुछ और है। 'मृदु भावे ध्रुदा क्रूथये' एक बहुत ही भावपूर्ण गीत है, जिसमें सुशीन श्याम की सुरीली आवाज है। म्यूजिक वीडियो में ममूटी और उनकी टीम, जो सभी केरल पुलिस से हैं, एक लॉन्ग रोड ट्रिप पर एक पुलिस वैन में जा रहे हैं। यह ट्रिप केरल से मुंबई तक की है। इससे पहले वे उत्तर प्रदेश के फैजाबाद शहर में पहुंचे। पूरे वीडियो में, हम उन्हें बस एक रोड ट्रिप पर देखते हैं, जहां बाद में उन्हें मुंबई पुलिस के एक कांस्टेबल का फोन आता है जो कहता है कि उनके पास उनके लिए एक गिफ्ट है।

### उच्चरक्तचाप को लेकर वैज्ञानिकों का अध्ययन

# ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव डिमेंशिया और हृदय रोग के लिए खतरा

- 24 घंटों के भीतर, रक्तचाप में उतार-चढ़ाव बिगड़ा स्वास्थ्य
- उच्च रक्तचाप मनोभ्रंश के लिए एक जोखिम

**सिडनी,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्लड प्रेशर के उतार-चढ़ाव से मनोभ्रंश रोग (डिमेंशिया) हो सकता है। वहीं, इससे वैस्कुलर (रक्त धमनियों की भीतरी दीवारों पर वसा जमा होना) का भी खतरा बना रहता है। एक रिसर्च से यह बात सामने आई है। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया (यूनिएसए) के शोधकर्ताओं के अनुसार, 24 घंटों के भीतर, कई दिनों या हफ्तों में रक्तचाप (बीपी) में उतार-चढ़ाव बिगड़े हुए स्वास्थ्य का संकेत है।

उच्च सिस्टोलिक बीपी भिन्नता (शीर्ष संख्या जो दिल की धड़कन होने पर धमनियों में दबाव को मापती है) भी धमनियों के सख्त होने से जुड़ी होती है, जो हृदय रोग से जुड़ी होती है। यह सर्वविदित है कि उच्च रक्तचाप मनोभ्रंश (डिमेंशिया) के लिए एक जोखिम कारक है, लेकिन रक्तचाप में उतार-चढ़ाव पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। सेरेब्रल सर्कुलेशन - कॉग्निशन एंड बिहेवियर जर्नल में प्रकाशित पेपर में प्रमुख लेखक डारिया गटरिज ने कहा कि नैदानिक उपचार रक्तचाप की परिवर्तनशीलता को नजरअंदाज करते हुए उच्च रक्तचाप पर ध्यान केंद्रित करते हैं। गटरिज ने कहा कि रक्तचाप अलग-अलग समय सीमा में उतार-चढ़ाव कर सकता है। इससे मनोभ्रंश और रक्त वाहिका स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाता है। उन तंत्रों का पता लगाने में मदद करने के लिए जो बीपी के उतार-चढ़ाव को मनोभ्रंश से जोड़ते हैं, शोधकर्ताओं ने 60-80 वर्ष की आयु के 70 स्वस्थ वृद्ध वयस्कों को भर्ती किया, जिनमें मनोभ्रंश या संज्ञानात्मक हानि के कोई लक्षण नहीं थे। उनके रक्तचाप की निगरानी की गई, उन्होंने संज्ञानात्मक



परीक्षण पूरा किया, और मस्तिष्क और धमनियों में उनकी धमनी कठोरता को ट्रांसक्रानियल डॉपलर सोनोग्राफी और पल्स वेव विश्लेषण का उपयोग करके मापा गया। लेखकों ने लिखा कि हमने पाया कि एक दिन के भीतर, साथ ही पूरे दिन में उच्च रक्तचाप परिवर्तनशीलता, कम संज्ञानात्मक प्रदर्शन से जुड़ी हुई थी। हमने यह भी पाया कि सिस्टोलिक बीपी के भीतर उच्च रक्तचाप भिन्नता धमनियों में उच्च रक्त वाहिका कठोरता से जुड़ी हुई थी। शोधकर्ताओं ने देखा कि इन परिणामों से संकेत मिलता है कि विभिन्न प्रकार के बीपी परिवर्तनशीलता संभवत: विभिन्न अंतर्निहित जैविक तंत्रों को दर्शाती है, और सिस्टोलिक और डायस्टोलिक रक्तचाप भिन्नता दोनों वयस्कों में संज्ञानात्मक कामकाज के लिए महत्वपूर्ण हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि बीपी परिवर्तनशीलता संभावित रूप से प्रारंभिक नैदानिक मार्कर या उपचार लक्ष्य के रूप में काम कर सकती है।

# 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए आलिया भट्ट ने पहनी अपनी शादी की साड़ी



- 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अभिनय के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अभिनय के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का पुरस्कार पाने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने मंगलवार को समारोह में अपनी शादी की साड़ी पहनी। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाग लिया।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे। जैसे ही आलिया प्रतिष्ठित पुरस्कार लेने के लिए मंच पर गईं, वह झुक गईं और मंच के फर्श को छू लिया। अभिनेत्री अपनी शादी की साड़ी में खूबसूरत लग रही थी जो हाथीदांत रंग की थी। उन्होंने अपने लुक को चोकर नेक पीस, मैचिंग इयररिंग्स के साथ पूरा किया और अपने बालों को सफेद गुलाब के साथ एक बन में बांधा। उन्होंने लाल बिंदी और मिनिमल मेकअप के साथ लुक को पूरा किया।

आलिया ने कैमरे के सामने मुस्कुराहट बिखेरी और हाथ जोड़ लिए। पुरस्कार समारोह में अभिनेत्री के साथ उनके पति और अभिनेता रणबीर कपूर भी मौजूद थे। अभिनेता को काले रंग की पोशाक पहने देखा गया, और वह आलिया की तस्वीरें क्लिक कर रहे थे। 2022 में रिलीज हुई 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। फिल्म में शांतनु माहेश्वरी, विजय राज, जिम सर्भ और अजय देवगन भी हैं। आलिया ने अप्रैल 2022 में रणबीर से शादी की और दंपति की एक बेटी राहा है।

# व्हाट्सएप ने एंड्रॉइड पर पासकी के साथ पासवर्डलेस लॉगिन किया शुरू

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप ने सभी एंड्रॉइड यूजर्स के लिए पासवर्ड-लेस पासकी फीचर के लिए सपोर्ट शुरू करने की घोषणा की है। इस कदम से एंड्रॉइड पर व्हाट्सएप यूजर्स को इनसिक्योर और यहां तक कि टू-फैक्टर एसएमएस ऑथेंटिकेशन को गुडबाय कहने में मदद मिलेगी। कंपनी ने सोमवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया, एंड्रॉइड यूजर्स पासकी के साथ आसानी से और सुरक्षित रूप से लॉग इन कर सकते हैं। केवल आपका चेहरा, फिंगर प्रिंट या पिन ही आपके व्हाट्सएप अकाउंट को अनलॉक करता है।



व्हाट्सएप द्वारा पहले अपने बीटा चैनल में पासकी का टेस्ट किया जा रहा था, लेकिन अब यह रेगुलर यूजर्स के लिए आ रहा है। आईफोन्स पर व्हाट्सएप पासकी के सपोर्ट के बारे में अभी भी कोई जानकारी नहीं है।

कंपनी के मुताबिक, एंड्रॉइड सपोर्ट आने वाले हफ्तों और महीनों में शुरू हो जाएगा। पासकी आपके डिवाइस के खुद के ऑथेंटिकेशन तरीकों से ट्रेडिशनल पासवर्ड को रिप्लेस कर सकते हैं। एप्पल और गूगल पहले से ही अपने यूजर्स के लिए पासकी को सपोर्ट करते हैं। गूगल ने पिछले हफ्ते यूजर्स को पासकी के पक्ष में अपने अकाउंट्स से पासवर्ड हटाने के लिए प्रेरित किया। पासकी का इस्तेमाल करने के लिए, आप बस अपने डिवाइस को अनलॉक करने के लिए फिंगरप्रिंट, फेस स्कैन या पिन का इस्तेमाल करते हैं, और वे पासवर्ड की तुलना में 40 प्रतिशत फास्ट होते हैं, और एक प्रकार की क्रिप्टोग्राफी पर भरोसा करते हैं जो उन्हें अधिक सुरक्षित बनाता है। गूगल ने एक बयान में कहा कि ये एक बड़ा कदम है, हम जानते हैं कि नई टेक्नोलॉजी को समझने में समय लगता है, इसलिए पासवर्ड थोड़े समय के लिए हो सकते हैं। गूगल ने इस साल की शुरुआत में पासकीज के लिए सपोर्ट शुरू किया था, जो आपके अकाउंट्स में ऑनलाइन साइन इन करने का एक सरल और अधिक सुरक्षित तरीका है, और इसे पॉजिटिव फीडबैक मिल रहा है।

# जूनोटिक रोग सरकार के लिए गंभीर चिंता का विषय

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार के लिए जूनोटिक रोग एक प्रमुख चिंता का विषय है जो मनुष्यों के साथ-साथ जानवरों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुधांश पंत ने मंगलवार को यहां 'मानव-वन्यजीव - संवर्धित जूनोटिक रोग निगरानी' और 'सर्पदंश के विष की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्य योजना' पर राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि पिछले तीन दशकों में लोगों को प्रभावित करने वाली नई उभरती संक्रामक बीमारियों में से 75 प्रतिशत जूनोटिक है। उन्होंने कहा कि मानव और पशु दोनों दृष्टिकोण से बीमारियों का निदान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि अधिकांश उभरती संक्रामक बीमारियां बदलते मानव-पशु के संपर्क का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि जूनोटिक रोगों की पहचान करने के लिए सीमित ज्ञान और कौशल के साथ-साथ सभी स्तरों पर सीमित निदान सुविधाओं के अभाव में जूनोटिक रोगों के कारण होने वाले संक्रामक रोगों की उपेक्षा हुई है। पंत ने कहा कि जूनोटिक बीमारी के कारणों और तंत्रों की बेहतर समझ भविष्य में होने वाली बीमारी के प्रकोप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। कोविड -19 महामारी के प्रभाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मानव और पशु दोनों दृष्टिकोण से बीमारियों का निदान करना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि जूनोटिक रोगों के उद्भव के अलावा, एंटी-माइक्रोबियल प्रतिरोध (एएमआर) भी विश्व स्तर पर एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि मल्टी-ड्रग प्रतिरोधी बैक्टीरिया का तेजी से प्रसार और कार्बापेनेम्स जैसे



नए और अधिक शक्तिशाली रोगाणुरोधी एजेंटों के कारण होने वाले संक्रमण के इलाज के लिए नए एंटीबायोटिक दवाओं की कमी मानव स्वास्थ्य के लिए तेजी से बढ़ रहा खतरा है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। इसी तरह, खाद्य जनित बीमारियां जो खराब स्वच्छता, रोगाणुरोधी दवाओं की उपलब्धता, पर्यावरण प्रदूषण और खेतों पर पशुपालन संबंधी जैसे एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग भी एक महत्वपूर्ण खतरा हैं। पंत ने कहा कि सर्पदंश का जहर जीवन के लिए खतरा है और यह सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय है क्योंकि देश पर इस बीमारी का एक बड़ा बोझ है।

# वरिष्ठ अभिनेता प्रशांत दामले को मिलेगा 'विष्णुदास भावे पुरस्कार'

**सांगली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। मराठी फिल्मों, नाटकों तथा टीवी धारावाहिकों के वरिष्ठ अभिनेता एवं निर्माता प्रशांत दामले को मंगलवार को महाराष्ट्र के सांगली में अखिल भारतीय नाट्य विद्यामंदिर समिति (एबीएनवीसी) की ओर से इस साल के प्रतिष्ठित 'विष्णुदास भावे पुरस्कार' के लिए चुना गया।



भावे नाट्यमंदिर में अन्नासाहेब कराले स्मृति भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में एबीएनवीसी के अध्यक्ष शरद कराले ने आज कहा कि श्री दामले को एक अभिनेता, गायक और नाटक निर्माता के रूप में नाटक, मराठी फिल्मों तथा टीवी धारावाहिकों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए चुना गया है।

कराले ने कहा कि दामले को पुरस्कार की राशि 25,000 रुपए नकद, शॉल, श्रीफल और स्वर्ण-जड़ित 'मनचिह्न' प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुरस्कार वितरण समारोह पांच नवम्बर को 'रंगभूमि दिवस' पर आयोजित किया जाएगा। चार दशकों तक योगदान देने वाले दामले ने 31 मराठी फिल्मों, 24 टीवी मराठी धारावाहिकों और लगभग 12,500 नाटकों में अभिनय किया। यह प्रतिष्ठित और राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण पुरस्कार पहले बालगंधर्व, आचार्य अत्रे, मामा पेंडसे, दुर्गा खिते, पी एल देशपांडे, जी डी मधुकर, प्रभाकर पणशीकर, वसंत कानिटकर, नीलू फुले, दिलीप प्रभाववकर, अमोल पालेकर, विक्रम गोखले, मोहन जोशी, मोहन अगाशे, रोहिणी हटगंडी और अन्य कलाकारों को दिया जा चुका है।

# नवरात्रि में परिवार के साथ मौज-मस्ती करने के लिए उत्सुक हैं अभिनेत्री अनेरी वजानी



**मुंबई,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। निशा और उसके कजिन्स और 'बेहद' जैसे शो से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री अनेरी वजानी ने नवरात्रि समारोह पर खुल कर बात की है। उन्होंने कहा कि वह पंडाल में घूमने जाएंगी, और गरबा के लिए नई पोशाकें आजमाएंगी। अभिनेत्री अनेरी को अपने व्यक्तिगत और व्यवसायिक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना पसंद है, और वह खुद को सर्वोत्तम तरीके से तरोताजा करने के लिए त्योहारों को मनाना पसंद करती है। उसी के बारे में बात करते हुए अनेरी ने कहा कि यह वह समय है जिसका हम सभी इंतजार करते हैं। त्योहारी सीजन शुरू हो गया है और यह बहुत खास होने वाला है। हालांकि मैं लगभग हर दिन शूटिंग में बहुत व्यस्त हूं, मैं अपने परिवार को टाइम देने के लिए कुछ समय निकालने जा रही हूं। अभिनेत्री ने साझा किया, मेरा मानना है कि माता के आशीर्वाद के बिना इस दुनिया में कुछ भी संभव नहीं है और अब से मैं निश्चित रूप से माता का आशीर्वाद लेने के लिए पंडालों में जाऊंगी। इसके अलावा, मुझे गरबा बहुत पसंद है। मैं उसी के लिए नए विशेष कपड़े, और दोस्तों और परिवार के साथ मौज-मस्ती करने के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें अभी भी यह पता लगाना है कि काम और इन सबके बीच संतुलन कैसे बनाया जाए। इस बीच, अनेरी को पिछली बार स्टंट रियलिटी शो 'फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 12' में प्रतियोगी के रूप में देखा गया था।

### बैंड-बाजा और आतिशबाजी के साथ निकली बारात की खूब चर्चा

# ससुराल में प्रताड़ित बेटी को वापस घर लौटा लाया पिता

- शोषण व प्रताड़ना की वजह से साथ रह पाना मुश्किल
- साक्षी ने तलाक के लिए कोर्ट में केस फाइल किया

**रांची,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। रांची में निकली एक बारात खूब चर्चा में है। यह बारात बेटी के ससुराल के लिए विदाई की खातिर नहीं, बल्कि ससुराल की प्रताड़ना से मुक्ति के लिए निकली। पिता ने ससुराल में शोषित-प्रताड़ित हो रही विवाहिता पुत्री को वापस अपने घर लाने के लिए बैंड-बाजा और आतिशबाजी के साथ बारात निकाली। उन्होंने बीते 15 अक्टूबर को निकाली गई इस बारात की वीडियो सोमवार को अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट की और लिखा कि बड़े अरमानों और धूमधाम के साथ लोग अपनी बेटियों की शादी करते हैं, लेकिन यदि जीवनसाथी और परिवार गलत निकलता है या गलत काम करता है तो आपको अपनी बेटी को आदर और सम्मान के साथ अपने घर वापस लाना चाहिए क्योंकि बेटियां बहुत अनमोल होती हैं।

इस साहसी पिता का नाम है प्रेम गुप्ता, जो रांची के कैलाश नगर कुम्हारटोली के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि 28 अप्रैल 2022



को उन्होंने बड़े अरमानों और धूम-धड़ाके के साथ बेटी साक्षी गुप्ता की शादी सचिन कुमार नामक युवक से की। वह झारखंड बिजली वितरण निगम में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत है और रांची के सर्वेश्वरी नगर का रहने वाला है।

उनका आरोप है कि कुछ ही दिनों बाद बेटी ससुराल में प्रताड़ित होने लगी। पति जब-तब उसे घर से बाहर निकाल देता। करीब एक साल बाद साक्षी को पता चला कि जिस शख्स के साथ उसकी शादी हुई है, उसने पहले से दो शादियां कर रखी हैं। उसके पांवों के नीचे की जमीन खिसक गई।

साक्षी कहती हैं, सब कुछ जानने के बाद भी मैंने हिम्मत नहीं हारी और रिश्ते को किसी तरह बचाने की कोशिश की। लेकिन, शोषण और प्रताड़ना की वजह से जब लगा कि उसके साथ रह पाना मुश्किल है तो रिश्ते की कैद से बाहर निकलने का फैसला किया। पिता और मायके वालों ने भी साक्षी के फैसले पर मुहर लगाई और उसकी ससुराल से बाकायदा बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ बारात निकाली और उसे मायके वापस ले आए।

प्रेम गुप्ता कहते हैं कि बेटी के शोषण से मुक्त होने की खुशी में उन्होंने यह कदम उठाया। साक्षी ने तलाक के लिए कोर्ट में केस फाइल किया है। लड़के ने गुजारा भत्ता देने की बात कही है। जल्द ही तलाक पर कानूनी तौर पर मुहर लग जाने की उम्मीद है।



# कुपवाड़ा में 75 साल बाद ऐतिहासिक शारदा मंदिर में हुई नवरात्रि पूजा

**श्रीनगर,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। 1947 के बाद पहली बार, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के टीटवाल गांव में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शारदा देवी मंदिर में नवरात्रि पूजा आयोजित की गई।

शरद नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को पूजा आयोजित की गई और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हम्पी के स्वामी गोविंदानंद सरस्वती अपने अनुयायियों के साथ कर्नाटक में भगवान हनुमान की जन्मस्थली किष्किंधा से रथ यात्रा पर सवार होकर टीटवाल गांव पहुंचे। इस दौरान कुछ कश्मीरी पंडित भी मौजूद थे, इनमें ए.के. रैना, एक प्रसिद्ध थिएटर कलाकार हैं, जिन्होंने 'कश्मीर फाइल्स' फिल्म में अभिनय किया है। टीटवाल गांव में मंदिर और गुरुद्वारा को 1947 में कबायली हमलावरों ने जला दिया था और उसी तर्ज पर जमीन के उसी टुकड़े पर एक नया मंदिर और गुरुद्वारा बनाया गया है, जिसका उद्घाटन 23 मार्च, 2023 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। 75 वर्षों के बाद ऐतिहासिक मंदिर में नवरात्रि पूजा की सराहना करते हुए, अमित शाह ने कहा कि यह गहन आध्यात्मिक महत्व की बात है कि 1947 के बाद पहली बार, इस वर्ष कश्मीर के ऐतिहासिक शारदा मंदिर में नवरात्रि पूजा आयोजित की गई है। वर्ष की शुरुआत में, चैत्र नवरात्रि पूजा होती है और अब शारदीय नवरात्रि पूजा के मंत्र मंदिर में गूंजते हैं। मैं 23 मार्च 2023 को जीर्णोद्धार के बाद मंदिर को फिर से खोलने के लिए भाग्यशाली था। यह घाटी में न केवल शांति की वापसी का प्रतीक है, बल्कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक लौ को फिर से जगाने का भी प्रतीक है। शारदा का प्राचीन मंदिर 18 महाशक्ति पीठों में से एक है और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की नीलम घाटी में खंडहरों में स्थित है। यह मंदिर हिंदू देवी मां शारदा को समर्पित है, जिन्हें ज्ञान और बुद्धि की देवी, सरस्वती का अवतार माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, मंदिर का निर्माण मूल रूप से पांडवों द्वारा अपने निर्वासन के दौरान किया गया था। यह भी माना जाता है कि 8वीं शताब्दी के दौरान इस क्षेत्र पर शासन करने वाले राजा ललितादित्य मुक्तपीड ने बाद में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था।

# प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए कच्छ की महिला की अनूठी पहल

- प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर शॉपिंग बैग, पर्स, मोबाइल कवर, ट्रे, योगा मैट, फाइल फोल्डर व चश्मा कवर जैसी चींजे बनाती हैं राजीबेन

**गांधीनगर,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात में कच्छ की एक महिला ने गांवों को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाने के लिए एक अनूठी पहल की है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जब हम आज स्वच्छ भारत के मिशन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तब एक सशक्त महिला की कहानी सभी के लिए प्रेरणादायी बन गई, इस महिला ने गांवों को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाने के लिए एक अनूठी पहल की है। उन्होंने एक आत्मनिर्भर महिला के रूप में न केवल गुजरात, बल्कि दुनिया भर की महिलाओं को भी प्रेरित करने का काम किया है। प्लास्टिक कचरे से बनाए निर्यात



गुणवत्ता उत्पाद कच्छ के भुज शहर के निकट स्थित अवध नगर में रहने वाली 50 वर्षीय राजीबेन वणकर प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर उससे शॉपिंग बैग, पर्स, मोबाइल कवर, ट्रे, योगा मैट, फाइल फोल्डर और चश्मा कवर जैसी ट्रेंडी और दैनिक उपयोग की चीजें बनाती हैं। इस कार्य में उनके साथ 50 महिलाएं भी जुड़ी हैं, जो कटिंग से लेकर उत्पादों के निर्माण के विभिन्न चरणों का कार्य करती हैं।

जब राजीबेन की उम्र 13 साल की थी तब उन्होंने अपने पिता की बीमारी को देखते हुए बुनाई कार्य सीखने का निश्चय किया। परंपरागत रूप से यह पुरुषों का काम था, लेकिन परिवार की मदद करने के उद्देश्य से उन्होंने यह काम सीखना शुरू किया। विवाह के कुछ साल बाद पति का निधन हो जाने के कारण उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली और बुनाई कार्य के माध्यम से स्थानीय स्तर पर काम करना शुरू कर दिया। वे कच्छ की 'खमीर' नामक संस्था से जुड़ीं और वहां प्लास्टिक रीसाइक्लिंग का काम सीखा।

राजीबेन ने बताया कि पहले मैं 'खमीर' नामक एक एनजीओ में बुनाई का काम करती थी। यहां एक विदेशी महिला डिजाइनर हमारे साथ जुड़ीं और उन्होंने मुझे प्लास्टिक को रीसाइक्लिंग कर विभिन्न उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। 2012 में राजीबेन ने 'खमीर' में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग का काम शुरू किया। पर्याप्त प्रशिक्षण हासिल करने के बाद 2018 में उन्होंने स्थानीय महिलाओं को साथ जोड़कर अपने गांव में ही यह काम शुरू किया। प्लास्टिक रीसाइक्लिंग के इस कार्य में उन्हें गांवों को प्लास्टिक के कूड़े से मुक्त करने का उपाय नजर आया, इसलिए उन्होंने अपने इस कार्य को उस बड़े उद्देश्य के साथ जोड़ दिया। कूड़ा बीनने से लेकर अंतिम उत्पाद बनने तक की यात्रा यह प्रक्रिया चार चरणों से होकर गुजरती है। सबसे पहले प्लास्टिक एकत्र किया जाता है। फिर प्लास्टिक को साफ कर उसे सुखाया जाता है, बाद में प्लास्टिक की पट्टियां काटी जाती हैं और फिर उससे उत्पाद बनाए जाते हैं। कूड़ा बीनने वाली महिलाएं प्लास्टिक इकट्ठा कर राजीबेन को देती हैं, जिसके एवज में वे उन्हें निर्धारित पारिश्रमिक का भुगतान करती हैं। राजीबेन के साथ काम करने वाली महिलाएं प्रतिमाह छह हजार रुपए तक कमा लेती हैं। अब उनके अनेक उत्पाद ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं और दिल्ली, मुंबई तथा बैंगलुरु जैसे देश के बड़े शहरों से लेकर लंदन जैसे दुनिया के प्रमुख शहरों तक पहुंच गए हैं।

देशबन्धु

रायपुर, बुधवार 18 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# राहुल गांधी की मिजोरम यात्रा

अगले माह जिन 5 राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है, उनमें एक उत्तर-पूर्वी प्रदेश मिजोरम भी है। यहां 7 नवम्बर को यानी पहले ही चरण में मतदान होगा।40 सीटों वाली यहां की विधानसभा में फिलहाल मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है। इसका चुनावी मुकाबला अब तक तो मुख्य विपक्षी दल जोराम पीपुल्स मूवमेंट के साथ माना जाता था लेकिन अब इन दोनों के मुकाबले कांग्रेस भारी दिखाई देने लगी है। अब तक कांग्रेस को तीसरे नंबर पर समझा जा रहा था लेकिन राहुल गांधी की मंगलवार को खत्म हुई दो दिवसीय मिजोरम यात्रा ने जो संकेत दिये हैं उससे अनुमान लगाये जाने लगे हैं कि 3 दिसम्बर को निकलने वाले चुनावी परिणाम सबको चौंका सकते हैं। वैसे राहुल की यह यात्रा राजनैतिक सन्दर्भों से कहीं बढ़कर है। चुनावी जीत-हार से भी परे और बहुत आगे।

मुख्यमंत्री जोरामथंगा के बारे में कहा जा रहा था कि 1998 और 2003 की तरह वे फिर से सतत दो बार यह पद धारण करने वाले सीएम बन सकते हैं। इसका कारण यह था कि पिछले चुनाव में कांग्रेस को, जो उस समय सत्तारुढ़ थी, केवल 7 की संख्या में सिमटकर रह गई थी। कहने को भाजपा ने एमएनएफ के साथ चुनाव पूर्व गठबन्धन किया था पर जब पिछले वक्त एमएनएफ को पूर्ण बहुमत मिल गया तो जोरामथंगा ने साफ कर दिया कि उन्हें भाजपा की जरूरत नहीं है। फिर भी भाजपा अपने को गठबन्धन का हिस्सा बतलाती रही। उसके हिस्से में एक ही सीट आई थी। अब की एमएनएफ ने हमार पीपुल्स कन्वेंशन (रिफॉर्मेशन) से गठबन्धन कर लिया है। जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के 6 विधायक हैं। राहुल की यात्रा के पूर्व तक मिजोरम पर खास चर्चा नहीं होती थी। ज्यादातर राजनैतिक विश्लेषकों का समय पहले राजस्थान, मप्र व छत्तीसगढ़ पर खर्च होता था। बाद में तेलंगाना पर भी होने लग गया था। मिजोरम चर्चा से बाहर ही था पर यहां राहुल ने जैसा मौसम बदला है, मिजोरम भी सियासी विमर्श का हिस्सा बन गया है।

वैसे मिजोरम में राहुल के पदार्पण का महत्व राजनैतिक चर्चा व समीकरण, चुनाव आदि से बढ़कर है। उत्तर-पूर्व में ही स्थित एक अन्य राज्य मणिपुर में पिछले दिनों हुए घटनाक्रम का असर अन्य छह राज्यों पर भी होता दिख रहा है। इनमें मिजोरम भी शामिल है। वैसे तो ज्यादातर उत्तर-पूर्वी राज्यों का मानस केन्द्र में आरुढ़ पार्टी के साथ जाने का होता है ताकि उनके विकास में बाधा न हो। भाजपा की इस हिस्से के कई राज्यों में पूर्ण बहुमत वाली या गठबन्धन की सरकारें है। मणिपुर की घटना के बाद यहां के राज्यों को समझ में आ गया है कि भाजपा का लक्ष्य यहां का विकास करना नहीं वरन अपनी विचारधारा को फैलाना है। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण यह पूरा इलाका भाजपा के लिये आर्थिक दोहन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। कई राज्यों में ईसाइयों की बहुलता भी उसकी आंखों में खटकती है। मणिपुर में मैतेई हिंदू आदिवासियों और ईसाई कुकी समुदाय के बीच पिछले कई माह से जारी संघर्षों ने जिस तरह से मणिपुर को जलाकर रख दिया है, उसने भी सभी राज्यों की आंखें खोलकर रख दी हैं। असम भी भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रयोगशाला बनी हुई है, वह भी ये सारे राज्य देख रहे हैं। यहां के लोगों को अब यह समझ में आने लगा है कि भाजपा-संघ द्वारा इन राज्यों में सायास अशांति का वातावरण बनाया जा रहा है। नफरत का जो ज़हर फैलाने की कोशिश भाजपा व केन्द्र सरकार कर रही है, उसके विरूद्ध राहुल द्वारा शांति व प्रेम का पैगाम मिजोरम के नागरिकों को आकर्षित कर रहा है। आइजोल में सोमवार को तथा लुंगलेई में मंगलवार को हुई आम सभाओं में एवं एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने बतलाया कि विकास के लिए शांति आवश्यक है और यहां के युवाओं को समझना होगा कि उनके लिए विकास कितना ज़रूरी है। उन्होंने साफ किया कि भाजपा व संघ ने सत्ताधारी एमएनएफ को मिजोरम में अपने प्रवेश के लिये इस्तेमाल किया है। राहुल की यह बात निश्चित ही लोगों तक पहुंची होगी कि कांग्रेस समावेशी भारत का हिमायती है जबकि भाजपा व संघ बहुसंख्यकवाद के सिद्धांत पर काम कर रहा है।

राहुल गांधी ने इस राज्य के साथ अपने पहले-पहल के सम्बन्ध को बतलाकर लोगों को भावुक कर दिया है जिसमें उन्होंने बतलाया कि 16 वर्ष के एक किशोर के रूप में वे अपने दिवंगत पिता व तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ 1986 में आए थे। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी के कार्यकाल में ही मिजो शांति समझौता हुआ था जिसके बाद इस राज्य से अलगाववादी ताकतों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में खुद को शामिल किया था। इस राज्य के विकास में उस समझौते का बड़ा हाथ था। इसे मिजोरमवासी नहीं भूल सकते।

यह बात तो सही है कि राहुल की यह यात्रा विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में हो रही है और उसका फौरी उद्देश्य 7 नवंबर के मतदान को अपने पक्ष में प्रभावित करना है लेकिन उसे सीमित सन्दर्भों में नहीं देखा जाना चाहिये। मणिपुर के घटनाक्रम से सभी उत्तर-पूर्वी राज्य सहमे हुए हैं। भाजपा-संघ की विभाजनकारी नीति एवं केन्द्र द्वारा संघवाद (फेडरलिज़्म) पर प्रहार के दुष्परिणाम आज देश देख रहा है। हर राज्य में अपनी सरकारें बनाना और जहां न हो वहां असंवैधानिक, अनैतिक या गैरकानूनी तरीकों से बनाने की प्रवृत्ति छोटे राज्यों के लोगों को विशेष रूप से भयभीत कर रही है। राहुल की यह यात्रा चुनावी लिहाज से कितनी सफल होती है, कहना मुश्किल है पर उसके सकारात्मक परिणाम ज़रूर निकलेंगे।

# डूबते मोदी को अब सेना की रेस्क्यू टीम का सहारा

देश में काफी कुछ ऐसा हो रहा है जिससे लगता है कि केन्द्र में बैठी नरेन्द्र मोदी सरकार को न तो लोकतंत्र का सलीका है और न ही प्रशासन करने का शऊर। पिछले करीब साढ़े नौ वर्षों से जिस तरह से मोदी केन्द्र की सरकार चला रहे हैं, उससे सभी मान्य लोकतांत्रिक परम्पराएं और मर्यादाएं तो ध्वस्त हो ही रही हैं, यह खतरा भी पैदा हो रहा है कि कहीं यह हमारी कार्यप्रणाली की कुरीतियां बनकर सदा-सर्वदा के लिये स्थापित ही न हो जाये। सभी तरह की शक्तियों को अपने हाथों में बटोरकर जैसा राज मोदी जी चला रहे हैं उसमें विपक्ष तो दूर, अपने ही दल के लोगों से तक विचार-विनिमय का कोई स्थान नहीं है। विशेषज्ञों, मातहत अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों की तो कोई बिसात ही नहीं है। इसके चलते एक नहीं अनेक ऐसे निर्णय लिये गये हैं जिनके कारण देश और जनता को बड़ी कीमतें चुकानी पड़ी हैं। जन धन योजना, उज्ज्वला, स्मार्ट सिटी, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, नोटबन्दी, जीएसटी, सेंट्रल विस्टा जैसे कामों की लम्बी फेहरिस्त है जो असफल होने के साथ लोगों की बर्बादी का सबब भी बनी हैं। मोदी और भाजपा के लिये बहुत ज़रूरी हो गया है कि कोई उनकी नाकामयाबी को सफल बता सके। विभिन्न तरीकों से वे इसकी कोशिशें तो करते रहते हैं पर लोगों का उनमें भरोसा लौटता हुआ नज़र नहीं आ रहा है।

असफल योजनाओं की पूरी की पूरी श्रृंखला के कारण जहां एक ओर मोदी की छवि तथा विश्वसनीयता गिरी है वहीं पूरी भारतीय जनता पार्टी गहरे राजनैतिक संकट में धंसती चली जा रही है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली पराजयों के बाद अगले महीने होने जा रहे पांच राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) में भी भाजपा के लिये जीत की सम्भावनाएं दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रही हैं। पिछले 9 वर्षों के सारे छोटे-बड़े चुनावों की तरह हाल में हुए हिप्र-कर्नाटक के चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़े गये थे और आगामी 5 चुनाव भी ऐसे ही लड़े जायेंगे। यहां तक कि लोकसभा के भी। मोदी की दरकी हुई छवि और गिरी हुई साख को ऊर्ध्वगामी बनाने के लिये मोदी और भाजपा को कोई ऐसी संस्था चाहिये जिसकी अपनी छवि व विश्वसनीयता हो। डूबते मोदी के लिये अब तिनके से बढ़कर किसी रेस्क्यू बोट जैसा सहारा भारतीय सेना में दिख रहा है जो मोदी-भाजपा को चुनावी भंवर से निकालकर सुरक्षित किनारे पर पहुंचा सके। इसका लाभ मिलेगा या नहीं-यह तो बाद की बात है, पहली बात तो यह है कि ऐसा प्रयास ही बहुत कुत्सित है। यह एक तरह से हमारी प्रतिष्ठित सेना और समग्र गौरवशाली सैन्य परम्परा का राजनीतिकरण करने जैसा है जिसके बहुत गम्भीर परिणाम हो सकते हैं।

सभी जानते हैं कि भारतीय सेना की केवल उसके पराक्रम व समर्पण के ही नहीं बल्कि अनेक कारणों से बड़ी विश्वसनीयता है। बहुत कुशल, गुणवत्तायुक्त सेवाभाव, राजनीति से उसकी सम्पूर्ण विलगता, धर्मनिरपेक्षता, उच्च आदर्श, मूल्यगत संस्कार व प्रशिक्षण और मानवीय दृष्टिकोण उसे दुनिया की ज्यादातर सेनाओं से एकदम अलग बनाती है। इन कारणों से ही उसकी बहुत उज्ज्वल छवि है। ऐसे वक्त में जब भारतीय राजनीति लोगों को पूरी तरह से निराश कर रही हो, सरकार के सभी अंग (विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका), तमाम संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया आदि अपनी साख को पूरी तरह से खो चुके हों, अकेली भारतीय सेना ऐसी है जिसके प्रति जनता के दिलों में आज भी बहुत ऊंचा स्थान है। देश के लिये वह हमेशा उम्मीद की अंतिम किरण बनकर जनता के साथ उसके दुख व तकलीफों में खड़ी मिलती है। युद्ध ही नहीं, शांति काल में भी उसी पर भारतीय जनता का शत-प्रतिशत व आखिरी भरोसा होता है। भूकम्प हो या बाढ़, भूस्खलन हो या आतंकवाद- पीड़ित जनता सेना का बेसब्री से इंतज़ार करती है; और वह कभी निराश नहीं करती। सेना का कहा लोगों द्वारा आंख मूंदकर माना जाता है। ऐसा इसलिये क्योंकि उसकी दशकों में अर्जित की गयी विश्वसनीयता है।

उसकी इसी साख और छवि का फायदा उठाने के लिये केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि उसके माध्यम से प्रमुख शासकीय योजनाओं का प्रचार किया जायेगा। तीनों सेनाएं आत्मनिर्भर भारत, सशक्तिकरण व नारी शक्ति की सफलता लोगों तक पहुंचाएंगी। थल सेना, वायुसेना व सीमा सड़क संगठन को सीमाओं पर हुए अधोसंरचना विकास की बात करने को कहा गया है, तो व रक्षा उपक्र म कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इतना ही नहीं, सेना के तीनों अंग व उपक्रम तथा रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) दिल्ली, प्रयागराज, पुणे, बेंगलुरु, मेरठ, नासिक, कोल्लम, कोलकाता और गुवाहाटी में रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, मॉल्स एवं पर्यटन स्थलों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 822 डिजिटल सेल्फी प्वाइंट बनाएंगे।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी स्थलों पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरों के साथ ये सेल्फी प्वाइंट बनेंगे जिससे स्पष्ट है कि एक निर्मल और बहुत सम्मानित संस्था की आड़ में मोदी अपनी असफलताओं को कामयाब बतलाकर न सिर्फ अपनी खोई हुई साख को वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि खुद की गिरती छवि को भी संवारने की कोशिश कर रहे हैं जिसका वे चुनावी लाभ उठा सकें। सेना को अपनी योजनाओं से सम्बद्ध कर इसका सियासी फायदा उठाने की यह परम्परा बहुत घातक है। सेना एक पूर्णत: स्वतंत्र संस्था है जिसका काम सरकार की छवि या साख की नहीं बल्कि देश व जनता की रक्षा करना है। शासकीय योजनाओं को लेकर सभी दलों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। सरकार भी किसी दल के द्वारा ही बनती है। विचार विशेष के आधार पर बनी किसी भी पार्टी की सरकार के पक्ष में प्रचार करना खुद को कोई विचारधारा से जोड़ना होता है। मोदी ने तमाम संस्थाओं को राजनैतिक रंग में रंग दिया है लेकिन उन्हें कम से कम सेना को तो बख्श देना चाहिये। सेना सरकार का प्रचार विभाग नहीं है। इसके लिये सरकारों के पास पर्याप्त व सक्षम मशीनरी उपलब्ध है। केन्द्र सरकार के पास भी है। पूरा का पूरा सूचना एवं प्रसारण विभाग है जिसके अंतर्गत न जाने कितने प्रभाग हैं और अरबों-खरबों रुपयों का बजट होता है। फिर, हर मंत्रालय-विभाग का अपना प्रचार तंत्र होता है। वैसे भी मोदी खुद पर बड़ी सरकारी राशि खर्च कर अपना प्रचार करते हैं। फिर, मोदी जी हर तरह के शासकीय-गैर सरकारी मंचों का उपयोग खुद के, अपनी सरकार व पार्टी के प्रचार के लिये करते हैं। उनका 'मन की बात' के नाम से कार्यक्रम होता है। सोशल मीडिया पर भी मोदी सक्रिय हैं जो लोगों से आग्रह करते हैं कि उनके यू ट्यूब चैनल को सभी सबस्क्राइब करें, बेल आइकन दबाएं।

प्रतीत होता है कि सरकारी प्रचार तंत्र नाकाम एवं गैर भरोसेमंद साबित हो चुका है इसलिये मोदी को सेना जैसी दमदार साख वाली संस्था का सहारा लेना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार के इस फैसले की आलोचना करते हुए कांग्रेस के महासचिव व प्रचार प्रमुख जयराम रमेश का यह कहना वाजिब है कि पिछले साढ़े नौ साल के दौरान महंगाई, बेरोजगारी व अन्य सभी मोर्चों पर विफलता का सामना करने के बाद मोदी सरकार अब सेना से अपना राजनीतिक प्रचार पाने का बहुत घटिया प्रयास कर रही है। इसे सेना का राजनीतिकरण करने का प्रयास और खतरनाक कदम बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से उन्होंने अनुरोध किया है कि वे मामले में इस कदम को तुरंत वापस लेने का निर्देश दें।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)



डॉ. दीपक पाचपोर

**भारतीय सेना की केवल उसके पराक्रम व समर्पण के ही नहीं बल्कि अनेक कारणों से बड़ी विश्वसनीयता है। बहुत कुशल, गुणवत्तायुक्त सेवाभाव, राजनीति से उसकी सम्पूर्ण विलगता, धर्मनिरपेक्षता, उच्च आदर्श, मूल्यगत संस्कार व प्रशिक्षण और मानवीय दृष्टिकोण उसे दुनिया की ज्यादातर सेनाओं से एकदम अलग बनाती है। इन कारणों से ही उसकी बहुत उज्ज्वल छवि है।**

# हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया जोखिम

■ नन्तू बनर्जी

हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष के विश्व अर्थव्यवस्था पर दुष्परिणामों की भविष्यवाणी करना थोड़ा जल्दी हो सकता है, लेकिन अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहा और आने वाले सर्दियों के महीनों में तेल की कीमतें बढ़ती रहीं तो भारत पर असर पड़ना तय है। युद्ध का अब दूसरा सप्ताह चल रहा है।

भारत की लगभग 86प्रतिशत तेल आवश्यकता आयात से पूरी होती है। पिछले साल के मध्य से सस्ते रूसी तेल के आयात से देश को कुछ हद तक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली। अप्रैल से जुलाई 2023 तक, रूस से भारत के तेल आयात की वृद्धि 126.94प्रतिशत से भी अधिकथी, जो भारत के तेल परिदृश्य में रूस की मजबूत स्थिति को रेखांकित करती है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में रूस से तेल आयात की लागत 15.74 अरब डॉलर आंकी गई थी। हालांकि, इसी अवधि के दौरान इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और कुवैत से संयुक्त आपूर्ति की वजह से भारत को 20.7अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। इस प्रकार, भारत तेल आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर काफी हद तक निर्भर है। यदि वैश्विक तेल की कीमतें काफी बढ़ जाती हैं तो रूस द्वारा अपने वर्तमान निर्यात मूल्य को बनाये रखने की संभावना नहीं है।

भारत में जारी महंगाई ने आम आदमी की जेब पर डाका डाल दिया है। बचत दरें निराशाजनक रूप से कम हो गई हैं। पिछले महीने के अंत में केंद्रीय बैंक द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला कि शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत देश की जीडीपी के 5.1प्रतिशत तक गिर गई, जो 1976-77 के बाद सबसे कम है। 2021-22 में यह जीडीपी का 7.2 फीसदी था।

भारतीय रिज़र्व बैंक संभवत: व्यापारियों और निवेशकों की मदद के लिए बैंक दर को नियंत्रित करने के लिए सरकार से प्रभावित है। हालांकि, अगर तेल की बढ़ती कीमतें, उच्च व्यापार घाटा, पश्चिम एशिया से कम प्रेषण, कम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और रुपये के गिरते विनिमय मूल्य ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, तो इसके विकल्प खत्म हो सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में भविष्यवाणी की थी कि वित्त वर्ष 2024 में भारत की विकास दर 6.3प्रतिशत होगी जो पहले के अनुमानित 6.1प्रतिशत से अधिक है। वैश्विक ऋणदाता को उम्मीद है कि भारत की खुदरा मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2025 में घटकर 4.6प्रतिशत होने से पहले वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 5.5प्रतिशत हो जायेगी। आईएमएफ की अक्टूबर 2023 विश्व आर्थिक दृष्टिकोण रपट हमास द्वारा इज़राइल पर हमले के बमुश्किल 72 घंटे बाद जारी की गई थी। स्वाभाविक रूप से, आईएमएफ रिपोर्ट में पश्चिम एशिया की स्थिति और भारत सहित विश्व अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का जायजा लेने की उम्मीद नहीं थी।

हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष एक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की संभावना है जिसमें अरब दुनिया के फिलिस्तीन और हमास के समर्थक और अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के सदस्यों जैसे इजराइल के मजबूत राजनयिक और रणनीतिक मित्र शामिल होंगे। लंबे समय तक चलने वाले हमास-इज़राइल संघर्ष से तेल की कीमतें बढ़ने, उच्च मुद्रास्फीति और अधिक आर्थिक अनिश्चितता का खतरा बढ़ जाता है। यह आंशिक रूप से कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पहले से ही नाजुक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए जोखिमों की एक पूरी नई श्रृंखला पेश करता है।

विश्व आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के बाद, आईएमएफ ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष से मुद्रास्फीति के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था को खतरा होगा और बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि लड़ाई अन्य देशों भड़कती है या नहीं। आईएमएफ के शीर्ष अर्थशास्त्री, पियरे-ओलिवियर गौरींचास ने कहा कि संघर्ष से ऊर्जा-आपूर्ति को झटका लगने का खतरा है, जिससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, मुद्रास्फीति बढ़ सकती है और विकास कम हो सकता है।

आईएमएफ के शोध से पता चलता है कि तेल की कीमतों में 10प्रतिशत की वृद्धि से वैश्विक आर्थिक विकास में 0.15प्रतिशत की कमी आती है। लड़ाई शुरू होने के बाद से तेल की कीमतों में उछाल आया है, हालांकि गौरींचास ने कहा कि बढ़ोतरी लंबे समय तक नहीं रह सकती है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि लंबे समय से चल रहे संघर्ष में वृद्धि वैश्विक अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करेगी: 'यह इस पर निर्भर करता है कि स्थिति कैसे सामने आयेगी, कई अलग-अलग परिदृश्य हैं जिनका हमने अभी तक पता लगाना भी शुरू नहीं किया है। इसलिए हम इस बिंदु पर अभी तक कोई आकलन नहीं कर सकते।' दरअसल, आईएमएफ ने मौद्रिक अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे ब्याज दरों में जल्द कटौती न करें।

इस प्रकार, 2023-24 के लिए भारत पर आईएमएफ के आर्थिक विकास पूर्वानुमान की प्रभावशीलता काफी हद तक हमास-इज़राइल सशस्त्र संघर्ष के विकास के तरीके पर निर्भर करेगी। इससे पहले कभी भी इजराइल ने आतंकी हमलों में इतनी ज्यादा जानें नहीं गंवाई थीं। इज़राइल के तीन बार के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने 'हमास का सफाया' करने के लिए एक राष्ट्रीय आपातकालीन सरकार की स्थापना की है, जिसमें विपक्षी दल के नेता और एक युद्ध कैबिनेट शामिल है। लेकिन, यह कहना जितना आसान होगा, करना उतना आसान नहीं।

फतह द्वारा सशस्त्र संघर्ष छोड़ने के बाद से हमास लंबे समय से फिलिस्तीनियों के लिए एक उचित राज्य के लिए लड़ रहा है। ईरान, अफगानिस्तान, सऊदी अरब, इराक, मिस्र, यमन, कतर, लेबनान और सीरिया हमास के प्रति सहानुभूति रखते हैं। वे सभी फ़िलिस्तीन राज्य के पक्ष में हैं। संयोग से, ब्रिक्स सदस्य भी फ़िलिस्तीनियों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के समर्थन में हैं। हालांकि, यह अंदाज़ा लगाना मुश्किल है कि वे आतंकवादी संगठन माने जाने वाले हमास के साथ इसराइल के ख़िलाफ़ अचानक हुए युद्ध में किस हद तक मजबूती से खड़े रहेंगे।

फ़िलिस्तीन राज्य के समर्थक हमास आतंकवादियों की तुलना में बदले हुए फिलिस्तीन मुक्ति संगठन और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के वर्तमान अध्यक्ष महमूद अब्बास पर भरोसा करते हैं। हैरानी की बात यह है कि अब्बास, जो अब जॉर्डन की राजधानी अम्मान में हैं, तब तक अपनी चुप्पी कायम रखी जब तक कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनीब्लिंकन ने पिछले हफ्ते उनसे मुलाकात नहीं की। हमास के हमले ने निश्चित रूप से अब्बास के राजनीतिक अधिकार को कमजोर कर दिया है।

ब्लिंकन ने प्रत्यक्ष रूप से हमास-इज़राइल लड़ाई में भाग न लेने का आश्वासन लेने के लिए कई अरब नेताओं से भी मुलाकात की। हालांकि, अरब भावनाएं चरम पर हैं। हमास के लिए अखिल अरब समर्थन, जो फिलहाल असंभावित लग रहा है, लड़ाई को तेज कर सकता है और इसके आधार का विस्तार कर सकता है। हालांकि न तो वेस्ट बैंक और न ही गाजा तेल का उत्पादन करते हैं, लेकिन जब से हमास ने इज़राइल पर हमला किया है तब से वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, इस अटकल के बीच कि संघर्ष पश्चिम एशिया में ऊर्जा उत्पादन को प्रभावित कर सकता है।

विडंबना यह है कि छोटा सा इज़राइल, जो भारत के पश्चिम बंगाल राज्य के लगभग एक-चौथाई आकार का है, दुनिया की 27वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह भारत के व्यापार अधिशेष के कुछ प्रमुख स्रोतों में से एक है। 2022-23 के दौरान दोनों देशों के बीच माल और सेवाओं का व्यापार 12 अरब डॉलर होने का अनुमान लगाया गया था। 2022-23 के दौरान इज़राइल से भारत का व्यापारिक निर्यात और आयात क्रमश: 8.4 अरब डॉलर और 2.3 अरब डॉलर था, जिससे 6.1 अरब डॉलर का व्यापारिक व्यापार अधिशेष हुआ। माना जाता है कि भारत इज़राइल से एक प्रमुख स्पाइवेयर आयातक है।

7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किये गये बड़े पैमाने पर आश्चर्यजनक रॉकेट हमले ने अब इजराइल के बहुप्रतीक्षित जासूसी उपकरणों और खुफिया उपकरणों की प्रभावशीलता पर सवाल उठा दिया है। हमास-इज़राइल युद्ध का विस्तार, जिसमें कुछ अरब राष्ट्र और ईरान शामिल हैं, आने वाले महीनों में भारत की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव डाल सकते हैं।

**भारतीय रिज़र्व बैंक संभवत: व्यापारियों और निवेशकों की मदद के लिए बैंक दर को नियंत्रित करने के लिए सरकार से प्रभावित है। हालांकि, अगर तेल की बढ़ती कीमतें, उच्च व्यापार घाटा, पश्चिम एशिया से कम प्रेषण, कम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और रुपये के गिरते विनिमय मूल्य ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, तो इसके विकल्प खत्म हो सकते हैं।**

## पावन प्रसंग

# एकांत का आनंद

एकांत में बैठने, ववक्त गुजारने उसे महसूस करने का अपना ही आनंद है। एकांत व उससे उपजी शांा शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए मरहम का काम करती है, जबकि बहुत ज्यादा शोरगुल खून में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा देता है। इसकी वजह से हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत हो सकती है। यदि हम एकांत का लाभ उठाने की सही तकनीक जान लें तो शोर के कारण होने वाले नुकसानों को कम किया जा सकता है। अक्सर एकांत से लोग डरने की शिकायत करते हैं। वे एकांत होने पर सन्नाटे की स्थिति में आने के कारण घबरा जाते हैं। इसलिए सन्नाटे से बाहर आकर एकांत में समाने की कोशिश करनी चाहिए। उससे डरना या घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हर क्षण में एकांत तलाशने की काबिलियत खुद में पैदा करनी चाहिए।

एकदम संबव है कि हम शोरगुल के बीच एकांत को महसूस कर सकते हैं। एकांत की सबसे ज्यादा जरूरत सुबह-सुबह होती है; क्योंकि उसके बाद कोलेस्ट्राल की मात्रा बढ़ने लगती है। टीवी देखने या अखबार पढ़ने के बजाय कुछ देर चुपचाप बैठना चाहिए। सुबह के आधा घंटे का एकांत खुद को देना चाहिए। प्रकृति का संगीत एकांत है, जिसका पूरा आनंद लेना चाहिए, महसूस करना चाहिए। अपने बगीचे की देखभाल करनी चाहिए। उसका माली खुद बनना चाहिए, मानसिक शांति महसूस होगी कि उच्च रक्तचाप होया कोलेस्ट्राल का बढ़ा स्तर सब शांत हो जाएगा। बागवानी के बी फायदे हैं, एक तो यह कि बागवानी हमको प्रकृति के निकट रखती है और जब हम प्रकृति के निकट होते हैं तो वह क्षण एकांत में बिताने का समय होता है। इससे तनाव व मानसिक दबाव का स्तर कम होता है। इसलिए आंखें मूंदकर ाजे अच्छा लगे, उस बारे में मन ही मन सोचना चाहिए, दिन भर के कामों पर मनन करना चाहिए इससे तकान दूर होगी और मन को चैन मिलेगा।

मोबाइल फोन, इंटरनेट की घंटियों से सारा माहौल गुंजायमान रहता है। इस तरह की आवाजें शोर का रूप धारण कर लेती हैं। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि कभी-कभार जब सोने जा रहे हैं हों या शांति से बैठे हों, तो ऐसे समय में कुछ देर के लिए ऐसे उपकरणों को बंद करके कुछ घंटे एकदम शांतिपूर्वक अलगअंदाज में बिताना चाहिए। जिंदगी आजकल इतनी तनावपूर्ण और व्यस्त हो गई है कि लोगों के सोने-गने का वक्त ही बदल गया है। परिणामस्वरूप अनिंद्रा, अवसाद और तनाव की स्थिति बनती जा रही है। देर रात तक जागना और सुबह देर से जागना, इससे जीवन और स्वास्थ्य दोनों का संतुलन बिग़ड़ता है। जरूरी है कि दस या साढ़े दस बजे राक्षि चत सो जाएं और सुबह छह बडे तक उठें। यह समय हमारी सैर का भी हो सकता है और एकांत का भी। जरूरी है कि ऐसे समय काम का, दफ्तर का अथवा घर की किसी भी मुसीबत का विचार, मस्तिष्क में नहीं होना चाहिए। अगर सैर पर नहीं जाना चाहते हैं तो अपने बगीचे की देखभाल करते हुए भी हम एकांत का लाभ उठा सकते हैं। इतना सा प्रयास हमारा मन-मस्तिष्क और स्वास्थय सुरक्षित रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भोजन की सात्विकता पर धअयान देना चाहिए। ठीक इसी तरह भारतीय स्वास्थ्य के लिए स्वाध्याय एवं मानसिक संगीत की जरूरत है। इससे एकांत का आनंद और बढ़ जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# खेलकूद की जगह घर के कामों में उलझा दी गई किशोरियां

हाल ही में संपन्न हुए एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार मेडलों का शतक लगाते हुए नया कीर्तिमान गढ़ दिया। इस ऐतिहासिक सफलता में पुरुष खिलाड़ियों के साथ-साथ भारत की महिला खिलाड़ियों का भी बराबर का योगदान रहा है। गर्व की बात यह है कि घुड़सवारी जैसी प्रतिस्पर्धा में भी महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि समाज को अब उसे देखने का नजरिया बदल लेनी चाहिए. लेकिन एक कड़वी सच्चाई यह है कि अभी भी हमारे समाज का एक वर्ग महिलाओं और किशोरियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित है। वह महिलाओं और किशोरियों को चारदीवारी के पीछे ज़ंजीरों में कैद देखना चाहता है। वह उनके सर्वांगीण विकास को कुचल देना चाहता है। उसे महिलाओं का सशक्त होना और आत्मनिर्भर बनना संस्कृति पर कुठाराघात नज़र आने लगता है।

भले ही भारत विकास के नित्य नए प्रतिमान गढ़ रहा है। आए दिन देश में नई-नई चीजों का आविष्कार एवं नई-नई चीजों की शुरुआत हो रही है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कन्या उत्थान योजना से लेकर बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ के नारे बुलंद हो रहे हों, लेकिन इससे इतर लैंगिक पूर्वाग्रह एवं पुरुष मानसिकता लड़कियों के प्रति यथावत है। भले हम चांद और मंगल पर आशियाने की तलाश कर रहे हों मगर स्त्रियों के प्रति रवैया और विचार में बहुत कुछ बदलाव नहीं दिखता है। लड़कियों से उनका बचपन इस तरह से छीन लिया जाता है, जैसे लड़की होकर उसने कोई गुनाह कर दिया हो। जब लड़कियों के खेलने-कूदने की उम्र होती है, तब उसे 'ससुराल में गृहस्थ जीवन संभालने' के नाम पर रसोई से लेकर खेत-खलिहान तक के काम में लगा दिया जाता है। वहीं, लड़कों को कुछ सिखाने की जरूरत नहीं समझते, उसे खेलने-कूदने की पूरी आजादी दी जाती है जो खेलना है वह खेलो, जो मन में आए वह करो। जैसे भेदभाव के साथ एक लड़की से उसका बचपन छीन लिया जाता है।

हमारे देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कमोबेश यही मानसिकता व्याप्त है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की अपेक्षा अधिक है।

11 वर्षीय रोशनी बताती है कि वह छठी क्लास में पढ़ती है। वह घर का सारा काम करके, खाना बनाकर स्कूल जाती है। फिर स्कूल से घर आकर सारा काम करती है और फिर रात का खाना बनाने की तैयारी करने लगती है। उसे खेलने का भी टाइम नहीं मिलता है। स्कूल में थोड़ा लंच टाइम में खेलती है लेकिन घर पर उसे ज़रा भी खेलने नहीं दिया जाता है।

सामाजिक बंदिशों की वजह से आज भी गांव में लड़के-लड़कियां छोटी उम्र में भी एक साथ नहीं खेल सकती हैं। माता-पिता का कहना है कि लड़की खेलेगी तो समाज क्या कहेगा? हमसे बस काम कराया जाता है। हालांकि गांव के कुछ शिक्षित लोगों का मानना है कि लड़कियों को भी उनका बचपन खुलकर जीने देना चाहिए। माता-पिता को अपनी लाडली का बचपन नहीं छीनना चाहिए। खेलकूद से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। वहीं उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं निर्णय करने की समझ का विकास होता है।

खेलकूद पाठ्यक्रम एवं शैक्षिक गतिविधियों का एक मजबूत हिस्सा है। यही कारण है कि बिहार सरकार ने स्कूलों में बैगलेस डे की शुरुआत की है। खेल शिक्षकों की बहाली भी हुई है। बहुत सारी लड़कियां कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, पहलवानी आदि के जरिए राष्ट्र का नाम भी ऊंचा कर रही हैं।

**सिमरन सहनी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

## इजरायली हमलों से संरा के 24 सुविधा केंद्रों को नुकसान

**जिनेवा।** गाजा पट्टी पर गत सात अक्टूबर से इजरायली हमलों और बमबारी से फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के करीब 24 सुविधा केंद्रों को नुकसान पहुंचा है। एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाई हमलों और बमबारी के परिणामस्वरूप गाजा पट्टी में यूएनआरडब्ल्यूए के 24 प्रतिष्ठानों के प्रभावित होने की पुष्टि की गई है हालांकि वास्तविक संख्या और अधिक होने की संभावना है।



# इजरायल–फिलिस्तीन संघर्ष के बीच ईरान ने दी दीर्घकालिक युद्ध की चेतावनी

**तेहरान/गाजा,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने सरकारी टीवी पर कहा कि इजरायल को बिना परिणाम भुगते हुए गाजा में कार्रवाई करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईरान ने क्षेत्रीय देशों और इजरायल और अमेरिका का विरोध करने वाली शक्तियों को एक प्रतिरोध मोर्चे के रूप में संदर्भित किया। श्री होसैन ने कहा, सभी विकल्प खुले हैं और हम गाजा के लोगों के खिलाफ किए गए युद्ध अपराधों के प्रति उदासीन नहीं हो सकते हैं। प्रतिरोध मोर्चा दुश्मन के साथ दीर्घकालिक

■ गाजा के लोगों के खिलाफ किए गए युद्ध अपराधों के प्रति उदासीन नहीं हो सकते



युद्ध करने में सक्षम है। जापान, सात विकसित देशों के समूह का मौजूदा अध्यक्ष, की विदेश मंत्री योको कामिकावा ने गाजा के लिए एक करोड़ डॉलर की मानवीय सहायता की घोषणा करते हुए कहा कि वह ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के अंतिम चरण में है। पिछले सप्ताह, ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली ख़ामेनेई ने कहा था कि तेहरान इजरायल पर हमास के हमले में शामिल नहीं था, लेकिन उन्होंने इजरायल की अपूरणीय सैन्य तथा खुफिया हार की सराहना की।

यह संकेत प्राप्त होने के बाद कि युद्ध एक नए मोर्चे पर फैल सकता है, इजरायल ने सोमवार को लेबनानी सीमा के पास दो किलोमीटर के क्षेत्र में 28 गांवों को खाली करने का आदेश दिया। इस बीच, रूस द्वारा तैयार किया गया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव, जिसमें इजरायल और हमास के बीच युद्ध में मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया गया था, सोमवार को 15 सदस्यीय निकाय में आवश्यक न्यूनतम नौ वोट पाने में विफल रहा। प्रस्ताव के पक्ष में पांच वोट पड़े, विरोध में चार वोट पड़े जबकि छह सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। रूस ने शुक्रवार को एक पृष्ठ के मसौदे का प्रस्ताव रखा था, जिसमें बंधकों की रिहाई, मानवीय सहायता तक पहुंच और जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षित निकासी का आह्वान किया गया था।

## इजरायल हमले में गोलीबारी के लिए फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग कर रहा

**यरुशलेम।** इजराइली सशस्त्र बलों ने कथित तौर पर मंगलवार को फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग करके लेबनानी सीमा पर कई गांवों तथा गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों पर रात भर गोलीबारी की। ह्यूमन राइट्स वॉच ने दावा किया कि सात अक्टूबर को हमास की घुसपैठ और उसके बाद रॉकेट हमलों के बाद शत्रुता के दौरान इजरायल ने गाजा तथा लेबनान के खिलाफ सफेद फास्फोरस हथियारों का इस्तेमाल किया। पिछले मंगलवार को फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने इजरायली सशस्त्र बलों पर सफेद फास्फोरस वाले गोला-बारूद का उपयोग करने का आरोप लगाया था। वहीं संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संगठन को इजरायल द्वारा ऐसे हथियारों के संभावित उपयोग पर किसी भी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। इस बीच गाजा में 200 से 250 इजरायली बंदी हैं। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने आज यह जानकारी दी। ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने टेलीविज़न भाषण में कहा कि समूह ने 200 कैदियों को रखा है और बाकी को गाजा पट्टी में अन्य प्रतिरोध गुटों ने पकड़ लिया है।

## इजरायली हमलों में अब तक 2,800 से ज्यादा लोग की मौत

**रामल्लाह।** गाजा के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि खान यूनिस और रफा में घरों को निशाना बनाकर पूरी रात किए गए इजरायली हमले में कम से कम 49 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना ऐसे समय हुई है जब इजरायल 23 लाख लोगों के एन्क्लेव में आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है, जिसके कारण गाजा में मानवीय संकट उत्पन्न हो गया है और ईरान के साथ व्यापक संघर्ष की आशंका उत्पन्न हो गई है। गाजा के अधिकारियों ने कहा कि 07 अक्टूबर से इजरायली हमलों में अबतक 2,800 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिनमें लगभग एक चौथाई बच्चे हैं और 10 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं और अस्पतालों में आपूर्ति का अभाव झेल रहे हैं। इजरायल ने हमास के हमले का जवाब गाजा पर अपनी नाकाबंदी को कड़ा करके दिया है, जिसमें भोजन, पानी और ईंधन के प्रवेश को प्रतिबंधित करना और हवाई हमलों के साथ क्षेत्र पर बमबारी करना शामिल है, जिसने हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है और लाखों विस्थापित हुए हैं।



इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने आज तड़के तेल अवीव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ घंटों बातचीत की और कहा कि राष्ट्रपति बिडेन इजरायल का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इज़राइल से पूछेंगे कि उसे अपने लोगों की रक्षा करने के लिए क्या चाहिए क्योंकि हम उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कांग्रेस के साथ काम कर रहे हैं। श्री ब्लिंकन ने कहा कि श्री बिडेन श्री नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान इजरायल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुन: पुष्टि करेंगे और उसके युद्ध लक्ष्यों एवं रणनीति पर व्यापक जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों नेता गाजा के नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए एक योजना विकसित करने पर सहमत हुए हैं लेकिन उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी।

## सुडोकू 6350

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 3 | | 9 | 8 | 1 | | |
| | | 2 | | 5 | 3 | 8 | | 7 |
| 5 | | 8 | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | | | | 9 | | 5 | |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| | 1 | | 4 | | | | | 2 |
| | 7 | | | | 2 | 5 | | 4 |
| 2 | | 9 | 5 | 4 | | 7 | | |
| | | 6 | 9 | 3 | | 2 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 18 अक्टूबर, 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष -आज आप आध्यात्मिक विचारों में ज्यादा रुचि लेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं की तरफ विशेष आकर्षण होगा। गहरे चिंतन- मनन से अलौकिक अनुभूति होगी। वाणी पर संयम रखने से बहुत-सी गलतफहमियों से बच सकेंगे।

वृषभ -आज आपको दांपत्यजीवन का विशेष आनंद मिलेगा। आप सपरिवार किसी सामाजिक स्थान पर घूमने जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर आएगा।

मिथुन -कार्य सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त करने के लिए आज का दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं।

कर्क -आज का दिन शांत रहकर गुजारने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन करेंगी। आकस्मिक खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद के कारण मनमुटाव होंगे।

सिंह -नकारात्मक विचार हताशा पैदा करेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता अनुभव करेंगे। घर में किसी से विवाद हो सकता है। माता-पिता के साथ मतभेद होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

कन्या -आज किसी भी काम की नई शुरुआत कर सकते हैं। आपको काम में सफलता मिलेगी। आप विरोधियों को भी परास्त कर सकेंगे। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। आर्थिक लाभ भी होगा।

तुला -अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। दुविधा में फंसा मन आपको किसी ठोस निर्णय पर नहीं आने देगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना उचित होगा।

वृश्चिक -तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, यात्रा या मुलाकात का अवसर आएगा। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। आर्थिक लाभ होगा। शुभ अवसर पर बाहर जाना होगा।

धनु -आज का दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ बहसबाजी से मन दु:खी रहेगा। परिणाम स्वरूप आप मानसिक रूप से भी परेशान रहेंगे। क्रोध पर अंकुश रखें।

मकर -नौकरी- धंधे और व्यापार के क्षेत्र में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ घूमने जाएंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मित्रों और पुत्र से लाभ होगा।

कुंभ -आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे होंगे। इससे आपको खुशी मिलेगी। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। काम में सफलता मिलेगी। गृहस्थ जीवन में आनंद रहेगा। धन प्राप्ति और पदोन्नति के योग हैं।

मीन -नकारात्मक विचार आप पर हावी न हो, इसका ख्याल रखें। मानसिक अस्वस्थता से परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ सावधानीपूर्वक काम करें।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।



## पुतिन, जिनपिंग फिलिस्तीन-इजरायल संकट पर कर सकते है चर्चा

**बीजिंग,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिगपिंग बीजिंग में बैठक के दौरान फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष की स्थिति पर चर्चा कर सकते है। क्रेमलिन के प्रवक्ता द्रमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री पेस्कोव से जब यह पूछा गया कि क्या इस संघर्ष पर राष्ट्रपतियों द्वारा चर्चा की जाएगी, उन्होंने कहा निश्चित रुप से यह एक ऐसा मुद्दा है जो दुनिया के सभी नेताओं के एजेंडे में शीर्ष में है। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के विस्तार का खतरा अभी भी बना हुआ है और यह पूरे क्षेत्र के लिए बिल्कुल भयानक परिणामों और इससे भी बड़ी मानवीय तबाही से भरा हो सकता है।

# बाइडेन आज करेंगे इजराइल का दौरा

**तेल अवीव,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने घोषणा की है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार को इज़राइल का दौरा करेंगे। सीएनएन ने बताया कि 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इज़राइल पर अभूतपूर्व हमला शुरू करने के बाद युद्धग्रस्त राष्ट्र की अपनी दूसरी यात्रा पर सोमवार को तेल अवीव पहुंचे ब्लिंकन ने यहूदी राज्य की कैबिनेट के साथ सात घंटे से अधिक लंबी बैठक के अंत में बाइडेन की यात्रा की घोषणा की।

अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने दी जानकारी

राज्य सचिव ने कहा, बुधवार को अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति बाइडेन इजरायल के सैन्य अभियानों के बारे में जानेंगे और इस बात पर चर्चा करेंगे कि इस दौरान नागरिक हताहतों की संख्या कम हो और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता इस तरह से मिल सके, जिससे हमास को कोई फायदा न हो। उन्होंने कहा, बाइडेन इजरायल के साथ अमेरिका की



एकजुटता और उसकी सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।

सीएनएन ने राज्य सचिव के हवाले से कहा, वह इस संकट का फायदा उठाकर इजराइल पर हमला करने की कोशिश कर रहे किसी भी देश को संदेश देंगे कि वह ऐसा न करें।

व्हाइट हाउस के अनुसार, बाइडेन इज़राइल के अलावा जॉर्डन का भी दौरा करेंगे, जहां वह किंग अब्दुल्ला द्वितीय, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास से मिलेंगे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**हेट स्पीच को लेकर ...**

उन्माद भड़काने के लिए यह बयान दिया है। उन्होंने जो कहा है वह बिल्कुल झूठ है। हक़ीक़त यह है कि हिंसा और प्रति हिंसा के इस मामले में सरकार ने त्वरित कार्रवाई की थी और आरोपियों को गिरफ़्तार करके जेल भेजा था। लेकिन छत्तीसगढ़ में साफ़ दिख रही अपनी हार से बौखलाए अमित शाह अब सांप्रदायिकता का सहारा लेना चाहते हैं। राजनांदगांव में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए संविधान की शपथ लेकर संवैधानिक पद पर बैठे देश के गृहमंत्री अमित शाह ने धार्मिक धुव्रीकरण के उद्देश्य से सांप्रदायिक तनाव भड़काने का कुत्सित प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के नेता लगातार योजनाबद्ध तरीके से षडयंत्र पूर्वक बिरनपुर की घटना पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे हैं। जिस मामले में विवेचना पूरी हो चुकी है, न्यायालय में चालान प्रस्तुत हो चुका है, निचली अदालत का फैसला भी आ गया है उसके खिलाफ देश के गृह मंत्री द्वारा साप्रदायिक ध्रुवीकरण करके के उद्देश्य से उन्माद भड़काने का कुत्सित प्रयास स्पष्ट तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है अत: निवेदन है कि अमित शाह, रमन सिंह और अरुण साव के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेन्द्र वर्मा, अजय साहू, नितिन भंसाली, मणी वैष्णव, सुजीत घिदौड़े उपस्थित थे।

**तीन दर्जन मौजूदा विधायकों का ...**

प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा व सचिन पायलट के साथ ही अपने भरोसेमंद व कड़क मिजाज मधुसूदन मिस्त्री को भी आमंत्रित सदस्य के रूप में जगह दे दी है। बताया जा रहा है कि आलाकमान ने स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सिर्फ जिताऊ उम्मीदवारों के नाम पर ही विचार किया जाएं। इस लिहाज से माना जा रहा है कि गहलोत खेमा को झटका लग सकता है और कम से कम तीन दर्जन मौजूदा विधायकों का टिकट काटा जा सकता है। जिसमें ज्यादातर गहलोत समर्थक होंगे।

## इंडोनेशिया में इबू ज्वालामुखी फटा

**जकार्ता,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु प्रांत में इबू ज्वालामुखी मंगलवार को फट गया, जिसके बाद अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों को इलाके से दूर रहने की चेतावनी जारी की। इबू ज्वालामुखी मॉनिटरिंग पोस्ट के अनुसार, दोपहर 12.42 बजे ज्वालामुखी फटा, जिससे क्रेटर से 600 मीटर दूर तक गर्म राख फैल गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, निगरानी चौकी के एक अधिकारी अहमद बासुकी ने एक बयान में कहा कि ज्वालामुखी के विस्फोट से मोटी, भूरे रंग की राख का एक स्तंभ निकला। उन्होंने कहा, जो लोग बाहर निकलते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि ज्वालामुखी की राख गिरने पर नाक, मुंह और आंखों के लिए सुरक्षात्मक उपकरण पहनें। समुद्र तल से 1,377 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इबू ज्वालामुखी अब खतरे के दूसरे स्तर पर है, जो उच्चतम स्तर चार से नीचे है।



■ पर्यटकों को दूर रहने की चेतावनी

## वर्ग पहेली 6350

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. पहिये आदि के बीच का भाग, केन्द्र, धुरी, नाभि
३. जिसे उसके पद से हटा दिया गया हो
५. पेट, जठर
६. मनोरंजक दृश्य, खेल आदि
७. संदेहास्पद (उर्दू)
८. ठुकराना, ठोकर लगाना (मुहावरा)
१३. बदचलन, पतित
१५. माफ किया गया
१६. जौहरी, श्रृंगार रस, पारा
१७. प्रार्थना, निवेदन
१८. किंचित, थोड़ा
२०. कृषक, किसान
२२. फायदेमंद
२३. थकान, शारीरिक शिथिलता

**ऊपर से नीचे:-**

१. एक तरह का बड़ा नींबू
२. मदिरालय (उर्दू)
३. भले-बुरे को पहचानना, समझना
४. नटना
५. बराबरी, तुलना
९. लेखादि का विषय (उर्दू)
१० गर्व, नाज
१२. पेड़, तरू
१३. भीतरी, अंदरूनी
१४. अपरिमित (उर्दू)
१७. जहरीला
१९. बेजान. निष्प्राण
२०. अफसोस, दुख
२१. एक प्रकार का वाहन

### वर्ग पहेली-6349

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ बे | आ | २ ब | रू | ■ | ■ | ३ ज | न | ४ सं | ख्या |
| ल | ■ | र | ■ | ५ नि | श्च | ल | ■ | स्था | ■ |
| ६ गा | लि | ब | ■ | शि | ■ | ७ पा | र | प | त्र |
| म | ■ | ८ स | ९ म | का | ली | न | ■ | क | ■ |
| ■ | १० का | ■ | नो | ■ | ■ | ■ | ११ भ | ■ | १२ ए |
| १३ अ | त्या | चा | र | ■ | १४ प | ■ | १५ व्य | थि | त |
| ■ | य | ■ | १६ थ | का | व | ट | ■ | ■ | बा |
| १७ मु | नी | म | ■ | ■ | ना | ■ | १८ व्या | १९ पा | र |
| हि | ■ | ■ | २० अ | वि | र | २१ ल | ■ | व | ■ |
| २२ म | क | त | ब | ■ | ■ | २३ त | र | क | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1898-अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको को अपने कब्जे में लिया।
1922-ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना।
1925-उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी का जन्म।
1944-द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरु की।
1950-हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता ओम पुरी का जन्म।
1972-पहले बहुद्देशीय हेलिकॉप्टर एस ए 315 का बैंगलोर में परीक्षण।
1980-पहली हिमालय कार रैली को बम्बई (मुंबई) के ब्रेबोर्न स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
1985-सम्पूर्ण विश्व में व्यापक विरोध के बावजूद दक्षिण अफ़्रीकी सरकार द्वारा अश्वेत कवि बेंजामिन मोलोइस को फ़ाँसी।
1991-दक्षिण पश्चिम एशिया और दक्षिणी पूर्वी यूरोप के मुहाने पर स्थित अजरबैजान ने तत्कालीन सोवियत संघ से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1995-कोलंबिया के कार्टाजेना में गुट निरपेक्ष देशों का ग्यारहवां शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।
1998-भारत और पाकिस्तान आणविक ख़तरे रोकने के लिए सहमत।
2000-श्रीलंका में पहली बार विपक्षी सदस्य अनुरा भंडारनायके को संसद अध्यक्ष बनाने की सहमति।
2004-कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन मारा गया।
2005-पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने नियंत्रण रेखा को भूकम्प राहत कार्य के लिए खोलने का सुझाव दिया।

**बैठक** प्रस्ताव में युद्धविराम का किया गया था आह्वान

# बांग्लादेश, पाकिस्तान व रूस का गाजा प्रस्ताव सुरक्षा परिषद में विफल

**संयुक्त राष्ट्र,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश, पाकिस्तान, रूस और कई अरब देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पेश प्रस्ताव विफल हो गया है। इसमें इजरायल और गाजा में युद्धविराम का आह्वान किया गया था, लेकिन इसमें हमास का कोई उल्लेख नहीं किया गया था। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा एक बंद बैठक में आम सहमति बनाने के आखिरी मिनट के प्रयास के बावजूद परिषद के सदस्य एक आम दृष्टिकोण पर सहमत नहीं हो सके, इसके बाद सोमवार रात को प्रस्ताव पर मतदान कराया गया।

प्रस्ताव में हमास को इजरायल पर हमले के अपराधी के रूप में नामित नहीं किया गया था।

परिषद के स्थाई सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। जापान ने भी प्रस्ताव के ख़िलाफ़ मतदान किया। केवल रूस, चीन, मोज़ाम्बिक, गैबॉन और यूएई ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जबकि छह देश अनुपस्थित रहे। गाजा में मानवीय संकट बढ़ रहा है, इजरायली बमबारी में 2,700 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को मिस्र की यात्रा की योजना की घोषणा की। इजराइल ने जमीनी हमले की आशंका में गाजा के उत्तरी हिस्से के लगभग 10 लाख लोगों को दक्षिण की ओर जाने के लिए भी कहा है।

■ अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया

गुटेरेस ने कहा है कि मध्य पूर्व रसातल के कगार पर है और उन्होंने इज़राइल से गाजा पर नाकाबंदी हटाने का आह्वान किया है, जहां भोजन और पानी की आपूर्ति खतरनाक रूप से कम हो रही है और लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। गाजा मिस्र से सटा हुआ है और राहत सामग्री इसके माध्यम से भेजी जा सकती है और लोगों को गाजा छोड़कर अफ्रीकी देश में जाने की अनुमति दी



जा सकती है। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि वह राफा क्रॉसिंग का दौरा कर सकते हैं, जो एन्क्लेव को मिस्र से जोड़ता है लेकिन अब गाजा जाने की उनकी कोई योजना नहीं है। यूएन में अमेरिकी स्थायी प्रतिनिधि लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि 7 अक्टूबर का हमास हमला प्रलय के बाद से यहूदी लोगों का सबसे बुरा नरसंहार था और इसने सहस्राब्दियों से यहूदी विरोधी भावना को सतह पर ला दिया। उन्होंने हमास की तुलना आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से की और कहा कि (प्रस्ताव में) हमास की निंदा करने में विफल रहकर, रूस एक आतंकवादी समूह को कवर दे रहा है जो निर्दोष नागरिकों पर क्रूरता करता है।

## दुनिया को जानें

# डिप्रेशन मैनेजमेंट में डॉक्टरों से बेहतर चैटजीपीटी

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। ओपनएआई का एआई चैटबॉट चैटजीपीटी क्लीनिकल डिप्रेशन के लिए मान्यता प्राप्त उपचार मानकों का पालन करने में एक डॉक्टर से बेहतर हो सकता है। ओपन-एक्सेस जर्नल फ़ैमिली मेडिसिन एंड कम्युनिटी हेल्थ में प्रकाशित स्टडी के अनुसार, चैटजीपीटी में फास्ट, ऑब्जेक्टिव, डेटा इन्साइट प्रदान करने की क्षमता है, जो ट्रेनिशनल डायग्नोस्टिक मेथड्स को पूरा कर सकती है और साथ ही गोपनीयता और गुमनामी भी प्रदान कर सकती है। शोधकर्ताओं ने खतरनाक डिप्रेशन के लिए अनुशंसित चिकित्सीय दृष्टिकोण का मूल्यांकन करने के लिए एआई टेक्नोलॉजी का परीक्षण किया। जब चैटजीपीटी पूछा गया, आपको क्या लगता है एक प्राथमिक देखभाल चिकित्सक को इस स्थिति में क्या सुझाव देना चाहिए? तो, उसने जवाब दिया वॉचफुल वेटिंग, रेफरल फॉर साइकोथेरेपी, निर्धारित दवाएं (डिप्रेशन/एंग्जाइटी/स्लीप प्रॉब्लम)। चैटजीपीटी-3.5 और चैटजीपीटी-4 की तुलना में, केवल 4 प्रतिशत से अधिक फैमिली डॉक्टरों ने क्लिनिकल गाइडेंस के अनुरूप हल्के मामलों के लिए विशेष रूप से मनोचिकित्सा के लिए रेफरल की सिफारिश की।

# खेल जगत

## पेरू अर्जेंटीना मुकाबले में मेसी का खेलना संदिग्ध

**लीमा** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। नेशनल स्टेडियम में बुधवार को खेले जाने वाले पेरू बनाम अर्जेंटीना फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफाइंग मुकाबले लियोनेल मेसी का खेलना संदिग्ध है। मेसी (36) को हाल दाहिने पैर की मांसपेशियों में दर्द के कारण इंटर मियामी क्लब के लिए कई एमएलएस मैचों से बाहर कर दिया गया है। मेसी ने कल होने वाले मुकाबले से पूर्व अभ्यास में भी भाग नहीं लिया है। अगर मेसी कल होने वाले मुकाबले में खेलते है तो कोच लियोनेल स्कालोनी को जूलियन अल्वारेज या लुटारो मार्टिनेज में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। पेरू क्वालीफाइंग में अपने दो मैच हार चुका है। खिलाड़ी और कोच जुआन रेनोसो जानते हैं कि विश्व कप चैंपियन के खिलाफ उन्हें कहीं अधिक कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



# निसंक-कुशल परेरा की शतकीय भागीदारी श्रीलंका के काम न आई

■ जम्पा के गेंद से 'चौके', मार्श व इंग्लिश के अर्द्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया की पहली जीत

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। पथुम निसंक और कुशल परेरा की सलामी जोड़ी की तेज शतकीय भागीदारी भी श्रीलंका के काम नहीं आई। मैन ऑफ द' मैच तुरुप के लेग स्पिनर एडम जम्पा (4/47) के बुने स्पिन के जाल तथा सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श और जोश इंग्लिश के तेज अर्द्धशतकों की बदौलत पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को लखनउ में सोमवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में ) पांच विकेट से करारी शिकस्त दे तीन मैचों में पहली जीत दर्ज की। वहीं श्रीलंका की यह तीन मैचों में तीसरी हार है। पथुम निसंक (61 रन, 67गेंद, 8 चौके) और कुशल परेरा (78 रन, 82 गेंद, 12 चौके) की सलामी जोड़ी ने आक्रामक अंदाज में आगाज कर 21.4 ओवर 125 रन जोड़ श्रीलंका को मजबूत शुरुआत दी। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस (2/36) ने अपने शुरू के तीन ओवर में पहले निसंक और फिर कुशल परेरा को आउट कर %जहाज' में ऐसा छेद किया कि सबसे लेग स्पिनर एडम जम्पा (4/47)ने इसका लाभ उठा लय वापस पाते हुए श्रीलंका को 43.3 ओवर में मात्र 209 रन पर ढेर कर दिया। निसंक और कुशल परेरा के साथ अकेले चरित असलंका (25 रन, 39 गेंद, एक छक्का) ने अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट होने से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकना क्रिकेट स्टेडिशम में ऑफ स्पिनर ग्लेन मैक्सवेल की गेंद को स्लॉग स्वीप करने की कोशिश में मरनस लबुशेन को कैच थमाने से पहले मैदान पर टिकने की मंशा दिखाई। जवाब में सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (52 रन,51 गेंद, नौ चौके ) और जोश इंग्लिश (58 रन, 59 एक छक्का, पांच चौके) के तेज अर्द्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 35.2 ओवर में पांच विकेट पर 215 रन बनाकर मैच जीत लिया। मरकस स्टोइनस ने पारी के 36 वें तथा बाएं हाथ के स्पिनर दिनुथ वेलागे के दसवें व आखिरी ओवर की दूसरी गेंद पर छक्का जड़ कर 88 गेदों के बाकी रहते ऑस्ट्रेलिया को मौजूदा विश्व कप की पहली जीत दिलाई। ग्लेन मैक्सवेल 21 गेंद दो छक्कों और चार चौको की मदद से 31 तथा स्टोइनस 10 गेंद खेल एक छक्के और दो चौकों 20 रन बनाकर नॉटआउट रहे और इन दोनों छठे विकेट के लिए 23 रन की असमाप्त भागीदारी की। श्रीलंका के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका (3/38) ने अपने दूसरे ओवर की पहली नीची गेंद पर पहले डेविड वॉर्नर(11 रन, 6 गेंद,एक छक्का)को फिर इसी ओवर की अंतिम नीची रहती गेंद को खेलने से चूक एलबीडब्ल्यू आउट हुए और ऑस्ट्रेलिया अपने शुरू के दो विकेट चार ओवर में 24 रन पर गंवा गहरे संकट मे दिखी। मार्श ने बेवजह मुश्किल दूसरा रन चुराने के फेर में मरनस लबुशेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। जमते दिख रहे लबुशेन (40 रन, ) ने मधुशंका की ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट गेंद को उड़ाने के फेर में मिडविकेट पर करुणा रत्ने को कैच थमाया और ऑस्ट्रेलिया ने चौथा विकेट 29 वें ओवर में 156 पर खोया। इंग्लिश पारी के 34 वें ओवर में बाएं हाथ के दिनुथ वेलागे की धीमी गेंद को उड़ाने के फेर में तीक्ष्णा को कवर में कैच जब पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट होकर पैवेलियन लौटे तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर पांच 192 रन था।



निसंक ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान तेज गेंदबाज पैट कमिंस की शॉर्ट गेंद को हुक करने की कोशिश की और डेविड वॉर्नर ने दौड़ते हुए डीप स्कवॉयर लेग पर कैच करा 22 वें ओवर में उनकी खतरनाक होती भागीदारी को तोड़ श्रीलंका को 125 पर श्रीलंका का पहला विकेट चटकाया। पांच ओवर बाद कमिंस ने अपनी कोण बना कर तेजी से अंदर आती गेंद पर बोल्ड कर श्रीलंका की सलामी जोड़ी को 157 रन पर पैवेलियन लौटाया। लेग स्पिनर एडम जम्पा ने अगले ओवर में अपनी गेंद की लेंग्थ को कुछ खींचा श्रीलंका के कप्तान कुशल मेंडिस (9) इसे ड्राइव करने गए और वॉर्नर ने अपने घुटनों पर डीप मिड विकेट पर एक और शानदार कैच लपक उसका स्कोर तीन विकेट पर 165 रन कर दिया। श्रीलंका के स्कोर में नौ रन ही और जुड़े थे कि जंपा के अगले ओवर मे सदीरा समरविक्रमा (8) लेग ब्रेक के लिए खेले लेकिन गेंद सीधे उनके पैड पर पड़ी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट घोषित किया। श्रीलंका ने जब 32.1 ओवर में चार विकेट पर 178 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोके दिया गया और तब धनंजय डिसिल्वा सात और चरित असलंका चार रन पर खेल रहे थे। बारिश के कारण खेल शुरू होने पर स्टार्क के ओवर की तीसरी गेंद को धनंजय डिसिल्वा ने कट करने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके बल्ले को लगकर उनका विकेट उड़ा ले गई और श्रीलंका 32.3 ओवर में पांचवां विकेट मात्र 178 पर खो गहरे संकट में फंस गई। दिनथ वेलागे(2) पारी के 35 वें ओवर रन आउट हुए और जम्पा ने अपने दो ओवर में पहले चमिका करुणारत्ने (2) और महिश तीक्ष्णा (0) को एलबीडब्ल्यू आउट कर श्रीलंका का स्कोर 40 ओवर में आठ विकेट पर 199 रन कर दिया और स्कोर में पांच ही और जुड़े थे कि लाहिरी कुमार(4) को मिचेल स्टार्क ने बोल्ड किया और असलंका को मैक्सवेल ने लबुशेन के हाथों कैच करा उसकी पारी 43.3 ओवर में समेट दी।

# लौरा वोल्वार्ड्ट आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी की सर्वश्रेष्ठ रैकिंग के करीब

**दुबई,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी संभालने के बाद सलामी बल्लेबाज लौरा वोल्वार्ड्ट बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) महिला टी-20 बल्लेबाजी में सर्वश्रेष्ठ रैकिंग के करीब पहुंच गई हैं। वोल्वार्ड्ट ने पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कमान संभाली है, लेकिन इस अतिरिक्त जिम्मेदारी ने उनकी बल्लेबाजी को प्रभावित नहीं होने दिया।

दक्षिण अफ्रीकी 24 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम दो टी-20 में 53 और 24 रन बनाए और कुछ समय के लिए अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग 712 अंक हासिल कर ली, जबकि बारिश से प्रभावित श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर रही थी। जिससे वोल्वार्ड्ट अपने सर्वश्रेष्ठ 712 रेटिंग से 710 पर वापस आ गयी है, लेकिन टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में अभी भी एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि दाएं हाथ की बल्लेबाज ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अंतरिम कप्तान बनने के बाद से पांच टी-20 पारियों में 46.8 की औसत और 123.2 की स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड की अमेलिया केर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 70 और 61 रनों की पारी के बाद तीन पायदान की छलांग लगाकर 14वें स्थान पर पहुंच गई हैं इस युवा खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला।

ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला खिलाड़ी ताहलिया मैकग्राथ 794 रेटिंग अंकों के साथ टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं और दूसरे स्थान पर टीम की साथी बेथ मूनी से 30 अंक आगे हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेक म्लाबा दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। जो कि एक्लेस्टोन से 27 अंक पीछे हैं। एक्लेस्टोन 765 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।




न्यूजीलैंड की अनुभवी ली ताहुहू ने पांचवें टी-20 में वोल्वार्ड्ट और तज़्मिन ब्रिट्स के बेशकीमती विकेटों सहित 2/20 लेकर अपने मौके का भरपूर फायदा मिला है। न्यूलीलैंड की 33 वर्षीय इस तेज गेंदबाज ने टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में चार ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गयी है हालांकि दक्षिण अफ्रीका महिला टीम 20 ओवर के प्रारूप पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। एकदिवसीय ऑलराउंडर रैंकिंग में एशले गार्डनर से मैरिज़ेन कप्प ने शीर्ष स्थान छीन लिया है। ऑस्ट्रेलिया की डायनेमो को 14 अंक का नुकसान हुआ और वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान गिरकर दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है।

इंग्लैंड की स्पिनर एक्लेस्टोन ने सफेद गेंद की रैंकिंग में अपना दबदबा कायम रखा है और आईसीसी महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में अभी भी शीर्ष स्थान पर है।

# अफगानिस्तान से न्यूजीलैंड को रहना होगा सतर्क

**चेन्नई** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईसीसी विश्वकप में शानदार फार्म में चल रही न्यूजीलैंड को बुधवार को चेपॉक में खेले जाने वाले 16वें मुकाबले में अफगानिस्तान से सतर्क रहना होगा।

एकदिवसीय क्रिकेट में न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच अबतक दो मैच खेले गए हैं और दोनों ही मैच न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की हैं। वही विश्वकप इतिहास में दोनों टीमें दो बार भिड़ी है और दोनों बार न्यूजीलैंड विजयी रहा है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड का पलड़ा भारी नजर आता है। लेकिन अफगानिस्तान ने अपने पिछले मैच में इंग्लैंड को 69 रनों से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए पहली जीत हासिल की है। यह विश्वकप इतिहास में उसकी दूसरी जीत है। इसे देखते हुए न्यूजीलैंड को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के साथ हुए पिछले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज 80 रन और इकरम



अलीखिल 58 रनों की पारी बदौलत 49.5 ओवरों में 284 बनाये थे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड 40.3 ओवरों में 215 रनों पर ऑलआउट कर अपनी पहली जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान और मुजीब उर रहमान ने सर्वाधिक 3-3 विकेट और मोहम्मद नबी ने दो विकेट हासिल किये। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम भी टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन रहा है। टीम ने अपने तीनों ही मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की है। लेकिन बंगलादेश के खिलाफ हुए मुकाबले में उंगली में चोट लगने के कारण केन विलियम्सन बाहर हो चुके हैं। ऐसे में अगले मुकाबले में न्यूजीलैंड टीम की कमान टॉम लैथम के हाथों में होगी।

न्यूजीलैंड ने बंगलादेश को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी थी। बंगलादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 245 रन बनाये थे। मुश्फिकुर रहीम ने सर्वाधिक 66 रनों की पारी टीम के लिए खेली थी। लॉकी फर्गुयसन ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए डेवोन कॉनवे के (45 रन), केन विलियम्सन (78 रन) और डेरिल मिशेल के नाबाद 89 रनों की पारी की बदौलत जीत दर्ज की थी। जानकारों के अनुसार एमए. चिदंबरम स्टेडियम, चेपॉक के पिच काफी ज्यादा धीमी है। जिसके चलते यहां स्पिनरों को काफी ज्यादा मदद मिलती है। इस पिच पर टॉस जीतकर टीम पहले बल्लेबाजी करना बेहतर हो सकती है।

# रोहित शर्मा भारत के लिए आदर्श कप्तान : पोंटिंग

मुंबई, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा घरेलू धरती पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत के लिए आदर्श कप्तान हैं। पोंटिंग ने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर जोरदार जीत के साथ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत की है। तीन जीतों के साथ अंक तालिका में भारत शीर्ष पर है। रोहित ने मेजबान टीम को उत्साही प्रशंसकों के सामने खेलने के दौरान आने वाले अतिरिक्त दबाव की चिंता से मुक्त कर दिया है। उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को घरेलू समर्थन के बीच भारत के लिए आगे बढ़ने की कुंजी बताया है। पोंटिंग ने आईसीसी को बताया, वह (रोहित) बहुत शांत स्वभाव का है। वह जो कुछ भी करता है उसमें बहुत शांत रहता है। आप उसके खेलने के तरीके से भी यह देख सकते हैं। वह काफी शांत स्वभाव का बल्लेबाज भी है और मैदान के अंदर और बाहर भी वह इसी तरह का है। उन्होंने कहा, हम चुपचाप बैठकर यह नहीं कह सकते कि किसी स्तर पर दबाव उन पर हावी नहीं होगा, या इसका उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि यह टूर्नामेंट की विशालता के साथ होगा। लेकिन वह इसे स्वीकार करेंगे और सामना करेंगे।



उन्होंने कहा कि विश्व कप में भारत का नेतृत्व करने के लिए रोहित सबसे अच्छे व्यक्ति हैं जिससे कोहली को बल्ले से अपनी प्रमुख भूमिका पर ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्होंने कहा, विराट जैसा कोई व्यक्ति, जो थोड़ा अधिक दिल से काम करता है और शायद प्रशंसकों की बात सुनता है और प्रशंसकों के साथ थोड़ा अधिक खेलता है, उनके व्यक्तित्व वाले किसी व्यक्ति के लिए यह शायद थोड़ा कठिन होगा। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि रोहित को इससे कोई दिक्कत नहीं होगी। वह एक शानदार व्यक्ति हैं और लंबे समय से एक महान खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने भारत के कप्तान के रूप में बहुत अच्छा काम किया है।

# पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले आश्वस्त महसूस कर रहे हैं एडम जम्पा

बेंगलुरू, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम ज़म्पा ने गेंद से चमकते हुए श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट लेकर मौजूदा आईसीसी वनडे विश्व कप में लगातार दो हार के बाद ऑस्ट्रेलिया को बेहद जरूरी जीत दिलाई। लगातार हार से उबरते हुए, पांच बार का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट की जीत के बाद अंक तालिका में सबसे नीचे से आठवें स्थान पर चला गया।

श्रीलंका के खिलाफ जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जम्पा ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी योजनाओं का खुलासा किया. ज़म्पा ने कहा, मुझे बस अपना विकेट लेने का रवैया बनाए रखने की कोशिश करनी है क्योंकि यही मेरे लिए काम करता है, चाहे मैं रन बनाऊं या नहीं। उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान के खिलाफ अगला कठिन मुकाबला खेलना है, लेकिन मैं अपने लिए चीजें समान रखने की कोशिश करूंगा। ज़म्पा ने 4-47 विकेट के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता और गेंदबाजी करते समय अपनी परेशानी का खुलासा किया।

इस विश्व कप में जम्पा का गेंद के साथ सफर अच्छा नहीं रहा। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सिर्फ एक विकेट लिया और भारत के खिलाफ उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। श्रीलंका के खिलाफ गेंद के साथ उनके प्रदर्शन में कुछ सुधार हुआ और ऑस्ट्रेलिया का अभियान पटरी पर आ गया। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। मुझे पिछले कुछ दिनों से पीठ की ऐंठन से परेशानी हो रही थी, इसलिए यह बस उससे उबरने की कोशिश करने के बारे में था।

# सिंधु ने गिल्मर को हराकर डेनमार्क ओपन के अगले राउंड में पहुंची

**ओडेंस** 17 अक्टूबर (एजेंसियां) भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने मंगलवार को डेनमार्क ओपन 2023 महिला एकल के राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में स्कॉटलैंड की किर्स्टी गिल्मर को हराकर अगले राउंड में पहुंच गयी हैं। ओडेंस के जिस्के बैंक एरीना में खेले गये मुकाबले मे 12वीं रैंकिंग वाली पीवी सिंधु ने दुनिया की 28वें नंबर की स्कॉटिश शटलर के खिलाफ 21-14, 18-21, 21-10 से जीत हासिल की।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु तीसरे गेम में पूरी तरह से हावी रही और गिल्मर पर अपनी दूसरी जीत हासिल की। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बुधवार को बीडब्ल्युएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 में इंडोनेशियाई सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेंगी। तुनजुंग ने इस साल की शुरुआत में स्पेन मास्टर्स फाइनल में सिंधु को हराया था। पिछले सप्ताह आर्कटिक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली सिंधु ने अच्छी शुरुआत करते हुए शुरुआती गेम में बढ़त हासिल कर ली। हालांकि, गिल्मर ने दूसरे गेम में वापसी की और भारतीय शटलर की कोशिशों के बावजूद मैच को तीसरे और निर्णायक गेम तक ले जाने में सफल रहीं। टूर्नामेंट में देर से जगह बनाने वाली आकर्षी कश्यप ने भी महिला एकल प्रतियोगिता में अगले राउंड में प्रवेश किया। दुनिया की 38वें नंबर की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने जर्मनी की यवोन ली को 10-21, 22-20, 21-12 से हराया। वहीं पुरुष एकल में, किदांबी श्रीकांत पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के वेंग होंग यांग से 21-19, 10-21, 16-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी की इस साल खेले गए 15 बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट में शुरुआती दौर में सातवीं हार थी।



लक्ष्य सेन आज शाम को पुरुष एकल मुकाबले में एक्शन में नज़र आएंगे। मौजूदा पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को अपने पहले राउंड में मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी से खेलने के लिए रखा गया था। हालांकि, भारतीय जोड़ी ने अंतिम पलों में अपना नाम वापस ले लिया, जिससे उनके विरोधियों को वॉकओवर मिल गया। भारतीय महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और पुरुष युगल जोड़ी एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने भी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले नाम वापस ले लिया।

## सार संक्षेप

### 13 वर्षीय अंगद ने लद्दाख में 19,024 फीट की ऊंचाई पर बनाया ट्रेनिंग का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** 13 वर्षीय छात्र अंगद ने 19,024 फीट की ऊंचाई पर सर्वाइबल व सैन्य ट्रेनिंग करके नेशनल रिकार्ड बनाया है। अंगद ने लद्दाख में विश्व के सबसे ऊंचे उमालिंगला क्षेत्र पर 19024 फीट पर सर्वाइबल व सैन्य ट्रेनिंग की है। इण्डिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड ने अंगद को यह राष्ट्रीय खिताब दिया है। इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड के मुताबिक यह बालक देश में सबसे कम उम्र का बच्चा है जिसने 19024 फीट (उमालिंग- ला दरी) की ऊंचाई पर रहकर बेहद कठिन ट्रेनिंग की है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत का उमालिंगला पास, हिमालय की कई ऊंची चोटियों के बेस कैम्प से भी अधिक ऊंचाई पर है। इसकी ऊंचाई 19024 फीट है। ऐसे स्थान पर ऑक्सीजन न के बराबर होती है और जरा सोचिए कैसे एक 13 वर्षीय बालक वहां रहकर 7 दिवसीय कठिन ट्रेनिंग करता है। अंगद के ट्रेनर्स का मानना है कि अपने माउंटेनियरिंग के कठोर कार्य से रोंगटे खड़े कर देने वाले 13 वर्षीय अंगद भारद्वाज ने भारत - चाइना बॉर्डर पर देश का मान बढ़ाया है। जिस ऊंचाई (19024 फीट) पर हवा भी ना पहुंचे, वहां अंगद ने पहुंच कर सबसे कम उम्र में सर्वाइवल ट्रेनिंग करके एक बेहद मुश्किल रिकॉर्ड इंडिया बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में दर्ज किया है।

### सुडोकू 6350 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 7 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 2 | 1 | 8 |


**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
क्रमांक/202310114500013/अ-27/2023
ग्राम गोगांव प.ह.नं. 50
रायपुर, दिनांक 13.10.2023

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. नेतराम साहू पिता श्री श्रीधर साहू 2. जगन्नाथ साहू पिता श्री नेतराम साहू 3. जगदीश साहू पिता श्री नेतराम साहू 4. सोमनाथ साहू पिता श्री नेतराम साहू सभी निवासी शारदा मंदिर रमेश किराना के पास ग्राम गोगांव रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत खाता विभाजन बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में ग्राम गोगांव प.ह.नं. 50, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 401/2, 401/9, 409/15, रकबा 0.408 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक कमांक-01 नेतराम पिता श्री श्रीधर के नाम पर दर्ज है। अतः उपरोक्त खसरा, रकबा की जमीन को आवेदकगण के मध्य बराबर बराबर हिस्से में खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदकगण द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 27/10/2023 को होगी ।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 27/10/2023 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 13/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./202301011560009/ अ-6/2023-2023
ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 03.10.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन जागती लक्ष्नी साहू पति स्व. रामखिलावन साहू निवासी-चगोराभाठा, तहसील व जिला रायपुर द्वारा इयायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका के पति रामखिलावन साहू पिता आशाम साहू के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59 रा.नि.म. रायपुर तहसील व जिला रामपुर स्थित भूमि खरास नंबर 126/501 रकबा 0.0090 हे. भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि में मिस्वामी रामखिलावन की मृत्यु दिनांक 06/04/2021 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसान नागती लक्ष्नी साहू पति स्व. रामखिलावन साहू, संजय साहू, खिलेश्वर साहू दोनो पिता स्व. रामखिलावन साहू है इसके अतिरिक्त अन्य कोई नही है का उल्लेख किया जाकर मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानों का नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदिका का निवेदन है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 25/10 2023 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा /आपत्ति दिनांक 25/10/2003 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं या जावेगा। आज दिनांक 03/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, IDRIS PAREKH S/O MUSA BHAI PAREKH resident of H NO 55 NOORI BAI WARD KESHKAL DIST KONDAGOV (C.G.) have changed my old name IDRIS PAREKH S/O MUSA BHAI PAREKH so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD IDRIS PAREKH S/O MUSA BHAI PAREKH in all Government and other documents.
**MOHAMMAD IDRIS PAREKH**
H NO 55 NOORI BAI WARD KESHKAL DIST KONDAGOV (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, AKSA PAREKH W/O MOHAMMAD IDRIS PAREKH resident of H NO 55 NOORI BAI WARD KESHKAL DIST KONDAGOV (C.G.) have changed my old name AKSA PAREKH W/O MOHAMMAD IDRIS PAREKH so in future I should be recognized by my new name that is AKSHA PAREKH W/O MOHAMMAD IDRIS PAREKH in all Government and other documents.
**AKSHA PAREKH**
H NO 55 NOORI BAI WARD KESHKAL DIST KONDAGOV (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, ASHOK KUMAR SATNAMI S/O PUNIRAM resident of VILLAGE NAKTIDIH, SCHOOLPARA PO. TALDEVARI TAHSIL BAMHANIDIH DISTT JANJGIR- CHAMPA (C.G.) have changed my old name ASHOK KUMAR SATNAMI S/O PUNIRAM so in future I should be recognized by my new name that is ASHOK JANGDE S/O PUNIRAM in all Government and other documents.
**ASHOK JANGDE**
VILLAGE NAKTIDIH, SCHOOLPARA PO. TALDEVARI TAHSIL BAMHANIDIH DISTT JANJGIR- CHAMPA (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, POOJA PATEL D/O KANTILAL PATEL resident of 299 A SAPPHIRE GREEN NEAR AMBUJA MALL, AMASEONI SARDHOO SADDU VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR, (C.G.) PIN 492014 have changed my old name POOJA PATEL D/O KANTILAL PATEL so in future I should be recognized by my new name that is POOJA SHARMA W/O ROBIN SHARMA in all Government and other documents.
**POOJA SHARMA**
299 A SAPPHIRE GREEN NEAR AMBUJA MALL, AMASEONI SARDHOO SADDU VIDHAN SABHA ROAD, RAIPUR, (C.G.) PIN 492014

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, CHANDAN BAFNA D/O SUBHASH BAFNA resident of 63, MAHAVEER COLONY, WARD-39 DURG, DURG (C.G.) 491001 have changed before marrige my old name CHANDAN BAFNA D/O SUBHASH BAFNA so in future I should be recognized by after marrige my new name that is CHANDAN JAIN W/O VIJAY SANKHLA in all Government and other documents.
**CHANDAN JAIN**
W/O VIJAY SANKHLA 63, MAHAVEER COLONY, WARD-39 DURG, DURG (C.G.) 491001

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, RAKESH JEWNANI S/O DAYARAM JEWNANI resident of H.NO.28 AVANTI GARDEN BESIDE GURUDWARA MOWA SARDHOO RAIPUR (C.G.) PIN 492014 have changed my old name RAKESH JEWNANI S/O DAYARAM JEWNANI so in future I should be recognized by my new name that is RAKESH KUMAR JIVNANI S/O DAYARAM JEWNANI in all Government and other documents.
**RAKESH KUMAR JIVNANI**
H.NO.28 AVANTI GARDEN BESIDE GURUDWARA MOWA SARDHOO RAIPUR (C.G.) PIN 492014

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 1.97 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.17 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.03 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.94 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.77 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.55 प्रतिशत |
| एल एंड टी | 1.21 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.84 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.50 प्रतिशत |
| जेएसडब्लू स्टील | 0.22 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## डाबर को मिला 320.6 करोड़ रुपए का जीएसटी डिमांड नोटिस



नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। एफएमसीजी प्रमुख डाबर को जीएसटी अधिकारियों से 320.60 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को एक नियामक फाइलिंग में ये बात कही। जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) की गुरुग्राम जोनल यूनिट द्वारा 16 अक्टूबर को जारी डिमांड नोटिस में कहा गया है कि अगर कंपनी टैक्स का भुगतान करने में विफल रहती है तो कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। डाबर ने आगे कहा, 'कंपनी संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपना जवाब/प्रस्तुति दाखिल कर इसे चुनौती देगी।'

# वेदांता ने जापानी कंपनियों को भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्रांति में भागीदार बनने को किया आमंत्रित

**टोक्यो/मुंबई,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। जापान और भारत के बीच सहयोग और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात सरकार ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से पहले जापान के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स उद्यमियों को लक्षित करने वाले रोड शो के लिए वेदांता को आमंत्रित किया है। वैश्विक प्राकृतिक संसाधन और प्रौद्योगिकी समूह वेदांता ने भारत, विशेषकर गुजरात में निवेश के जबरदस्त अवसरों पर प्रकाश डाला और जापानी कंपनियों से भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्रांति में भागीदार बनने का आग्रह किया। वेदांता के सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले व्यवसाय के वैश्विक प्रबंध निदेशक आकाश के. हेब्बार ने दो दिवसीय रोड शो में टोक्यो और ओसाका में भारतीय दूतावास में जापानी उद्योग के नेताओं की एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने भारत में, विशेष रूप से गुजरात में निवेशक-अनुकूल माहौल को रेखांकित किया, और जापानी कंपनियों




को भारत के समृद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग में शामिल होने के लिए असाधारण अवसर प्रदान करने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने गुजरात सरकार को उनकी नीतिगत स्थिरता, सुशासन, उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं और राज्य की सक्रिय और कुशल टीम द्वारा हर कदम पर व्यापार करने में आसानी के लिए मदद के लिए बधाई दी। देश में बड़े अवसरों के बारे में बात करते हुए, आकर्ष हेब्बार ने कहा, 'भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग भारत सरकार की मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और 100 स्मार्ट सिटी मिशन जैसी पहलों से बढ़ी है, इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण, डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति है। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट की बढ़ती पहुंच और ई-कॉमर्स के बढ़ते चलन ने इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग को और बढ़ा दिया है। 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार अवसर प्रस्तुत करता है। उन्होंने धोलेरा एसआईआर, गुजरात में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले फैब्स स्थापित करने की वेदांता की महत्वाकांक्षी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की और जापानी कंपनियों को राज्य में देश का पहला इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनाने में मदद करने के लिए वेदांता के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने यह भी बताया कि हब में सैकड़ों एसएमई को आकर्षित करने और एक लाख से अधिक नौकरियां पैदा करने की क्षमता है।

जापानी उद्योग को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'इस इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र में आने और निवेश करने की इच्छुक कंपनियों के लिए 80 अरब डॉलर का अवसर है, और वेदांता भारत में निवेश करने में रुचि रखने वाली जापानी कंपनियों के लिए एंकर होगी।' वेदांता का जापान के साथ पुराना रिश्ता है, समूह की कंपनी का मुख्यालय जापान में है। पिछले साल के अंत में, कंपनी ने भारत के सेमीकंडक्टर और ग्लास डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए 30 जापानी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस कार्यक्रम की मेजबानी जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और ओसाका कोबे के महावाणिज्य दूत निखिलेश गिरी ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विजय नेहरा, आईएएस, सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने किया और संचालन जेट्रो के महानिदेशक ताकेहिको फुरुकावा ने किया। भारत में स्थित अग्रणी भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थीं।

## टेबल स्पेस ने टीएस सुइट्स किया लॉन्च किया, 500 करोड़ रुपए निवेश की तैयारी

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के प्रीमियर मैनेज्ड वर्कस्पेस प्रोवाइडर टेबल स्पेस, जो दुनिया के टॉप फॉर्च्यून 10 क्लाइंट्स में से 50 प्रतिशत को सर्विस प्रदान करता है, ने प्रीमियम और तत्काल ऑफिस सोल्यूशन की अधूरी मांग को पूरा करने के लिए अग्रणी अवधारणा 'टीएस सुइट' लॉन्च किया है। बैंगलोर, पुणे, गुड़गांव, नोएडा और चेन्नई में प्रीमियम लोकेशन्स पर फिलहाल इसके आठ से ज्यादा सेंटर हैं। अब, टेबल स्पेस अगले 18 महीनों के भीतर 25 सेंटर्स तक पेशकश का विस्तार करेगा और अगले 18 महीनों में लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। टीएस सुइट अपने नेशलन नेटवर्क में शॉर्ट और मिड टर्म कॉन्ट्रैक्ट्स पर वर्ल्ड क्लास, सिक्योर और कंप्लेंट प्री-बिल्ड ऑफिस का एक प्रीमियम नेटवर्क प्रदान करता है। इसकी सर्विस फास्ट और मजबूत दोनों है, जो संगठनों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण चीजों पर फोकस करने के लिए सशक्त बनाती है, साथ ही यह बाकी चीजों का प्रबंधन करती है।

आरंभिक पूछताछ से लेकर लाइव होने तक, टीएस सुइट्स 24 घंटे से कम का प्रभावशाली टर्नअराउंड समय प्रदान करता है, जिससे निर्बाध व्यापार गति सुनिश्चित होती है। टेबल स्पेस के सह-संस्थापक और मुख्य निवेश अधिकारी, करण चोपड़ा, जो टीएस सुइट पहल और पेशकश का नेतृत्व कर रहे हैं, के अनुसार, 'टीएस सुइट्स रेडी-टू-कब्जे वाले ग्रेड-ए वर्कशॉप्स के माध्यम से क्लाइंट्स को मॉड्यूलर ग्रोथ के अवसर प्रदान करता है। स्पीड और फ्लेक्सिबिलिटी का पर्याय, यह बेजोड़ प्रीमियम सर्विस संगठनों को अपने मुख्य कार्यों पर पूरे दिल से ध्यान केंद्रित करने का अधिकार देती है, जबकि हम (टेबल स्पेस) बाकी का ध्यान रखते हैं।'

उन्होंने कहा, 'देश में फॉर्च्यून 500 कंपनियों और बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम करने की हमारी समृद्ध विरासत और 7 मिलियन से अधिक वर्गफुट वर्कस्पेस प्रदान करने का एक प्रूवेन ट्रैक रिकॉर्ड, प्रीमियम ऑफर बनाने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है जो प्रासंगिक बाजार की जरूरतों को पूरा करता है।

## इंजन लीज फाइनेंस और स्पाइसजेट अंतरिम समझौते पर पहुंचे: दिल्ली हाईकोर्ट




**नई दिल्ली**, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय को सोमवार को सूचित किया गया कि इंजन लीज फाइनेंस कॉरपोरेशन एविएशन सर्विसेज लिमिटेड और नकदी संकट से जूझ रही स्पाइसजेट एयरलाइन एक अंतरिम समझौते पर पहुंच गई है। सुनवाई के दौरान, दोनों पक्षों के कानूनी प्रतिनिधियों ने अदालत को सूचित किया कि निपटान की शर्तों पर सहमति हो गई है और परिणामस्वरूप, दोनों कानूनी टीमों ने स्थगन का अनुरोध किया। अदालत ने 8 फरवरी, 2024 को मामले की सुनवाई तय करते हुए स्थगन मंजूर कर लिया।


समझौते के तहत स्पाइसजेट को जनवरी तक इंजन लीज फाइनेंस बीवी को 2 मिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, स्पाइसजेट ने विवादित इंजन को 25 जनवरी तक वापस करने की प्रतिबद्धता जताई है। यदि स्पाइसजेट इन दायित्वों को पूरा करने में विफल रहता है तो इंजन लीज फाइनेंस बीवी के पास समाप्ति को बनाए रखने और कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार बरकरार है। 27 सितंबर को इंजन लीज बीवी ने बचे हुए एकमात्र इंजन को वापस करने की मांग करते हुए मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय में ले जाया था। पट्टादाता ने शुरू में कम लागत वाले वाहक को नौ इंजन पट्टे पर दिए थे, और पट्टा समझौते की शर्तों के अनुसार, समझौता समाप्त होने पर आठ इंजन वापस कर दिए गए थे।

## रिवोल्ट मोटर्स ने 'इंडिया ब्लू' क्रिकेट स्पेशल एडिशन इलेक्ट्रिक बाइक की लॉन्च

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (आईएएनएस)। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी रिवोल्ट मोटर्स ने मंगलवार को आरवी400 %इंडिया ब्लू-क्रिकेट स्पेशल एडिशन इलेक्ट्रिक बाइक% नाम से एक नई ई-बाइक लॉन्च की। ब्लू फिनिश प्रीमियम एस्थेटिक को उजागर करती है, जो भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के जुनून और गौरव को दर्शाती है। कंपनी ने कहा कि यह एक मास्टरपीस है, जो रिवोल्ट आरवी400 के जबरदस्त फीचर्स के साथ-साथ इनोवेशन, स्टाइल और सस्टेनेबिलिटी को जोड़ती है। बिजनेस चेयरपर्सन अंजलि रतन ने कहा, %%हमें 2023 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम के प्रति हमारे अटूट समर्थन के प्रतीक के रूप में आरवी400 इंडिया ब्लू को पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह एडिशन इको-फ्रेंडली, प्रीमियम एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी और स्टाइल के संयोजन के हमारे विजन को पूरी तरह से समाहित करता है।%%उन्होंने कहा, %%इंडिया ब्लू कलर सिर्फ एक कलर नहीं है। यह एक बयान है और हमारा मानना है कि यह हमारे रिवोल्ट आरवी400 लाइनअप में सुंदरता और गौरव का स्पर्श जोड़ता है। इंडिया ब्लू स्पेशल एडिशन गेम की भावना का जश्न मनाते हुए क्लीन और सस्टेनेबल कम्यूटिंग का प्रतीक है, जो इसे उन लोगों के लिए जरूरी बनाता है जो क्रिकेट और ओपन रोड दोनों को पसंद करते हैं। कंपनी ने कहा, चूंकि यह लिमिटेड नंबर्स वाला एक क्रिकेट स्पेशल एडिशन है, इसलिए इंडिया ब्लू पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगा। ई-बाइक की कीमत का खुलासा बाद में किया जाएगा। 2017 में स्थापित रिवोल्ट इंटेलीकॉर्प भारत के इलेक्ट्रिक वाहन परिदृश्य में अग्रणी है। इनोवेटिव टेकिनोलॉजी पर ध्यान देने के साथ, रतन इंडिया एंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (रिवोल्ट मोटर्स), ई-कॉमर्स (कोकोब्लू रिटेल), फैशन ब्रांड (नियो ब्रांड्स), फिनटेक (वेफिन), और ड्रोन (नियोस्की) सहित अलग-अलग उद्योगों में बदलाव ला रहा है।

# गिरावट से उबरा शेयर बाजार

मुंबई, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पिछले तीन दिन की गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 262.16 अंक की छलांग लगाकर 66428.09 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 79.75 अंक उछलकर 19811.50 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.39 प्रतिशत की तेजी लेकर 32,514.28 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत चढ़कर 38,585.62 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3825 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2184 में लिवाली जबकि 1506 में बिकवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां तेजी जबकि शेष 12 गिरावट पर रही। बीएसई में कैपिटल गुड्स की 0.11 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.07, सीडी 0.19, ऊर्जा 0.94, एफएमसीजी 0.56, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.25, इंडस्ट्रियल्स 0.37, आईटी 0.28, दूरसंचार 0.64, यूटिलिटीज 1.21, ऑटो 0.03, बैंकिंग 0.48, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.08, धातु 0.60, तेल एवं गैस 0.80, पावर 0.98, टेक 0.30 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.27 प्रतिशत चढ़ गए।





अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जापान का निक्केई 1.20, हांगकांग का हैंगसेंग 0.75 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.32 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.04 प्रतिशत उतर गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 391 अंक की तेजी के साथ 66,558.15 अंक पर खुला और थोड़ी देर बाद ही 66,559.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंतिम चरण में हुई बिकवाली के दबाव में यह 66,309.18 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 66,166.93 अंक की तुलना में 0.39 प्रतिशत चढ़कर 66,428.09 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह निफ्टी भी 111 अंक की छलांग लगाकर19,843.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,849.75 अंक के उच्चतम जबकि 19,775.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,731.75 अंक के मुकाबले 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 19,811.50 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 1.97, टेक महिंद्रा 1.17, एनटीपीसी 1.03, भारती एयरटेल 0.94, एचडीएफसी बैंक 0.77, इंफोसिस 0.58, रिलायंस 0.54, आईसीआईसीआई बैंक 0.46, टाटा स्टील 0.28, विप्रो 0.28, एसबीआई 0.12 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.10 प्रतिशत शामिल रही।

## चीन में आईफोन 15 सीरीज की बिक्री आईफोन 14 की तुलना में 4.5 प्रतिशत कम

**हांगकांग,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन में पहले 17 दिनों में आईफोन 15 सीरीज यूनिट की बिक्री पिछले साल के आईफोन 14 के मुकाबले खराब प्रदर्शन कर रही है, जो उपभोक्ता खर्च में व्यापक गिरावट का प्रतिबिंब है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, आईफोन प्लस मॉडल को छोड़कर, जो पिछले साल तीन हफ्ते देर से जारी किया गया था, चीन में बिक्री में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। हालांकि, डेटा अमेरिका में आने वाले शुरुआती आंकड़ों के विपरीत है, जो सभी मॉडलों, खासकर आईफोन 15 प्रो मैक्स में मजबूत मांग को दर्शाता है। विश्लेषक मेंगमेंग झांग ने कहा, '15 सीरीज के लिए चीन के हेडलाइन नंबर रेड कलर में हैं, और यह उपभोक्ता खर्च में व्यापक गिरावट का प्रतिबिंब है।' हालांकि, एनालिस्ट ने कहा कि प्रो मैक्स पर आपूर्ति बेमेल प्री-हॉलीडे शॉपिंग पीरियड के साथ-साथ कुछ मांग को कैलेंडर चौथी तिमाही तक बढ़ा सकता है। शुरुआती अमेरिकी आंकड़े चीन के बिल्कुल विपरीत हैं, आईफोन 15 की सेल्स के पहले नौ दिनों में कुल यूनिट सेल्स में दोहरे अंकों में बेस, प्रो और स्पेशल रूप से प्रो मैक्स मॉडल में हेल्दी डिमांड दिखाई दे रही है।



उत्तरी अमेरिका के अनुसंधान निदेशक जेफ फील्डहॉक ने कहा, नए आईफोन के लिए बैक-टू-बैक शानदार वीकेंड के साथ अमेरिका अभी हॉट है। 15 सीरीज का समग्र स्वागत बहुत सकारात्मक रहा है और हम आईफोन 11 और 12 यूजर्स से एक बड़े अपग्रेड साइकल की उम्मीद कर रहे हैं। फील्डहैक ने कहा, 'बेशक, हम सेल्स के पहले कुछ हफ्तों के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन यह एक पॉजिटिव साइन है और चीन के आंकड़ों को काफी प्रभावित करता है।'

## रोल्स-रॉयस ने लागत में कटौती के तहत 2,500 कर्मचारियों को बर्खास्त करने की योजना बनाई

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक इंजीनियरिंग दिग्गज रोल्स-रॉयस ने लागत में भारी कटौती के तहत वैश्विक स्तर पर 2,500 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करने की योजना की घोषणा की है। बीपी के पूर्व कार्यकारी तुफान एर्गिनबिल्गिक ने जनवरी में रोल्स-रॉयस के सीईओ के रूप में पदभार संभाला था, जब उन्होंने प्रतिष्ठित विमान इंजन निर्माता को एक बर्निंग प्लेटफॉर्म बताकर कंपनी के कर्मचारियों को चौंका दिया था, जिसका संचालन अस्थिर था। कंपनी दुनिया भर में 42,000 लोगों को रोजगार देती है, जिसमें से लगभग आधा कार्यबल यूके में स्थित है। जब कोरोना महामारी के दौरान एयरलाइंस बंद हो गई थी तब रोल्स-रॉयस का वित्तीय प्रदर्शन गिर गया था, लेकिन पिछले साल वैश्विक हवाई यात्रा में सुधार के साथ इसमें सुधार हुआ है। द गार्जियन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि, लंबी दूरी की यात्रा पर कंपनी के फोकस का मतलब है कि यह उन प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ गया है जो छोटी दूरी के विमानों के लिए इंजन बनाते हैं, 2023 की शुरुआत के बाद से इसके शेयर की कीमत दोगुनी से अधिक हो गई है, हालांकि 2019 में यह अपने महामारी-पूर्व स्तर से कम है। कंपनी का लंबी दूरी की यात्रा पर ध्यान केंद्रित करने का मतलब है कि वह छोटी दूरी के विमानों के लिए इंजन बनाने वाले प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ गई है, साल 2023 की शुरुआत के बाद से इसके शेयर की कीमत दोगुनी से अधिक हो गई है, हालांकि 2019 में यह अपने महामारी-पूर्व स्तर से कम है।

# वैवाहिक सीजन में देश में लगभग 35 लाख शादियां होंगी: कैट

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली सहित देश भर के व्यापारी आगामी शादी के मौसम के लिए एक बड़ी बिक्री करने पूरी तरह से तैयारी में जुट गये हैं क्योंकि दिवाली के तुरंत बाद शादियों का सीजन शुरू हो रहा है और इस दौरान करीब 35 लाख शादियां होने का अनुमान है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ( कैट) ने आज यह अनुमान जताते हुये कहा कि इस वर्ष 23 नवंबर, देव उठान एकादशी से शादियों का सीजन शुरू होकर 15 दिसम्बर तक चलेगा। एक अनुमान के अनुसार किए इस अवधि के दौरान देश भर में लगभग 35 लाख शादियां संपन्न होंगी, जिसमें शादी की खरीदारी और शादी से संबंधित अनेक प्रकार की सर्विस के ज़रिए सेवाएँ



लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपए का बड़ा खर्च इस सीजन में होने की संभावना है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा हाल ही देश के 20 प्रमुख शहरों के व्यापारियों एवं सर्विस प्रोवाइडर के बीच किए गए एक सर्वे के अनुसार अकेले दिल्ली में इस सीज़न में 3.5 लाख से अधिक शादियाँ होने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली में लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपए आंका गया था।

श्री भरतिया ने कहा कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख, 12 लाख रुपए का खर्च आएगा. शादियों में प्रति शादी लगभग 10 लाख खर्च होंगे, 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख खर्च होंगे, 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख खर्च होंगे और 50 हजार शादियाँ ऐसी होंगी जिनमें 1 करोड़ या उससे अधिक पैसे खर्च होंगे। कुल मिलाकर 4.25 लाख करोड़ रुपए व्यय किये जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि शादी के सीजन में कारोबार की अच्छी संभावनाओं को देखते हुए देशभर के व्यापारियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। ग्राहकों की संभावित भीड़ को देखते हुए व्यापारी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलाकर इस एक महीने में शादी के सीजन में बाजारों में शादी की खरीदारी से करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह होगा। शादी के सीज़न का अगला चरण जनवरी के मध्य से शुरू होगा और जुलाई तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवाह का लगभग 20 प्रतिशत खर्च दूल्हा-दुल्हन पक्ष को जाता है जबकि 80 प्रतिशत खर्च विवाह संपन्न कराने में काम करने वाली अन्य तीसरी एजेंसियों को जाता है।

### सार संक्षेप

## पीडब्ल्यू आईओआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट शुरू

**नई दिल्ली**। एड टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने पीडब्ल्यू इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन (पीडब्ल्यू-आईओआई) के माध्यम से अपने शैक्षिक पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है। संस्थान ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ऑफ टेक्नोलॉजी (एसओटी) की सफलता के बाद, पीडब्ल्यू-आईओआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एसओएम) का शुरू किया गया है। यह तीन साल का आवासीय यूजी कोर्स है, जिसका उद्देश्य प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के तहत व्यापार और उद्यमिता के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है। एसओएम बिजनेस, उद्यमिता और प्रौद्योगिकी प्रबंधन के गतिशील क्षेत्र में दक्षता पाने के इच्छुक लोगों के लिए तैयार एक विस्तृत कोर्स है। यहां अनुभवी शिक्षकों और सलाहकारों की फैकल्टी है, जो शीर्ष कंपनियों में इंडस्ट्री लीडर्स हैं। साथ ही उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रम, 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति का अवसर और वास्तविक परियोजनाओं से व्यावहारिक जुड़ाव की मदद से, छात्र सफल व्यावसायिक यात्रा पर निकलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह कोर्स वास्तविक जीवन की चुनौतियों, और नए प्रयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे छात्र स्टार्टअप शुरू करने और उद्योग की चुनौतियों को हल करने, विचारों को मूर्त रूप देने और जानकारी का सही इस्तेमाल करने में सक्षम होते हैं।

## अजमेरा रियल्टी को मुंबई में आवासीय परियोजना के पुनर्विकास का ठेका

मुंबई। शेयर बाजार में सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी अजमेरा रियल्टी एंड इंफ्रा इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसे मुंबई के वर्सोवा इलाके में एक पुरानी सहकारी आवास समिति के पुनर्विकास का ठेका मिला है। कंपनी की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि बालकृष्ण सहकारी हाउसिंग सोसाइटी के पुनर्विकास की इस परियोजना से उसे 360 करोड़ रुपए की बिक्री की उम्मीद है।

## एक्सपीरियन डेवलपर्स की द डिवाइन नाइन की पेशकश

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स ने 'द डिवाइन नाइन' नवरात्रि ऑफर की घोषणा की है, जो उन घर खरीददारों के लिए एक सीमित समय तक उपलब्ध है जहां 60 लाख रुपये से अधिक के लाभ का वादा किया गया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इस ऑफर के तहत 31 अक्टूबर एक्सपीरियन की अलग-अलग प्रॉपर्टीज़ के पोर्टपोलियो में कई लाभ मिलेंगे। सेक्टर 112, गुरुग्राम में स्थित विंडचैंट्स में 2 मास्टर बेडरूम के साथ ड्युप्लेक्स विलामेंट की ऑन-द-स्पॉट बुकिंग करने पर 59.99 लाख रूपए की छूट के लाभ के साथ ही उन्हें 9.99 लाख रूपए मूल्य के होम अप्लायंस मिलेंगे। 'अपार्टमेंट' और 'पेंटहाउस' खरीदने वालों को प्रत्येक बुकिंग के साथ 10 ग्राम का गोल्ड कॉइन दिया जायेगा। वेस्टर्लीज़ प्लॉट्स के लिए ऑफर है। लखनऊ स्थित एक्सपीरियो में हाइ स्ट्रीट ऑफिस या रिटेल स्पेस की प्रत्येक खरीदारी पर खरीदारों को 10 ग्राम तक

# सर्व छत्तीसगढ़िया समाज महासंघ ने मांगा जनसंख्या के आधार पर विधानसभा में प्रतिनिधित्व

**बलौदाबाजार**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने अपने पत्रकार वार्ता मे पार्टीयों द्वारा प्रत्याशियों के लिए कराए गए सर्वे को गलत बताया। पत्रकार वार्ता में धोबी, नाई, सोनी, कुम्हार, अहिरवार, रामनामी, सूर्यवंशी सतनामी, विश्वकर्मा, यादव, गडरिया पाल, सोनकर, देवागंन, सारथी, केवट मरार, पनिका, मानिकपुरी, कहार कहरा कण्डरा एवं नगेसिया समाज के समाज प्रमुख उपस्थित थे। सर्व छत्तीसगढ़िया समाज महासंघ ने जनसंख्या के आधार पर विधानसभा मे प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।



श्री यदु ने बताया कि छ.ग. में लगभग 2.5 करोड़ की जनसंख्या है जिसमें 35 लाख की जनसंख्या यादव समाज की है। शुरू से ही हमारी समाज पशुपालन से जुड़ी हुई रही है आज भी हमारा मुल व्यवसाय पशु पालन है हमारे समाज की 80 प्रतिशत आबादी आज भी वनाअंचल क्षेत्रो में निवास करती है तथा वर्षों से शिक्षा, व्यवसाय, नौकरी, राजनिति के प्रकाश पुंज से कोसो दूर रही है लेकिन सन् 80 के दशक के बाद यादव समाज में उपरोक्त क्षेत्रों में जागृति आई और आज हम अपने हक को मांगने के लिये सामर्थ होकर खड़े है लेकिन राजनैतिक दल हमारी घोर उपेक्षा कर रही है क्योंकि संख्या के अनुपात में हमे जो प्रतिनिधत्व मिलना था वो नही मिल पा रहा है। इन्होने कहा कि हम लोगो ने राष्ट्रीय दलो से 5-5 प्रत्याशी विभिन्न विधानसभा में बनाये जाने कि मांग कि थी लेकिन सोशल मिडिया के माध्यम से पता चल रहा है कि हम आज भी उपेक्षित है हमारे समाज में आज भी अच्छा निष्ठावान पार्टी एवं समाज के कार्यकर्ता है उसके बावजूद भी उम्मीदवार नहीं बनाया जाना एक दुखद घटना है।

- समाज प्रमुखों की उपस्थिति में प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने रखी बात
- प्रत्याशियों के लिए कराए गए सर्वे को बताया गलत

श्री यदु ने कहा कि संगठन के प्रमुखगण कहते हैं कि आपके लोगो का नाम सर्वे सूची में नही है मुझे यह समझ में नही आता की सर्वे सूची बनायी कैसे एवं किसने बनाई, जैसे उदाहरण स्वरुप जशपुर में रहने व्यक्ति का नाम सर्वे सूची में कोटा विधानसभा में आ जाता है। लोरमी विधानसभा में निवासरत व्यक्ति का नाम तखतपुर विधानसभा में आ जाता है बिलासपुर में रहने वाले का नाम बेलतरा मे आ जाता है ऐसी स्थिती में समझ मे नही आता है कि जो व्यक्ति उस विधानसभा का निवासी ही नहीं है उसका नाम फिर उस विधानसभा कैसे आ सकता है जबकि उस क्षेत्र के लोगो को ही नहीं जानते कि इस व्यक्ति का सर्वे सूची में आ रहा है। व्यक्ति उस विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहता है तो फिर यह सर्वे सूची उस विधानसभा के किन किन मतदाताओं से पूछ कर किसने और किसे बनाया, आज जब उक्त व्यक्ति का नाम उस विधानसभा क्षेत्र से नाम सामने आने पर विरोध के स्वर मुखर हो रहा है तथा मतदाओ में भी असमंजस की स्थिती बनी हुई है। श्री यदु ने आगे कहा की छ.ग. में अब पूर्ण रूप से जागृति आ गई है तथा हर समाज हर व्यक्ति अपने अधिकार को जानने एवं समझने लगा है ऐसी स्थिती में अब मांग करने लग गये है कि स्थानीय व्यक्ति प्रतिनिधित्व देते हुये उम्मीदवार बनाया जाये, जनता भी समझने लग गई है कि स्थानीय व्यक्ति होने से हमे उसका लाभ मिल सकता है इसलिये ज्यादातर उम्मीदवार पिछडा वर्ग व स्थानीय व्यक्ति को ही बनाया जायें।

श्री यदु ने कहा कि छ.ग. में 96 प्रतिशत आबादी एस.टी.एस.सी. ओबीसी जिसमें से लगभग 54 प्रतिशत पिछड़े वर्ग का है, उस अनुपात में भी उसका लाभ उन समाजो को नही मिल पाता, जिनकी जन संख्या 10, 15, 20 लाख के लगभग है। जैसे धोबी समाज, नाई समाज, लोधी समाज, सोनी समाज, कुम्हार समाज, अहिरवार समाज, रामनामी समाज, सूर्यवंशी सतनामी समाज, विश्वकर्मा समाज, गढरियापाल समाज, सोनकर समाज, सोनी, देवागंन समाज, सारथी समाज, केवट समाज मरार समाज, पनिका मानिकपुरी, कहार समाज कहरा एवं कडरा समाज एवं नगेसिया समाज, गड़रिया समाज, आज भी उपेक्षित है। आजादी के बाद से लेकर आज तक सिर्फमतदान करते आये है इस लिये प्राथमिकता प्रदान करते हुये ऐसे समाज को भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिये। उक्त पत्रकार वर्ता में सर्व छत्तीसगढिया समाज छ.ग. के सभी अध्यक्ष समाज प्रमुखों एवं पदाधिकरी उपस्थित होकर सामजिक एकता का परिचय दिया जिसमे राजा निर्मलकर युवा प्रदेश अध्यक्ष धोबी समाज, दिनेश निर्मलकर, अहिरवार समाज कृष्णा रायकर, लोधी समाज रमेश लोधी, केवट समाज बोधी राम निषाद, भोलाराम मरकाम कंड़रा समाज, तेजराम जलतरे कहार समाज, दुर्गा पटेल मरार समाज, विनोद सेन नाई समाज, शारदा सोनकर समाज, प्रणय वर्मा देवनारायण यादव, राजेश यादव धनमती यादव, गीता यादव, हरीश यादव, बोधन यादव, महेश यादव, विजय यादव युवराज सिंह प्रदेश अध्यक्ष कलार समाज, लक्ष्मी नारायण महतो प्रदेश अध्यक्ष गडरिया समाज आदि उपस्थित रहे।

# काँटापाली से संबलपुर तक ड्रोन से रेल लाइन का सर्वे प्रारंभ

**रायपुर से काँटापाली तक पूर्व में जमीनी सर्वे पूर्व में हो चुका**

**सरायपाली** 17 अक्टूबर (देशबंधु) रायपुर से संबलपुर रेल लाइन निर्माण हेतु पिछलेकुछ दिनों से एक निजी संस्था द्वारा रायपुर से काँटापाली ( ओडिशा ) तक जमीनी सर्वे पूरा कर लिया गया है । काँटापाली से संबलपुर तक ड्रोन से सर्वे किये जाने के तहत आज काँटापाली से सुबह पूजा अर्चना कर सर्वे टीम , ग्रामीणजनों व बरगढ़ शाखा के सदस्यों की उपस्थिति में ड्रोन सर्वे का कार्य आरंभ किया गया।



रायपुर बरगढ़ रेल निर्माण संघर्ष समिति सरायपाली के बरगढ़ शाखा सेअविजित प्रतिहार ( संगठन सचिव ) ने जानकारी देते हुए बताया कि आज ग्राम काँटापाली में सुबह सर्वे करने वाली बेंगलोर ड्रोन सर्वे टीम के साथ ग्राम सरपंच रमेश साहू , हलधर साहू ( पूर्व सरपंच ) , विकास साहू , सजन साहू , महेंद्र प्रधान , आनंद साहू , चंदन साहू व बुलु सेनापति व रेल निर्माण संघर्ष समिति के सरदार प्रीतम सिंह , गोविंद दास , मनोरंजन पुजारी , निर्मल कर , देवी पटनायक , तुलसी चरण दास , केदार मिश्रा व पापुन सारंगी की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां समलेस्वरी देवी की पूजा अर्चना व ड्रोन की पूजा कर उसे सर्वे के लिए आसमान में छोड़ा गया ।

जानकारी के अनुसार आगामी 15 दिनों के अंदर सर्वे टीम द्वारा अपनी रिपोर्ट रेल मंत्रालय को सौप दी जाएगी । उसके पश्चात उसे बजट में शामिल कराए जाने का प्रयास किया जायेगा ।

# बंदेपारा के जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़

**बीजापुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीजापुर जिले में चलाये जा रहे नक्सली विरोधी अभियान के तहत् थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत कोरंजेड़-बंदेपारा के जंगल में मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज नागेश, सचिव एसीएम बुचन्ना, एसीएम विश्वनाथ एवं अन्य 15-20 नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर आज डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं केरिपु 170 की संयुक्त टीम नक्सल अभियान पर रवाना हुई थी ।



- 8.00 लाख का इनामी नक्सली मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज नागेश पदम ढेर

अभियान के दौरान बंदेपारा के जंगल में कैम्प लगाये नक्सलियों द्वारा पुलिस पार्टी को देखकर फायरिंग शुरू कर दिये । जवाब में पुलिस पार्टी द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर जवाबी कार्यवाही की गई । पुलिस की जवाबी कार्यवाही से नक्सली जंगल पहाड़ का आड़ लेकर डेरा छोड़कर भाग गए। फायरिंग रुकने के पश्चात् पुलिस पार्टी द्वारा घटनास्थल की बारीकी से सर्चिंग की गई। सर्चिंग करने के दौरान घटनास्थल से एक वर्दीधारी पुरुष नक्सली का शव व पास से 01 नग एके-47 रायफल, एके-47 की 03 मैग्जिन, एके-47 के 54 राउण्ड, विस्फोटक, दवाईयां, नक्सली साहित्य, वर्दी, बैनर, सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वायर एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया । मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की पहचान मद्देड़ एरिया कमिटी प्रभारी डीव्हीसीएम नागेश पदम के रूप में की गई। जिला बीजापुर के विभिन्न थानों में नागेश पदम के विरुद्ध कुल 108 स्थाई वारंट लंबित है एवं उक्त नक्सली के ऊपर शासन की आत्मसमर्पण एवं घोषित इनाम नीति के तहत् 8.00 लाख रुपये का इनाम घोषित था ।

**विधानसभा आम निर्वाचन 2023**

# आचार संहिता के दौरान निगरानी दलों ने 5 करोड़ 57 लाख की नकदी और वस्तुएं की जब्त

**रायपुर** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश में निगरानी दलों की सघन जाँच के दौरान अवैध धनराशि तथा वस्तुओं की बरामदगी का आँकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। 16 अक्टूबर तक यह आंकड़ा 5 करोड़ 57 लाख रूपए से अधिक हो गया है। निगरानी दल, धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर नजर रख रही है जिसमें 16 अक्टूबर तक 5 करोड़ 57 लाख 18 हजार 352 रूपए की राशि तथा वस्तु बरामद की गई है। इसमें 85 लाख 2 हजार 655 रूपए से अधिक नकद राशि बरामद की गई है।

निगरानी के दौरान अब तक 11 हजार 851 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 37 लाख 57 हजार 549 रूपए है। साथ ही 1838 किलोग्राम अन्य नशीली वस्तुएं जिसकी कीमत लगभग 62 लाख रुपए है भी बरामद किया गया है। सघन जाँच अभियान के तहत अधिकारियों ने अवैध रूप से अन्य सामग्रियों जिनकी कीमत 2 करोड़ 03 लाख 563 रूपए है जब्त की हैं। इसके अतिरिक्त 1 करोड़ 70 लाख रूपए कीमत के 63 किलोग्राम से अधिक कीमती आभूषण तथा रत्न भी तलाशी के दौरान जब्त किया गया है।

# कार में मिला संदिग्ध 2 लाख 62 हजार नगद, जब्त कर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय नजदीक सकरी बायपास के पास रेण्डम वाहन चेकिंग के दौरान उड़नदस्ता टीम को एक कार क्रेटा वाहन क्रमांक जीजे 36 एएफ5777 से 2 लाख 62 हजार रूपये नगद कैश प्रास हुआ। उक्त वाहन में वाहन मालिक धरमपुरा रायपुर निवासी दुर्गेश जैन सहित एक अन्य व्यक्ति वाहन में सवार थे। उड़नदस्ता टीम द्वारा कैश के संबंध में जानकारी चाही गई।

- उड़नदस्ता टीम को मिली पहली कामयाबी

परन्तु श्री जैन के द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिलने के चलते प्रकरण बनाकर उक्त राशि को सील कर जिला कोषालय में जमा करा दी गई है। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन हेतु आचार संहिता लागू होने से केवल 50 हजार रूपये तक नगद राशि रखने का प्रावधान है। उक्त कार्रवाई सहायक खाद्य अधिकारी सुशील टण्डन एवं प्रधान आरक्षक मन्नूलाल ध्रुव के नेतृत्व में टीम द्वारा किया गया।

**NECC**

| 18.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.00 | 70 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 85 | 185 |

डिलीवरी 515 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### हाथियों के रास्तों में न आएं

छत्तीसगढ़ के वनों में हाथी पाये जाते हैं। यह उनका प्राकृतिक आवास तो है ही, सीमावर्ती राज्य ओडिशा और झारखंड के जंगलों से भी बड़ी संख्या में वनराज यहां से गुजरते हैं। यानी कि राज्य उनके रास्ते का एक हिस्सा है। ऐसा वे सैकड़ों वर्षों से करते आ रहे हैं। कई बार वे मानव बस्तियों के बहुत नज़दीक आ जाते हैं। हालांकि ऐसा करने की उनकी कोई मंशा नहीं होती क्योंकि वे स्वयं इंसानों से दूर रहना चाहते हैं। फिर भी, भोजन-पानी की आवश्कताएं उन्हें बस्तियों के निकट ले आती हैं। ज्यादातर वनों के बीच बसे गांव या ग्राम इनकी चहलकदमी की राह में आते हैं। बेहतर है कि स्वयं इंसान उनके रास्तों में न आएं।

इन दिनों ज्यादातर इलाकों में धान पकने की स्थिति में है। उसकी सुगंध हाथियों को आकर्षित करती है जो अब तक बारिशों में घने जंगलों में ही रहकर गुजारा कर रहे थे। बारिशें रूक जाने पर उनकी आवाजाही बढ़ जाती है। फिर, उन्हें पीने के लिये पानी अब तक तो जंगलों के भीतर ही मिल जाता है, पर अब उसकी तलाश में वे बाहर निकल पड़ते हैं। गांवों में या उनके आस-पास बने तालाबों में उन्हें जल उपलब्ध होता है इसलिये भी वे वहां तक पहुंचते हैं। छग के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां इन दिनों हाथियों की आमदरफ्त बढ़ चली है। कटघोरा वन मंडल में इस समय हाथियों के एक बड़े झुंड के विचरण की खबर आ रही है। केंदई रेंज में 54, पसान में 3 और जटगा रेंज में 6 हाथियों की उपस्थिति की बात वन विभाग ने की है। इस दल में एक हथिनी द्वारा शावक को जन्म दिये जाने की बात भी कही जा रही है। इन्होंने लगभग 50 एकड़ पर लगी फसलों को रौंद दिया है। इनमें से 9 मरवाही रेंज से आए हुए बतलाए जाते हैं, जो कि पसान से लगा हुआ है। गरियाबन्द के पास स्थित पाण्डुका रेंज में एक गुस्सैल हाथी के लौटने से दहशत है जो यहां पहले भी कई गांवों में उपद्रव कर चुका है। कुछ और हाथी भी यहां देखे गये हैं। पलारी के अर्जुनी वन परिक्षेत्र के दलदली महकोनी में पिछले दिनों एक हाथी ने एक व्यक्ति को मार डाला था जो अपने दो अन्य साथियों के साथ जंगल में जड़ी-बूटी ढूंढ़ने गया था। मृतक के दो साथी भागकर जान बचाने में कामयाब रहे थे।

हाथी पूर्णतः शाकाहारी जीव है जिसका इरादा व प्रयोजन किसी को मारना नहीं रहता। वह केवल आत्म रक्षा में या अन्य जीवों की उपस्थिति से बौखलाकर ही हमला करता है। फिर भी सावधानी की ज़रूरत है। वन विभाग गांव वालों को हमेशा सावधान रखे एवं उन्हें बचाने के सारे प्रयास करे। लोग भी पर्याप्त सावधानी बरतें।

**उल्टा पुल्टा**

पत्नी : तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति : क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी : तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति : ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा..!

# विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा : फूलरथ की प्रथम परिक्रमा देर रात तक चली



**जगदलपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के अंतर्गत सोमवार को फूल रथ की पहली परिक्रमा हुई। बस्तर की परंपरा का निर्वहन करते हुए दंतेश्वरी मांई के मुख्य पुजारी मां दंतेश्वरी के छत्र को बाजे गाजे के साथ मंदिर से लेकर पहले मावली माता मंदिर पहुंचे वहां पर पूजा अर्चना के बाद जगन्नाथ मंदिर में स्थित श्री राम मंदिर में पुजा अर्चना हुई। इसके पश्चात पूरे सम्मान के साथ मांई दंतेश्वरी के छत्र को रथारूढ़ किया गया। महिला पुलिस दल द्वारा हर्ष फायर कर सलामी दी गई। इसके पश्चात बस्तर की परंपरा के अनुसार शहर के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से जूटी युवाओं की भीड़ ने नवनिर्मित फूल रथ को पूरे उत्साह के साथ खिंचा। रथ के आगे आगे महिला पुलिस बैंड पार्टी सुमधुर भजनों की धुन बजाते चल रही थी। बस्तर की पारंपरिक मुंडा बाजा दल भी मां दंतेश्वरी का जसगान करते चल रहे थे। चुनाव आचार संहिता के चलते इस वर्ष दशहरा के कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में हो रहा है। इस वर्ष नई फुल रथ के निर्माण होने से रथ की साज सज्जा करते लगभग 9ः30 बज गए। 10ः00 बजे फूल रथ की परिक्रमा आरंभ हुई जो देर रात तक चली। कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, नगर निगम आयुक्त, दशहरा समिति के सचिव तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

## भाजपा विधानसभा चुनाव जिला संचालन समिति का गठन



- श्रीनिवास राव मद्दी जगदलपुर, विद्याशरण तिवारी बस्तर व बैदूराम कश्यप चित्रकोट विधानसभा का करेंगे चुनाव संचालन
- शरद अवस्थी व संतोष बाफना जगदलपुर, डा. सुभाऊ कश्यप व रुप सिंह मण्डावी बस्तर और लच्छूराम कश्यप व आनंद मोहन मिश्रा चित्रकोट विधानसभा के समन्वयक बनाये गये

**जगदलपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव की अनुशंसा व प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय की अनुमति से भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी ने विधानसभा चुनाव के लिये जिला संचालन समिति की घोषणा की है, साथ ही बस्तर जिले की तीनों विधानसभाओं के चुनाव संचालक एवं समन्वयक के नाम भी घोषित किये हैं।

जगदलपुर विधानसभा के चुनाव संचालक श्रीनिवास राव मद्दी बनाये गये हैं, वहीं समन्वयक के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शरद अवस्थी व पूर्व विधायक संतोष बाफना को दायित्व सौंपा गया है। बस्तर विधानसभा के चुनाव संचालक विद्याशरण तिवारी होंगे और चुनाव समन्वयक पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप व भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी रहेंगे। ऐसे ही चित्रकोट विधानसभा के चुनाव संचालक पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप और समन्वयक पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप व आनंदमोहन मिश्रा बनाये गये हैं। विधानसभा चुनाव के लिये गठित जिला संचालक समिति में 19 प्रमुख लोगों के नाम हैं जिनमें भाजपा जिला अध्यक्ष रूप >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## अमित शाह जगदलपुर से फूंकेंगे छत्तीसगढ़ का चुनावी बिगुल



**बस्तर क्षेत्र की 12 सीटों पर है भाजपा की नजर**

**जगदलपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधान सभा चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद भाजपा के केंद्रीय नेताओं का छत्तीसगढ़ आने का क्रम शुरू हो गया है। इसी बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक बार फिर छत्तीसगढ़ के बस्तर दौरे पर आ रहें हैं ?। शाह के दौरे को लेकर जगदलपुर में तैयारियां शुरु हो गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बीते 4 महीनों में दूसरी बार 19 अक्टूबर को जगदलपुर दौरे पर रहेंगे। विधानसभा चुनाव के बीच केंद्रीय गृहमंत्री शाह जगदलपुर में प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होंगे। इसके साथ ही वे लालबाग मैदान में चुनावी आमसभा को भी संबोधित करेंगे।

विदित हो कि पिछली बार जुलाई में अमित शाह जगदलपुर पहुंचे थे, जहां से वे सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर करनपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद पिछले महीने भाजपा की परिवर्तन यात्रा में भी उन्हें शामिल होना था, लेकिन खराब मौसम के कारण वे नहीं पहुंच पाए। इसके बाद अब 19 अक्टूबर को होने वाली नामांकन रैली में शामिल होने शाह जगदलपुर में मौजूद रहेंगे।

शाह के दौरे को लेकर भाजपा तैयारियों में जुट गई है। ऐसे में 19 अक्टूबर को वे जगदलपुर प्रत्याशी किरण देव, बस्तर प्रत्याशी मनीराम कश्यप व चित्रकोट प्रत्याशी विनायक गोयल के साथ उनकी नामांकन रैली में शामिल होंगे। रैली भाजपा कार्यालय से माईं दंतेश्वरी मंदिर जाएगी, जिसके बाद माईं जी के दर्शन के बाद भाजपा प्रत्याशी कलेक्टोरेट में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं लालबाग मैदान में आयोजित होने वाली आमसभा को भी संबोधित करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी ने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का जगदलपुर प्रवास 19 अक्टूबर को होगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। शाह नामांकन रैली में शामिल होने के साथ ही लालबाग मैदान में आयोजित होने वाली चुनावी आमसभा को भी संबोधित करेंगे।

## राष्ट्रीय कला मंच जगदलपुर ने मेहंदी श्रृंगार सेवा का किया आयोजन



**जगदलपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बस्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय कला मंच जगदलपुर के माध्यम से निःशुल्क मेहंदी श्रृंगार सेवा मंगलवार को माई दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया गया।

अभाविप बस्तर विभाग छात्रा प्रमुख सुश्री सरिता ठाकुर ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि की पावन अवसर पर दंतेश्वरी मंदिर में मेहंदी श्रृंगार सेवा के द्वारा दीदी, बहनें, माताओं को मेहंदी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अभाविप जगदलपुर नगर छात्रा प्रमुख नीलू मौर्य ने कहा कि हिंदू धर्म के मान्यता के अनुसार खासतौर पर मां दुर्गा की पूजा के समय मेहंदी लगाना बेहद शुभ होता है। ऋग्वेद में कहा गया है कि महिलाओं का सोलह श्रृंगार करना सिर्फ खूबसूरती ही नहीं, भाग्य को भी बढ़ाता है। नवरात्रि पर्व पर महिलाएं मां भगवती को खुश करने के लिए 16 श्रृंगार करती हैं। इस 16 श्रृंगार में मेहंदी का अपना महत्व है। हिंदू धर्म में मेहंदी का काफी महत्व होता है। चाहे शादी-विवाह हो, या फिर कोई त्योहार, हर शुभ काम से पहले महिलाएं अपने >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## लकड़ी का अवैध रूप से परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**अवैध सागौन स्लीपर 8 नग 0 .292 घनमीटर वाहन के साथ वन विभाग ने किया जप्त**



**जगदलपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वन विभाग के कर्मचारी दल द्वारा अवैध चिरान लकड़ी जप्त की है। वन विभाग कर्मचारी का दल सूचना के आधार पर एक पिकअप वाहन सी. जी. -05 एक्स. / 3561 तेजी से सरगीपाल चौके पास आते दिखी, तब स्टाफ द्वारा उसका पिछा किया गया तब बोधघाट चौक पास वाहन चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था। तत्पश्चात मौके पर वाहन की तलाशी ली गई वाहन में सागौन स्लीपर 08 नग 0.292 घ. मी. पाया गया। तत्पश्चात वाहन मालिक धनसिंग नाग पिता राजमन नाग निवासी छोटेबादाम जगदलपुर मौके पर आया। उसने बताया कि गाड़ी मेरी है तब वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा नाप जोख कर जप्तीनामा तैयार किया गया, एवं अपराधी धनसिंग नाग पिता राजमन नाग के विरूद्ध पी.ओ.आर. क्र. 13970/23 दिनांक 17.10.2023 जारी किया गया। जप्त सागौन स्लीपर की कीमत लगभग 50000/- रू. है। आर.सी. दुग्गा मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त एवं उत्तम गुप्ता वनमण्डलाधिकारी बस्तर वनमण्डल जगदलपुर के मार्ग दर्शन में देवलाल दुग्गा उपवनमण्डलाधिकारी जगदलपुर के निर्देशानुसार देवेन्द्र सिंह वर्मा परिक्षेत्र अधिकारी कविता ठाकुर जगदलपुर (सा.) के नेतृत्व में जगदलपुर हमराह स्टाफ दामुधर सेठिया वनरक्षक, रामसिंह बघेल वनरक्षक, उमरदेव कोर्राम वनरक्षक, कु. वनरक्षक, ललन तिवारी वनपाल, हेमकान्त पाण्डे वनरक्षक एवं चौकीदार श्रीधर के साथ चौक चौराहों पर तैनात थे। वनमण्डलाधिकारी बस्तर वनमण्डल जगदलपुर उत्तम गुप्ता ने कार्यवाही में शामिल परिक्षेत्र अधिकारी जगदलपुर के समस्त स्टॉफ को बधाई दी एवं भविष्य में इसी तरह आगे भी अवैध कटाई अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

## स्वीप समिति की बैठक में मतदाता जागरूकता गतिविधियों की हुई समीक्षा



**जगदलपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। ज़िला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रकाश सर्वे ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के पश्चात मतदाता जागरूकता अभियान हेतु किए जाने वाले आयोजनों संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। आगामी विधान सभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए और मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्वीप नोडल अधिकारी श्री सर्वे ने ज़िला पंचायत के सभागार में मतदाता जागरूकता की गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थाओं में वोट-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, साथ ही विकास खंड स्तर पर जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा। शहरी और ग्रामीण स्तर पर हल्बी, गोंडी और हिन्दी में मतदाता जागरूकता गीत के ज़रिए मतदाताओं को प्रेरित किया जाएगा। सभी भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक इलाक़ों में ई.व्ही.एम. का डेमोस्ट्रेशन किया जाएगा। विभिन्न स्थलों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान सभी निर्वाचन अधिकारियों ने निष्पक्ष मतदान करवाने हेतु शपथ ली। इस अवसर पर पद्म धर्मपाल सैनी, आयुक्त, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़, डीईओ भारती प्रधान, स्वीप के सहायक नोडल शरद चन्द्र गौड़, बादल प्रभारी पूर्णिमा सरोज और निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद थे।

## निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में ईवीएम का रेंडमाइजेशन



**राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी शामिल**

**दंतेवाड़ा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार की मौजूदगी में कंप्यूटरीकृत प्रणाली से ईवीएम और वीवीपेट के पहले रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर मौजूद थे। इसके तहत जिले में उपलब्ध 587 बैलेट यूनिट, 400 कंट्रोल यूनिट और 587 वीवीपैट में से दंतेवाड़ा विधानसभा के लिए 368 बैलेट यूनिट और 368 कंट्रोल यूनिट 395 वीवीपैट का रेण्डमाईजेशन किया गया। इन सभी मशीनों के द्वितीय रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही 26 अक्टूबर को की जाएगी।

## जगदलपुर भाजपा प्रत्याशी किरणदेव ने दाखिल किया नामांकन पत्र



**जगदलपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मौजूदा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों की घोषणा में कांग्रेस को पछाड़ने के बाद भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जमा करने में भी अग्रणी हो गयी है। बस्तर संभाग की बेहद महत्वपूर्ण व एकमात्र सामान्य सीट जगदलपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी किरणदेव ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट जिला निर्वाचन कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी नंदकुमार चौबे को किरणदेव ने अपना नामांकन पत्र सौंपा। भाजपा प्रत्याशी किरणदेव ने सुबह मांई श्री दंतेश्वरी मंदिर में मत्था टेका और पूजा अर्चना कर मांई जी का आशीर्वाद लेकर सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचे और अभिजीत मूहूर्त में दोपहर 12ः05 बजे अपना नामांकन पत्र जमा किया। प्रस्तावक के रूप में श्रीनिवास राव मद्दी व बतौर समर्थक विद्याशरण तिवारी ने हस्ताक्षर किये। नामांकन दाखिल करने के बाद प्रत्याशी किरण देव ने कहा कि जगदलपुर, बस्तर सहित समूचे छत्तीसगढ़ में भाजपा जीत का परचम लहरा कर सरकार बना रही है। कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र जमा करने दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी, शरद अवस्थी, अनिल शर्मा, दीपक त्रिवेदी, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, रिंकू पाण्डेय, श्रीपाल जैन, रवि कश्यप, तेजपाल शर्मा, ईश्वर राव, शेखर शर्मा आदि उपस्थित थे।

## जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य का चुनाव को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बैठक जारी



**आड़ावाल में नगरनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बूथ, सेक्टर प्रभारी व कार्यकर्ताओं की ली महत्वपूर्ण बैठक**

**जगदलपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जगदलपुर विधानसभा के कांग्रेसी प्रत्याशी घोषित नहीं होने के बावजूद संगठन चुनाव के चलते कार्यकर्ताओं को उत्साहित करने का काम कर रही है। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आड़ावाल में नगरनार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बूथ व सेक्टर प्रभारियों सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी चुनाव को लेकर आगे की रणनीति व रुपरेखा तैयारी हेतु विशेष चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य ने संगठन की मजबूती बनाने व आगामी चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समुचित विकास हुआ है, राज्य के युवा आत्मनिर्भर हो पाए हैं। श्री मौर्य ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आप सभी 75 पार के संकल्प के साथ भूपेश बघेल की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को जनजन तक पहुंचाने का पूरी मजबूती के साथ पहुंचा कर कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लेते हुए दृढ़ता से कार्य करें।

# भूपेश व बैज की मौजूदगी में होगा छविन्द्र का नामांकन

**दंतेवाड़ा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्य मंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज 19 अक्टूबर गुरूवार को छविन्द्र कर्मा की नामांकन रैली में शामिल होंगे। कांग्रेस उम्मीदवार छविन्द्र इन दोनों दिग्गजों की मौजूदगी में इसी दिन अपना नामांकन दाखिल करेंगे। शारदीय नवरात्र की यह पंचमी तिथि होगी। दोनों दिग्गज इस दिन दंतेश्वरी दर्शन कर प्रदेश में फिर से सत्ता के लिए आशीर्वाद भी मांगेंगे।





दंतेवाड़ा के कलेक्टर बंगले के सामने चितालंका स्थित क्रिकेट स्टेडियम में एक संकल्प सभा भी आयोजित की गई, जिसे श्री बघेल और श्री बैज संबोधित करेंगे। सभा और नामांकन रैली के जरिये यह कांग्रेस का एक तरह से शक्ति प्रदर्शन होगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल पहले ही दंतेवाड़ा आना चाहते थे, लेकिन आचार संहिता प्रभावशील हो गई और वे अब चुनावी सभा में पहुंचे रहे हैं। वे लोकार्पण और शिलान्यास के लिए दंतेवाड़ा आने वाले थे, लेकिन व्यस्तता के चलते दंतेवाड़ा नहीं आए और राजधानी से ही वर्चुअल दंतेवाड़ा को सौगात दी थी। छविन्द्र कर्मा को कांग्रेस की पहली सूची में उम्मीदवार बनाकर शारदीय नवरात्र के पहले ही दिन नाम का ऐलान किया गया। वर्तमान विधायक श्रीमती देवती कर्मा को इस बार विश्राम दिया गया है और उनकी जगह उनके बेटे छविन्द्र को चुनावी मैदान में उतारा गया है। पूरा कर्मा परिवार छविन्द्र को इस चुनाव में विजय श्री दिलाने पूरी रणनीति के साथ एकजुट होकर काम कर रहा है। संगठन स्तर पर भी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता व पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम के कुशल मार्गदर्शन में जन संपर्क में जुट गए हैं। कांग्रेस को दंतेवाड़ा के विकास और प्रदेश सरकार की योजनाओं का सहारा है। अब इसी के माध्यम से वे आम जनता तक पहुंच रहे हैं, ताकि विजय की राह आसान हो सके। इधर जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम ने बताया है कि गुरूवार को छविन्द्र के नामांकन, रैली और संकल्प सभा में मुख्यमंत्री श्री बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज शामिल होंगे। श्री गौतम ने सभी जिला पंचायत के पदाधिकारी, सभी जनपद के पदाधिकारी, सभी सरपंच, जिला कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, युवक कांग्रेस, सभी नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, सेवादल, एनएसयूआई, इंटुक बचेली, किरंदुल के पदाधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षों को अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या मे कार्यकर्ताओ के साथ विशाल रैली एवं आम सभा में पहुंचने का अनुरोध किया है।

- 19 को पहुंचेंगे दोनों दिग्गज, रैली और संकल्प सभा में होंगे शामिल
- पंचमी तिथि पर दंतेश्वरी दर्शन कर मांगेंगे विजय का आशीर्वाद

# मतदान के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

## मतदान दलों के प्रशिक्षण के साथ मतदान दिवस में सहयोग हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोण्डागांव,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान मतदान हेतु पीठासीन सहित अन्य मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला कार्यालय के सभागार में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम, वीवी पैट आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। ये मास्टर ट्रेनर अब मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे।



इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सभी मास्टर ट्रेनरों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के लिए आवश्यक है कि सभी मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण बेहतर हो। मतदान अधिकारियों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करना सभी प्रशिक्षकों का भी दायित्व है कि वे यहां दी गई सभी जानकारियों को सतर्कतापूर्वक समझें और मतदान दलों को सभी निर्देशों से अच्छी तरह से अवगत कराये ताकि मतदान निर्बाध रूप से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षक मतदान दलों के प्रशिक्षण के साथ मतदान दिवस के दिन सेक्टर अधिकारियों के साथ सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण भी करेंगे एवं कहीं भी मतदान दलों को दुविधा होने पर मास्टर ट्रेनर उनका त्वरित निराकरण मैदानी स्तर पर करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनरों को मतदान कार्मिकों को मतदान के एक दिन पहले बूथों के लिए प्रस्थान करने से पहले बरती जाने वाली सावधानियां, ईवीएम और वीवीपैट की बारीकियां, बूथों के संचालन, मॉकपोल, चैलेंज वोट, टेंडर मत, दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर ही वोट देने की सुविधा, मतदान शुरू होने के पहले और समाप्ति पर पीठासीन अधिकारी की ओर से की जाने वाली घोषणाएं, मतदाताओं के रजिस्टर आदि के संबंध में जानकारी दी गई। मतदान खत्म होने के बाद स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। विकास खण्ड स्तर पर 19, 25 एवं 26 अक्टूबर को दिया जायेगा प्रशिक्षण जिले के सभी मतदान केन्द्रों हेतु मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके तहत विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 19 अक्टूबर को कोण्डागांव, 25 अक्टूबर को फरसगांव एवं माकड़ी तथा 26 अक्टूबर को केशकाल एवं बड़ेराजपुर विकास खण्ड हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कोण्डागांव जिला मुख्यालय स्थित शासकीय आदर्श आवासीय कन्या महाविद्यालय बड़ेकनेरा रोड़ में किया जायेगा।

# जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम में स्टाम्प पेपरों टिकटों का कलेक्टर द्वारा किया भौतिक मिलान



**कोण्डागांव,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को जिला कार्यालय परिसर में स्थित जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने 10 रूपए, 50 रूपए, 100 रूपए, 500 रूपए एवं 1000 रूपये के स्टाम्प पेपरों के साथ ही नोटिरियल टिकटों और कोर्ट के प्रॉपर्टी दस्तावेजों का स्ट्रांग रूम में जमा संख्या एवं राशि का मिलान रजिस्टर में एंट्री संख्या एवं राशि से किया। उन्होंने जिला कोषालय कार्यालय में बैठक व्यवस्था, दस्तावेजों, कार्यालयीन रख-रखाव, साफ-सफाई आदि की भी जानकारी ली। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रशेखर मेंडेकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नपा क्षेत्र के स्कूल-कॉलेज में निष्पक्ष मतदान हेतु जनजागरण



**नारायणपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष कोर्राम के निर्देशन में नगर पालिका नारायणपुर के कर्मचारियों द्वारा स्कूलों में बच्चों द्वारा रैली एवं कॉलेज मे विभिन्न प्रतियोगिताओं के मध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए निर्भीक-निष्पक्ष होकर शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान अत्मानंद कॉलेज में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं युवा मतदाताओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि ह यूम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण हुए रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना किसी भी निर्वाचनो में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर स्कूल, कालेज के कर्मचारियों के साथ नगर पालिका नारायणपुर के हिमांशु कावड़े, दीपक अचला, अजय राय, रामचंद्र यादव, निताई सरकार, अंकित दिल्लीवार, विकास शर्मा, जवाहर यादव, सुकुमार मंडल, भूषण देशमुख, राजकुमार देशमुख, हासीम अहमद, सुनील पात्र, विनय भारती आदि उपस्थित थे।

# कुरुद क्षेत्र के लिए प्रत्याशी चयन में कांग्रेस ऊहापोह की स्थिति में

**कुरूद** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी चयन में अपनी लेट लतीफी के कारण जनता के बीच ढुलमूल रवैया को उजागर करती नजर आ रही है. पिछले विधानसभा चुनाव में मात्र एक दिन नामांकन दाखिले का समय बचा था वैसे ही कांग्रेस ने अपनी कुरूद विस क्षेत्र के प्रत्याशी की घोषणा की थी और संदेह का सामना किया था। यहां वर्तमान में भाजपा का कब्जा है और भाजपा की कीला को तोड़ने के प्रयास में कांग्रेस को 25 वर्षों से भी अधिक समय लग गया.अब किसी भी शर्त में कांग्रेस कुरूद में स्थापित भाजपा के किला को भेद ने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी चयन में उहापोह की स्थिति में नजर आ रही है। विश्वास्तु सूत्रों के मुताबिक कुरुद क्षेत्र के कांग्रेसी नेता इस समय दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं. श्रीमती लक्ष्मीकांत हेमंत साहू जो पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी थी वह भी इस बार भी कांग्रेस से दावेदारी की है. इस समय हेमंत साहू दिल्ली में उपस्थित हैं. अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान और कांग्रेस नेता भरत नाहर दिल्ली में डटे हुए हैं.जनपद पंचायत कुरूद के अध्यक्ष श्रीमती शारदा साहू,युवा नेता देवव्रत साहू भी दमदारी के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं. नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर पार्टी में सक्रियता के बल पर प्रबल दावेदारी पेश की है. कुरूद मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर और जिला पंचायत धमतरी के सभापति तारिणी चंद्राकर दोनों ने भी दावेदारी पेश की है.सभी दावेदारों में श्रीमती तारिणी चंद्राकर के नाम को प्रमुखता से लिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कल तक कुरुद क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है.कांग्रेस भी पिछली बार की गलती को दोहराने की भूल नहीं कर सकती.शायद इसलिए भी प्रत्याशी चयन में सावधानी बरत रही है।

## सार-संक्षेप

### केशकाल विस से जमा किया गया एक नामांकन पत्र

**कोण्डागांव** 17 अक्टूबर (देषबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा आम निर्वाचन 2023 के लिए मंगलवार को केशकाल विधान सभा क्षेत्र से एक अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया। केशकाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से अंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया से ग्राम कोनगुड़ के सोनसिंह मरापी द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया है। इसके साथ ही केशकाल विधान सभा के लिए सर्व आदि दल की ओर से ग्राम ईरागांव के जीवन लाल मतलाम द्वारा नाम निर्देशन पत्र आज लिया गया है।

### बसपा उम्मीदवार सहित दो ने लिया नामांकन

**दंतेवाड़ा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 88 दन्तेवाड़ा के अन्तर्गत रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा आज 2 अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र दिया गया। इसमें नाम निर्देशन पत्र लेने वाले अभ्यर्थियों में बहुजन समाज पार्टी से केशव नेताम पिता भीमाराम नेताम, (ग्राम बिंजाम विकासखण्ड गीदम), निर्दलीय अमुलकर नाग, पिता रामचन्द नाग, (ग्राम बारसूर विकासखण्ड गीदम) हैं। इस प्रकार आज 2 अभ्यर्थियों के द्वारा नाम निर्देशन फार्म लिया गया है।

### कल पहुंचेंगे सामान्य प्रेक्षक फ्रेंक्लिन

**दंतेवाड़ा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य प्रेक्षक के रूप में एल. के. फ्रेंक्लिन (आई.ए.एस.) को नियुक्त किया गया है। 2006 बैच के श्री फ्रेंक्लिन (आई.ए.एस.) संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 108 में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा मुख्यालय के न्यू सर्किट हाउस के कक्ष क्रमांक 1 में उनका निवास रहेगा। इस संबंध में निर्वाचन संबंधी विषयों पर चर्चा मार्गदर्शन हेतु सभी राजनैतिक दल एवं आम जन सामान्य प्रेक्षक से समय पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे तक सर्किट हाउस के सभा कक्ष में भेंट मुलाकात कर सकेगें। उनका मोबाईल नंबर 9479154780 रहेगा।

### भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान

**कुरूद,** 17 अक्टूबर। विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के बुथ ससक्तीकरण अभियान के अंतर्गत श्रीमती प्रतिभा अजय चन्द्राकर जी एवं ज्योति चन्द्राकर जी भाजपा जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा विधानसभा प्रभारी ने विभिन्न गावों के बुथ जिसमे आलेखुटा, सोनपुर, सेमरा सी, देवरी, दर्री, चिरपोटी, नवागांव कचना, कानामुका, खपरी, जरवायडीह, भैसबोड, कुम्हारी, पुरैना, कल्ले के मतदाता माता-बहनों एवं भाइयों से जनसंपर्क एवं बैठक कर कांग्रेस सरकार के वादा खिलाफी बारे में अवगत कराया गया। इस अभियान में सिंधु बैस, देवकी आशा रात्रे,पूर्णिमा साहू, यशोदा साहू, गीतेश्वरी साहू, रश्मि साहू सभी ने भाग लिया, और फिर से भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प लिया।



# मांई दंतेश्वरी की भक्ति से जगमगा रहा दंतेवाड़ा




**दंतेवाड़ा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन से ही पदयात्री श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। आज बड़ी संख्या में पदयात्रियों ने मांई दंतेश्वरी के दर्शन किये। पंचमी तिथि पर अमूमन पदयात्री पहुंचते हैं, लेकिन इस बार आज तीसरे दिन से ही पदयात्री पहुंचने लगे हैं। शारदीय नवरात्र की पंचमी गुरूवार 19 अक्टूबर को है।

पदयात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन ने जिले के प्रवेश द्वार जावंगा से लेकर दंतेवाड़ा शहर तक 15 से ज्यादा सुविधा केन्द्र बनाए हैं। यहां पदयात्रियों के लिए विश्राम, चिकित्सा और दूसरे इंतजाम किये गए हैं। पदयात्रियों के लिए मार्ग भी व्यवस्थित किया गया है। यातायात पुलिस ने इसके लिए नई व्यवस्था बनायी है। दंतेवाड़ा शहर रेलवे क्रासिंग से लेकर मंदिर तक वन वे कर दिया गया है, ताकि छोटे वाहनों की वजह से पदयात्रियों को कोई दिक्कत न हो। नवरात्र के 9 दिन तक भारी वाहनों पर पहले से ही पाबंदी लगा दी गई है। रेलवे क्रासिंग के बाद एसपी आफिस, डंकनी-शंकनी पुल तथा गायत्री मंदिर के पास रूट को अलग-अलग हिस्सों में डायवर्ट किया गया है ताकि पदयात्रियों को आसानी से मंदिर पहुंचने में सुविधा होगा। यातायात पुलिस ने पहली बार यह इंतजाम किया है, जिसकी हर ओर तारीफ हो रही है। गुरूवार पंचमी तिथि पर बस्तर का राज परिवार मांई दंतेश्वरी को बस्तर दशहरा में शामिल होने का न्यौता देने पहुंचेगा। राज परिवार की ओर से सदस्य और राज गुरू मांई दंतेश्वरी को विनय पत्रिका भेंट करेंगे। मांई दंतेश्वरी की डोली महाष्टमी 22 अक्टूबर को बस्तर दशहरे के लिए रवाना होगी। जगदलपुर में 23 अक्टूबर को मावली परघाव रस्म के साथ बस्तर दशहरे में मांई दंतेश्वरी का स्वागत होगा। शारदीय नवरात्र पर दंतेवाड़ा में रोनक बढ़ गई है। आकर्षक विद्युत सजावट से पूरा दंतेवाड़ा शहर जगमगा रहा है।

- तीसरे दिन से ही पहुंच रहे पदयात्री श्रद्धालु
- पंचमी पर उमड़ेगी भीड़, यातायात पुलिस का शानदार इंतजाम

# कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाएं पूर्ण करने सेक्टर अधिकारियों को दिए निर्देश

## मतदान केंद्रों में न्यूनतम आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने दिए निर्देश

**कोण्डागांव,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा मंगलवार को जिले के सभी निर्वाचन संबंधित सेक्टर अधिकारियों हेतु बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, स्वच्छता, दिव्यांगों हेतु रैंप, पहुंच मार्ग एवं अन्य आधारभूत व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विधान सभा निर्वाचनों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए सभी सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों का लगातार दौरा करने एवं लोगों को अपने क्षेत्रों में मतदान हेतु प्रेरित करने तथा मतदान के संबंध में जानकारी लोगों को पहुंचाने के लिए कहा। इसके लिए ग्रामों में जागरूकता अभियान चलाकर प्रचार प्रसार करने एवं मतदान केंद्रों में स्पष्ट रूप से मतदान दिवस एवं मतदान समय को अंकित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदान के दौरान छोटी-छोटी विषयों पर विशेष सावधानियां रखने, मतदान पूर्व तैयारियों को पूर्ण करने, ईपीक कार्ड का वितरण सुनिश्चित करने, जाने हेतु मार्ग सुनिश्चित करने, संवेदनशीलता का आंकलन करने को कहा।



इस अवसर पर उन्होंने मतदान दलों के लिए व्यवस्था करने को भी कहा साथ ही लोगों को मतदान हेतु स्वीकार्य 12 प्रकार के दस्तावेजों की जानकारी दी जाए। इस बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं जिले के समस्त सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

# अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए अग्र बंधु, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**खरोरा,** 17 अक्टूबर। महाराजा अग्रसेन की जयंती पर रविवार को शहर में धूमधाम पूर्वक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के अग्रशेन भवन से निकलकर नगर के तिगड्डा चौक पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में रथ पर अग्रशेन महाराज की मूर्ति लाइटिंग आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं। शोभायात्रा में समाजजन थिरक रहे थे। शोभा यात्रा का शहर में जगह-जगह फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल समाज की ओर से महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान अग्रशेन भवन मे पिछले एक हफ्तों से चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसका ईनाम भी वितरण किया गया। वहीं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, व सचिव कैलाश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल,आनंद अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल व समाज प्रमुखो ने मिलकर निर्णय लिया था की पर्यावरण सरक्षण को मद्दे नजर रखते हुए अग्रवाल समाज किसी प्रकार का प्रदुषण नहीं करेगा. इसी के तहत शोभायात्रा कार्यक्रम मे कही भी फटाके नहीं फोड़े गए व पेजल व बाकि कचरों को भी डस्टबिन मे डाला गया। वहीं पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जहां विधायक अनीता शर्मा निजी कारणों से कार्यक्रम मे शामिल नहीं हो पाई तो उनके प्रतिनिधि बबलू भाटिया और छालीवुड अभिनेता व भाजपा धरसींवा प्रत्याशी अनुज शर्मा भी कार्यक्रम में पहुंचे।

# नगर में नवरात्रि जसगीत, रास, गरबा, डांडिया की धूम

**पिथौरा,** 17 अक्टूबर। नगर सहित अंचल में नवरात्रि का पर्व हर्षोउल्लास और भक्ति भाव से मनाई जा रही है। घर घर ज्योत जंवारा सहित सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में, मंदिरों में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित है जहाँ सुबह शाम विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।

**विभिन्न मंदिरों में 1203 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित**

नगर के आराध्य शीतला मंदिर में 396 मंदिर चौक स्थित दुर्गा मंदिर में 253 माँ परमेश्वरी मंदिर में 188 फारेस्ट दुर्गा मंदिर में 366 मनोकामना ज्योत श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्ज्वलित की गई है। ज्योत जंवारा स्थापित इन स्थलों में सुबह शाम श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना करने साथ दर्शन के लिये जुट रही है। युवा ,युवती , बच्चों सहित बुजुर्ग महिला पुरुष माँ की आराधना में जुटे दिख रहे है।



**रास, गरबा, डांडिया के साथ जस गीतों की धूम**

नगर व ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में नवरात्रि विशेष में आस्था और विश्वास के प्रतीक छत्तीसगढ़ परंपरा की जस गीत सेवा जिसे मांदर की थाप में महिला पुरुष बच्चे गा रहे जिसे सुन लोग मस्ती में झूमने लगते है। इस गीत को टोलियां मां विराजित स्थलों में गाया जा रहा है साथ ही रास ,गरबा , डांडिया की भी धूम मची है देर रात्रि तक युवक , युवतियां , महिला ,पुरुष , बच्चे गरबा नृत्य के आकर्षक वेश भूषा में पंखिड़ा ओ पंखिड़ा ... जैसे भक्ति पूर्ण गीतों में थिरक रहे है जिसे देखने हजारों की भीड़ डांडिया स्थलों में जुट रही है। रास, गरबा, डांडिया प्रशिक्षक व जसगीत वादक , साहित्यकार संतोष गुप्ता ने कहा कि रास, गरबा, डांडिया मां अम्बे को मनाने, खुश करने का पूजा नृत्य है इस नृत्य के माध्यम से माँ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित सहित जग की सुख शांति समृद्धि की कामना होती है नृत्य संगीत की मुद्रा से माँ दुर्गा के नौ रूपों का भी वर्णन इस रास गरबा डांडिया के माध्यम से प्रगट किया जाता है आगे उन्होंने कहा कि रास , गरबा, डांडिया भी मां अम्बे की आरती पूजा की तरह है इसे आस्था और विश्वास के साथ खाली पैर करना चाहिये इस नृत्य को करते समय श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार के नशे आदि दुर्व्यसनों से दूर रहना चाहिये गीतों में फूहड़ता व हमारी नृत्य परिधान सादगी पूर्ण होने चाहिये जिससे दर्शक श्रद्धालुओं का मन भक्ति पूर्ण हो सकें ।वैसे ये नृत्य तो गुजरात की नृत्य है पर धीरे-धीरे पूरे देश के विभिन्न प्रदेशों में इस नृत्य को पसंद किया जा रहा है और शारदीय नवरात्रि में इसे भक्ति पूर्ण माहौल में करते हैं। नगर के मंदिर चौक , हाईस्कूल मैदान , परमेश्वरी धाम , कर्मचारी कॉलोनी , अंजली विहार में आकर्षक पंडाल व विशेष लाईट में डीजे साउंड में रास गरबा की धूम मची है। जहां नर्तक श्रद्धालुओं के लिये हजारों के नगद राशि पुरस्कार स्वरूप रखी गई है।

**विभिन्न सांकृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**

# पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील मतदान केंद्रों व सुरक्षा कैम्पों का जायजा लिया



**नारायणपुर,** 17 अक्टूबर। नारायणपुर जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा (भा.पु.से.) द्वारा जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर चुनाव के तैयारियों का जायजा लिया जा रहा हैं एवं चुनाव व्यवस्था में तैनात अधिकारी/कर्मचारी एवं सुरक्षा बलों का मार्ग दर्शन एवं उत्सावर्धन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज पुलिस अधीक्षक श्री पुष्कर शर्मा नक्सल प्रभावित क्षेत्र धौड़ाई में स्थैतिक निगरानी दल का आकस्मिक भ्रमण किया गया एवं आगामी चुनाव के दौरान सतर्क रहकर निष्पक्ष रूप से आदर्श आचार संहिता के अनुरूप कार्यवाही करने निर्देश दिया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के संवेदनशील मतदान केंन्द्र ओरछा, गुदाड़ी एवं टेकानार का भ्रमण कर चुनाव के दौरान लगने वाले व्यवस्था का जायजा लिया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में स्थित सुरक्षा कैंम्पों का भ्रमण कर जवानों का उत्साहवर्धन एवं आगामी चुनाव के दृष्टिगत सुरक्षा हेतु मार्गदर्शन दिया गया है। उक्त भ्रमण के दौरान अभिषेक पैकरा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) छोटेडोंगर, रक्षित निरीक्षक श्री दीपक साव व श्री सोनू वर्मा एवं अन्य अधिकारी भी साथ थे।

# कैपिटल ज़ोन

## संपादकीय

### हाथियों के रास्तों में न आएं

छत्तीसगढ़ के वनों में हाथी पाये जाते हैं। यह उनका प्राकृतिक आवास तो है ही, सीमावर्ती राज्य ओडिशा और झारखंड के जंगलों से भी बड़ी संख्या में वनराज यहां से गुजरते हैं। यानी कि राज्य उनके रास्ते का एक हिस्सा है। ऐसा वे सैकड़ों वर्षों से करते आ रहे हैं। कई बार वे मानव बस्तियों के बहुत नज़दीक आ जाते हैं। हालांकि ऐसा करने की उनकी कोई मंशा नहीं होती क्योंकि वे स्वयं इंसानों से दूर रहना चाहते हैं। फिर भी, भोजन-पानी की आवश्कताएं उन्हें बस्तियों के निकट ले आती हैं। ज्यादातर वनों के बीच बसे गांव या ग्राम इनकी चहलकदमी की राह में आते हैं। बेहतर है कि स्वयं इंसान उनके रास्तों में न आएं।

इन दिनों ज्यादातर इलाकों में धान पकने की स्थिति में है। उसकी सुगंध हाथियों को आकर्षित करती है जो अब तक बारिशों में घने जंगलों में ही रहकर गुजारा कर रहे थे। बारिशें रूक जाने पर उनकी आवाजाही बढ़ जाती है। फिर, उन्हें पीने के लिये पानी अब तक तो जंगलों के भीतर ही मिल जाता है, पर अब उसकी तलाश में वे बाहर निकल पड़ते हैं। गांवों में या उनके आस-पास बने तालाबों में उन्हें जल उपलब्ध होता है इसलिये भी वे वहां तक पहुंचते हैं। छग के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां इन दिनों हाथियों की आमदरफ्त बढ़ चली है। कटघोरा वन मंडल में इस समय हाथियों के एक बड़े झुंड के विचरण की खबर आ रही है। केंदई रेंज में 54, पसान में 3 और जटगा रेंज में 6 हाथियों की उपस्थिति की बात वन विभाग ने की है। इस दल में एक हथिनी द्वारा शावक को जन्म दिये जाने की बात भी कही जा रही है। इन्होंने लगभग 5 एकड़ पर लगी फसलों को रौंद दिया है। इनमें से 9 मरवाही रेंज से आए हुए बतलाए जाते हैं, जो कि पसान से लगा हुआ है। गरियाबन्द के पास स्थित पाण्डुका रेंज में एक गुस्सैल हाथी के लौटने से दहशत है जो यहां पहले भी कई गांवों में उपद्रव कर चुका है। कुछ और हाथी भी यहां देखे गये हैं। पलारी के अर्जुनी वन परिक्षेत्र के दलदली महकोनी में पिछले दिनों एक हाथी ने एक व्यक्ति को मार डाला था जो अपने दो अन्य साथियों के साथ जंगल में जड़ी-बूटी ढूंढ़ने गया था। मृतक के दो साथी भागकर जान बचाने में कामयाब रहे थे।

हाथी पूर्णतः शाकाहारी जीव है जिसका इरादा व प्रयोजन किसी को मारना नहीं रहता। वह केवल आत्म रक्षा में या अन्य जीवों की उपस्थिति से बौखलाकर ही हमला करता है। फिर भी सावधानी की ज़रूरत है। वन विभाग गांव वालों को हमेशा सावधान रखे एवं उन्हें बचाने के सारे प्रयास करे। लोग भी पर्याप्त सावधानी बरतें।

## उल्टा पुल्टा

**कंजूस बाप (बेटे से)**- मेरी ख्वाहिश है कि तू बड़ा होकर वकील बने।
**बेटा**- क्यों?
**कंजूस बाप**- ताकि मेरा काला कोट तुम्हारे काम आ जाए।

# कांग्रेस में 40 प्रत्याशियों के नाम तय

## 15-20 सीटों पर नही बन पाई सहमति, दूसरी सूची आज जारी होने की संभावना

**रायपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में अधिकांश सीटों पर नाम तय कर लिया गया है। 15 से 20 सीटों पर अभी असमंजस बरकरार है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक 40 उम्मीदवारों के नाम तय हो चुके हैं।दूसरी सूची में भी कई विधायकों के टिकट कट सकते हैं। बताता जाता है की जातीय समीकरण व भाजपा के खिलाफ मजबूत प्रत्याशी देने के इरादे से इन सीटों को फिलहाल रोका गया है।इनमे राजधानी रायपुर की उत्तर व दक्षिण सीट भी शामिल है।



गौरतलब है कि कांग्रेस ने अपनी लिस्ट में सिर्फ 30 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया था। जिसके बाद अब कांग्रेस 60 सीटों पर मंथन किया। बचे हुए सीटों को लेकर आज दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की बैठक हुई बैठक में पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, सूबे के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव मौजूद, प्रभारी कुमारी सैलजा और प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज मौजूद है। बैठक में बाकी बचे हुए 60 सीटों को लेकर चर्चा हुई। जिसमें अधिकतर सीटों में प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर लिए गए है। जिसके बाद ये कयास लगाया जा रहा है कि कांग्रेस 60 सीटों में अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान जल्द कर देगी। छत्तीसगढ़ में दो चरणों पर चुनाव होना है। पहले चरण में प्रदेश की कुल 20 विधानसभा सीटों पर चुनाव कराए जाएंगे। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारी कर रखी है। इसके बाद 17 नवंबर को प्रदेश की कुल 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव कराए जाएंगे।

### नए चेहरों पर लगेगा दांव

इधर पार्टी के विश्वनीय सूत्रों की मानें तो कांग्रेस की दूसरी लिस्ट में भी कई विधानसभा सीटों में नए चेहरों को उतारा जाएगा। इनमें महिलाओं और युवाओं की संख्या ज़्यादा होने की संभावना भी जताई जा रही है। खबर ये भी है कि कुछ विधायकों की टिकट भी काटी जा सकती है, जिस तरह से पहली लिस्ट में 8 विधायकों की टिकट काट दी गई थी।

### संभावित प्रत्याशियों के नाम

| | |
|---|---|
| भरतपुर- | गुलाब कमरो |
| मनेंद्रगढ़- | प्रभा पटेल |
| बैकुंठपुर- | अंबिका सिंहदेव |
| प्रेमनगर- | भानुप्रताप सिंह |
| भटगांव- | पारसनाथ राजवाड़े |
| रामानुजगंज- | अजय तिर्की |
| लुंड्रा- | डॉ. प्रीतम राम |
| लैलूंगा- | चक्रधर सिंह सिदार |
| सारंगढ़- | पदमा मनहर या उत्तरी जांगड़े |
| धरमजयगढ- | लालजीत सिंह |
| रामपुर- | श्यामलाल कंवर |
| कटघोरा- | पुरुषोत्तम कंवर |
| लोरमी- | थानेश्वर साहू |
| मुंगेली- | रूपलाल कोसरे या संजीत बनर्जी |
| बिलासपुर- | शैलेष पांडेय |
| अकलतरा- | राघवेंद्र सिंह |
| चंद्रपुर- | रामकुमार यादव |
| जैजैपुर- | चौलेश्वर चंद्राकर या टेकचंद चंद्रा |
| पामगढ- | शेशराज हरबंश या रवि भारद्वाज |
| बसना- | देवेंद्र बहादुर |
| बिलाईगढ़- | पीयूष कोसरे या कविता प्राण लहरे |
| कसडोल- | संदीप साहू या रोहित साहू |
| बलौदाबाजार- | छाया वर्मा या शैलेश नितिन त्रिवेदी |
| धरसींवा- | चंद्रशेखर शुक्ला या देवव्रत नायक |
| रायपुर ग्रामीण- | पंकज शर्मा |
| रायपुर पश्चिम- | विकास उपाध्याय |
| रायपुर दक्षिण- | रामसुंदर दास या प्रमोद दुबे |
| अभनपुर- | धनेंद्र साहू |
| राजिम- | अमितेश शुक्ला |
| बिंद्रानवागढ़- | संजय नेताम |
| गुंडरदेही- | कुंवर सिंह निषाद या प्रतिमा चंद्राकर |
| दुर्ग शहर- | अरुण वोरा |
| भिलाई नगर- | श्रुति यादव |
| वैशाली नगर- | तुलसी साहू या मुकेश चंद्राकर |
| अहिवारा- | निर्मल कोसरे |
| बेमेतरा- | आशीष छाबड़ा |

# ई बाइक से कांग्रेस करेगी प्रचार




**विधानसभा चुनाव में नया प्रयोग**

विधानसभा चुनाव को देखते हुए तमाम राजनीतिक दल प्रचार-प्रसार के लिए नए तरीके अपना रहे है। कांग्रेस पार्टी अब इलेक्ट्रॉनिक बाइक से राज्य सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर सकती है।इस बाइक की खासियत यह है कि ये बाइक पूरी तरह से प्रदूषण रहित इलेक्ट्रॉनिक बाइक है। बाइक के पीछे एक एलईडी टीवी और साउंड स्पीकर भी लगा है।जो सरकार की रीति-नीति का प्रचार प्रसार करेगी.।

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए प्रचार का यह तरीका अपनाया गया है। जल्द ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी इस तरीके को अपना सकती है। यह बाइक प्रदेश के सुदूर इलाकों में इलेक्ट्रिकल व्हीकल पर प्रचार करते दिखाई देगी। इसके लिए कांग्रेस ने इलेक्ट्रिकल व्हीकल को शंकर नगर स्थित राजीव भवन में प्रदेश कार्यालय में डेमो के लिए तैयार कराया है।इस ई-बाइक पर टीवी के साथ स्पीकर भी लगाया गया है।

इस टीवी पर कांग्रेस के कार्यक्रम को लाइव दिखाया जाएगा। इसके अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया जाएगा। ई-बाइक में माइक भी लगवाया गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर इसके जरिए छोटी सभा की जा सके।यह ई-बाइक एक बार चार्ज करने पर करीब 70 से 90 किलोमीटर तक चलेगी। जल्द ही प्रदेश के पूरे 90 विधानसभा में यह बाइक प्रचार-प्रसार करते दिखाई दे सकती है।

# यूपीआई के माध्यम से होने वाले लेन-देन पर भी रहेगी नजर

## बार-बार राशि निकासी पर होगी कार्रवाई

**रायपुर**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न और शांतिपूर्ण करवाने के लिए निर्वाचन आयोग ने कमर कस ली है। चुनाव के समय बैंक खाताओं से होने वाले संदेहास्पद लेन.देन के साथ आनलाइन बैंकिंग यूपीआइ के माध्यम से होने वाले लेन-देन भी नजर रहेगी। यदि किसी बैंक खाता से यूपीआइ के माध्यम से लगातार कैश ट्रांजेक्शन किया जाता है या किसी बैंक खाताए जिससे काफी समय से लेन.देन नही हुआ और अचानक उसमें लेन.देन किया जाता है तो इसकी जांच की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डा सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में जिले के बैंकिंग संस्थाओं की बैठक ली। उन्होंने निर्वाचन के दौरान चुनाव अभ्यर्थियों का जीरो बैलेंस खाता खोलने के निर्देश दिए। साथ ही चुनाव के समय किसी खाते से अधिक राशि की निकासी और एक ही दिन में अलग.अलग नाम से निकासी अवांछित लेन.देन होने की स्थिति में तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए।



डाण् भुरे ने कहा कि लेन.देन की समस्त रिकार्डिंग सीसीटीवी के माध्यम से अनिवार्य रूप से रखी जाए। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के जारी दिशा.निर्देश का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया।

एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी खाते से एक लाख से अधिक का लेन.देन किया जाता है और छोटी.छोटी राशियों के संदेहास्पद लेन.देन एक ही जगह के एटीएम से बार.बार निकासी होने की स्थिति में संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई की जाएगी।उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेन्द्र ठाकुर ने बताया कि बैंकों के सामान्य कार्यों के साथ.साथ भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कैश ट्रांजैक्शन के लिए जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

एप से होगी कैश फ्लो की निगरानी

चुनाव के दौरान बैंकों के माध्यम से कैश फ्लो की निगरानी के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम एप में सुविधा है। सभी शासकीय और अर्धशासकीय बैंक शाखाओं का संपूर्ण विवरण आनलाइन पोर्टल में एंट्री किया जाना अनिवार्य है। बैंकों द्वारा कैश वाहन के परिवहन किए जाने के लिए आनलाइन पोर्टल में डीएलबीसी लागिन के माध्यम से समस्त बैंक ब्रांच को प्रोफाइल बनाकर लागिन करना होगा। इसके पश्चात कैश वाहन जाने पर उसकी पूर्ण जानकारी एंट्री करनी होगी। क्यूआर कोड जनरेट कर वाहन में लगाना होगा। कैश ट्रांसफर ट्रांसपोर्टेशन में उपयोग में ले जाने वाले वाहन में क्यूआर कोड चस्पा करना अनिवार्य होगाए जिसमें वाहन संबंधी जानकारी जैसे वहां की जानकारी दी एक बार जनरेट कर कोड एक बार में कैश ट्रांजैक्शन के लिए ही उपयोग किया जाएगा। क्यूआर कोड जनरेट करने पर चुनाव के दौरान चेक.पोस्ट और नाके में जांच किए जाने पर बार कोड स्कैनिंग के माध्यम से आथेंटिकेशन किया जाएगा जिससे असुविधा नहीं होगी।

## गिरिश के बयान पर डॉ.रमन का पलटवार

# गिरीश भईया उस ऊंचाई तक नहीं पहुंचे : रमन सिंह



रायपुर 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने राजनांदगांव में कांग्रेस के प्रत्याशी को लेकर निशाना साधा। उन्होंने तंज़ कस्ते हुए कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को बाहरी बताया है। राजनांदगांव विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने गिरीश देवांगन को प्रत्याशी बनाया है। जिस पर आज मीडिया से चर्चा एक दौरान डॉ. रमन सिंह ने तीखा तंज कसा है। उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि कांग्रेस की रणनीति क्या है यह बताना उचित नहीं है, मगर राजनांदगांव के 3 लाख मतदाता में कांग्रेस प्रत्याशी नहीं ढूंढ पाई, बाहरी लोगों को बुलाने की जरूरत क्यों पड़ गई। वहीं गिरीश देवांगन के रमन सिंह के पास विजन नहीं है वाले बयान से जुड़े एक सवाल पर डॉ. सिंह ने कहा मेरे विजन के बारे में उन्हें एक घंटा सोचना पड़ेगा। छग यहां तक पहुंचा है, एक विजन को लेकर पहुंचा है। 15 साल जो काम हुए उसके पीछे एक विजन था, गिरीश भईया उस ऊंचाई तक पहुंचे नहीं है, इसलिए ज्यादा प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं समझता।

# घोटालेबाज कांग्रेसी जाएंगे जेल : बृजमोहन



रायपुर 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। अमित शाह के बयान उल्टा लटका देंगे वाले बयान पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का बयान सामने आया है. बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ का पैसा खाने वाले लोग, लोगों का शोषण करने वाले लोग, महादेव सट्टा एप में पैसे लगवाने वाले लोग कोयला, शराब, धान, रेत, सीमेंट, जंगल, जमीन घोटाला करने वाले लोग. ऐसे सब लोगों को उनके उचित स्थान बड़े घर में जाना ही पड़ेगा और इसके लिए तैयार रहना.

कांग्रेस प्रत्याशियों की सूची और विधायकों के टिकट कटने को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, मुख्यमंत्री ने जिन्हें आश्वासन दिया उन्हें टिकट नहीं दे रहे. टीएस सिहंदेव, चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहू ने जिसे आश्वासन दिया उनको टिकट नहीं मिल रही. सिर फुटव्वल की स्थिति है. पौने 2 महीने पहले बीजेपी ने 21 सीटों और अभी 64 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए हैं,

भाजपा आगे बढ़ गई है. कांग्रेस के अमित शाह डैमेज़ कंट्रोल करने आए वाले बयान पर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, बीजेपी के पास में नेता हैं. कांग्रेस के पेट मे दर्द क्यों हो रहा ?

उन्होने कहा कि जब-जब यहां नेता आते हैं तब-तब कांग्रेस में घबराहट होती है. कांग्रेस पार्टी को डर लगता है कि कोयला, महादेव सट्टा मामले में कहीं अंदर न चले जाएं. कांग्रेस वालों की मोदी शाह के नाम से पेंट ढीली हो जाती है

# दिल्ली की जगह लखनऊ में उतरा भूपेश बघेल का विमान

## खराब मौसम की वजह से आसमान में लगाए 8 चक्कर

**रायपुर** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिल्ली ले जा रहे एक विशेष विमान को लखनऊ में उतारा गया। श्री बघेल एक चार्टेड विमान से सोमवार को रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। लेकिन खराब मौसम की वजह से उनके विमान को लखनऊ के लिए डायवर्ट कर दिया गया। बताया जा रहा है कि भूपेश



बघेल आज सुबह 10.30 बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल होने के लिए भूपेश बघेल सोमवार को रायपुर से दिल्ली रवाना हुए थे। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत भी मौजूद थे।

# टारगेट किलिंग के बाद अब सुपारी किलिंग के साथ ही भूपेश राज में जंगलराज स्थापित : भाजपा

## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने तंज कसा : बघेल पहले कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने की डेडलाइन देते थे, लेकिन अब उन्हें हेडलाइन की ज्यादा चिंता

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने महादेव एप के 20 लाख रुपए की वसूली के लिए 10 लाख रुपए ओमप्रकाश साहू की और कुरूद में संपत्ति विवाद के चलते एक लाख रुपए की सुपारी देकर चंद्रशेखर गिरी कराई गई हत्या के खुलासों को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार के अपराध गढ़ की सीरीज में एक नया एपिसोड और जुड़ गया है। टारगेट किलिंग के बाद अब सुपारी लेकर हत्या की जाने लगी है। छत्तीसगढ़ में अपराध गढ़ के साथ ही भूपेश राज में जंगलराज स्थापित हो गया है। श्री गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीन च्सीज् के जरिये सरकार को संचालित करने का काम किया है- क्राइम, करप्शन और कमीशन।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि पहले हत्या, लूट, चाकूबाजी, महिला अपराध से लोगों के मन में भय था। अब शांत प्रदेश में सुपारी किलिंग जैसे जघन्य अपराध ने भी अपनी जगह बना ली है। भिलाई में मृतक ओमप्रकाश साहू की पत्नी ने गुमशुदगी की एफआईआर कराई थी। पुलिस सब कुछ जानकर भी हाथ-पर-हाथ धरे बैठी रही। क्या पुलिस पहले ही आरोपियों-अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं कर सकती ? श्री गुप्ता ने कुरुद में हुई सुपारी किलिंग पर हैरानी जताई कि महज एक लाख रुपए की सुपारी लेकर हत्या करने वाले अपराधी राजधानी में सुलभ हैं। क्या शासन-प्रशासन और अपराधियों में कोई सांठगांठ चल रही है ? छत्तीसगढ़ में इससे पहले नक्सलियों की आड़ लेकर भाजपा नेताओं की टारगेट किलिंग की गई थी। अब अपनी हार से बौखलाकर कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए गुण्डागर्दी और हिटलरशाही रवैया अपनाकर विपक्ष को रास्ते से हटाना चाहती है। श्री गुप्ता मंगलवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल पहले कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने की अधिकारियों को डेडलाइन देते थे, लेकिन अब उन्हें डेडलाइन से ज्यादा हेडलाइन की चिंता होती है। छत्तीसगढ़ में इससे पहले कभी टारगेट किलिंग और सुपारी किलिंग जैसे अपराधों के बारे में कभी नहीं सुना गया। श्री गुप्ता ने कहा कि कोरबा में 28 वर्षीय युवती का अपहरण कर लिया। इसके साथ ही फिरौती के रूप में 15 लाख रुपयों की मांग की गयी है। पैसे नहीं देने की स्थिति सिर काट कर घर भेजने की धमकी दी गई। एनसीआरबी द्वारा मंगलवार को जारी वार्षिक (2020) रिपोर्ट में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ बिहार से आगे है। छत्तीसगढ़ में हत्या के 3.3



फीसदी मामले, जबकि बिहार में 2.6 हत्याएं दर्ज हुईं। इसी प्रकार ऐक्सिस बैंक में बदमाश एक के बाद एक धड़ाधड़ घुसते गए, मैनेजर को चाकुओं से गोदा और करोड़ों के जेवरात और कैश समेट ले गए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि महादेव सट्टा के खिलाफ ईडी की कार्रवाई से मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस पूरी तरह से भयभीत है। जब भी ईडी किसी भ्रष्टाचारी और सट्टेबाज के खिलाफ कार्रवाई करती है, तो मुख्यमंत्री बघेल उनके वकील बनकर आरोपियों के बचाव में दलील देने लगते हैं। यदि मुख्यमंत्री को वकील बनने का ज्यादा शौक है, तो 3 दिसंबर के बाद खाली समय का सदुपयोग कर कानून की पढ़ाई कर केस लड़ना चाहिए। श्री गुप्ता ने कहा कि महादेव एप सट्टे को बंद करने के बजाय मुख्यमंत्री अपनी गलतियाँ छिपाने के लिए केंद्र पर दोष मढ़ देते हैं। जब अन्य राज्य ऑनलाइन गेमिंग ऐप पर बैन लगा सकते हैं, तो फिर अधिकार होते हुए भी छत्तीसगढ़ सरकार ने इस गेमिंग एप पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया ? श्री गुप्ता ने कहा कि महादेव एप का अब तो दूसरा वर्जन भी आ गया है कि दाऊद इब्राहिम के भाई के तार महादेव एप से जुड़े हैं। दाऊद इब्राहिम के भाई के तार महादेव एप के सूत्रधार सौरभ चंद्राकर से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। तो दाऊद का पैसा छत्तीसगढ़ आने से इंकार नहीं किया जा सकता। अब भूपेश बघेल अपनी जिम्मेदारी से क्यों भाग रहे हैं ? कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को दुबई की नई प्रयोगशाला बना दिया है और अब महादेव सट्टा एप के लोग वसूली के लिए अपहरण और सुपारी किलिंग करने लगे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने बिरनपुर में भुनेश्वर साहू की हत्या के मामले को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मॉब लिंचिंग बताने पर कांग्रेस नेताओं द्वारा की गई शिकायत पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि यदि श्री शाह का कथन हेट स्पीच की श्रेणी में आता है तो कांग्रेस विधायक इंद्र शाह मंडावी की मौजूदगी में मोहला-मानपुर की सभा में खुलेआम सरजू टेकाम द्वारा प्रचार करने आने वाले भाजपा के लोगों को काट डालने की दी गई धमकी क्या हेट स्पीच नहीं है ? सरजू टेकाम पर आज तक कोई एफआईआर तक दर्ज नहीं हुई। क्या यह प्रदेश की कांग्रेस सरकार का सरजू टेकाम को खुला प्रश्रय नहीं है ? श्री गुप्ता ने कहा कि लोगों के समूह द्वारा घेरकर मारपीट और हत्या करने को लिंचिंग कहा जाता है, तो फिर केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह का कथन हेट स्पीच कैसे हुआ ? बिरनपुर हिंसा में मृत भुनेश्वर के पिता ईश्वर साहू ने 40-42 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट की थी, लेकिन प्रदेश सरकार के इशारे पर पुलिस ने महज 10-10 लोगों पर कार्रवाई की। शेष लोगों पर कार्रवाई नहीं करतके क्या उन्हें भवि,य में और अपराध करने की छूट दी जा रही है ? श्री गुप्ता ने कहा कि बिरनपुर मामले के बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की जा ओ और अगर कांग्रेस की भूपेश सरकार के पास नामजद आरोपियों की सूची नहीं हो तो भाजपा उसे वह सूची सौंप देगी। प्रेस ब्रीफ के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर डॉ. भुरे आरंग विस के एसएसटी प्वाईंट पहुंचे, तैयारियों का लिया जायजा



## न्युनतम रिस्पॉन्स टाईम में निर्वाचन संबंधित शिकायतों का करें निवारण : डॉ भुरे

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने विधानसभा चुनाव के तैयारियों का जायजा लेने आरंग विधानसभा में पहुंचे। वहां जिले के अंतिम छोर में स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) के पारागांव स्थित प्वाइंट में पहुंचे और उपस्थित दल से जानकारी ली और उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले वाहनों की कड़ी चेकिंग करें। संदेहास्पद धनराशि या अन्य सामग्री पाए जाने पर जांच कर कार्रवाई करें। उन्होंने मंदिर हसौद तहसील और आरंग तहसील में निर्वाचन कार्य में पदस्थ अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा में फ्लाइंग स्क्वॉड् टीम (एफ.एस.टी) और स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) अलर्ट रहें। निर्वाचन संबंधी शिकायत आने पर एफएसटी मौके पर जाकर जांच करें और निराकरण कर नियमानुसार कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि एफ.एस.टी ही नही, सुचना मिलने पर तहसीलदार या पुलिस के अधिकारी भी स्वयं जाकर कार्रवाई कर सकते है। कंट्रोल रूम के फोन नंबर के साथ पुलिस थाने का नंबर भी जारी करें। डॉ भुरे ने कहा कि यह ध्यान रखें की रिस्पॉन्स टाईम कम से कम हो और सूचना मिलने के बाद जल्द ही जल्द निराकरण करने का प्रयास करें। डॉ भुरे ने कहा कि जिनकी भी ड्यूटी निर्वाचन में लगी है वे मुख्यालय में ही रहें। वीडियों सर्विलेंस टीम की तैनाती करें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी कर्मचारी विशेषकर मैदानी अमला जैसे पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और पटवारी इत्यादि पूर्ण रूप से निरपेक्ष होकर काम करें। उनका किसी राजनैतिक दल के प्रति झुकाव प्रदर्शित ना हो और ना ही इनका प्रचार-प्रसार करें। ऐसा पाए जाने पर उनपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

डॉ भुरे ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण की जानकारी ली और कहा कि सभी शासकीय कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र और राशन दुकान इत्यादि में संपत्ति विरूपण की कार्रवाई पूर्ण करें। यह सुनिश्चित करें कि चुनाव के दौरान विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा का वातावरण निर्मित हो और किसी भी प्रकार की गडबडी ना हो। एसएसपी श्री प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि शासकीय अधिकारी-कर्मचारी सोशल मीडिया में किसी राजनैतिक दल के प्रचार प्रसार से बचें। किसी सोशल मीडिया के ग्रुप में शांति भंग करने वाले सांप्रदायिक और किसी राजनैतिक दल के प्रचार से संबंधित ना संदेश प्रसारित करे ना ही फॉरवर्ड करें। समन्वय बनाकर कार्य करें।

एसडीएम अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि आरंग विधानसभा में कुल 247 मतदान केन्द्र है। कुल मतदाता दो लाख 31 हजार 20 हैं, जिनमे महिला एक लाख 15 हजार 773 और पुरूष एक लाख 15 हजार 542 और थर्ड जेंडर 05 हैं। कुल एफ.एस.टी टीम 09, कुल सेक्टर 22, आदर्श मतदान केन्द्र 05, संगवारी मतदान केन्द्र की संख्या 10 और युवा मतदान केन्द्र की संख्या 01 है। कट्रोल रूम का फोन नंबर- 07720-296516 है। इनमें कार्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। निर्वाचन संबंधी शिकायत मिलने पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा रही है। बैठक में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# शाह ने शहादत का सम्मान किया, अपना कद तो चौबे ने घटा लिया : ईश्वर साहू

**रायपुर,** 17 अक्टूबर। भारतीय जनता पार्टी के साजा विधानसभा प्रत्याशी ईश्वर साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी और राज्य सरकार के मंत्री रविंद्र चौबे की टिप्पणी पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि वह कह रहे हैं कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ईश्वर साहू का नाम लेकर अपना कद घटा लिया तो सच्चाई यह है कि देश के गृहमंत्री ने ईश्वर साहू का नाम नहीं लिया है बल्कि उन्होंने सनातन सत्य के लिए शहादत देने वाले एक पुत्र के पिता को न्याय दिलाने का बीड़ा उठाया है।

ईश्वर साहू ने मंत्री चौबे की टिप्पणी से द्रवित होकर कहा कि साजा विधानसभा क्षेत्र के बिरनपुर में जिहादी उन्माद में हत्या के नामजद आरोपियों को तुष्टिकरण की राजनीति के तहत संरक्षण देने वाले और निर्दोष युवाओं को जेल में डालने वाले हमारी पीड़ा को नहीं समझ सकते। जब हम कांग्रेस की सरकार से न्याय मांग रहे थे। हत्यारों का नाम भूपेश बघेल की पुलिस को बताया। कार्रवाई की मांग की। न्याय मांगा। तब चौबे जी कहां थे? वे या उनका कोई कार्यकर्ता तक झांकने नहीं आया। वह स्थानीय विधायक होने और राज्य के मंत्री होने के नाते निष्पक्ष कार्रवाई कराने की बजाय तुष्टिकरण की राजनीति में लगे थे। कांग्रेस की सरकार ने हमें न्याय देने की बजाय हमारे बेटे भुनेश्वर के बलिदान पर हमें खैरात देने की कोशिश की। जिसे हमने ठुकरा दिया। यह भारतीय जनता पार्टी है, जिसने विकट विपत्ति के दौर में हमारे परिवार को अपना परिवार माना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सांसद अरुण साव और भाजपा के सभी नेताओं ने हमें न्याय दिलाने के लिए संघर्ष किया। भाजपा के साजा प्रत्याशी ईश्वर साहू ने कहा कि रविंद्र चौबे ने जनप्रतिनिधि होने के नाते जो उनका धर्म बनता था, वह तो निभाया नहीं और जब भाजपा ने मुझे उनके विरुद्ध चुनाव में खड़ा किया है और न्याय के लिए भटकते पीड़ित पिता को अन्य पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की सामर्थ्य शक्ति दी है तो चौबे जी को यह बर्दाश्त नहीं हो रहा है।

# एलजी इंडिया ने युवाओं के पोषण के लिए लाइफ्स गुड न्यूट्रिशन प्रोग्राम लॉन्च किया

**रायपुर,** 17 अक्टूबर। देश के अग्रणी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स ब्रांड, एलजी इंडिया ने भारत के युवाओं को एक स्वस्थ व उज्जवल भविष्य देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है। एलजी इंडिया ने अक्षय पत्र और अन्नपूर्णा ट्रस्ट के साथ साझेदारी में लाइफ्स गुड न्यूट्रिशन प्रोग्राम शुरू किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य देश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सेहत व पोषण सुनिश्चित करना है। लाइफ्स गुड न्यूट्रिशन प्रोग्राम का लाभ 808 स्कूलों के 59,202 को मिलेगा।

लाइफ्स गुड न्यूट्रिशन प्रोग्राम के लिए एलजी इंडिया ने प्रतिष्ठित संगठन अक्षय पत्र के साथ गठबंधन किया है, जो बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के अपने प्रयासों के लिए मशहूर है और सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम, पीएम-पोषण (पूर्व में मध्याह्न भोजन योजना) का क्रियान्वयन पार्टनर है। अक्षय पत्र फाउंडेशन के साथ गठबंधन इस कार्यक्रम का मुख्य पहलू है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के एमडी, होंग जु जियोन ने कहा, एलजी में, हमारा मानना है कि एक उज्जवल भविष्य का आधार एक स्वस्थ नींव पर रखा जाता है। हम सरकार की सहायता व सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और अपने सीएसआर कार्यक्रमों को उसी के अनुरूप आगे बढ़ा रहे हैं।

# भाजपा प्रत्याशी का विरोध



## कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ता, टिकट नहीं बदलने पर हराने की दी धमकी

**रायपुर** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रत्याशियों की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं के बगावती तेवर तेज हो गई है. फिर प्रत्याशी बदलने की मांग को लेकर आज बीजेपी कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय पहुंचे. गुंडरदेही विधानसभा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू का विरोध करते हुए प्रत्याशी बदलने की मांग कर रहे.गुंडरदेही से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं से आधे घंटे चर्चा की. बीजेपी सह प्रभारी नितिन नबीन, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, महामंत्री पवन साय ने नाराज कार्यकर्ताओं की बातें सुनी. कार्यकर्ताओं का कहना है कि 2013 के बाद बालोद में बीजेपी एक भी बार नहीं जीत पाई है. टिकट नहीं बदली तो बालोद के तीनों सीट फिर हारेंगे. वरिष्ठ नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# चुनाव प्रचार के पर्चे-पोस्टर पर मुद्रक, प्रकाशक के नाम सहित संख्या भी छापना जरूरी

- मुद्रक को तीन दिन में देनी होगी जानकारी
- निर्वाचन के संबंध में प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों की बैठक

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को प्रचार-प्रसार के लिए छपाये जाने वाले पांपलेट, बैनर, पोस्टर आदि सामग्रियों में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम-पता और मुद्रित सामग्री की संख्या स्पष्ट छापनी होगी। इसके साथ ही मुद्रित सामग्री की चार प्रतियां और प्रकाशक मुद्रक का घोषणा पत्र मुद्रण के तीन दिवस के अंदर कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर तथा एक प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप के साथ उपलब्ध कराना होगा। आज रेडक्रॉस सभाकक्ष में रायपुर के प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों और जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के तहत प्रचार सामग्रियों के मुद्रण के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी उपस्थित प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों को दी। उन्होंनं यह भी हिदायत दी की इस संबंध में आयोग के दिशा निर्देशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उल्लंघन कर्ताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जिले के लगभग 40 प्रिंटिंग प्रेस के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

बैठक में जानकारी दी गई कि कोई भी मुद्रक प्रकाशक द्वारा साइन की हुई घोषणा और प्रकाशक को व्यक्तिगत रूप से जानने वाले दो लोगों के हस्ताक्षर के बिना किसी भी निर्वाचन प्रचार सामग्री का मुद्रण नहीं करेंगे। यह भी बताया गया कि मुद्रण के बाद प्रिंटिंग प्रेस को मुद्रक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में घोषणा सहित मुद्रित की गई सामग्री की चार प्रतियां तीन दिन के भीतर निर्वाचन कार्यालय में जमा करनी होगी। बैठक में यह भी बताया गया कि निर्वाचन संबंधी किसी भी पांपलेट, पर्चे, पोस्टर आदि में धर्म, वंश, जाति, समुदाय या विरोधी के चरित्र हनन जैसी अपील मुद्रित नहीं की जाएगी। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि मुद्रित प्रचार सामग्री का परिवहन अनुमति प्राप्त वाहन में ही किया जाये। किसी अन्य वाहन में परिवहन करने पर सामग्री सहित वाहन की भी जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। परिवहन वाहन में प्रकाशक-मुद्रक की घोषणा अनुसार भी निर्धारित संख्या में सामग्री परिवहन की जाए। जांच के दौरान परिवहन वाहन में अतिरिक्त या अधिक संख्या में सामग्री मिलने पर भी जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन संबंधी सामग्री के मुद्रण के बाद तीन दिवस के भीतर चार प्रतियां और प्रकाशक से मिली घोषणा निर्वाचन कार्यालय में जमा करने की जिम्मेदारी मुद्रक की होगी। इसके साथ ही मुद्रण के लिए वसूली गई राशि की जानकारी भी देनी होगी। सभी प्रकार की सामग्री के मुद्रण के लिए अलग-अलग जानकारी निर्धारित प्रपत्र में मुद्रक को निर्वाचन कार्यालय में देना होगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मुद्रक द्वारा छापी गई सामग्री को निर्वाचन कार्यालयों में किसी मुख्य स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी पांपलेट, पर्चे, बैनर, पोस्टर आदि मुद्रण के संबंध में जारी निर्देशों का उलंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 क के तहत कार्यवाही की जाएगी। इसके उलंघन पर छह माह की सजा या दो हजार रूपये जुर्माना या दोनों भी किया जा सकता है।

## निधन

### अशोक पारख

**रायपुर,** 17 अक्टूबर। स्व. मंगलचंद जी पारख (गंडई वाले) के सुपुत्र अशोक पारख (गंडई वाले) चौबे कालोनी निवासी उम्र 68 वर्ष का निधन 17 अक्टूबर को हो गया है। वे डॉ. प्रकाश (कुवैत), उदयराज पारख के भाई, स्व. कमलचंद जी सुराना (बहनोई) एवं देवीचंद जी लूनिया के साले, मेहूल (पुत्र), सौरभ, रोहित, शैनिक (भतीजे) और सौ. रोली बरडिया (पुत्री), राहुल जी बरडिया (दामाद), सौ. रिजु (भतीजी), सिद्धार्थ जी (दामाद) व स्व.पारसमल, शिवराज, धरमचंद, स्व. प्रकाश, अशोक भंसाली के दामाद, जयंती भंसाली के फुफा थे। उनका मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।



### कु. शीतला तिवारी

**रायपुर,** 17 अक्टूबर। काशीराम नगर निवासी कु. शीतला तिवारी लिपिक रिकॉर्ड रूम कलेक्टर रायपुर, का लाइफ बर्थ में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन का राजस्व संघर्ष समिति के संरक्षक विजय कुमार झा एवं अध्यक्ष श्रीमती शीला बैस, सचिव विजय कुमार डागा, प्रदीप उपाध्याय, राधिका यदु आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। कलेक्ट्रेट परिवार द्वारा मृत आत्मा को 2 मिनट मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# ई फार्मेसी को बंद करने व दवा की एमआरपी पर जीएसटी लगाने मांग

## रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला दवा विक्रेता संघ रायपुर ने आज केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के आगमन पर उनसे मुलाकात कर ई फार्मेसी को बंद करने एवं दवा की एमआरपी पर जीएसटी लगाने मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है ऑनलाइन में दवाओं की बिक्री 20 फीसदी और उससे अधिक तक की निश्चित छुट के साथ दवाओ की बिक्री का प्रलोभन देते हुए बिक्री की जा रही है। जबकि भारत सरकार का राष्ट्रिय औषधि मूल्य प्राधिकरण ने शेड्यूल दवाओ पर चिल्हर दवा विक्रेताओ को 16 फीसदी मार्जिन के साथ दवाओ की बिक्री का निर्देश प्रदान करता है। ऐसे में दवा व्यापारी छुट के साथ दवा व्यापार कैसे करें? दवा व्यापारी अगर मार्जिन में डिस्काउंट करेगा तो व्यापार के निश्चित खर्चे और अपना जीविकापार्जन कैसे करें? इसलिए ऑनलाइन दवा व्यापार पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाना आवश्यक है।दवाओं की एमआरपी को कम किया जाए दवा व्यापार में दवाओ की एमआरपी की इतना ज्यादा विसंगतिया है जिसका लाभ ले कर ऑनलाइन दवा व्यापारी मरीजो को दवाओ की अंकित एमआरपी पर बड़ी छुट, आकर्षक छुट लाभ प्रदान करने का प्रलोभन देकर दवाओ की बिक्री कर रहे है। जो प्रतिस्पर्धा कानून के विरुद्ध है। जिसमे स्पष्ट कहा गया है आवश्यक दवाओ की बिक्री लुभावने प्रस्ताव के साथ करना अनुचित है।जिस पर उचित समाधान आवश्यक है।क्योकि आईवी में एमआरपी रु.120/- अंकित होती है जिसमे हॉस्पिटल डिस्काउंट करके रु 100/- तक वसूलता है जबकि वही आईवी सेट खुले बाज़ार में रु. 20/- से 30/- में उपलब्ध हो जाता है। इस तरह की एमआरपी विसंगतियों को सुधारने की आवश्यकता है। दवाओ की एमआरपी पर जीएसटी लगा कर मूल्य नियंत्रण किया जाये ङ्क दवाओ की कीमतों में अनेक विसंगतियों के कारण आम जनता को सस्ती दर पर दवाओ की उपलब्धता नहीं हो रही है जिसका वो वास्तविक हक़दार है। इन विसंगतियों को सुधारने के लिये हमारा सुझाव है दवाओ की एमआरपी पर जीएसटी लगाया जाता है तो दवा निर्माता दवाओ की बड़ी हुई कीमतों को कम कर देंगे और आम जनता को जहां सस्ती दर पर दवाओ की उपलब्धता होगी।

# विभिन्न रहवासी क्षेत्रों में जोनों की टीमों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली




## मतदाताओं ने मतदान करने सामूहिक शपथ ली

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिष्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न रहवासी क्षेत्रों में निरंतर मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में आज जोन 1 की टीम ने ब्रम्हदेई पारा में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगो को मतदान करने जागरूक बनाया। जोन 2 की टीम ने जोन 2 कार्यालय केके रोड मौदहापारा से नहर पारा चौक तक मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक बनाया एवं इस दौरान मतदाताओं द्वारा अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु सामूहिक शपथ ली गई। जोन 3 एवं जोन 5 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने वार्डो में रहवासी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जोन 6 की टीम द्वारा षिवा रेजीडेंसी मठपुरैना आवासीय परिसर में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगो को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने जागरूक बनाया गया। जोन 8 की टीम ने जोन 8 कार्यालय के मोहबाबाजार चौक होटल पिकाडली होते हुए कोटा मुख्य मार्ग में महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें आमजनों की सहभागिता रही। जोन 10 की टीम ने देवपुरी गुरूद्वारा एवं हिमालयन कोर्ट यार्ड के क्षेत्र के रहवासियों को मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अधिकाधिक संख्या में मतदान करने जागरूक बनाया। रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेषानुसार नगर निगम के सभी जोनो द्वारा रहवासी क्षेत्रों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता रहवासियों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने जागरूक बनाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# रेणुका सिंह ने सोनिया गांधी नहीं, सनातन परंपरा का अपमान किया : दीपक बैज



**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह द्वारा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी के बारे में की गई टिप्पणी का प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कड़ा विरोध किया है।उन्होंने कहा कि रेणुका सिंह का बयान बेहद ही आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है। रेणुका सिंह ने सिर्फ सोनिया गांधी नहीं भारत की समस्त नारी शक्ति और सनातन धर्म तथा हिन्दू संस्कृति का अपमान किया। सनातन परंपरा में भारतीय संस्कृति में विवाहिता स्त्री का विवाह के बाद ही उसका ससुराल ही उसका मूल घर हो जाता है। सोनिया गांधी ने जन्म इटली में लिया था, लेकिन वे विवाहित होकर भारत आई थी। विवाह के बाद उन्होंने भारत को ही अपनी मातृभूमि माना, अपने पति की शहादत के बाद भी उन्होंने विवाहिता के धर्म का निर्वहन किया तथा अपने जीवन भर का नाता भारत से जोड़ा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की नेता रेणुका सिंह ने अपने बयान से भाजपा के नारी विरोधी मूल चरित्र को भी उजागर किया जो दंभ तो भारतीय संस्कृति की भरते है लेकिन भारतीय परंपराओं भारत की मान्यताओं के खिलाफ बयान देते है। रेणुका सिंह अपने बयान के लिये न सिर्फ देश की जनता बल्कि सोनिया गांधी और देश की महिलाओं से माफी मांगे। उन्होंने अपने बयान से भारत की आधी आबादी की भावनाओं को आहत किया है।

# छत्तीसगढ़ महतारी का चरण सेवक बनकर भूपेश ने लूटा : संजय श्रीवास्तव



## जनता के सामने मुख्यमंत्री का असली चेहरा सामने आया

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि खुद को छत्तीसगढ़ का बेटा बताने और छत्तीसढिया स्वाभिमान की बात कहने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का असली चेहरा सामने आ गया है। छत्तीसगढ़ महतारी का चरण सेवक बनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को दोनों हाथों से लूटा। लूट के करोड़ों-अरबों रुपयों से दिल्ली के खजाने को भरते रहे। यानी छत्तीसगढ़ को एटीएम बना दिया।भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि पाताल से लेकर आकाश तक घोटाले कर रिकार्ड बनाने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उसके मंत्री और विधायक अब फिर से छत्तीसगढ़ की जनता को केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों को गुमराह करने में लगे हैं। छत्तीसगढ़ की जनता के सर से छत छीनने वाली भूपेश सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है। भोले भाले किसानों को धान खरीदी मामले में गुमराह कर वाहवाही लूटने वाली भूपेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में दो सालों का बोनस आज तक क्यों नहीं दिया? आज छत्तीसगढ़ की अन्नदाता किसान भूपेश बघेल से पूछता है कि कांग्रेस के पांच साल में उन्होंने क्या दिया? सरकार बनने के 10 दिनों के बाद राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत ऋण माफी की गई तो फिर छत्तीसगढ़ के किसानों जीवन स्तर ऊंचा क्यों नहीं उठ पाया? छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को पंप का कनेक्शन क्यों नहीं दिया? दस लाख युवाओं को रोजगार देने और बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी उसका क्या हुआ? कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते हुए भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में सुशासन देने और विकास पर फोकस करने के अलावा छत्तीसगढ़ की माताओं - बहनों से हाथों में गंगाजल लेकर प्रदेश में पूर्णत- शराबबंदी करने का भरोसा दिलाते वोट मांगा था। फिर शराब बंद क्यों नही की?

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने कहा कि नरवा, गरवा, घुरवा, बारी, ये छत्तीसगढ़ के चिन्हारी का जुमला देकर ग्रामीणों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की बात करने वाले भूपेश बघेल बताये कि आज ग्रामीण बदहाली में क्यों जीने को विवश हैं। गांवों की फिजां में नशे का जहर क्यों घुल गया? गांव से लेकर शहर तक सड़कों की दुर्दशा क्यों? शांतप्रिय छत्तीसगढ़ कैसे अपराधगढ़ में बदल गया? महिला और बेटियां अत्याचार और अनाचार की क्यों शिकार हो रहीं हैं? किसानों को उनकी मेहनत का पूरा फल क्यों नहीं मिल रहा? उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों से लूटने वाली भूपेश सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना होगा। छत्तीसगढ़ में करप्शन और कमीशन का खेल अब नहीं चलने वाला। घोषणा पत्र में झूठे वादे कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस के ताबूत पर अंतिम कील छत्तीसगढ़ की जनता - 2023 के विधानसभा चुनाव में मतदान कर ठोंकने वाली है।

# हमर राज पार्टी के 19 प्रत्याशियों की घोषणा, कोर्राम भानुप्रतापपुर से लड़ेंगे

**रायपुर,** 17 अक्टूबर। प्रदेश में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रही हमर राज पार्टी ने 19 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व आइपीएस अकबर राम कोर्राम भानुप्रतापपुर सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं कोंडागांव सीट से पनकुराम नेताम को मौका दिया है। इसके अलावा नारायणपुर से राम लाल उसेंडी, बस्तर से लखेश्वर कश्यप, बीजापुर से अशोक तलांडी चुनावी मैदान पर होंगे। पार्टी की ओर सूची के मुताबिक प्रतापपुर से गीता सोन्हे, सामरी से परसू राम भगत, लुंड्रा से अनुक प्रताप सिंह टेकाम, खरसिया से भवानी सिंह सिदारा, रामपुर से कन्हैया आनंद कंवर, बिल्हा से शिव नारायण ध्रुव, मस्तूरी से सुखराम खूंटे, सरायपाली से बिरितिया चौहान, बसना से जगदीश सिदार, कसडोल से परमेश्वरी पैकरा, संजारी बालोद से विनोद कुमार नागवंशी को मौका दिया गया है। इसके अलावा डोंगरगांव से छत्तर राम चंद्रवंशी, खुज्जी से ललिता पैकरा, मोहला मानपुर से युवराज नेताम चुनाव लड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद हमर राज पार्टी बनाया था। उन्होंने प्रदेश के 50 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान भी किया था। चुनाव आयोग में पंजीयन होने के बाद अकबर राम कोर्राम को अध्यक्ष बनाया गया। जानकारी के अनुसार, 1-2 दिन बाद दूसरी सूची जारी किया जाएगा।हमर राज पार्टी ने 50 से 55 सीट में चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। हमर राज पार्टी के कार्यकारणी अध्यक्ष बीएस रावटे ने कहा कि, स्क्रीनिंग कमेटी से पास होकर दूसरी सूची आएगी। आदिवासियों का विकास और जनजाति समाज का विकास होना था. वो नहीं हो पाया है. चाहे नक्सली समस्या जैसे और भी समस्या हो, धरना प्रदर्शन से काम नहीं चलेगा. हमको सत्ता के लिए और भी काम करना पड़ेगा. राज्य बनने के बाद हम इस स्थिति में आए हैं कि, हम सब मिलकर सामूहिक प्रयास करेंगे। उम्मीद लोगों को बहुत है।

## राजधानी में दुर्गोत्सव के नजारे


आदर्श युवा प्रगति संघ दुर्गोत्सव समिति, मठपारा


जय मां दुर्गोत्सव समिति, कैलाश पुरी


युवा मित्र दुर्गोत्सव समिति

# दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान एनजीटी के नियमों का करना होगा पालन

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम की ओर से मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन और दशहर उत्सव को लेकर के लिए तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारियों को प्रशासनिक दायित्व सौंपते हुए संपूर्ण व्यवस्था के लिए प्रशासनिक समिति गठित कर दी गई है। महादेव घाट में विसर्जन कुंड बनाया जाएगा जहां 24 से 28 अक्टूबर सुबह छह बजे तक जोन कमिश्नरों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। विसर्जन के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए कोविड और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एनजीटी के नियमों का पालन करना होगा। आचार संहिता और नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी ने जोन.8 के कमिश्नर को विसर्जन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था के लिए महादेव घाट में लाइटए क्रेनए स्टेज



### उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

व लाउड स्पीकरए साफसफाई व अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के आदेश दिए हैं। आयुक्त ने नदी में स्थायी कुंड से विसर्जित मलमा अन्य बांस.बल्ली एवं दूसरी सामग्रियों को 24 घंटे के भीतर कुंड से बाहर निकालकर जल को दूषित होने से बचानेए नदी में विसर्जन न हो इसका कड़ाई से पालन करने तथा नदी के जल को दूषित होने से बचानेए ध्वनिए वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करनेए प्लास्टर आफपेरिस से बनी मूर्तियों पर रोक लगानेए सड़क पर यातायात अवरूद्ध करने वाले दुर्गा पंडालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### 24 को दशहरा उत्सव

शहर के डब्ल्यूआरएस रावणभाठा चौबे कालोनी राजेन्द्र नगर शंकरनगर रामकुंड में 24 अक्टूबर को सार्वजनिक दशहर उत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए मैदानों के समतलीकरण सफाई व्यवस्था पेयजल प्रबंधन प्रकाश व्यवस्था अग्निशमन व्यवस्था उत्सव स्थलों सहित संबंधित मार्गों की सफाई व्यवस्था के लिए निगम अधिकारियों को दायित्व सौपते हुए समिति गठित की गई है।

# मूक-बधिर बच्चों ने बिखेरे गरबा-डांडिया में रंग

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। अर्पण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर वन, बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में शक्ति की आराधना का पर्व शारदीय वनरात्रि पर गरबा नृत्य उत्सव का आयोजन किया गया। इशारों की भाषा समझने वाले स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने गरबा की धुन पर ऐसे पैर थिरकाए कि मौजूद लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। ये बच्चे न तो सुन सकते हैं और न ही बोल सकते हैं। यानी गरबा का जो धुन बज रहा था उसे ये सुन नहीं पा रहे थे फिर भी इन्होंने डांडिया और चौकड़ी का जोरदार कमाल दिखाया। स्कूल प्रांगण पर गरबा उतसव का आयोजन लेडिस सर्कल इंडिया और राउंड टेबल इंडिया के बैनरतले



### अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में अनूठा आयोजन

किया गया था। मुख्य अतिथि नगर निगम के अध्यक्ष प्रमोद दुबे थे। उन्होंने बच्चों के हुनर की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन बच्चों में प्रतिभाएं कूट-कूट कर भरी है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्रीमती सरिता अग्रवाल, श्रीमती नेहा धारीवाल (एसीपी), अंगूरी देवी अग्रवाल एवं सुमित बरडिया (एसी) मौजूद थे। गरबा परिधान में बच्चों ने गरबा में हिस्सा लेकर खूब मजा किया। कार्यक्रम का संचालन सीमा छाबड़ा ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, मृत्युंजय शुक्ला, प्राचार्य कमलेश शुक्ला, श्रीमती मोनिका गुप्ता, विशाल, नीलेश मुंधड़ा, प्रदीप गोविंद, शितूत आदि मौजूद थे।

# लोन देकर कई गुना वसूल रहे रकम

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। केवायसी और दस्तावेज सत्यापन के इंस्टेंट लोन देने वाले एप एक के बाद एक लोगों की सांसे छीन रहे हैं। लोग मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। इस तरह के एप पहले तो बिना किसी शर्त के लोन देने का वादा करते हैं और जैसे ही कोई इनके झांसे में आता है, यह भारी ब्याज लगाकर कई गुना अधिक पैसे वसूलते हैं। रायपुर जिले रोजाना लगभग पांच शिकायतें पहुंच रही हैं। पीड़ित रोते हुए साइबर सेल पहुंच रहे हैं। इसमें अधिकतर 25 से 30 वर्ष के युवा हैं। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए रायपुर पुलिस ने अलर्ट किया है। पुलिस एफआइआर भी कर रही हैए लेकिन इस खतरनाक अपराध को अंजाम दे रहे अपराधियों की न तो पहचान है, न इनका नाम है न चेहरा पता है। सिर्फ चंद नंबर और कुछ मोबाइल एपए लिंक। इनके जरिए हजारों किलोमीटर दूर बैठकर यह अपराधी आम लोगों को फंसा रहे हैं। फंसाकर उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैंए बदनाम कर रहे हैं इनसे पैसा वसूल रहे हैं। स्वजनों के फोन में एडिटेट फोटो भेजी जा रही है।

### रोज पांच पीड़ित पहुंच रहे साइबर सेल

**युवा वर्ग फंस रहा ज्यादा**

कालेज जाने वाले युवा वर्ग इसमें ज्यादा फंस रहे हैं। दो हजार पांच हजार रुपये लोन इस भरोसे से ले लेते हैं कि उनको आसानी से बिना किसी ब्याज के पैसे मिल जा रहे हैं। इसके बाद वह पैसे भी वापस कर देते हैं। लेकिन इसके बाद उनसे ज्यादा पैसे की मांग की जाती है। नहीं देने पर वह सीधे स्वजनोंए रिस्तेदारों को मैसेज करते हैं। फोटो को एडिट कर अश्लील बनाया जाता है और उसे प्रसारित करने की धमकी दी जाती है।

**ऐसे शिकार होते हैं लोग**

इस तरह के लोन एप के झांसे में ज्यादातर जरूरतमंद लोग आते हैं। ये एप बिना किसी कागजी कार्रवाई और बिना केवायसी के लोन देने का वादा करते हैं तो लोग आसानी से इन पर भरोसा कर लेते हैं। साथ ही लोन देते समय आसान और फास्ट प्रोसेस के नाम पर यह एप यूजर्स की जानकारी के बिना उनके मोबाइल से कांटैक्ट डिटेल मैसेज और गैलरी तक की जानकारी की स्वीकृति ले लेते हैं। यहीं से असली खेल शुरू होता है। दरअसल लोन एप यूजर्स की कांटैक्ट डिटेल और गैलरी का इस्तेमाल बाद में ब्लैकमेल करने के लिए करते हैं और ऐसे में इनका शिकार हुए लोगों के पास दोगुना.चार गुना लोन चुकाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचता। रायपुर साइबर सेल प्रभारी गौरव तिवारी ने कहा लोन एप से सावधान रहें। बिना ब्याज के पैसे मिलने के झांसे में न आएं। अगर किसी ने उपयोग किया है तो वह तत्काल साइबर में इसकी जानकारी दे। पुलिस उन नंबरों को बंद करवाने और आरोपितों को पकड़ने का प्रयास करेगी।

# ओडिशा से ला रहे थे 90 किलो गांजा पुलिस ने दबोचा

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। नशे के सौदागरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नारकोटिक्स सेल और मंदिर हसौद थाना पुलिस ने 90 किलो गांजा के साथ 3 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा से गांजा की खेप ला रहे थे। मुखबिर से मिली सूचना पर करवाई करते हुए तस्करों को एनएच. 53 रोड सेरीखेड़ी स्थित नहर पुलिया के पास से दबोचा गया। जब्त गांजा की कीमत लगभग 14 लाख रुपए है। आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। दरअसल 16 अक्टूबर को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति चारपहिया वाहन में गांजा परिवहन करते महासमुंद से रायपुर की ओर आ रहे है। सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक क्राईम दिनेश सिन्हा के नेतृत्व में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद पुलिस की संयुक्त टीम ने वाहन और व्यक्तियों की पतासाजी शुरू की। इसी दौरान थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत एन एच . 53 रोड सेरीखेड़ी स्थित नहर पुलिया के पास वाहन को आता देख टीम के सदस्यों ने वाहन को रोकवाया। वाहन में 3 व्यक्ति



सवार थे जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम सत्यप्रिया मांझी प्रदोश मुण्डा एवं हितेश प्रधान निवासी अंगुल ओडिशा बताया। उनके वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अलग . अलग पैकेटों में रखें कुल 91 किलो 240 ग्राम गांजाए गांजा परिवहन में प्रयुक्त टाटा मान्जा कार क्रमांक जी जे६21ध्ए एध्6123 तथा घटना से संबंधित 02 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 14,00,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 600ध्23 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपियों द्वारा गांजा को उडीसा से लाना बताया गया है।

### कठिया मोड़, अभनपुर के पास आरोपी गांजा के साथ पकड़ाया

इधर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना अभनपुर क्षेत्रांतर्गत कठिया मोड़ अभनपुर राजिम मार्ग नायकबांधा के पास एक व्यक्ति बैग में गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी अभनपुर को सूचना की तस्दीक करते हुए व्यक्ति की पतासाजी कर गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिसमें एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना अभनपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर व्यक्ति की पतासाजी करते हुए व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम कुंदन कुलदीप निवासी महासमुंद का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा कुंदन कुलदीप की बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया।

# कैट भारत के व्यापारिक समुदाय को टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ेगा

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कैट के संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खण्डेलवाल जी एवं कैट राष्ट्रीय चेयरमेन बृजमोहन अग्रवाल शामिल हुए ।बैठक में श्री खंडेलवाल व अग्रवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को सीधे अपने उत्पाद बेचने के लिए व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक टेक्नोलॉजी भागीदार के रूप में मेटा के साथ देश भर में एक बड़ा राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। कैट और मेटा की यह साझेदारी व्यापारियों और व्यवसायों को अधिक व्यापक रूप से ग्राहक संख्यान का आधार बनाने, अपने व्यवसाय को बढ़ाने और भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में और भी योगदान देने में



मदद करेगी।

### जीएसटी की विसंगतियों सरलीकरण पर चर्चा हुई

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि तेजी से विकसित हो रही व्यावसायिक जरूरतों के साथ टेक्नोलॉजी का विकास एवं उसका उपयोग व्यापार के महत्वपूर्ण है। जीएसटी में बहुत विसंगतियां है।

विसंगतियों को दूर करने तथा सरलीकरण हेतु कैट जीएसटी कांऊसिल को समय-समय अपने सुझाव प्रेषित करती है। जिससे कि व्यापारियों का राहत मिल सके। कैट आगामी दिनों जीएसटी पर एक कार्यशाला का आयोजन करने जा रहीं हैं जिसमें केन्द्रीय वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि बनाने का कैट द्वारा सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम में अमर पारवानी अमर गिदवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, सुरिन्द्र सिंह, भरत जैन, अजय अग्रवाल, अवनीत सिंह, विजय पटेल, विजय गोयल, अजय तनवानी, पवन वाधवा, सुनील धुप्पड, बलराम आहूजा, अशोक मालू, कन्हैया गुप्ता, जय नानवानी, सूरज उपाध्याय, महेश जेठानी, नरेश कुमार पाटनी, प्रीतपाल सिह बग्गा, जयराम कुकरेजा, जितेन्द्र गोलछा व अन्य शामिल थे।

# विश्वकप क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा संचालित करते 3 सटोरिए गिरफ्तार

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जुआ एवं सट्टा पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने हेतु जुआ, सट्टा एवं ऑन लाईन सट्टा संचालित करने वालो की पतासाजी कर उन पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत सांई ड्रीम अमलीडीह स्थित एक मकान में कुछ व्यक्ति क्रिकेट विश्व कप के दौरान आयोजित आस्ट्रेलिया विरूद्ध श्रीलंका मैच के दौरान रूपये पैसो का हार जीत का दांव लगाकर ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर निरीक्षक अर्चना धुरंधर को सटोरियो को रंगे हाथ गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर मकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान मकान में 03 व्यक्ति उपस्थित पाये गये। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम मुनीन्द्र चौहानए सूरज वरलानी एवं विक्रांत वाधवानी निवासी रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा तीनों के मोबाईल फोन व लैपटॉप को चेक करने पर उनके द्वारा अपने मोबाईल फोन व लैपटॉप में आस्ट्रेलिया विरूद्ध श्रीलंका क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा संचालित करना पाया गया।जिस पर तीनों सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सट्टा संचालन में प्रयुक्त 12 नग मोबाईल फोन, 01 नग लैपटॉप तथा नगदी रकम 30,000 रूपये जुमला कीमती लगभग 3,50 000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा छ.ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अनुपपुर मध्य.प्रदेश निवासी विजय दावड़ा उर्फबिज्जू से आई डी लेकर सट्टा संचालन करना बताया गया है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी विजय दावड़ा उर्फ बिज्जू की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।



# नशे के सौदागरों पर आबकारी विभाग का शिकंजा

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के बाद भी शराब कोचिए धड़ल्ले से शराब समेत अन्य मादक पदार्थ बेचने से बाज नहीं आ रहे है। पिछले एक हफ्ते में आबकारी विभाग ने प्रदेशभर में छापामार अभियान चलाकर 353 व्यक्तियों के खिलाफकार्रवाई करते हुए 3,958 लीटर शराबए दो किलो गांजाए 42,375 किलो महुआ लाहन समेत 20 वाहन जब्त किया है। जब्त किए गए शराब में 161 लीटर दूसरे राज्य का है। आबकारी विभाग के अपर आयुक्त ने बताया कि चुनावी आचार संहिता को ध्यान में रखकर पूरे प्रदेशभर के सीमावर्ती क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाने के साथ शराब बेचने वालों की धरपकड़ की जा रही है। 31 चेक पोस्ट और जांच चौकियों में भी आने.जाने वालों की जांच की जा रही है। नौ अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलाए गए सघन अभियान के दौरान 11 लाख से अधिक का अवैध शराबए सवा दो लाख का महुआ लाहनए चेक पोस्ट से 45 लीटर शराब जब्त करने के साथ 353 लोगों पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई। आबकारी विभाग की टीम रेलवे और राज्य पुलिस के साथ मिलकर ट्रेनोंए यात्री बसए बस स्टैंड आदि की जांच करने के साथ ही सड़क पर भी आकस्मिक जांच कर रही है। शराब की तस्करी रोकने आम लोगों को सूचना देने के लिए आबकारी विभाग ने टोल फ्री नंबर 14405 जारी किया है। इस नंबर पर काल कर मादक पदार्थों की तस्करीए शराब दुकानों में ओवर रेटिंग आदि की सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाता है और एक.एक शिकायतों की तस्दीक कर कार्रवाई की जाती है।

### 353 व्यक्तियों के खिलाफ की कार्रवाई, 3958 लीटर शराब जब्त

## हिन्द स्पोर्टिंग मैदान में लगेगी 130 पटाखा दुकानें

**रायपुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। लाखेनगर स्थित हिन्द स्पोर्टिंग मैदान के रिक्त स्थान पर दशहरा और दीपाली त्यौहार को देखते हुए 130 अस्थाई फटाका दुकानें लगाने का निर्णय निगम प्रशासन द्वारा लिया गया है। उक्त जानकारी जोन क्रमांक 5 के जोन कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि जिन फटाका व्यवसायियों का लाइसेंस नवीनीकरण हो गया है, वे फटाका व्यवसायी अस्थाई फटाका दुकान लगाने के लिए 10 बाई 10 वर्गफुट आकार की प्रति दुकान हेतु निर्धारित 8047 रूपये प्लस 18 प्रतिशत जीएसटी फीस एवं लाइसेंस फीस 630 रूपये नियत 19 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 के जोन कार्यालय के राजस्व विभाग में जमा करवा सकते है।

कंजूस बाप (बेटे से)- मेरी ख्वाहिश है कि तू बड़ा होकर वकील बने।

बेटा- क्यों?

कंजूस बाप- ताकि मेरा काला कोट तुम्हारे काम आ जाए।



संपादकीय

## हाथियों के रास्तों में न आएं

*छत्तीसगढ़ के वनों में हाथी पाये जाते हैं। यह उनका प्राकृतिक आवास तो है ही, सीमावर्ती राज्य ओडिशा और झारखंड के जंगलों से भी बड़ी संख्या में वनराज यहां से गुजरते हैं। यानी कि राज्य उनके रास्ते का एक हिस्सा है। ऐसा वे सैकड़ों वर्षों से करते आ रहे हैं। कई बार वे मानव बस्तियों के बहुत नज़दीक आ जाते हैं। हालांकि ऐसा करने की उनकी कोई मंशा नहीं होती क्योंकि वे स्वयं इंसानों से दूर रहना चाहते हैं। फिर भी, भोजन-पानी की आवश्कताएं उन्हें बस्तियों के निकट ले आती हैं। ज्यादातर वनों के बीच बसे गांव या ग्राम इनकी चहलकदमी की राह में आते हैं। बेहतर है कि स्वयं इंसान उनके रास्तों में न आएं।*

*इन दिनों ज्यादातर इलाकों में धान पकने की स्थिति में है। उसकी सुगंध हाथियों को आकर्षित करती है जो अब तक बारिशों में घने जंगलों में ही रहकर गुजारा कर रहे थे। बारिशें रूक जाने पर उनकी आवाजाही बढ़ जाती है। फिर, उन्हें पीने के लिये पानी अब तक तो जंगलों के भीतर ही मिल जाता है, पर अब उसकी तलाश में वे बाहर निकल पड़ते हैं। गांवों में या उनके आस-पास बने तालाबों में उन्हें जल उपलब्ध होता है इसलिये भी वे वहां तक पहुंचते हैं। छग के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां इन दिनों हाथियों की आमदरफ्त बढ़ चली है। कटघोरा वन मंडल में इस समय हाथियों के एक बड़े झुंड के विचरण की खबर आ रही है। केंदई रेंज में 54, पसान में 3 और जटगा रेंज में 6 हाथियों की उपस्थिति की बात वन विभाग ने की है। इस दल में एक हथिनी द्वारा शावक को जन्म दिये जाने की बात भी कही जा रही है। इन्होंने लगभग 50 एकड़ पर लगी फसलों को रौंद दिया है। इनमें से 9 मरवाही रेंज से आए हुए बतलाए जाते हैं, जो कि पसान से लगा हुआ है। गरियाबन्द के पास स्थित पाण्डुका रेंज में एक गुस्सैल हाथी के लौटने से दहशत है जो यहां पहले भी कई गांवों में उपद्रव कर चुका है। कुछ और हाथी भी यहां देखे गये हैं। पलारी के अर्जुनी वन परिक्षेत्र के दलदली महकोनी में पिछले दिनों एक हाथी ने एक व्यक्ति को मार डाला था जो अपने दो अन्य साथियों के साथ जंगल में जड़ी-बूटी ढूंढ़ने गया था। मृतक के दो साथी भागकर जान बचाने में कामयाब रहे थे।*

*हाथी पूर्णतः शाकाहारी जीव है जिसका इरादा व प्रयोजन किसी को मारना नहीं रहता। वह केवल आत्म रक्षा में या अन्य जीवों की उपस्थिति से बौखलाकर ही हमला करता है। फिर भी सावधानी की ज़रूरत है। वन विभाग गांव वालों को हमेशा सावधान रखे एवं उन्हें बचाने के सारे प्रयास करे। लोग भी पर्याप्त सावधानी बरतें।*

# कलेक्टर ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

## कलेक्टर-एसपी ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक



**दुर्ग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों में संलग्न मानव संसाधन, प्रबंधन, प्रशिक्षण प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कम्प्यूटराइजेशन, स्वीप कानून व्यवस्था, व्यय निगरानी, एमसीएमसी, कम्युनिकेशन प्लान, आबकारी, एसजीएसटी, ईईएम में लगे सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने बिंदुवार निर्वाचन के कार्य की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में परिसर में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के तहत टीम से विभिन्न टीवी चौनलों सहित स्थानीय केबल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली।

इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए यह जरूरी है कि सभी टीम अभ्यर्थी के खर्च की निगरानी करें। आयकर विभाग एवं आबकारी विभाग से इसके संबंध में डेली रिपोर्ट मिलते रहने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि शराब के अवैध परिवहन एवं नगद राशि के जप्ती की कार्रवाई होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उड़नदस्ता दल कार्रवाई के दौरान आयकर विभाग की टीम के साथ समन्वय करते हुए कार्य करें। सजग और सतर्क रहते हुए सभी वाहनों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं अपर कलेक्टर एवं नगर निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# यूजीसी के नये नियमों से होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**दुर्ग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में अगामी दिसंबर 2023 के तृतीय सप्ताह में आयोजित होने वाली पीएचडी प्रवश परीक्षा यूजीसी के नये नियमों के आधार पर होगी। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के परीक्षा उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 50 प्रतिशत् अंक, रिसर्च मैथोडोलॉजी पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न के होंगे तथा शेष 50 प्रतिशत् अंक संबंधित विषय पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्न के होंगे। प्रत्येक हिस्से में दो-दो अंक वाले 25 प्रश्न होंगे। डॉ. पटेल ने बताया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा का सिलेबस वहीं होगा जो यूजीसी/सीएसआईआर नेट परीक्षा का सिलेबस होता है।



वि.वि. के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के अनुसार पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु न्युनतम 50 प्रतिशत् अंक परीक्षार्थी को प्राप्त करना अनिवार्य है परन्तु मात्र 50 प्रतिशत् अंक प्राप्त कर लेने से ही परीक्षार्थी को पीएचडी में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी। यूजीसी के नियमानुसार पीएचडी में पात्रता हेतु बनायी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# भाजपा प्रत्याशी डोमन लाल कोर्सेवाड़ा व महापौर निर्मल कोसरे को नोटिस

**दुर्ग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति रैली एवं सभा आयोजित करने पर दो लोगों को रिटर्निंग आफिसर द्वारा कारण बताओं नोटिस दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के रिटर्निंग आफिसर विनय कुमार सोनी ने 16 अक्टूबर को नगर पालिक परिषद अहिवारा क्षेत्र में सक्षम अधिकारी के अनुमति बगैर रैली एवं सभा आयोजित करने की शिकायत पर इसे आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन मानते हुए डोमन लाल कोर्सेवाड़ा को कारण बताओं नोटिस दिया गया है। साथ ही इस संबंध में 19 अक्टूबर की संध्या 5 बजे समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके अभाव में एक पक्षीय कार्यवाही किया जाएगा।

■ **बिना अनुमति के रैली व सभा करने पर दिया नोटिस**

इसी प्रकार 16 अक्टूबर को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा क्षेत्र में सक्षम अधिकारी के अनुमति बगैर महिला सभा आयोजित करने की शिकायत पर इसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे को कारण बताओं नोटिस दिया गया है। साथ ही 19 अक्टूबर की संध्या 5 बजे समक्ष उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके अभाव में एक पक्षीय कार्यवाही किया जाएगा। इसके लिए उक्त दोनों स्वत: जिम्मेदार होंगे।

# यजमान परिवार पर जानलेवा हमला, पुजारी को 10 साल की जेल

**दुर्ग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुजारी द्वारा यजमान परिवार के सदस्यों पर जानलेवा हमला किए जाने के मामले में अदालत ने फैसला सुना सु या है। पुजारी यजमान द्वारा उसकी पूजा विधि पर सवाल उठाए जाने से आक्रोशित हो गया था और धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इस हमले में परिवार के 4 सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आरोपी को प्रत्येक सदस्य पर जानलेवा हमला करने का दोषी करार देते प्रत्येक मामले में 10-10 वर्ष के कारावास और 4 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश शैलेष कुमार तिवारी की अदालत में आज सुनाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक अरशद खान ने पैरवी की थी। सभी सजाएं एक साथ चलेगी।

वारदात पुरानी भिलाई थाना अंतगर्त ग्राम दादर-चरोदा में 25 जनवरी 2022 को घटित हुई थी। पीड़ित निर्मला साहू का पति विष्णु प्रसाद साहू, बेटा जितेश साहू अक्सर बीमार चल रहे थे। जिसको लेकर निर्मला परेशान थी। इसी दौरान निर्मला की किराना दुकान पर उसका परिचित पुजारी दीनू प्रसाद शर्मा आया था, पुजारी ने प्रदोष काल के कारण बेटे का दिमाग भटक जाने का हवाला देते हुए शिवजी की पूजा कराने की सलाह दी थी। जिस पर निर्मला घर में पूजा कराने के लिए सहमत हो गई।



■ **पूजा विधि को लेकर विवाद, पुजारी ने किया 4 लोगों को घायल**

25 जनवरी 2022 की दोपहर 12.55 बजे पूजा का शुभ मुहूर्त बताते हुए पुजारी ने पूजा प्रारंभ की, जिसके एक घंटे बाद वह चला गया। इस दौरान पुजारी ने पूजा के संबंध में किसी को भी जानकारी नहीं देने की हिदायत भी साहू परिवार को दी थी। जिसके बाद तीन बजे के लगभग पुजारी फिर से आया और पूजा प्रारंभ की, जिस पर निर्मला के पति विष्णु प्रसाद ने पुजारी के पूजा कराने के तरीके पर सवाल उठाते हुए पूजा करना नहीं आने की बात कह दी। जिससे पुजारी दीनू प्रसाद शर्मा आक्रोशित हो गया और अपने कपड़े के थैला से चापड निकाल कर विष्णु पर हमला कर दिया। जिससे विष्णु के सिर पर गहरा जख्म हो गया।

इस दौरान परिवार के सदस्यों द्वारा बचाव का प्रयास किए जाने पर दीनू प्रसाद ने उन पर भी चापड से हमला कर दिया। घायल पति-पत्नी विष्णु प्रसादए निर्मला मं और उनकी बेटी सुमन तथा बेटे जयेश साहू के चीख़-पुकार करने पर आस-पड़ोस के लोगों द्वारा पुजारी दीनू प्रसाद शर्मा को मौका से भागते हुए पकड़ा गया। इस मामले की शिकायत निर्मला साहू द्वारा पुलिस में की गई।

पुलिस ने शिकायत और घायलों के कथन के आधार पर आरोपी दीनू प्रसाद शर्मा को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर दो लोहे के चापड बरामद किए। जानलेवा हमला करने का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। वहीं विवेचना पश्चात प्रकरण को विचारण के लिए अदालत के समक्ष पेश किया था।

प्रकरण पर विचारण पश्चात न्यायाधीश ने प्रत्येक व्यक्ति को घायल करने के चार अलग-अलग मामलों में अभियुक्युत दीनू प्रसाद शर्मा को दोषी करार दिया। अभियुक्युत को सभी चार मामलों में दफा 307 के तहत 10-10 वर्ष के कारावास से दंडित किया गया। मामले में गिरफ्तारी के बाद से फैसला सुनाए जाने तक अभियुक्युत जेल में ही निरूद्ध है। अभियुक्त की सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

# नवरात्रि पर गुजरात के गरबा और डांडिया की धूम







**दुर्ग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुजरात की संस्कृति गरबा और डांडिया की छटा नवरात्रि के दौरान दुर्ग शहर में भी बिखरी हुई है। गुजरात की यह सांस्कृतिक परम्परा का विस्तार अब अन्य समाज, संगठन व शिक्षा संस्थाओं में भी देखने को मिल रहा है। नवरात्रि में इसका जोर और भी बढ़ जाता है। कहीं पर भव्य रूप से गरबा और डांडिया के आयोजन किये जाते है तो कहीं पर प्रशिक्षण के रूप में कार्यक्रम किये जाते है।

गुजराती समाज के अलग अलग वर्गो द्वारा विगत वर्षो से तीन स्थानों पर नवरात्रि पर गुजराती संस्कृति के अनुरूप मां दुर्गा की स्थापना कर भक्ति के रूप में गरबा व डांडिया का आयोजन किया जाता है। इनमें श्री नवयुवक गुजराती समाज द्वारा पटेल काम्पलेक्स में, श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज द्वारा गुजराती धर्मशाला लुचकी तालाब के पास व श्री लोहाणा महाजन समाज द्वारा जलाराम भवन गौरव पथ में किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में समाज के युवक युवतियां स्त्री पुरूष भाग लेते है।

**गणपति विहार बोरसी :** गणपति विहार कालोनी बोरसी में भी गरबा की धूम मची है। नवरात्रि पर कालोनी के गार्डन में मंडल सजाया गया है। इस मंडप में हरीश भट्ट एवं परिधि यादव के मार्गदर्शन में महिलाएं एवं बच्वें गरबा नृत्य कर रहे है। यहां आने वालों को एवरग्रीन महिला ग्रुप द्वारा कूपन दिये जाते है। इन कूपन धारकों के लिये प्रतिदिन ड्रा निकालकर पुरस्कृत किया जाता है।

एवरग्रीन महिला ग्रुप की संयोजिका मंजूषा नामदेव, दीप्ति सुखतेल, मंजूलता धृतलहरे, निहारिका देवांगन, वर्षा साहू, आभार शर्मा, चित्रा गौर ने इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिये महिलाओं और बच्चों का आभार माना है।

**शा. महिला महा. :** शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय में नवरात्रि पर नृत्य विभाग द्वारा गरबा स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नृंत्यांजली समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मां शारदा एवं चंडिका समूह क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहें। रास बिहारी समूह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। यह आयोजन महाविद्यालय में विगत चार वर्षो से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.एन.सिंह थे। कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इसी कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। अर्थ शास्त्र विभाग द्वारा नेट परीक्षा के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर एवं रिया कुशवाहा ने किया।

**कायस्थ सभा :** कायस्थ सभा दुर्ग द्वारा चित्रगुप्त भवन कसारीडीह में गरबा प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिदिन शाम 7 से 10 बजे तक किया जा रहा है। यहां 19 अक्टूबर तक यह कार्यक्रम किया जायेगा। अंतिम दिन 19 अक्टूबर को पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां भाग ले रही है। कायस्थ सभा के अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सचिव सुमित श्रीवास्तव, सांस्कृतिक सचिव डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 50 से ज्यादा महिलाएं शामिल हो रही है।

**पचरी पारा में 25 को जगराता व गरबा :** पचरी पारा वार्ड 28 में नवरात्रि पर्व पर 20 व 21 अक्टूबर को गरबा एवं डांडिया महोत्सव किया जायेगा। 25 अक्टूबर को माता का जगराता कार्यक्रम भी होगा जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अपनी प्रस्तुति देगें। यह जानकारी वार्ड पार्षद ओमप्रकाश सेन (राकेश) ने बताया कि माता का जगराता एवं गरबा महोत्सव संध्या 7 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें शामिल होने के प्रतिभागी आयोजन समिति के सदस्य महेन्द्र यादव से संपर्क कर अपना स्थान सुनिश्चित करा सकते है। गरबा, डांडिया दल में शामिल होने के लिये भी पंजीयन शुरू हो चुकी है।

# संत कंवरराम एवं हरदास राम की जयंती मनाई गई

**दुर्ग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग सिंधी समाज द्वारा सिंधु भवन में संत कंवर राम व बाबा हरदास राम जी की 37 बरसी धूमधाम से मनाई गई। समाज प्रमुखों ने पूजा अर्चना कर संतों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस पूरे कार्यक्रमों में तीन दिनों तक संतों एवं विद्यानों, भुआं ने प्रवचन चलते ही समय समय म्युजिकल पार्टी द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुत किये गये।

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में संत लालदास साहेब चकरभाठा शदाणी दरबार रायपुर के संत युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में भी रोचक प्रसंग प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम में अखंड साहब का भोग एवं पल्लव प्रार्थना की गई। मंच संचालन खेमचंद मध्यानी, धन्यवाद ज्ञआपन आसनदास मोहनानी महेश गणेशानी ने किया। आभार प्रदर्शन नामदेव मेघनानी ने किया। यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी मोहनलाल केशवानी ने दी है।

# जूनियर कबड्डी प्रीमियर लीग 21 को कोनारी में

दुर्ग, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्व. भरत लाल देशमुख स्मृति क्रीड़ा संस्था द्वारा ग्राम कोनारी में दुर्ग जिला जूनियर क्रीड़ा प्रीमियर लीग ट्रायल 21 अक्टूबर से सुबह 11 बजे से आओयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में दुर्ग शहर, ग्रामीण, धमधा, पाटन ब्लाक के बच्चें भाग ले सकते है। भाग लेने वाले खिलाड़ी की उम्र 20 वर्ष एवं वजन 75 किग्रा से आधे नहीं होनी चाहिए।

# भेड़ चोरी के तीन आरोपी पकड़ाए

**दुर्ग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग पुलिस ने रूआबांधा और केम्प 2 से भेड़ चोरी के आरोपी रूआंबांधा निवासी लल्लू खान के साथ दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इन तीनों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत किया जहां से वे जेल भेज दिये गये। बाद में न्यायालय से जमानत पर छूटे।



कोतवाली पुलिस के अनुसार डिपरा पारा निवासी आबिद कुरैशी ने गत दिवस अपनी 25 हजार रूपये मूल्य की भेंड़ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्परता से मामले की जांच कर रूआंबांधा निवासी लल्लू खान के पास से भेड़ बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसी की निशानदेही पर सलमान खान, शारूक खान को भी गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों सगे भाईयों ने लल्लू खान से भेड़ खरीदी थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां से उन्हें जेल भेजने का हुक्म हुआ। जमानत में इन तीनों को छोड़ दिया गया।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ विवि में मनाया गया स्थापना दिवस

**खैरागढ़,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। 14 अक्टूबर को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. ममता (मोक्षदा) चंद्राकर ने संस्थापक बीरेंद्र बहादुर सिंह, पद्मावती देवी सिंह व राजकुमारी इंदिरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कुलपति ने संस्थापक परिवार का स्मरण करते हुए कहा कि उनके त्याग और दूरदर्शिता के कारण यह विश्वविद्यालय आज उपलब्धियों और सफलता के इस स्थान पर है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए जिससे जितना संभव हो, उतना योगदान अवश्य दें। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संगीत संकाय के विद्यार्थियों ने कुलगीत की प्रस्तुति दी। जिसमें गायन में राहुल चौहान, अजय यादव, श्रेयस नेमाड़, अवनीश गुप्ता, प्रथा रामटेके, सुप्रिया मंडल और ज्योति साहू ने सरोद पर रोहन मालवीया, वायलिन पर मानस मयंक, तबले पर नेहरू दास महंत, कीबोर्ड पर लक्ष्मीकांत साहू, बांसुरी पर सौरव पटेल, गिटार पर श्रद्धा बिरनवार और हारमोनियम पर विवेक कुमार ने शानदार संगत किया। यह प्रस्तुति विवेक कुमार के निर्देशन में दी गई। प्रो डॉ. राजन यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर श्रुति मंडल कार्यक्रम के अंतर्गत स्व. राजकुमारी इंदिरा को समर्पित प्रस्तुतियां दी गईं। इसके अंतर्गत लोकगाथा पंडवानी की प्रस्तुति हर्ष चंद्राकर ने दी, जिसके संगीत पक्ष में जानेश्वर टांडिया, वेद प्रकाश रावटे, टाहल साहू, सूरज ठाकुर, करण ने संगत किया। इसके बाद जसगीत की प्रस्तुति दी गई, जिसमें प्रीति रात्रे, यामिनी गौतम, शैल कुमारी पटेल, हर्षा साहू, साक्षी, सुमन बेरवंशी, लुभाष पटेल, सुधा, ईशा बघेल ने गायन पक्ष में जबकि संगीत पक्ष में डॉ. बिहारी तारम, डॉ. नत्थू तोड़े, रामचंद्र सर्पे, डॉ. परमानंद पांडे, जानेश्वर टांडिया ने संगत किया।



इस अवसर पर लोक नृत्यों की भी प्रस्तुति दी गई। लोक संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने बैगा, सरहुल व देवार कर्मा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इसमें कविता कुंभकार, प्रीति खलखो, पूर्णिमा राना, पूजा देवांगन, लुकेश्वरी मानिकपुरी, सुमन वर्मा, लक्ष्मी सिन्हा, सरिता यादव, प्रज्ञा परगनिहा, वंदना, अमीषा घोष, निशा ठाकुर, झरना, खुशी वर्मा, चंद्रप्रकाश साहू, रोशन रजक, रिंकू वर्मा, जीनु राम, सिद्धार्थ दिवाकर, सुमित राजपूत, डेरहु, सूरज ठाकुर, खोमन राठौर, आदित्य जैन, तारण निषाद ने नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं यामिनी गौतम, हर्षा साहू, हर्ष चंद्राकर व खिलेश ने गायन में संगत किया। कार्यक्रम का संचालन अमीषा घोष ने श्रद्धा सुमन वाचन नम्रता अलेंद्र ने किया। इस अवसर पर प्रभारी कुलसचिव प्रो डॉ. काशीनाथ तिवारी, प्रसिद्ध कला मर्मज्ञ और फिल्म डायरेक्टर प्रेम चंद्राकर, सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण उपस्थित रहे।

# हैंडवाश लगाने के बाद कम से कम 20 सेकंड हाथ को रगड़े, तब कीटाणु मरेंगे

**दुर्ग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। हर वर्ष ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे के रूप में 15 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य हैंड वॉशिंग से संबंधित नियमों को व्यवहार में लाना और इसको नियमित रूप से जीवन शैली में उतारना है। इसी कड़ी में युवोदय दुर्ग दूत के द्वारा बच्चो को हैंड वॉशिंग स्टेप की जानकारी दी गई। अध्ययन बताते है कि ज्यादातर लोग हाथ धोते समय सामान्य गलतियां करते है, जिसके कारण उनका हाथ सही तरीके से साफनहीं होता है मगर इसके बारे में लोगो को सही जानकारी नहीं होती है। डॉक्टर्स बताते है कि अगर आप सही तरीके से हाथ धोए तो हजारों तरह के रोगों और इन्फेक्शन से खुद को बचा सकते हैं। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च बताती है कि ज्यादातर लोग हाथ धोते समय पर्याप्त जल्दबाजी में रहते है जिसके कारण कीटाणु पूरी तरह से मरते नहीं है। सेंटर ऑफडिजीज कंट्रोल के अनुसार आपको अपने हाथों पर साबुन या हैंडवाश लगाने के बाद कम से कम 20 सेकंड तक झाग से हाथो को रगड़ना चाहिए तभी आपके हाथों के कीटाणु अच्छी तरह से साफ होंगे। दुर्ग दूत द्वारा बच्चो को शौच के बाद, खाना खाने से पहले, खाने के बाद, गंदी चीज़े छुने के बाद, खेल के आने बाद हाथ को अच्छे तरीके से धोना है और इसको रोजाना प्रैक्टिस में लाना है जानकारी दिया गया। कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करंजा-भिलाई में दुर्ग के दूत (युवोदय), भारत स्काउट एवं गाइड्स, विवेकानंद युवा मंडल करंजा-भिलाई के सहयोग से सम्पन्न हुआ।



## एसएनजी स्कूल में गरबा नाइट का आयोजन

**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। एस एन जी विद्या भवन हायर सेकेन्डरी स्कूल सेक्टर-4 के प्रांगण में 19 और 20 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे से रात 8 बजे तक गरबा नाइट का आयोजन किया गया है। यह गरबा नाइट केवल लड़कियों एवं महिलाओं हेतु आयोजित किया गया है। 20 अक्टूबर को गरबा नाइट के अन्तर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें समूह अपनी.अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर सभी की सुविधा हेतु फूड स्टॉल भी लवावाया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ी व्यंजन साउथ इंडियन व्यंजन केक, पेस्ट्री, कोलडिक्स एवं विशेष रूप से पायसम भी रखा गया है। उक्त जानकारी शाला की प्राचार्या सुश्री ई भारती द्वारा दी गई। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा व पुलिस प्रशासन द्वारा रात 10 बजे के बाद किसी भी ध्वनी विस्तारक यंत्र पर प्रतिबंध लगाया है। जिसे ध्यान में रख कर स्कूल प्रबंधन ने गरबा के समय में परिवर्तन करते हुए रात 8. 30 बजे तक की ही अनुमति दी गई है। ताकि इस आदेश का पालन किया जा सके।

# शराब-नगदी की सूचना पर हो सक्त कार्रवाई



**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई के सभागार में शाम 4 बजे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग के द्वारा एसीसीयू एवम सायबर सेल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक ली। बैठक में समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से रूबरू होकर आने वाले विधानसभा चुनाव के संबंध में चुनाव संबंधी अपराध पर सूचना तंत्र को और भी मजबूत कर अवैध रूप से बिक रहे शराब एवम नगदी रुपए की सूचना प्राप्त होने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा एसीसीयू के समस्त जवानों को कुछ खास निर्देश दिए। जिसमें जेल रिहाई पर प्रोफार्मा तैयार कर कर्मचारी के नियुक्त करने के संबंध में हिदायत दी गई। इसके अलावा क्राइम डिटेक्शनश के साथ-साथ क्राइम प्रिवेंशन पर भी जोर देने की बात की गई। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए होने वाले क्राइम जिसमें चेन स्नेचिंग, चोरी, लूट, ठगी की वारदातों को कैसे रोका जाए इस पर विचार करने की बात बताई गई। नशे पर बर्बाद हो रहे युवाओं पर खास ध्यान देते हुए नशे के सौदागरों पर सख्त सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित साइबर सेल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को साइबर टिप लाइन पर ज्यादा फोकस करने की बात कह कर साइबर फ्रॉड हो जाने पर तुरंत बैंक अकाउंट को फ्रीज कर पैसे वापसी का संपूर्ण प्रयास करने की बात पर जोर दिया एवं वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त गाइड लाइन पर भी चर्चा की गई। मिसिंग मोबाइल को सर्च करने की बात कही गई। सीसीटीवी पर एक सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिओ टैगिंग करने की बात कही गई। जिससे आने वाले समय में एक क्लिक करने पर सीसीटीवी किन किन लोकेशन पर उपस्थित है। की जानकारी मिल पाएगी। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कदाचरण करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाएगी एवं अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को रिवॉर्ड दिया जाएगा। इसके पश्चात सभी कर्मचारियों से अन्य अभिमत भी लिए गए। उपरोक्त बैठक में उप पुलिस अधीक्षक राजीव शर्मा, एसीसीयू निरीक्षक नरेश पटेल, संतोष मिश्रा सहित एसीसीयू एवम सायबर सेल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोपाल गर्ग के निर्देशन एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा एवम शहर के राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों के द्वारा अपनें अपने थाना क्षेत्र के दुर्गा पंडाल का निरीक्षण कर समितियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, थाना प्रभारी के द्वारा लगातार पैदल पेट्रोलियम के माध्यम से समस्त दुर्गा पंडाल में समिति के सदस्यों को पंडाल में सीसीटीवी लगाने, सुचारु पार्किंग व्यवस्था एवम अवैध वसूली न होए इस पर चर्चा कर समझाइश दी गई। दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी अनुविभाग के बाजार, सराफा मार्केट आदि जगहों पर स्थित दुर्गा पूजा पंडालों का भ्रमण कर आयोजकों से बातचीत कर समस्याओं से अवगत हुए। पंडालों का निरीक्षण के दौरान आयोजकों को निर्देश दिए कि आवागमन बाधित न होने पाए। मूर्ति विसर्जन तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दुर्गा पूजा व दशहरा के मद्देनजर सांप्रदायिक भावना भड़काने वाले असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत नजदीकी थाना में देने की बात कही गई।

**एसएसपी ने स्वयं किया निरीक्षण**

भिलाईनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात के द्वारा स्वयं डोगरगढ दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुम्हारी टोल प्लाजा से अंजोरा मार्ग का सुरक्षा का जायजा लिया गया। शत प्रतिशत पदयात्रियो के पीठ पर व बैग में रेडियम स्टीकर लगाया लगाने की बात बताई गई, ताकि रात के समय वाहन चालको को पदयात्री आसानी से दिखाई दे सके ताकि किसी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सकें साथ ही पदयात्रियों के लिए रूट चार्ट एवं सर्विस रोड में बाएं चलने हेतु विभिन्न स्थानों पर फ्लेक्स भी लगाया जाने हेतु निर्देश दिए गए। नवरात्रि के दौरान डोगरगढ जाने वाले वाहन चालको की भीड को देखते हुए नेशनल हाईवे में वाहनो की रफ्तार कम करने हेतु ड्रम एवं स्टापर से विभिन्न स्थानो पर जिक जेग बनाया गया है। इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा 4 हाईवे पेट्रोलिंग के साथ 4 नवरात्रि पेट्रोलिंग को भी तैनात किया गया है जो पदयात्री मार्ग कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक 24 घंटे निरंतर अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग करें। पदयात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्प लाईन 94791-92029 पर संपर्क कर सकते है।

## खुखरी सहित आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। पावर हाऊस क्षेत्र में सी मार्ट के पास 23 साल का एक युवक खुखरी लेकर लोगों को धमकाने की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए, पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पुलिस को देखते ही भाग रहे आरोपी को दौड़ा कर टीम ने धरदबोचा है। आरोपी को थाना लाकर छावनी पुलिस ने 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। छावनी पुलिस ने बताया कि बैरागी मोहल्ला पावर हाऊस निवासी ईश्वर सी मार्ट के सामने जीई रोड सुंदर कैम्प.1 में एक लोहे की धारदार 15 इंच की खुखरी लेकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस को इसकी सूचना किसी ने फोन दी। मुखबीर से सूचना मिलते ही तत्काल टीम रवाना की गयी और आरोपी को खुखरी सहित पकड़ा गया। उसके खिलाफ अधिनियम 1959 की धारा 25 और 27 के तहत अग्रिम कार्रवाई की गयी है। पुलिस की त्वरित कार्यवाही के बाद लोगों ने राहत की सास ली। एक दिन पूर्व ही सुपेला पुलिस ने भई धारदार हथियार क साथ एक युवक को गिरफ्तार किया था।

## ब्यूटी पार्लर संचालक जवान पर जुर्म दर्ज

**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। पार्लर सहकर्मी महिला को विडियो वायरल करने की धमकी दे लगातार शोषण के आरोप में पुरानी भिलाई थाना में अपराध दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंतर्गत कलश ब्यूटी पार्लर के संचालक हितेश ने विडियो वायरल करने की धमकी देते हुए सहकर्मी महिला का शोषण किया और बाद में अपने दोस्त सीआईएसएफ जवान को बतौर ग्राहक बना कर महिला के पास भेजा और उसने भी धमकाते हुए महिला से बलात्कार किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ भिलाई तीन पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पीड़िता महिला का आरोप है कि हितेश ने पार्लर में रंजीत को बुलाया और फस्ट फ्लोर पर रंजीत ने उसके साथ बलात्कार किया। हितेश और रंजीत ने महिला का विडियो वायरल करने की धमकी देते हुए लगातार उसका शोषण किया है। पुरानी भिलाई टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि घटना 10 अक्टूबर को दोपहर लगभग 1 बजे के आस पास की है। महिला ब्यूटी पार्लर में काम करती थी और आरोपी संचालक हितेश उसे धमकी देकर बलात्कार करता रहा। डर की वजह से उसके खिलाफ शिकायत नहीं कर पा रही थी। जब सीआईएसएफ के जवान को कस्टमर के तौर पर पार्लर में बुलाया और महिला को साड़ी दिखाने के बहाने भेजा। जब महिला कमरे में गई तो रंजीत ने उसे पकड़ लिया और कहा कि हितेश ने भेजा है। इसके बाद रंजीत ने उसके साथ जबर्दस्ती की और फिर हितेश ने स्वीकार किया कि उसी ने रंजीत को भेजा था। रिपोर्ट में महिला ने बताया कि एक दिन वह अपने घर जा रही थी। उसी दौरान रंजीत गाड़ी से आया वीडियो वायरल करने की धमकी देकर गाड़ी में बैठा लिया और किराए के मकान में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

## विद्युतीय अनियमितता पर होगी कार्रवाई



**भिलाईनगर**, 18 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के तहत संचालित नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने दुर्गा पूजा पंडालों में विद्युत अनियमितता रोकने हेतु अपील जारी की है। संयंत्र के टाउनशिप में अनेक स्थानों पर इस हेतु पंडालों का निर्माण किया गया है। समस्त आयोजकों से अपील की है कि वे विधिवत् विद्युत प्रदाय प्राप्त करने हेतु सिविक सेंटर स्थित नगर सेवाएं विभाग के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी कार्यालयीन समयावधि में आवश्यक विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए आवेदन करें। साथ ही निर्धारित विद्युत शुल्क जमा कर अधिकृत विद्युत ठेकेदार से परीक्षण प्रपत्र प्रस्तुत कर ही विद्युत का सुरक्षित उपयोग करें। विद्युत प्रदाय केवल एवं केवल प्रतिमा स्थापना स्थल दुर्गा पंडाल में विद्युत के प्रयोग के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा किसी अन्य प्रयोजनाथ व्यावसायिक कार्य, मेला लगाने इत्यादि के लिए विद्युत का प्रयोग वर्जित होगा। अनुज्ञप्तिधारी के परिक्षेत्र भिलाई इस्पात संयंत्र टाउनशिप में जनरेटर के माध्यम से विद्युत का उत्पादन एवं उपयोग भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के तहत पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। ज्ञात हो कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु पण्डालों में एकत्रित होते है। विद्युत की चोरी, दुरूपयोग अथवा असुरक्षित उपयोग से न केवल जानमाल की क्षति की संभावना है बल्कि संयंत्र को व्यापक पैमाने पर आर्थिक क्षति भी होती है। इसलिए पंडाल में विद्युत के उपयोग के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेवें कि वहां पर अर्थिंग पीट और उसमें लगा अर्थिंग इलेक्ट्रोड सही प्रकार से कार्य कर रहा है। उपयोग में आने वाले विद्युत अधिष्ठापन् भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 के सुरक्षात्मक मानदण्डों के अनुरूप है। इसके लिए अधिकृत विद्युत ठेकेदार से विद्युत परीक्षण प्रपत्र प्राप्त करें। यदि विभाग को विद्युत प्रदाय के तारों में कटिया लगाकर बिजली की चोरी की शिकायत मिलती है तो पूजा पंडाल आयोजकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार की घटना होने पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन किसी प्रकार का दोषी नही होगा।

## दिल्ली में एनजेसीएस की बैठक में सेल कर्मियों को बोनस को लेकर कोई सहमति नही बन सकी

**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर। दिल्ली में एनजेसीएस की बैठक में सेल कर्मियों को बोनस को लेकर कोई सहमति नही बन सकी है। प्रबंधन ने 22579 रुपए बोनस देने की बात पर अड़ा हुआ है। इससे अधिक राशि देने के मूड में नहीं है। बोनस फॉर्मूले और प्रॉफिट को आधार बनाकर प्रबंधन ने 22579 रुपए देने की बात बोली है। वही यूनियन नेताओं ने 40 हजार 500 रुपए से अधिक बोनस देने की मांग की है। पिछले साल 40500 रुपए ही कर्मचारियों को बोनस दिया गया था। कंपनी ने करीब 12 हजार करोड़ का प्रॉफिट कमाया था। इस बार हालात विपरित बताए जा रहे हैं। बैठक में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर जी.संजीवा रेड्डी, बीएन चौबे, एटक से डी आदिनारायण और रामाश्रय प्रसाद, एचएमएस से संजय वढावकर, राजेंद्र सिंह, सीटू से ललित मोहन मिश्र व विश्वरूप बनर्जी समेत अन्य यूनियन के सदस्य बैठक में शामिल हुए हैं।

## कोसानगर में निरंकारी ने किया शिवजी का जलाभिषेक



**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। वार्ड कोसानगर यादव मोहल्ला में पार्षद एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी के द्वारा पार्षद साहित्य के साथ-साथ समाज सेवा के प्रति भी दायित्व को बखूबी निभा रहे हैं। इसी के तहत बस्ती में बरगद के पेड़ के नीचे जहां गंदगी रहती थी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था बस्ती की महिलाओं के साथ बातचीत कर वहाँ बाउंड्रीवाल और चबूतरा निर्माण कर वहाँ शिवलिंग स्थापित करने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय के होते ही मोहल्ले वासियों को सहयोग से यह कार्य पूरा हुआ और आज विधिवत शिवलिंग की स्थापना की गई। शिवजी का रुद्राभिषेक किया गया। श्री निरांकारी ने शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित किया और महादेव भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर मताओ बहनों का उत्साह देखते ही बनता था। श्री निरंकारी ने कहा कि मुझे भी मेरे वार्ड की माताओ बहनों ने खूब आशीर्वाद दिया और उन्होंने अपने हाथो से खीर पूड़ी चावल छोले का प्रसाद बनाया। संदीप निरंकारी ने कहा कि नवरात्रि के अवसर में अपने वार्ड की मताओ बहनों का प्यार अविस्मरणीय रहेगा। महादेव की कृपा मेरे पूरे वार्डवासियो पर बनी रहे।

## डॉ. कलाम के जन्मदिन पर स्लोगन-पोस्टर स्पर्धा



**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया के सहयोग से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्म दिन पर स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन माइक्रोबायोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया माइक्रोबायोलॉजी विभाग और माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तत्वाधान में डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्म दिन पर स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश के प्रति उनके योगदान का स्मरण कराना था। उनके विचार आज भी युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं तथा सीखने की कला को महत्व देते थें। यह दिन विश्व छात्र दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस कार्यक्रम पर निर्णायक के रूप में गणित विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति श्रीवास्तव एवं कला विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री वाकणकर उपस्थित रहे। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रीता सेन, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष तथा द्वितीय स्थान पर अम्बिका जयसवाल बी.एस.सी. तृतीय वर्ष रही वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में पहला स्थान कविता वर्मा एम.एससी. तृतीय सेमेस्टर माइक्रोबायोलॉजी और दूसरे स्थान पर पल्लवी साहू बी.एससी. तृतीय वर्ष रही। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से हमें न केवल एक महान व्यक्ति के बारे में जानने को मिलता है बल्कि उनसे बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है। डीन एकादमिक डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि ऐसे आयोजन से हमें अपना स्तर बढ़ाने और समाज की भलाई के लिए हमेशा कुछ न कुछ करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रचना चौधरी, अनन्या मालेकर, वैभवी सहारे एवं रचना तिवारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक्टीवा ने मंदिर जा रही महिला को मारी ठोकर एक घायल

**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। वैशाली नगर थाना अंतर्गत गौरव पथ रामुलू चौक पर बीती शाम पैदल मंदिर जा रही महिलाओं को स्कूटर चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी। पीछे से अचानक ठोकर लगने से एक महिला सड़क पर गिरी और उसके सिर में गंभीर चोट आई है जबकि अन्य दो महिलाओं की चोटें मामूली हैं। घायल एक महिला को बीएम शाह अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती कराया गया है। इस मामले की रिपोर्ट पर कल रात पुलिस ने फरार स्कूटर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। मिली जानकारी के अनुसार वृंदा नगर कैम्प-1 निवासी ओम प्रकाश पटेल 47 वर्ष ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी पत्नी चित्रा देवी मोहल्ले की महिलाओं के साथ विगत शाम लगभग साढ़े 6 बजे मंदिर जा रही थी तभी गौरव पथ रोड भवानी टेडर्स के सामने रामुलू चौक की तरफ से एक्टीवा चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए आकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। चित्रा के सिर में गंभीर चोट आने से उपचार हेतु बीएम शाह हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना में रेणु चौहान और रजनी महाराना को भी मामूली चोट आई है। आस पास मौजूद लोगों ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

**मारपीट की रिपोर्ट पर पुलिस जांच शुरु**

**भिलाईनगर।** ड्यूटी पर देरी से आने पर जब मेडिकल कॉलेज के लैब इंचार्ज ने प्यून को डांट लगाई तो लैब इंचार्ज को सबक सिखाने जब एक दिन मेडिकल कॉलेज के लैब इंचार्ज चाय दुकान में मिले तो प्यून और उसके साथी ने उनकी पिटाई कर दी। मामला शहर के श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज का है। सुपेला पुलिस ने डा.की रिपोर्ट पर प्यून और उसके साथी के खिलाफ धारा 294ए 323ए 34ए 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## विधायक नहीं सेवक के लिए कार्य करुंगा : रिकेश



**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। वैशालीनगर विधानसभा के भाजपा के प्रत्याशी रिकेश सेन आज राज्य सभा सांसद सरोज पाण्डेय के साथ मिलकर उनका आर्शीवाद लिया। उन्होने चुनाव रणनीति पर चर्चा की। उन्होनें आज ही केम्प-1 साई मंदिर के पास जन सम्पर्क अभियान में लोगों से मिलकर उनका आर्शीवाद लिया। रिकेश सेन जैसे ही साई मंदिर केम्प-1 पहुंचे वहां उपस्थित लोगों ने उन्हों समीप में ही माता दुर्गा जी के पंड़ाल ले गये जहां भाजपा प्रत्याशी ने माता की पूजा अर्चना कर समस्त वैशाली नगर विधानसभा वासियों के सुख शान्ति व समृद्धि की कामना की। उन्होनें उपस्थित लोगों से कहा कि उन्होनें पिछले लगभग 24 वर्षो से वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर पार्षद बनकर लोगों की सेवा की है। अब पार्टी नें मुझे वैशालीनगर की सेवा की जिम्मेदारी सौपी है। आप लोगों के आर्शीवाद से वैशाल नगर प्रदेश के सबसे बेहतर विधानसभा बनाने का प्रसाय किया जायेगा। उन्होनें बताया कि वे जहां भी चुनाव प्रचार के लिये जा रहे है, वहां लोगों को उन्हें आर्शीवाद मिल रहा है। इसके पूर्व भाजपा प्रत्याशी रिकेश ने वीति रात्रि मात दुर्गा जी की पूजा अर्चना कर वहां उपस्थित लोगों के साथ गरबा नृत्य भी किया। जीवन की कामना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कैम्प वासियों से मुलाक़ात कर स्नेह प्राप्त किया। भाजपा प्रत्याशी रिकेश सेन ने कहा कि मैं जो वायदा करुगा उसका पुरी ईमानदारी से साथ पालन करुगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आंखों की रक्षा करने की डॉ. आशीष ने दी जानकारी



**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। आंखें की सुरक्षा स्वयं की जिम्मेदारी है उक्त बातें खड़ चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने मरीजों से कही। उन्होंने ने कहा कि भारत में मधुमेह एक विकराल समस्या बन कर उभरी ह। जिसने आंखों के पर्दों को नुक्सान पहुंचाया है। चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने स्वयं अपनी आंखों की जांच कराते हुए कहा कि इंजिनियर, डाक्टर, बिजनेस मैन, छात्र, शिक्षक, किसान, मजदूर, साइंटिस्ट क्यों हो आपको अपनी आंखों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। समय.समय पर जांच करना उचित है। नेत्र चिकित्सा अधिकारी जे कौर विरर्दी ने बताया कि विश्व दृष्टि दिवस पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को आंखों की देखभाल, सुरक्षा, बीमारियों से बचाव ओर मोतियाबिंद प्रकरणों का समय पर आप्रेशन करना है। बीईटीओ स्वास्थ्य सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि इस दौर में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल के अत्यधिक उपयोग ने आंखो की बीमारी लालिमा, सूजन, कम उम्र में पावर वाले चश्मे लगाने की से लोगों को चपेट में लिया है चोंट ओर धुल कंकड से भी आंखों की सुरक्षा जरूरी है। कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास, कुमेश साहू, जैनी रैम्बो, राज लक्ष्मी, देवीला चंद्राकार वेगु गवेल जितेन्द्र पटेल उपस्थित रहे।

## महिला समाज द्वारा सेक्टर-9 हॉस्पिटल में विक्रय केन्द्र शुरु



**भिलाईनगर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय सेक्टर 9 में भिलाई महिला समाज के मसाला इकाई द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय केन्द्र का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ के द्वारा किया गया। यह मसाला आउटलेट भिलाई महिला समाज के मसाला केन्द्र द्वारा उत्पादित उत्पादों का रिटेल यूनिट प्रति सप्ताह सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक खोला जायेगा। भिलाई महिला समाज का तीसरा आउटलेट रिटेल मसाला यूनिट विक्रेय केन्द्र है। इनका पहला आउटलेट रिटेल मसाला यूनिट विक्रय केंद्र वूलन मार्केट एवं बिजली ऑफिस, रेलवे क्रासिंग के पास, में तथा दूसरा आउटलेट रिटेल मसाला यूनिट विक्रय केंद्र इस्पात भवन में है। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को जीवन-यापन के लिए सम्मान जनक मदद के साथ-साथए मरीजों एवं लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनको शुद्ध मसाले भी उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर अस्पताल के अन्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी, डॉ राजीव पाल और डॉ कौशलेंद्र ठाकुर सहित सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी. डॉ लता देवांगन, महाप्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए मेडिकल शाहिद अहमद, महाप्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए मेंटेनेंस एवं सर्विस, बलवीर सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए, एडमिनिस्ट्रेशन, बी के श्रीवास्तव सहित हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित थे। इनके साथ ही भिलाई महिला समाज की महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सहसचिव श्रीमती सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह.कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपन्विता पाल, सह.प्रभारी मसाला यूनिट, श्रीमती सपना सोनी तथा सह प्रभारी मसाला यूनिट, श्रीमती पूनम प्रियदर्शी उपस्थित थीं। यहाँ भिलाई महिला समाज के अंतर्गत, महिला समूहों द्वारा निर्मित विभिन्न सामग्रियों का विक्रय किया जाता है।

**संयंत्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण**

भिलाईनगर। संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा बसुधैव कुटुंबकम् भारत की भूमिका विषय पर संयंत्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर ने कहा कि हमारी प्राचीन उत्कृष्ट भारतीय परंपरा रही है कि हम विश्व बंधुत्व पारस्परिक सौहार्द और सार्वभौमिक शांति के सिद्धांत का अनुपालन करते रहे हैं। प्रतियोगिता के निर्णायकों में महाप्रबंधक योगेश शास्त्री, महाप्रबंधक नगर सेवाएँ संपदा अमरेश कुमार एवं महाप्रबंधक कार्मिक गैर संकार्य एवं खदान सूरज कुमार सोनी शामिल थे। पुरस्कार विजेता में प्रथम ओसीटी कोक ओवन सोडिया सिद्द, द्वितीय.उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा नेहा रानी तथा तृतीय मास्टर ओसीटी सीएचएम.1 अनिल कुमार अग्रवाल सांत्वना पुरस्कार विजेता रहे। मास्टर ऑपरेटिव सुशांत बुलदेव, ओसीटी आदित्य कुमार एवं ओसीटी दूरसंचार, दुर्गेश वर्मा। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक संपर्क एवं प्रशासन राजभाषा जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

## इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम



भिलाईनगर, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंडियन ताइक्वांडो क्लब के सचिव एवम कोच अनिल कुमार देवांगन ने बताया महात्मा गांधी स्कूल दुर्ग मे जिला सचिव एवम छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के कोषाध्यक्ष राकेश पूरी गोस्वामी के नेतृत्व में ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा के 25 खिलाडियों ने हिस्सा लिया जिसमे 20 खिलाडियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिक्षा में सफलता हासिल किया। जिसमें अलीशा श्रवण, माही वर्मा, डाली साहू, पुरन कोर सोहल, वैभवी पंडा, लीना लहरे, जिज्ञासा यादव, प्रिंस सिंह, विनय मेश्राम, जतिन नायक, करण नायक, तुषार वैष्णव, हिमांशु वैष्णव, समर सिंग, सोमेश राव, हर्ष शिववंशी, अंशुमन मिश्रा, आयुष सिंघ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त कर अपने इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा का नाम रोशन किया।

## व्यय अनुवीक्षण सेल के कंट्रोल रूम के दूरभाष पर दी जा सकती है जानकारी

**बालोद।** विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय के अंतर्गत गठित व्यय अनुवीक्षण सेल में शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष क्रमांक 61 एवं काल सेंटर पूरे समय क्रियाशील रहकर मुस्तैदी के साथ कार्य किया जा रहा है।



# कार्यकर्ता सम्मेलन में गरजे भाजपा नेता, लिया जीत का संकल्प, तीनों प्रत्याशियों ने मांगा समर्थन

**बालोद,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में नवरात्रि के शुभ अवसर पर पूजा अर्चना कर कार्यकर्ताओं ने किया प्रवेश। कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे जिले भर के कार्यकर्ताओं का हुजूम।

विदित हो की छत्तीसगढ़ निर्माण भाजपा के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने किया वहीं बालोद जिले का निर्माण भाजपा शासन काल में मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने बालोद को जिले की सौगात दी। किंतु भाजपा के कार्यकर्ता अपना जिला भाजपा कार्यालय के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने अपने कार्यकाल में एक बड़ी उपलब्धि के रूप में निरंतर प्रयास कर जिला स्तर पर संगठन के कार्यों को करने के लिए सर्व सुविधा युक्त विशाल जिला भाजपा कार्यालय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की लगभग 1 वर्ष में ही जिला भाजपा कार्यालय ने मूर्त रूप ले लिया। सुसज्जित कार्यालय में नवरात्रि के अवसर पर पूजा अर्चना कर प्रवेश भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा कार्यालय में प्रवेश कर पहला कार्यक्रम विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के तीनों प्रत्याशी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा के क्षेत्रीय सांसद मोहन मांडवी, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन एवं प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता विशिष्ट रूप से उपस्थित हुए। जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पावर ने स्वागत उद्बोधन मे जिला भाजपा कार्यालय भवन की आवश्यकता एवं निर्माण से जुड़ी बातों को रखा। उन्होंने तीनों प्रत्याशियों के लिए सभी कार्यकर्ताओं को कमर कस कर विजय श्री दिलाने पार्टी के पक्ष में एक.एक वोट दिलाने का संकल्प दिलाया। प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा' कि छत्तीसगढ़ में 16 लाख मकान के पैसे मोदी ने भेजी मुख्यमंत्री बघेल ने नहीं बनने दिया क्योंकि मोदी का नाम होगा 64 लाख लोगों को आवास को नहीं बनने दिया 36 वादे करके आए कांग्रेस सरकार के मंत्री टि एस सिंहदेव ने स्वयं कहा था कि हम धोषणा पत्र के 12 वादे को भी नहीं निभा पाए हैं शराबबंदी का वादा कर शक्ति की आराधना के पर्व पर मातृशक्ति को ठगने का काम भूपेश बघेल की सरकार ने किया है महिला होते हुए भी प्रदेश प्रभारी शैलजा कहती हैं कि शराब बंदी नहीं हो सकती छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की नीतियों से नई पीढ़ी बर्बाद हो रही है। चावल घोटाला कर रसोई से 5 हजार करोड़ का चावल चुराने वाली बघेल सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता ने नकार दिया है अब भाजपा की सरकार बनना तय है।

बालोद विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राकेश यादव' ने सभी कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद मांगा कहा कि एक एक कार्यकर्ता प्रत्याशी बनाकर बूथ पर भाजपा के समर्थन के लिए कार्य में चुट जाए। हम विश्व के सबसे बड़े पार्टी के कार्यकर्ता हैं। हमने जनहित में सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाई है। हमने शराबबंदी के लिए धरना प्रदर्शन किया है। बेरोजगारी को लेकर आंदोलन किया है। 19 माह की आपातकाल में जनसंघ से लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को हिला नहीं पाए। भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर' ने कहा कि मां दंतेश्वरी मैया के आशीर्वाद से परिवर्तन यात्रा भाजपा ने आरंभ की थी। आज संयोग से नवरात्रि पर बंजारी मैया की धरती पर कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया है। यहां के विधायकों ने केवल अपना विकास किया है। क्षेत्र की जनता की स्थिति बदबद से बत्तर है। भेड़िया परिवार ने गरीब आदिवासियों के खून चूसने का काम किया है। कांग्रेस के विधायक केवल भ्रष्टाचार में संलिप्त रहे हैं। 5 वर्षों तक जनता की शुध लेने का इन्हें मौका नहीं मिला। गुण्डरदेही विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू ने कार्यकर्ताओं से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने बुथ से एक एक कार्यकर्ता तैयार रहे। गांव में अवैध शराब बेचने वाली यह सरकार यहां के विधायक सेवा कम दुकान खोलकर अधिक बैठ गए हैं। से कम पर काम स्वीकृत नहीं करते सभी कार्यकर्ता इस सभा से विजय का संकल्प लेकर जाएं।

# बेमेतरा पुलिस की अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

**बेमेतरा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 16.10.2023 को थाना बेरला में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने करने हेतु ले जाने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी रमेश साहू पिता पूनाराम साहू उम्र 65 साल साकिन पांहदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के कब्जे से 40 पौवा देशी मसाला शराब (7200द्वद्य), किमती 4,400/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक सुखेलाल बंजारे, आरक्षक सुरेन्द्र जांगडे, प्रितेश महिलांग, तुका राम निषाद एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।



इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 01 प्रकरण दर्ज कर 01 आरोपी विनोद ढीमर पिता अशोक ढीमर उम्र 37 साल साकिन वार्ड नं. 13 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब (3960द्वद्य), किमती 2,420/- रूपये व बिक्री रकम 350/- रूपये कुल जुमला 2,770/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को थाना नवागढ में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 02 प्रकरण दर्ज कर 02 आरोपियों 1. आर्यन ध्रुव पिता बेदराम ध्रुव उम्र 22 साल साकिन मुंगेली थाना चंदनू जिला बेमेतरा, 2. रमेश जांगडे पिता रामशरण जांगडे उम्र 41 साल साकिन भैसामुडा थाना नवागढ जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों के कब्जे से 39 पौवा देशी प्लेन/मसाल शराब (7020द्वद्य), किमती 3,720/- रूपये व बिक्री रकम 700/- रूपये कुल जुमला 4,420/- रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को थाना बेमेतरा, चंदनू, साजा में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का कुल 04 प्रकरण में 04 आरोपियो के विरूद्ध धारा 36(च) एवं धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत यातायात बेमेतरा 10 चालान में 10 व्यक्ति, थाना नांदघाट 03 चालान में 03 व्यक्ति, थाना दाढी 04 चालान में 04 व्यक्ति, थाना साजा 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना परपोडी 17 चालान में 17 व्यक्ति, थाना चंदनू 01 चालान में 01 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी देवकर 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी मारो 03 चालान में 03 व्यक्ति, चौकी कंडरका 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 01 चालान में 01 व्यक्ति, कुल 59 चालान में 59 वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 59 प्रकरण में कुल 18,100 /- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में दिनांक 16.10.2023 को बेमेतरा जिले के समस्त थाना/चौकी के द्वारा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 05 प्रकरण में 05 व्यक्ति, थाना नवागढ 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 03 प्रकरण में 03 व्यक्ति, थाना दाढी 05 प्रकरण में 05 व्यक्ति, थाना साजा 02 प्रकरण में 04 व्यक्ति, थाना परपोडी 02 प्रकरण में 04 व्यक्ति, ।

## कमरौद में सर्व आदिवासी समाज ने किया देवगुड़ी की स्थापना

**बालोद,** 17 अक्टूबर। ग्राम कमरौद में सर्व आदिवासी समाज के समस्त पदाधिकारी व समस्त आदिवासी समाज के तत्वाधान में देवगुड़ी की स्थापना आदिवासी रीतिरिवाज के साथ गायता पूजेरी दुष्यंत ओटी ग्राम खेरवाही के द्वारा गोड़ी रीतिरिवाज के साथ किया गया। इस पूजा अर्चना कार्यक्रम में ग्राम के बच्चों द्वारा लापाट की प्रस्तुति की गई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चमेली खिलांद पटेल सरपंच ग्राम पंचायत कमरौद व समस्त पंचगण व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें। सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष केश कुमार ठाकुर उपाध्यक्ष दयालु राम कंवर सचिव राजेंद्र कुमार सेदैय्या कोषाध्यक्ष खिलांद भावसार्य सदस्य अशोक कुमार कंवर उग्रसेन चुरेन्द्र गंभीर चुरेन्द्र डामन लाल कंवर टेकसिंह ठाकुर भिखम सिंह कंवर अनेश्वर कुमार कंवर महेश मंडावी महेन्द्र कुमार पिस्दा मुरारी कुमार गोरे आदि का विशेष सहयोग रहा।

## पुलिस ने डीजे साउण्ड सीस्टम व वाहन को किया जप्त

**बालोद,** 17 अक्टूबर। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन पर कोलाहल अधिनियम का उल्लधन करने वालो के विरूद्ध गाईड़ लाईन के अनुसार पालन करने हेतु निर्देषित करने पर थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविषंकर पाण्डये के द्वारा सोमवार को पीकप वाहन क्रमांक सी.जी 24 टी 5639 में डी.जे साऊड सिस्टम को बांधकर अधिक आवाज में जिला अस्पताल बालोद के पास डी.जे. को बजा रहा है कि सूचना मिलने पर तत्काल मौके में पहुंच कर बालोद पुलिस के द्वारा डी.जे. बजाने वाले कुणल साहू पिता अमरचंद साहू उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्रमांक 27 चंदैनीभाठा राजहरा जिला बालोद के विरूद्ध थाना बालोद में इस्तगासा क्रमांक 01/23 धारा 15 कोलाहल अधिनियम की कार्यावाही किया गया।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईव्हीएम व व्हीव्हीपैट का किया गया प्रथम रेण्डमाईजेशन

**कवर्धा**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे तथा राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थित में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) से सम्बद्ध कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं व्हीव्हीपैट का आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रथम स्तरीय रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन कार्य में विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के लिए नियुक्त जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज बिसेन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक, सहायक नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नभ वर्मा एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अधिकृत इंजिनियर्स द्वारा ईव्हीएम मशीन का प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) किया गया था। उक्त मशीनों की संख्या जिसमें बैलेट यूनिट (बीयू) 1574, कंट्रोल यूनिट 1075, व्हीव्हीपैट 1116 थी। उन मशीनों में से 60-60 मशीने प्रशिक्षण एवं मतदाता के लिए उपयोग किया गया। उन मशीनों को छोड़कर शेष मशीनों में से बैलेट यूनिट 120 प्रतिशत, कंट्रोल यूनिट 120 प्रतिशत और व्हीव्हीपैट 130 प्रतिशत विधानसभावार पृथककर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्रथम स्तरीय रेण्डमाईजेशन किया गया। उक्त सूची के आधार पर ईव्हीएम मशीनों को अलग-अलग कर कबीरधाम जिले के क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया और 72 कवर्धा विधानसभावार मोबाईल एप्प के माध्यम से रखा जाएगा।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक पंडरिया के 393 मतदान केन्द्र के लिए 471 बैलेट यूनिट, 471 कंट्रोल यूनिट तथा 510 व्हीव्हीपैट को सुरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 410 मतदान केन्द्र के लिए 492 बैलेट यूनिट, 492 कंट्रोल यूनिट तथा 533 व्हीव्हीपैट मशीन को सुरक्षित रखा गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2023 की प्रथम चरण 07 नवम्बर को होने वाले निर्वाचन के लिए मतदान का समय निर्धारित हो गया है। निर्धारित समय सारणी के अनुसार कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए मतदान का समय प्रात: 08 बजे से शाम 05 बजे निर्धारित किया गया है।

## सार-संक्षेप

### सवारियों से भरी बोलेरा में लगी आग, बाल-बाल बचे दर्शनार्थी

**बालोद,** 17 अक्टूबर। मंगलवार की दोपहर 12 बजे के आसपास बालोद से डौंडी लोहारा राजनांदगांव मार्ग पर तरौद के पास एक बोलेरो में अचानक आग लग गई। जानकारी अनुसार इस बोलेरो में डोगरगढ़ मां बमलेश्वरी के दर्शन करने गए श्रद्धालु लौट रहे थे। जैसे ही बोलेरो से धुआं निकलना शुरू हुआ ड्राइवर सहित दर्शनार्थी सतर्क हो गए और तत्काल गाड़ी से बाहर निकाल कर अपनी जान बचाए। देखते ही देखते बोलेरो तेज आग की लपटों में आ गया और खाक होने लगा। घटना की भयावह स्थिति को देखते हुए आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को खबर की और रास्ता बंद कराया गया। खबर लिखे जाने तक की स्थिति में अभी भी उक्त बोलेरो काफी जल रहा है पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। आग कैसे लगी अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं घटना में किसी भी व्यक्ति को हताहत नहीं हुआ है। समय रहते बोलेरो में सवार लोगों ने वाहन से उतरकर अपनी जान बचा ली। तो वही आग तेज होने के कारण राहगीरों को आने जाने से मना कर दिया गया। घटना तरौद में अमलीडीह मोड़ के पास हुई है।

# ग्रामीणों व जनपद सदस्य के सहयोग से सीसी सड़क का निर्माण

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 17 अक्टुबर (देशबन्धु)। आदिवासी ब्लाक ग्राम पंचायत अरमुरकसा के नया पारा कला मंच के पास का सीसी रोड पूरे ब्लाक के लिए मिशाल बन गया है जन सहयोग और जनपद सदस्य संजय बैंस के सहयोग से शानदार सीसी रोड का निर्माण किया गया है। मोहल्ले वासियों के मांग था की हमारे कला मंच के सामने पूरा सीसी सड़क बने हमे धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम करने के एक मात्र यही जगह बरसात के दिनों में कीचड़ और गर्मी के दिनों में धूल से भरा रहता था कला मंच के समाने सीसी रोड बनने से हम मोहल्ले वासियों को एक धरोहर मिल जाएगा मोहल्ले के लोगो की बात पर जनपद सदस्य संजय बैंस ने अपने जनपद निधि से दो लाख रुपए दिए पर इतनी राशि पर सीसी सड़क का निर्माण होना मुश्किल था और ग्रामीण जन पूरे जगह पर सीसी सड़क बनाना चाहते थे। ग्रामीणों के तरफ से कहा गया की हम श्रम दान करेंगे और एक रुपए भी हम मजदूरी नहीं लेंगे जनपद सदस्य संजय बैंस ने भी मोहल्ले वासियों की गांव की प्रति अपनी जिम्मेदारी देख खुशी से कहा की आप लोगों का और मेरे सपना भी एक है, क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। आप सभी से एक बात मैं भी कहूंगा अपने निधि के अलावा और जितने सी सी सड़क में सामग्री आवश्यकता होगी उसे मैं अपने स्वयं के खर्चे से करूंगा। और उन्होने कहा की ग्राम विकास में कोई छोटा बड़ नही होता सबके सहयोग एकजूटता से समस्या का निराकरण होता है। मैं भी आपके साथ अपना भी श्रम दान करूंगासाथ ही यह भी कहा की आप सी ग्रामवासियों को बधाई देता हू की मुझे आप सभी ग्रामिणों का आशीर्वाद निरंतर मिल रहा है,और यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मोहल्ले वासियों की अथक मेहनत और संजय बैंस के सहयोग से शानदार सीसी रोड सड़क का निर्माण किया गया। अरमुरकसा निवासी हलधर गोरे मुन्ना ने बताया की हम लोगो ने अपनी समस्या हमारे जनपद सदस्य के पास रखा और बड़ी समस्या का निराकरण तुरंत किए हमारी बातों को रखते हुए अपने निधि के अतिरिक्त पचास हजार रुपए करीब अपने स्वयं से भी निर्वाह किए है। जिसके लिए हम सभी गांववासी जनपद सदस्य बैस के आभारी है और पूरा मोहल्ला भी आभारी रहेगा। इस निर्माण कार्य में श्रम दान करने वाले संतानु मात्रे रमेश लेडिया चमेली नायक खेमीन निर्मलकर नीता रावटे सुहाता रावटे दुर्गा रावटे कुमारी गोरे मनोज लेडिया बेद राम रावटे जागृत राम लेडिया मेहर सिंग लेडिया हिरामन लेडिया एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



# पंडरिया व कवर्धा विस क्षेत्र के लिए अब तक कुल 40 नाम निर्देशन पत्र वितरण

**कवर्धा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए कार्यक्रम जारी होने के बाद 13 अक्टूबर से नमांकन फार्म लेने और जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम निर्देशन के तीसरे दिवस आज 17 नवम्बर को विधानसभा-71 पंडरिया के लिए 09 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए 05 नाम निर्देशन पत्र इस तरह से कुल 14 नाम निर्देशन पत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लिया गया है। इसके पूर्व पहले और दूसरे दिन विधानसभा-71 पंडरिया के लिए 12 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए 14 नाम निर्देशन पत्र इस तरह से कुल 26 नाम निर्देशन पत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लिया गया था। इन तीनों दिनों में दोनो विधानसभा से कुल 40 नाम निर्देशन पत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के द्वारा लिया गया है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आज विधानसभा-71 पंडरिया के लिए 09 नाम निर्देशन पत्र का वितरण किया गया है। नाम निर्देशन पत्र लेने वाले उम्मीदवार में नीलकंठ चंद्रवंशी, श्रीमती मीनाबाई चंद्रवंशी, श्रीमती भावना बोहरा, संदीप तिवारी, सत्यप्रकाश बौद्ध, प्रदीप केंवट, अनिल कुमार नौरंग, श्रीमती चमेली कुर्रे और गोपाल साहू शामिल है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 कवर्धा के लिए 05 नाम निर्देशन पत्र का वितरण किया गया है। नाम निर्देशन पत्र लेने वाले उम्मीदवार में बृजलाल देवांगन, लक्ष्मी सत्यवंशी, श्री विपिन साहू, आशीष चंद्रवंशी, श्रीमती आकांक्षा सिंह शामिल है।भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की अधिसूचना अनुसार छत्तीसगढ़ में दो चरणों में निर्वाचन होगा। पहले चरण में होने वाले निर्वाचन में कबीरधाम जिले के विधानसभा-71 पंडरिया एवं 72 कवर्धा शामिल है। नाम निर्देशन पत्र का वितरण 13 अक्टूबर से शुरू हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, नामांकन पत्र की संवीक्षा 21 अक्टूबर, नामांकन पत्र की वापसी 23 अक्टूबर, मतदान की तिथि 07 नवंबर और मतगणना की तिथि 03 दिसंबर 2023 निर्धारित है।

**विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा आज 14 नाम निर्देशन पत्र लिया गया**

## निधन

### अशोक पारख



**रायपुर,** 17 अक्टूबर। स्व. मंगलचंद जी पारख (गंडई वाले) के सुपुत्र अशोक पारख (गंडई वाले) चौबे कालोनी निवासी उम्र 68 वर्ष का निधन 17 अक्टूबर को हो गया है। वे डॉ. प्रकाश (कुवैत), उदयराज पारख के भाई, स्व. कमलचंद जी सुराना (बहनोई) एवं देवीचंद जी लूनिया के साले, मेहूल (पुत्र), सौरभ, रोहित, शैनिक (भतीजे) और सौ. रोली बरडिया (पुत्री), राहुल जी बरडिया (दामाद), सौ. रिजु (भतीजी), सिद्धार्थ जी (दामाद) व स्व.पारसमल, शिवराज, धरमचंद, स्व. प्रकाश, अशोक भंसाली के दामाद, जयंती भंसाली के फुफा थे। उनका मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

### कु. शीतला तिवारी



**रायपुर,** 17 अक्टूबर। काशीराम नगर निवासी कु. शीतला तिवारी लिपिक रिकॉर्ड रूम कलेक्टर रायपुर, का लाइफ बर्थ में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन का राजस्व संघर्ष समिति के संरक्षक विजय कुमार झा एवं अध्यक्ष श्रीमती शीला बैस, सचिव विजय कुमार डागा, प्रदीप उपाध्याय, राधिका यदु आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। कलेक्ट्रेट परिवार द्वारा मृत आत्मा को 2 मिनट मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## प्रादेशिकी का शेष...

### यूजीसी के नये नियमों से ...

जाने वाली मेरिट सूची में परीक्षार्थी के पीएचडी प्रवेश परीक्षा के कुल प्राप्तांकों में से 70 प्रतिशत् अंक जोड़े जायेंगे तथा शेष 30 प्रतिशत् अंक परीक्षार्थी द्वारा दिये गये साक्षात्कार पर आधारित होंगे। वि.वि. में उपलब्ध पीएचडी की रिक्त सीटों के आधार पर ही विश्वविद्यालय सीमित संख्या में परीक्षार्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करेगा।

वि.वि. पीएचडी सेल प्रभारी, डॉ. प्रीता लाल ने बताया कि वि.वि. में यूजीसी के द्वारा 7 नवंबर 2022 को प्रकाशित असाधारण राजपत्र में उल्लेखित नियमों का पालन करने की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में कार्यपरिषद् के अनुमोदन के पश्चात् वि.वि. के पीएचडी अधिनियम 45 में संषोधन करने हेतु वि.वि. छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग तथा राजभवन को आवश्यक दस्तावेज भेजेगा। राज्यपाल द्वारा अनुमोदन के पश्चात् वि.वि. यूजीसी के राजपत्र के अनुसार अपने अधिनियम में संशोधन करेगा। पीएचडी प्रवेष परीक्षा हेतु नवंबर माह में विस्तृत अधिसूचना वि.वि. की अधिकृत वेबसाइट पर जारी कर दी जायेगी।



**देवरी बंगला।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर जय बजरंग दुर्गोत्सव समिति व ग्रामवासियों द्वारा गायत्री मंदिर परिसर देवरी बंगला में मां अंबे की भव्य प्रतिमा व ज्योति कलश की स्थापना की गई है प्रतिदिन माता सेवा की जा रही है दर्शनार्थियो, श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों की उमड़ती भीड़ से चहल-पहल का वातावरण बना रहता है।


### केंद्रीय गृहमंत्री का स्वागत



**डोंगरगढ़,** 17 अक्टूबर। भाजपा के नामांकन रैली में पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का विधानसभा संयोजक हरविंदर सिंह मंगे ने गुलदस्ता भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य घंमन साहू, वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, चंद्रिका दढसेना, रामेश्वर रामटेके सहित अन्य उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि

**देवकर,** 17 अक्टूबर। धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व, पंडालों में हो रहे जस गीत.नगर में सजा है माता का दरबार नगर मे नवरात्रि को लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा है वही नगर के जगह जगह माँ दुर्गा विराजमान है मातारानी के दर्शन के लिए पहले दिन से ही जन सैलाब उमड़ पड़ा शारदीय नवरात्रि को लेकर को लेकर नगर मे काफी उत्शाह देखा जा रहा है वही नगर देवकर मुख्य रूप से न्यू बस स्टैंड ,मां महामाया मंदिर ,तिरंगा चौक ,मां संतोषी मंदिर ,देंवागन पारा सुभाष चौक कंडरा पारा माता मंदिर, दुर्गोउत्सव समिति इन सब जगहों मे माँ दुर्गा विराजमान है नवरात्रि के इस पावन अवसर पर सभी दुर्गा पुजा समिति के लोग यादगार बनाने के लिए लगे है वही सभी जगहों मे लाइटिंग, आकर्षक पंडाल बनाकर एक रूप दिया है खासकर नगर मे नवरात्रि को लेकर काफी उत्साह है, ग्रामीण अंचल के लोग दूर दूर से माँ दुर्गा का दर्शन करने आ रहे है ।







**कवर्धा** 17 अक्टूबर। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72 से मोहम्मद अकबर/अकबर भाई (इंडियन नेशनल कांग्रेस) ने आज मंगलवार को विधानसभा सदस्य के लिए नामांकन (नाम-निर्देशन) फार्म प्रस्तुत किया। उन्होंने यह नामांकन फार्म कवर्धा रिटर्निंग आफिसर पीसी कोरी के समक्ष प्रस्तुत किया। कवर्धा विधानसभा क्षेत्र से आज पहला नाम-निर्देशन पत्र दाखिल हुआ है। इस अवसर पर उनके चार प्रस्थापक उपस्थित थे। इसके बाद स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में श्री सच्चिदानंद कौशिक ने नामांकन (नाम-निर्देशन) फार्म प्रस्तुत किया।

# कलेक्टर ने ली निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की बैठक

- शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हो संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया
- स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए माकूल इंतजाम रहे
- मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं हो यह सुनिश्चित करें



**बेमेतरा** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पदुम सिंह एल्मा ने आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 की अब तक की तैयारियों की बारी-बारी से समीक्षा की। विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े समस्त नोडल अधिकारियों, स्वीप कोर समिति, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए। मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जिले के मतदान केंद्रों में अधोसंरचना से जुड़े कार्यों के अलावा मतदान दलों के लिए भोजन व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत एवं शौचालय आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री एल्मा ने कहा कि जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार अपनी सभी तैयारी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर एल्मा ने कहा कि संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से होनी चाहिये। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए माकूल इंतजाम रहे। अधिकारी लगातार भ्रमण करें और आवश्यकता के अनुरूप सक्रियता व तत्परता से तत्काल कार्रवाई करें।उन्होंने रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सेक्टर अधिकारियों को मतदान केंद्रों का वास्तविक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। प्रत्येक मतदान केन्द्रों में सेक्टर अधिकारी एवं तहसीलदार निरीक्षण कर रेम्प, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था एवं पंखा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत एवं ज़िला स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, श्री सी.एल मार्कण्डेय अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह, युगल, विश्वास राव मस्के, भूपेन्द्र जोशी जनपद सीईओ, तहसीलदार, सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्री एल्मा ने मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री वापसी की तैयारियों के बारे में जानकारी ली। मतदान दलों को मतदान केंद्र तक सुरक्षित पहुँचाने तथा वापसी हेतु रूट चार्ट का निर्धारण की भी समीक्षा की तथा इसके लिए उन्होंने नोडल अधिकारी को समय रहते कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि चौक लिस्ट के अनुसार मतदान सामग्री का मिलान पर ज़ोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि कम्युनिकेशन प्लान मजबूत होना चाहिये। जिन मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग होना है मतदान केंद्रों में नेटवर्क जांच एव जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए रूट चार्ट के संबंधी जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि रूट चार्ट, नोडल अधिकारियों वाहन के ड्राइवर एवं क्लीनर्स के मोबाइल नम्बर की जानकारी रहना चाहिये। मतपेटी सुरक्षित रहे एवं मतदान पश्चात जमा की जाने वाली सामग्री एवं प्रपत्रों की जानकारी व्यवस्थित ढंग से प्रस्तुत की जाये। उन्होंने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम गतिविधियों की जानकारी भी ली। बैठक में बताया गया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम निरंतर संचालित किया जा रहा है। सेंस गतिविधियां लगातार जारी हैं। उन्होंने कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कलेक्टर ने क्रिटिकल मतदान केन्द्रों, सम्पत्ति विरूपण, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन के मामलों में की गई कार्रवाई की जानकारी ली।

ई.व्ही.एम. को लाने ले जाने के लिए निर्धारित रूट, सीसीटीवी कैमरा आदि सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन संबंधी सभी कार्यों को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व अमला को मतदान केन्द्र भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं अपडेट रखने के निर्देश दिए।

# असम मुख्यमंत्री की उपस्थिति में आज होगी भाजपा की जनसभा और नामांकन

**कवर्धा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के कवर्धा विधानसभा प्रत्याशी विजय शर्मा आज पूरे विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ एक रैली के रूप में कलेक्ट्रेट जाकर अपना नामांकन करेंगे. नामांकन रैली के पहले पुराना मंडी परिसर में दोपहर 12 बजे कार्यकर्ताओं की एक विशाल सभा होगी जिसे असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा संबोधित करेंगे.





भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने बताया कि पूरे कवर्धा विधानसभा में उत्साह का वातावरण है और इसी उत्साहपूर्ण वातावरण में आज हमारे प्रत्याशी विजय शर्मा का नामांकन हो रहा है. इसीलिए कार्यकर्ताओं के एकत्रीकरण के लिए पुराना मंडी परिसर को चुना गया है. जहां उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रदेश एवम जिले के नेताओं के साथ साथ असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा भी संबोधित करेंगे. जिनके आगमन की खबर मात्र से ही पूरी कवर्धा विधानसभा के कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हो गया है. असम जैसे राजनैतिक रूप से कठिन प्रदेश में भाजपा की जीत का परचम लहराने वाले श्री सरमा का यह पहला कवर्धा आगमन है. उनके इस दौरे और जन सभा की पूरी तैयारियां का ली गई हैं. जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने कवर्धा विधानसभा के भारतीय जनता पार्टी के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के इस जनसभा और नामांकन रैली में शामिल होने का अनुरोध किया है.

# विधानसभा निर्वाचन रूट चार्ट अनुसार वाहन प्रभारियों की बैठक



**बेमेतरा** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपर कलेक्टर श्री सी.एल. मार्कण्डेय ने आज यहां जिला पंचायत में विधानसभा सामान्य निर्वाचन रूट चार्ट अनुसार वाहन प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में एसडीएम बेरला युगल किशोर उर्वशा डिप्टी कलेक्टर सुश्री पिंकी मनहर ज़िला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत सभी सीईओ जनपद और वाहन प्रभारी उपस्थित रहे।

मतदान सामग्री वितरण व वापसी की तैयारी, रूट चार्ट के वाहनों में नंबरिंग, वाहनों के लिए आवश्यक पेट्रोल/ डीजल प्रदाय करने, कम्युनिकेशन प्लान आदि के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिये। श्री मार्कण्डेय ने कहा वाहन मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ तय रूट चार्ट अनुसार ही जायेंगी और वापस आयेंगी। वाहन की कमी पेशी को समय रहते दुरुस्त करें अभी पर्याप्त समय है। उन्होंने ज़िला परिवहन अधिकारी और उपस्थित वाहन प्रभारियों को कहा कि आप सभी वाहन चालक आदि का मोबाइल नंबर एक दूसरे को मोबाइल में सेव कर रखें। बैठक में उन्होंने सभी वाहन प्रभारी कों निर्देश दिए की चुनाव के एक दिन पहले यानि 16 नवम्बर कों सभी प्रभारी कृषि उपज मंडी में प्रात: 6 बजे अनिवार्य रुओ से पहुंचना होगा, जिससे सामग्री का वितरण करने में आसानी जाएगी, और सभी वाहन अधिकारी अपने अपने वाहन क्रमांक का पता करके उन्हें किस रुट में जाना ही ये सुनिश्चित करेंगे। अपर कलेक्टर नें सभी प्रभारी कों कहा की निर्वाचन कार्य में कोई भीं लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी और सभी अपने कार्ययोजना के अनुरूप समय पर सभी कार्य बिना किसी त्रुटि के सम्पन्न करेंगे।

# संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत जिले भर में 22000 से अधिक बैनर, पोस्टर और वॉल राइटिंग हटाए गए

**बेमेतरा** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 बीते 9 अक्टूबर को भारत सरकार निर्वाचन आयोग की घोषणा की बाद से ही पूरे जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के बाद संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सार्वजनिक और निजी संपत्तियों से आज 17 अक्टूबर तक 18314 वॉल राइटिंग, पोस्टर, होडिंग,बैनर इत्यादि हटाने की कार्यवाही की गई हैं। सरकारी, सार्वजनिक संपत्तियों से 15797 और निजी संपत्तियों से 2517 प्रचार सामग्रियाँ हटाने की कार्यवाही की गई है।



भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा बीते 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 की घोषणा के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के सभी रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत चिन्हांकित किए गए जगहों से प्रचार-प्रसार सामग्री हटाने की तुरंत कार्रवाई की गयी हैं।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं एमसीसी नोडल डॉ अनिल बाजपेयी ने बताया कि आज मंगलवार 17 अक्टूबर तक 22475 सार्वजनिक संपत्तियों और निजी संपत्तियों से हटाये गये है। इनमें 15797 सार्वजनिक संपत्तियों से और 6778 प्रकरण निजी संपत्तियों से संबंधित हैं। अधिनियम के तहत जिले भर में अब तक सार्वजनिक संपत्तियों से 6028 वॉल राइटिंग, 5363 पोस्टर, 2176 बैनर और 2230 अन्य प्रचार सामग्रियों हटाई गयी।इसी प्रकार निजी संपत्तियों से 4637 वॉल राइटिंग, 1236 पोस्टर, 631 बैनर और 234 अन्य प्रचार सामग्रियों हटाई गयी।

जिले में धारा 144 लागू है। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी शस्त्रधारियों को संबंधित थाने में शस्त्र जमा किए गए है। डॉ बाजपेयी ने बताया कि निर्वाचन संपन्न होने तक जिले में धारा 144 प्रभावशील रहेगी। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान या सड़क पर लेकर नहीं चल सकेगा। राजनीतिक दल या अभ्यर्थी शस्त्र के साथ जुलूस नहीं निकाल सकेंगे। आपत्तिजनक पोस्टर बांटने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

# बेतर उमरिया चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान 83 हजार जप्त



**बेमेतरा** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने पुलिस चौकी खण्डसरा क्षेत्रांतर्गत बेतर उमरिया चौक स्थित नाका/चेक पोस्ट का निरीक्षण कर वहां पर तैनात पुलिस जवानों एवं अधिकारियों को जिलों के सीमाओं में प्रवेश करने वाले वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन चेकिंग करने व जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया हेतु हमेशा सतर्क एवं सुरक्षित डयूटी करने के संबंध में हिदायत तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश दिये।

बेमेतरा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर स्वतंत्र, निष्पक्ष, शान्ति पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ निर्वाचन कार्य संपादित करने के लिए बनाई गई स्स्ञ निगरानी टीम ने पुलिस चौकी खण्डसरा क्षेत्रांतर्गत बेमेतरा कवर्धा मार्ग पर स्थित बेतर उमरिया चेक पोस्ट/बैरियर पर कार्यवाही की गई है। स्स्ञ निगरानी टीम ने बेमेतरा कवर्धा मार्ग बेतर उमरिया चेक पोस्ट/नाका पर आई 10 वाहन क्रमांक ष्टत्र 04 ह्रङ्ग 9501में जांच के दौरान 83 हजार रूपये नगद जप्त किया गया है। वाहन चालक प्रांजल शर्मा, वाहन चालक के अलावा अवधेश कुमार शर्मा बैठे हुए थे। उनसे ही उक्त रकम नगद जप्त किया गया है। साथ ही सघन वाहन चेकिंग के दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 चालान में 17 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी करवाई किया गया है।

इस दौरान अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप निरी. परवासी यादव, सहायक उप निरीक्षक गुहाराम वारे, स्स्ञ निगरानी टीम ऋश्वह्र संजय मानिकपुरी, प्रधान आर. नरेंद्र मनहर, आर. देवेन्द्र टंडन, ऐश्वर्या सिन्हा एवं अन्य अधि./कर्म. उपस्थित रहे।

# वाहनो में पद नाम लगाकर घूमने वालो के ऊपर पुलिस कर रही कार्यवाही



- अवैध रूप से उगाही करने वाले गुण्डा किस्म का आरोपी गिरफ्तार
- गिरफ्तारी के डर से लंबे समय से फरार था
- क्षेत्र मे अशांति फैलाने वालो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी

**खैरागढ़**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता लगने के बाद केसीजी पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। साल्हेवारा पुलिस के द्वारा गाड़ी में नेम प्लेट लगाकर चलने वालो के ऊपर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिले के एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में एएसपी नेहा पाण्डे व एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के मार्गदर्शन में 16 अक्टूबर को थाना साल्हेवारा पुलिस के द्वारा धारा 294, 506, 327 भारतीय दण्ड संहिता की धारा के तहत फरार आरोपी गंभीरदास मानिकपुरी पिता नैनदास उम्र 32 वर्ष निवासी साल्हेवारा पुलिस के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी के डर से आरोपी फरार चल रहा था। अग्रिम जमानत के लिए न्यायालय मे आवेदन करने पर अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय के द्वारा आरोपी का अग्रिम जमानत खारिज किया गया है। 16 अक्टूबर को साल्हेवारा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर आरोपी गंभीरदास को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के द्वारा आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। थाना साल्हेवारा पुलिस के द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से वाहन चालाने वाले चालको पर मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है। 16 अक्टूबर को कुल 21 वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर शुल्क 6300 रूपये वसूला गया। मोटर व्हीकल कार्यवाही के दौरान नंबर प्लेट के अतिरिक्त पद नाम (प्रदेश अध्यक्ष किसान कल्याण संघ छ.ग) की लाल पट्टी लगाकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर पट्टी हटवाई गई क्षेत्र मे अशांति फैलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध 02 प्रकरण में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर धारा 107,116(3) जाफौ के तहत कार्यवाही किया गया है। थाना साल्हेवारा पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# 5 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## स्थायी वारंटी को भेजा जेल



**खैरागढ़**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के एसपी अंकिता शर्मा अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन में एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी गंडई निरीक्षक शिव शंकर गेंदले के नेतृत्व में प्रआर सुन्दरू राम चन्द्रवंशी, आरक्षक अर्जुन वर्मा, नारायण पात्रे, के द्वारा 17 अक्टूबर को गंडई पुलिस ने धारा 279, 337, 338, 304(ए) भादवि 146/196 एम.व्ही एक्ट के तहत 05 साल से फरार स्थायी वारंटी आदर्श श्रीवास्तव पिता दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव उम्र 28 वर्ष निवासी वार्ड नं. 45 तेलीबांधा रायपुर थाना तेलीबांधा जिला रायपुर छ.ग.को 17 अक्टूबर को सूचना मिला कि उक्त स्थायी वारंटी अपना अलग-अलग स्थान बदल कर जिला रायपुर के आसपास क्षेत्र में निवास कर रहा है। एवं वहां से भी भागने के फिराक में था। सूचना के आधार पर थाना से तत्काल टीम तैयार कर तेलीबांधा रायपुर पहुचकर स्थायी वारंटी को घेराबंदी कर पकडा गया एवं थाना लाकर न्यायालय में 17 अक्टूबर को पेश किया गया। थाना गंडई के अन्य फरार स्थायी वारंटी व गिरफ्तारी वारंटीयों की पता तलाश की कार्यवाही लगातार जारी है।

# महाविद्यालय में रेड क्लब द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



- डॉ जाना एचआईवी पर विद्यार्थियों से की चर्चा जिज्ञासाओं का किया समाधान
- डॉ सरिता स्वामी क्लब की आगमी गतिविधियों की दी जानकारी,आभार व्यक्त किया

**दल्लीराजहरा,** 17अक्टुबर (देशबन्धु)। नगर के शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार वी. के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम के तहत, प्रथम वार्षिक उन्मुखीकरण एवं संवेदीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. एस. जाना, वरिष्ठ चिकित्सक शहीद हॉस्पिटल दल्लीराजहरा रहे। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं रेड रिबन के सदस्य विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अरुण कुमार ने एचआईवी पर जागरूकता अभियान चलाए जाने के महत्व पर प्रकाश डाला, तत्पश्चात डॉ. एस. जाना ने एड्स से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा व विद्यार्थियों से संवाद किया।चर्चा के दौरान उन्होंने एचआईवी संक्रमण के विभिन्न कारणों, इसकी जांच, उपचार व द्वितीयक संक्रमण इत्यादि विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया, इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा रोचक सवाल भी किए गए जैसे एचआईवी कैसे शरीर को संक्रमित करता है, इसकी जांच कब और कहां कराई जा सकती है, क्या साथ खाना खाने से एचआईवी फैल सकता है, सभी सवालों पर डॉ. जाना ने चर्चा की तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गुप्ता ने किया तथा रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ. सरिता स्वामी ने क्लब की आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया, इस कार्यक्रम में डॉ. दीपांकन जाना(सर्जन), साक्षी गुप्ता शहीद अस्पताल दल्ली राजहरा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ. ए. जॉन, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, राजेश ठाकुर, किशोर पटेल, दिनेश मखीजा, शिकलेश नुरूति, रविंद्र टंडन, योगेश साहू, मोहनलाल एवं कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।

# केसीजी जिले को मिला हाईवे पेट्रोलिंग वाहन की सौगात

- एसपी ने हाईवे पेट्रोलिंग वाहन हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खैरागढ़,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम नागरिकों की सुविधा के जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई को एक नया हाईवे पेट्रोलिंग मिल गया है। पुलिस सहायता उपलब्ध कराने सुविधाओं में इजाफा करते हुए जिले की एसपी अंकिता शर्मा ने 17 अक्टूबर को एसपी कार्यालय खैरागढ़ से हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। हाईवे पेट्रोलिंग वाहन लगातार 24 घंटे सातों दिन खैरागढ़ से गंडई मार्ग पर पेट्रोलिंग करते आम जनता को दिखाई देगी जो आम जनों को सड़क दुर्घटना मेडिकल इमरजेंसी यातायात व्यवस्था, आपातकालीन स्थिति में अपराध करके फरार हो रहे अपराधियों को धरपकड़ करने में भी सहायक साबित होगा। एसपी अंकिता शर्मा ने हाईवे पेट्रोलिंग वाहन में पदस्थ स्टाफ को आम जनों से अच्छा व्यवहार करते हुए उनको त्वरित सहायता प्रदान करने का निर्देश देते हुए हाईवे पेट्रोलिंग वाहन की पूजा अर्चना कर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए जिले के सभी आम जनों को बधाई दी है। इस दौरान पुलिस विभाग के एएसपी नेहा पांडे, एसडीओपी खैरागढ़ लालचंद मोहले, देवा राजू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता यदि ठान ले तो विधानसभा चुनाव 50 हजार मतों से जीत के रहेंगे: मोहन मंडावी

**गुण्डरदेही,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी घोषित होते ही भाजपा चुनाव की तैयारी में जुट गई है भाजपा हर हाल मे गुण्डरदेही विधानसभा जीतने की रणनीति बना रही है इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी जा रही है मंगलवार को धमतरी चौक गुण्डरदेही मे चुनाव कार्यालय का शुभारंभ व कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था जिसमे गुण्डरदेही अर्जुन्दा व खेरथा मंडल मंडल के हजारो पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या मे शामिल हुए



## कांग्रेस सरकार व स्थानीय विधायक कमीशनखोरी मे व्यस्त

कार्यक्रम मे सांसद मोहन मंडावी कृष्णा कुमार ॠषि केन्द्रीय प्रभारी रविन्द्र राय प्रभारी दुर्ग संभाग जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार दीपक ताराचंद साहू व जिला के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे सांसद मोहन मंडावी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि गुण्डरदेही विधानसभा के कार्यकर्ता यदि ठान ले तो विधानसभा चुनाव 50 हजार मतों से जीत के रहेंगे और आने वाले समय मे एक बार फिर भाजपा की जीत के साथ नया इतिहास बनेगा कृष्णा कुमार ॠषि ने वर्तमान कांग्रेस सरकार व स्थानीय विधायक पर जमकर हमला बोला कहा कि कांग्रेस सरकार व स्थानीय विधायक कमीशनखोरी मे व्यस्त है सरकार के संरक्षण मे गांव गांव मे शराब बिक रही है प्रधानमंत्री आवास योजना को रोक के रखा है केन्द्र सरकार की रोजगार गारंटी योजना के पैसे को कांग्रेस सरकार गौठान मे लगाया जा रहा है रविन्द्र राय ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल मे जितना विकास हुआ है उतना कांग्रेस के सरकार मे नही हुई है हमे चुनाव दमदारी से लड़ना है बुथ जीते तो विधानसभा जीतेंगे भाजपा प्रत्याशी विरेन्द्र साहू ने सभी कार्यकर्ताओ से हाथ जोड़कर भाजपा के पक्ष मे सहयोग मांगा उन्होंने बुथ कार्यकर्ता को आश्वस्त किया कि अगर यहा से भाजपा जीतेगी तो बुथ कार्यकर्ता की अनुशंसा से ही विकास कार्य कराए जाएंगे कार्यक्रम को कृष्णकांत पवार दीपक ताराचंद साहू किशोरी साहू प्रमोद जैन अभिषेक शुक्ला ने भी संबोधित किया कार्यक्रम के दौरान दर्जनो ग्रामीणो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओ से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया

## ये रहे उपस्थित

अवसर पर पुर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेखराम साहू जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु ठाकुरराम चंद्राकर चेमन देशमुख टिनेश्वर बघेल प्रणेश जैन मोहन जैन अश्वनी यादव कोमल सोनकर पोषण बनपेला टोमन साहू कुलदीप साहू विवेक वैष्णव हेमंत साहू सौरभ चोपड़ा थानसिंह मंडावी भानुमति साहू भुनेश्वरी ठाकुर नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर पार्षद टीकाराम निषांद हरीश निषाद संतोष नेताम शंकर यादव विजय सोनकर दोषण साहू सेवक महिपाल विस्तारक नरेंद्र साहू राजु अग्रवाल रजनीकांत शर्मा धर्मेंद्र साहू सहित हजारो भाजपा कार्यकर्ता व महिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

देशबन्धु | रायपुर, बुधवार, 18 अक्टूबर 2023 | 3

# प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

उल्टा पुल्टा

पत्नी: तुमने मेरे साथ धोखा किया है?
पति: क्यों जानेमन क्या हुआ?
पत्नी: तुमने बताया ही नहीं कि तुम्हारी रानी नाम की पहले से एक पत्नी है।
पति: ससुर जी को बताया तो था कि तुझे बिल्कुल रानी की तरह रखूंगा..!

## संपादकीय

## हाथियों के रास्तों में न आएं

छत्तीसगढ़ के वनों में हाथी पाये जाते हैं। यह उनका प्राकृतिक आवास तो है ही, सीमावर्ती राज्य ओडिशा और झारखंड के जंगलों से भी बड़ी संख्या में वनराज यहां से गुजरते हैं। यानी कि राज्य उनके रास्ते का एक हिस्सा है। ऐसा वे सैकड़ों वर्षों से करते आ रहे हैं। कई बार वे मानव बस्तियों के बहुत नज़दीक आ जाते हैं। हालांकि ऐसा करने की उनकी कोई मंशा नहीं होती क्योंकि वे स्वयं इंसानों से दूर रहना चाहते हैं। फिर भी, भोजन-पानी की आवश्कताएं उन्हें बस्तियों के निकट ले आती हैं। ज्यादातर वनों के बीच बसे गांव या ग्राम इनकी चहलकदमी की राह में आते हैं। बेहतर है कि स्वयं इंसान उनके रास्तों में न आएं।

इन दिनों ज्यादातर इलाकों में धान पकने की स्थिति में है। उसकी सुगंध हाथियों को आकर्षित करती है जो अब तक बारिशों में घने जंगलों में ही रहकर गुजारा कर रहे थे। बारिशें रूक जाने पर उनकी आवाजाही बढ़ जाती है। फिर, उन्हें पीने के लिये पानी अब तक तो जंगलों के भीतर ही मिल जाता है, पर अब उसकी तलाश में वे बाहर निकल पड़ते हैं। गांवों में या उनके आस-पास बने तालाबों में उन्हें जल उपलब्ध होता है इसलिये भी वे वहां तक पहुंचते हैं। छग के बहुत से क्षेत्र ऐसे हैं जहां इन दिनों हाथियों की आमदरफ्त बढ़ चली है। कटघोरा वन मंडल में इस समय हाथियों के एक बड़े झुंड के विचरण की खबर आ रही है। केंदई रेंज में 54, पसान में 3 और जटगा रेंज में 6 हाथियों की उपस्थिति की बात वन विभाग ने की है। इस दल में एक हथिनी द्वारा शावक को जन्म दिये जाने की बात भी कही जा रही है। इन्होंने लगभग 50 एकड़ पर लगी फसलों को रौंद दिया है। इनमें से 9 मरवाही रेंज से आए हुए बतलाए जाते हैं, जो कि पसान से लगा हुआ है। गरियाबन्द के पास स्थित पाण्डुका रेंज में एक गुस्सैल हाथी के लौटने से दहशत है जो यहां पहले भी कई गांवों में उपद्रव कर चुका है। कुछ और हाथी भी यहां देखे गये हैं। पलारी के अर्जुनी वन परिक्षेत्र के दलदली महकोनी में पिछले दिनों एक हाथी ने एक व्यक्ति को मार डाला था जो अपने दो अन्य साथियों के साथ जंगल में जड़ी-बूटी ढूंढ़ने गया था। मृतक के दो साथी भागकर जान बचाने में कामयाब रहे थे।

हाथी पूर्णत: शाकाहारी जीव है जिसका इरादा व प्रयोजन किसी को मारना नहीं रहता। वह केवल आत्म रक्षा में या अन्य जीवों की उपस्थिति से बौखलाकर ही हमला करता है। फिर भी सावधानी की ज़रूरत है। वन विभाग गांव वालों को हमेशा सावधान रखे एवं उन्हें बचाने के सारे प्रयास करे। लोग भी पर्याप्त सावधानी बरतें।

# आस्था की ज्योति से जगमगा उठा घटारानी और जतमई माता का दरबार

## लोगों की अटूट आस्था का केंद्र, श्रद्धालुओं में माता पर पूर्ण विश्वास

**राजिम,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ की पावन धरा अनेक धार्मिक स्थल को लेकर पूरे भारत प्रसिद्ध है। यहां की हरी भरी वादियां और मनोरम दृश्य बरबस ही लोगो को अपनी ओर आकर्षित करती है। जिसके चलते देश विदेश सहित क्षेत्र के पर्यटक भ्रमण के लिए आते है।

**हजारों की तादाद में श्रद्धालूओ की भीड़, नौ दिन तक विशाल भंडारे की व्यवस्था**

छत्तीसगढ के प्रसिद्ध धार्मिक एव पर्यटन स्थल घटारानी और जतमई धाम इन दिनों लोगो के आस्था का केंद्र बन गया है। जहा माता के दरबार में रोज हजारों लाखों की तादाद में दर्शन के लिए पहुंच रहे है। कमलक्षेत्र पद्मावती तीर्थ क्षेत्र और प्रायगराज राजिम से महज 30 किलोमीटर और राजधानी रायपुर से 80 किलोमीटर की दूरी पर गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत फुलझर के घने जंगल और पहाड़ी पर माता घटारानी का मंदिर स्थित है वही पहाड़ी से 7 किलोमीटर की दूरी पर मां माई पहाड़ी पर विराजमान है। माता का दरबार प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। कल कल करती झरने, कलरव करती पक्षियां और यहां का मनोरम दृश्य बरबस



ही लोगो को अपनी ओर आकर्षित करता है। जिसे निहारने और माता के प्रति आस्था रखने वाले भक्त रोज पहुंचते है। उक्त दोनों धाम अपने कुदरती सजा सज्जा के वजह से छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत भर लगातार विख्यात होते जा रहा है। जहा इस चार नवरात्र में आस्था की हजारों ज्योति जगमगा रहा है।

**घटारानी और जतमई आने वाले पर्यटक चले संभल कर नही तो दुर्घटना हो सकते है शिकार:** आपको बता दे की घटारानी और जतमई धाम सहित जिले के सभी धार्मिक स्थल पहुंचने वाला रास्ता अंधा मोड़ और ब्रेकरो सहित गढ्ढो से भरा पड़ा हुआ है। जिसके चलते वाहन धीरे चलाने की आवश्यकता है। नही तो आप दुर्घटना का शिकार हो सकते है। शराब पीकर बिलकुल गाड़ी न चलाए और यातायात नियम का जरूर पालन करे। क्योंकि इस धाम में पहुंचने के लिए घाटी के कई अंधा मोड़ से भी गुजरना पड़ता है। जिसको लेकर प्रशासन भी समय समय पर एडवाइजरी जारी करते रहते है

**नौ दिन तक विशाल भंडारे की व्यवस्था, जय मां घटारानी समिति के सभी सदस्य सहित ग्रामीण करते है सहयोग:** इस नवरात्र को लेकर हर साल की भांति इस वर्ष भी भक्तो के लिए नौ दिन तक विशाल भंडारे की व्यवस्था जय मां घटारानी समिति द्वारा आम जन के सहयोग से किया गया है। जिसमे आस पास के ग्रामीण सहित क्षेत्र के लोग अपना अमूल्य सहयोग देते हुए सेवा में लगे हुए है।

# काले लिबास में शहर-शहर के सड़कों पर बाइक से खर्राटे भर रहे लंकापति रावण, वाहक को वो मान रहे हैं पुष्पक विमान

**नवापारा राजिम,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विजयरदशमी का पर्व 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा इसके लिए क्षेत्र में अभी से रामलीला की तैयारी चल रही है। कोई राम, लक्ष्मण, सीता, रावण, मेघनाथ, अतिकाय, कुंभकरण इत्यादि का रोल निभा रहे हैं तो मंडली के मैनेजर अच्छी प्रस्तुति के लिए प्रतिदिन कलाकारों से रिहर्सल भी करवा रहे हैं। शहर में आज दिन मंगलवार को रावण की वेशभूषा में काले लिबास पहनकर सिर पर दस सिर वाले मुखड़ा लगाए हुए मध्यप्रदेश का जगन्नाथ छत्तीसगढ़ के प्रयागराज राजिम, नवापारा दोनों शहर में घूम घूम कर लोगों को डायलॉग सुना रहे थे। उन्होंने एक शॉप में जाकर जोरदार अट्टहास किया। उनके हा हा हा ... की आवाज सुनकर उपस्थित पूरे लोगों का ध्यान उन्हीं की ओर हो गया और उन्होंने फिर तेज आवाज में कहा कि मैं लंका पति रावण हूं। यह सुन एवं देखकर लोगों ने रावण ब्राह्मण तथा प्रकांड विद्वान थे ऐसा जानकर दक्षिणा स्वरूप रूपए पैसे भेंट किया। देखते



**दशहरा 24 को, रामलीला की हो रही तैयारी**

ही देखते उनके बैग में अच्छे खासे रुपए एकत्रित हो गए। फिर वह अपनी बाइक निकले और खर्राटे भरते हुए आगे निकल पड़े। वह अपने बाइक को पुष्पक विमान मानते हैं। इस दौरान लोगों ने रावण को देखकर कौतूहल में उनके पास जाकर फोटो खिंचवाते रहे। मोबाइल से सेल्फी लिये। जगन्नाथ ने बताया कि बचपन से ही रावण बनने का शौक था जिसे रामलीला ने पूरी की। वह दशहरा तक छत्तीसगढ़ के शहरों में घूमेंगे। शहर में भी प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी रावण वध किया जाएगा। लेकिन आचार संहिता के चलते पूरी तरह से सावधानी बरती जाएगी। यहां आतिशबाजी के साथ शानदार दशहरा उत्सव मनाया जाता है। इसी तरह राजिम शहर के दशहरा मैदान में रावण अंगद संवाद होता है। उसके पहले प्रसिद्ध राजीवलोचन मंदिर ट्रस्ट के द्वारा मंदिर से पालकी दशहरा उत्सव मैदान तक पहुंचेगी। रावण अंगद का संवाद होगा। मेले का स्वरूप देखने को मिलेगा। इसी तरह से गांव में भी रामलीला मंचन का दौर शुरू >> शेष पृष्ठ 9 पर >



अमेरा/बलौदाबाजार। अमेरा में विराजित माता रानी की प्रतिमाएं-श्रीराम जानकी मंदिर पारा, बस स्टैंड, खडाबंध पारा, शिव शक्ति पारा अमेरा।

## आज कसडोल में अभा कवि सम्मेलन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। एकता नव दुर्गा उत्सव समिति पारस नगर सेक्टर 2 कसडोल द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 18 अक्टूबर को रखा गया है। जिसमें अकलतरा से हास्य कवि बंशीधर मिश्रा, हास्य कवि आलोक शर्मा भिलाई, हेमंत बसंत हास्य कवि नागपुर, हीरामणि वैष्णव हास्य कवि बालको कोरबा, अंजुलता अंजू श्रृंगार रस की कवि बिलाईगढ़ को मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया है जो अपनी कविता पाठ कर श्रोताओं को रसा स्वादन कराएंगे। कवि सम्मेलन का आनंद उठाने नगर सहित आस पास के श्रोताओं को एकता नवदुर्गा उत्सव समिति पारस नगर सेक्टर 2 द्वारा अधिक संख्या में उपस्थित होने

## भरूवाडीह दुर्गा उत्सव



बलौदाबाजार। श्री सीमेंट संयंत्र टाउनशिप कॉलोनी भरूवाडीह, सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति भरूवाडीह।

# जिले में लगातार की जा रही अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई

**धमतरी,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में आबकारी दल द्वारा आज विभिन्न स्थलों में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही कर कुल 04 प्रकरण कायम किए गए हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र सिहावा के माड़मसिल्ली निवासी अमित यादव से 2.5 लीटर महुआ शराब जप्त कर 34 (1) क और अमलीपारा के राजेश विश्वकर्मा से 4.5 लीटर महुआ शराब जप्त कर प्रकरण 34 (1) के तहत कायम किया गया।



इसी तरह ग्राम बहानापथरा नाला के पास छापेमार कार्यवाही से बरामद 110 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त (मूल्य11000) तथा 1950 किलोग्राम लाहान (मूल्य 97500) नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गया। ग्राम बनबगौद में छापामार कार्यवाही से बरामद 65 बल्क लीटर महुआ शराब (मूल्य 6500) जप्त तथा 830 किलोग्राम महुआ लाहन (मूल्य 41500) नष्ट किया गया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2), 34(1) च के तहत प्रकरण कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे आबकारी उप निरीक्षक लालजी दीवान, आशीष ध्रुव, आबकारी प्रधान आरक्षक अजय मारकण्डे, आबकारी अमला और नगर सैनिक इत्यादि मौजूद रहे।

# मतदान दलों के प्रशिक्षण का प्रथम चरण शुरू, कलेक्टर ने प्रशिक्षण का लिया जायजा

**बलौदाबाजार,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के लिए गठित मतदान दलों के प्रशिक्षण का प्रथम चरण बलौदाबाजार सहित सभी ब्लॉक मुख्यालयों में शुरू हुआ। कलेक्टर चंदन ने कुमार ने आज जिला मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण केंद्र सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल एवं पलारी स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण कर जायजा लेते हुए दलों को जरूरी टिप्स दिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी हर कड़ी महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में बताए जा रहे हर पहलूओं और बारीकियों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लें। निर्वाचन कार्य के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई जा रही सभी बातों को ध्यान से सुनते हुए समुचित रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में उन्होंने लगभग घण्टे तक प्रशिक्षणार्थियों से लिए गए प्रशिक्षण



के बारे में जानकारी ली और प्रशिक्षण से संबंधित सवाल भी पूछे।

उल्लेखनीय है कि जिले में 4 हजार 200 से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान सामग्री ईव्हीएम, मतदाता सूची, सीलिंग एवं अन्य सामग्री जैसे कि मतदाता रजिस्टर, मतदाता पंजी, एड्रेस टैग, अमिट स्याही, मॉक पोल आदि के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को मतदान पूर्व की तैयारियां, ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट को सील करना, मतदान प्रारंभ करना, डाकमत पत्र, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, निशक्त: मतदाताओं द्वारा मंताकन, अमिट स्याही लगाना, मतदाता के हस्ताक्षर जैसी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि व्हीव्हीपेट, कंट्रोल एवं ईव्हीएम के सभी तार स्पष्ट रूप से दिखने चाहिए इसमें पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। कहीं से भी छुपा होना नहीं चाहिए। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 के कर्तव्यों के बारे में भी प्रकाश डाला गया। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर नितिन तिवारी, बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल, जनपद सीईओ श्री मंडावी, मास्टर ट्रेनर तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# डीके कॉलेज में विविध प्रतियोगिता आयोजित

**बलौदाबाजार,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदा बाजार में 17 अक्टूबर को जिला निर्वाचन कार्यालय बलौदा बाजार भाटापारा के निर्देशानुसार स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन, नारा लेखन, वाद-विवाद, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न विषय एक राष्ट्र एक चुनाव, नोटा का उपयोगिता, मतदान में युवाओं की भूमिका, मतदान सब का अधिकार, मतदान से भविष्य का निर्माण, चुनाव में महिला




आरक्षण विषयों पर अपनी बात रखी। स्लोगन लेखन में 44 एवं वाद विवाद पर 23 छात्रों ने भाग लिया।

वर्तमान में छत्तीसगढ़ में चुनाव को लेकर एवं मतदान के महत्व को लेकर सभी प्रतिभागियों ने अपनी विचार रखें। चुनाव में नोटा के साथ राइट टू रिजेक्ट का भी विकल्प चुनाव आयोग के द्वारा लिया जाने को राय छात्रों द्वारा कहा गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्रीमती सिम्मी मिंज सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान, श्रीमती तारा पटेल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, श्री रुपेश देवांगन सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र एवं जयंत मिंज सहायक प्राध्यापक विधि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स एवं संचालन नरेंद्र देव मिर्झा स्वीप नोडल अधिकारी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में छात्र-छात्राओं उपस्थित थे।

# हार की डर से बौखलाए बीजेपी नेता अब ईडी सीबीआई का डर दिखा रहे: डॉ. अजय

**महासमुंद,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजय उपाध्याय ने कहा कि हार का डर अभी से बीजेपी को सताने लगा है। तभी बीजेपी के बड़े नेता बौखलाहट में छत्तीसगढ़ की जनता को सीबीआई के नाम पर डराने.धमकाने और सताने पर उतर आए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झूठ और अमित शाह के इन धमकियों का छत्तीसगढ़ की सौम्य, सहनशील, सत्यमार्गी जनता पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के जन कल्याणकारी कार्यों की चर्चा प्रदेश के कोने-कोने में है। पार्टी ने चुनावी घोषणा पत्र में जनता से जितने वादे किए थे, उन सभी वायदों को बखूबी पूरा किया है। कांग्रेस सरकार के कार्यों से जनता के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन हुआ है। डा. अजय उपाध्याय ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर धमकाने और छग की सौहाद्रपूर्ण वातावरण को दूषित करने का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से कार्रवाई से निष्पक्षता पूर्वक कार्रवाई की मांग की है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह की शिकायत चुनाव आयोग से की है। कांग्रेस पार्टी द्वारा आचार संहिता उल्लंघन को लेकर अनेक शिकायतें की जाती है लेकिन कुछ में संज्ञान लिया जाता है। इसी तरह शराब बंदी से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि इसके लिए नशाबंदी जरूरी है साथ ही सीमावर्ती राज्यों में भी समन्वित प्रयास होना चाहिए तभी पूर्ण शराब बंदी संभव है। उन्होंने छग सरकार के विकास कार्यों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि यहां के विकास माडल की चर्चा पूरे देश में और अनेक प्रदेश इसे अपना रहे है। वहीं रमन सरकार के 15 वर्षो के शसनकाल को घोटालेबाज करार देते हुए कहा कि यहां घोटालों की भरमार थी। नान घोटाला, पनामा पेपर घोटला, चीटफंड घोटला, शौचालय घोटाला, रतनजोत घोटाला, इंदिराप्रियदर्शनी बैंक घोटाला को आज भी नही भूले है। भूपेश सरकार ने किसानों, मज़दूरों, माध्यमवर्ग, महिलाओं, युवाओं, पिछड़ों, दलित.आदिवासी समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता दिखाई है। हमारे पास विगत पाँच सालों के कार्यों की एक लंबी फेहरिस्त है। हमारी सरकार ने सामान्य ज़रूरतमंद के खाते में पौनें दो लाख करोड़ रुपये सीधे डालने का काम किया है। हमारे नीतियों व निर्णयों से जनता में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संपन्नता बढ़ी है और इसलिए आम लोगों का कांग्रेस की सरकार पर भरोसा बढ़ा है। इसी जन भरोसा के बल पर हम फिर से 75 पार करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बनते ही दो घंटे के भीतर कर्ज़माफी, इनपुट सब्सिडी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से किसानों की आर्थिक खुशहाली के संकल्प को >> शेष पृष्ठ 9 पर >



**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर इलेक्शन कमीशन करे कार्रवाई, इस बार छग में होगा 75 पार**

# भाजपा प्रत्याशी ने देवपुर, कंडेल, नवागांव, भोथली, पीपरछेड़ी, गागरा, छाती, सांकरा, बोड़रा में किया जनसंपर्क

**धमतरी,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा धमतरी विधानसभा में जनसंपर्क अभियान शुरू होते ही प्रत्याशी रंजना साहू सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ गांवों में जनसंपर्क के लिए निकल चुकी हैं, सोमवार को भोथली मंडल अंतर्गत ग्राम देवपुर, कंडेल, नवागांव, भोथली, पीपरछेड़ी, गागरा, छाती, सांकरा, बोड़रा में जनसंपर्क किया गया, प्रत्येक गांवों में विधायक का अभूतपूर्व स्वागत किया गया और जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया, विधायक लगातार क्षेत्र के गांवों में ताबड़तोड़ दौरा कर जनता के बीच अपनी शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, भाजपा की चुनावी यात्रा काफी तेजी से आगे बढ़ रही है, वहीं विधायक रंजना साहू ने सरकार बनते ही प्रत्येक पात्र परिवार को सरकार बनते साथ



सबसे पहले रुके हुए प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृत करा सभी को पक्का मकान उपलब्ध कराने की बात कही। उस दौरान भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रकला पटेल, भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिंदुजा, जनपद सदस्य अवनेंद्र साहू, जनपद सदस्य पूर्णिमा बनपेला, महामंत्री मिश्री पटेल, महामंत्री प्रीतम साहू, भोथली मंडल भाजयुमो अध्यक्ष धनेंद्र साहू, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष गीतेश्वरी निरंजन साहू, मंडल मंत्री आनंद स्वरूप मेश्राम, पूर्व जनपद सदस्य भानुमती साहू, सेवक राम साहू, कोमल साहू, यतीश भूषण श्रीवास्तव, वीरेंद्र साहू, लोकनाथ साहू, चेतन यदु, पूर्व मंडल महामंत्री संतोष चंद्राकर, गीता बाई, रंगझरोखा साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता हेतु शपथ




**महासमुंद,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा महासमुन्द में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महाससुन्द के आदेशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारियों को प्राचार्य अमी रूफस द्वारा शपथ दिलायी गई। शपथ को सभी कर्मचारी दोहराते गये जिसमें हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र मेंअपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हमअपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर, धर्तवर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवाअन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुंए बिना सभी निर्वार्चनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे तथा दिव्यांगजन हुंए मतदाताओं को मतदान करने के हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

# नगर में नवरात्रि जसगीत, रास, गरबा, डांडिया की धूम



पिथौरा, 17 अक्टूबर। नगर सहित अंचल में नवरात्रि का पर्व हर्षोउल्लास और भक्ति भाव से मनाई जा रही है । घर घर ज्योत जंवारा सहित सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में , मंदिरों में मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित है जहाँ सुबह शाम विशेष पूजा अर्चना की जा रही है।

**विभिन्न मंदिरों में 1203 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित**

नगर के आराध्य शीतला मंदिर में 396 मंदिर चौक स्थित दुर्गा मंदिर में 253 माँ परमेश्वरी मंदिर में 188 फारेस्ट दुर्गा मंदिर में 366 मनोकामना ज्योत श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्ज्वलित की गई है ।ज्योत जंवारा स्थापित इन स्थलों में सुबह शाम श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना करने साथ दर्शन के लिये जुट रही है । युवा ,युवती , बच्चों सहित बुजुर्ग महिला पुरुष माँ की आराधना में जुटे दिख रहे है।

**रास, गरबा, डांडिया के साथ जस गीतों की धूम**

नगर व ग्राम के विभिन्न सार्वजनिक दुर्गा पंडालों में नवरात्रि विशेष में आस्था और विश्वास के प्रतीक छत्तीसगढ़ परंपरा की जस गीत सेवा जिसे मांदर की थाप में महिला पुरुष बच्चे गा रहे जिसे सुन लोग मस्ती में झूमने लगते है । इस गीत को टोलियां मां विराजित स्थलों में गाया जा रहा है साथ ही रास ,गरबा , डांडिया की भी धूम मची है देर रात्रि तक युवक , युवतियां , महिला ,पुरुष , बच्चे गरबा नृत्य के आकर्षक वेश भूषा में पंखिड़ा ओ पंखिड़ा ... जैसे भक्ति पूर्ण गीतों में थिरक रहे है जिसे देखने हजारों की भीड़ डांडिया स्थलों में जुट रही है। रास, गरबा,

## विभिन्न सांकृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

डांडिया प्रशिक्षक व जसगीत वादक , साहित्यकार संतोष गुप्ता ने कहा कि रास, गरबा, डांडिया मां अम्बे को मनाने, खुश करने का पूजा नृत्य है इस नृत्य के माध्यम से माँ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित सहित जग की सुख शांति समृद्धि की कामना होती है नृत्य संगीत की मुद्रा से माँ दुर्गा के नौ रूपों का भी वर्णन इस रास गरबा डांडिया के माध्यम से प्रगट किया जाता है आगे उन्होंने कहा कि रास , गरबा, डांडिया भी मां अम्बे की आरती पूजा की तरह है इसे आस्था और विश्वास के साथ खाली पैर करना चाहिये इस नृत्य को करते समय श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार के नशे आदि दुर्व्यसनों से दूर रहना चाहिये गीतों में फूहड़ता व हमारी नृत्य परिधान सादगी पूर्ण होने चाहिये जिससे दर्शक श्रद्धालुओं का मन भक्ति पूर्ण हो सकें ।वैसे ये नृत्य तो गुजरात की नृत्य है पर धीरे-धीरे पूरे देश के विभिन्न प्रदेशों में इस नृत्य को पसंद किया जा रहा है और शारदीय नवरात्रि में इसे भक्ति पूर्ण माहौल में करते हैं । नगर के मंदिर चौक , हाईस्कूल मैदान , परमेश्वरी धाम , कर्मचारी कॉलोनी , अंजली विहार में आकर्षक पंडाल व विशेष लाईट में डीजे साउंड में रास गरबा की धूम मची है । जहां नर्तक श्रद्धालुओं के लिये हजारों के नगद राशि पुरस्कार स्वरूप रखी गई है।

# अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपी गिरफ्तार

बिलाईगढ़, 17 अक्टूबर (देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं स्ठह्लक्क बिलाईगढ़ के मार्गदर्शन पर आचार संहिता के लगने के उपरांत अवैध शराब,जुआ,सट्टा जैसे थाना क्षेत्रों में होने वाली अवैधानिक कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सउनि अमृत भार्गव के नेतृत्व में आज दिनांक 15.10.2023 को थाना प्रभारी के हमराह में आरक्षक 254,317 के साथ देहात पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था, ग्राम रोहिना में जरिये मुखबीर सूचना मिला की ग्राम धोबनीडीह का एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने के प्रयोजन से परिवहन करते मोटर सायकल से ग्राम धोबनीडीह से भटगांव तरफ आ रहा है की सूचना पर गवाहन के समक्ष मुखबीरी पंचनामा तैयार कर धारा 160 जा0फौ0 का नोटिस देकर मौका स्थल पहूंचकर सूचना मिले मोटर सायकल का इंतजार किये, कुछ समय बाद हुलिये का मोटर सायकल धोबनीडीह तरफ से ग्राम झुमरपाली मुख्य मार्ग शौर्य कृषि केन्द्र के सामने आने पर रोकवाकर मोटर सायकल चालक से नाम पता पूछे, जो अपना नाम रेशम खुंटे पिता रामदास खुंटे उम्र 50 वर्ष साकिन धोबनीडीह, थाना भटगांव, जिला सारंगढ बिलाईगढ (छ.ग.) का रहने वाला बताया। रेशम खुंटे को प्रयोजन बताकर तलाशी पंचनामा तैयार कर रेशम खुंटे से खुद का स्टाफ का गवाह का एवं वाहन का तलाशी करवाकर रेशम खुंटे का तलाशी लिया। तलाशी में आरोपी रेशम खुंटे के एक काला रंग का पिट्ठू बैग जिसे वह अपने कंधे में लटकाकर मोटर सायकल के सीट में रखा था, बैग के अंदर में दो सफेद मजबूत झिल्ली के अंदर प्रत्येक में हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब रखे मिला जिसे गवाहों से सुंघाकर तथा चखवाकर पुछने पर कच्ची महुआ शराब होना बताये तथा प्रत्येक झिल्ली के अंदर लगभग 10- 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जुमला 20 लीटर किमती 2000/रूपये का रखे मिला । आरोपी



को शराब कब्जे मे रखने एवं परिवहन करने बाबत् वैध कागजात मांगा जो पेश नहीं कर सका आरोपी के पेश करने पर मुताबिक जप्ती पत्रक गवाहों के समक्ष 01 एक काला रंग के पिट्ठू बैग के अंदर दो सफेद मजबूत झिल्ली के अंदर प्रत्येक में 10,10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जुमला 20 लीटर किमती 2000/रूपये 02. एक पुरानी इस्तेमाली मोटर सायकल हीरो कंपनी का ।स्न डिलक्स मोटर सायकल बिना नम्बर प्लेट कीमती 25000/- रूपये जुमला 27000/- रूपये को सीलबंद कर जप्त किया गया। । आरोपी रेशम खुंटे पिता रामदास खुंटे उम्र 50 वर्ष साकिन धोबनीडीह थाना भटगांव के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अर्न्तगत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में सउनि अमृत भार्गव थाना प्रभारी भटगांव, प्रधान आरक्षक 10, आरक्षक 254,317 एवं थाना स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

# अवैध संबंध के सबूत मिटाने के चलते डेढ़ माह के मासूम को उतारा मौत के घाट

गरियाबंद, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से दस किलोमीटर दूर ग्राम सोहागपुर में एक दुष्कर्म के आरोपी ने अपनी गलती छुपाने के उद्देश्य से डेढ़ माह के मासुम की गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने हत्या और साक्ष्य छुपाने के आरोप में आरोपी युवक और मासुम की मां को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद मुख्यालय से दस किलोमीटर दूर ग्राम सोहागपुर निवासी महिला के पति का नौ से दस वर्ष पूर्व देहांत हो गया है। पति के मौत के बाद डेढ़ माह पूर्व उस महिला ने एक बच्चे को जन्म दी, लेकिन विधवा होने के दस वर्ष बाद बच्चे को जन्म देने की बात से ग्राम का माहौल गरम हो गया और नवजात बच्चे के पिता का तलाश शुरू हो गई। तब ग्राम सोहागपुर से दो किलोमीटर दूर ग्राम कस के एक व्यक्ति मुकेश निषाद उर्फ लुकेश के खिलाफ दोनो ग्राम में मीटिंग रखा गया और मुकेश को बुलाए लेकिन भरे मीटिंग में मुकेश के द्वारा इस आरोप का विरोध कर अपने ऊपर लगे आरोप को निराधार बताया। उसके कुछ दिनों पश्चात डेढ़ माह के बच्चे की मौत हो गई और मौत तीन दिन बाद बच्चे की मौत की ख़बर गांव वालों को हुई और इसकी रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराए। तब पुलिस सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शंका के आधार पे आरोपी मुकेश को पकड़ा गया। पूछताक्ष पर आरोपी मुकेश अपने द्वारा किये गए दुष्कर्म से हुए बच्चे की सबूत मिटाने बच्चे का गला घोंटकर मारने की बात स्वीकार किया गया ।इस घटना पर आरोपी मुकेश निषाद के खिलाफ धारा 302 और आरोपी के इस कृत्य को छुपाने मृतक बच्चे के माँ के खिलाफ धारा 201 कायम कर हत्या आरोपी और साक्ष्य छुपाने के आरोप में मृतक के मा को जेल भेज दिए है।

# दुर्गा स्थल पर हनुमान चालीसा माता आरती का भव्य आयोजन



फिंगेश्वर, 17 अक्टूबर। शारदीय नवरात्रि नवदुर्गा मूर्ति स्थापना बहु चर्चित सोसाइटी प्रांगण दुर्गा समिति द्वारा इस वर्ष भी मां दुर्गा की मनोरम मूर्ति की स्थापना की गई है नवरात्र की पहले दिन से ही आरती के दोनों समय पर ढोल नगाड़ों की आवाज हजारों की तादाद में भक्तों के द्वारा माता दर्शन कर आरती में अपनी उपस्थिति देने की दिनचर्या महिलाओं कन्याओं युवा वर्ग एवं नगर के वरिष्ठ जनों की उपस्थित देखते बनती है आज शाम की आरती के बाद हनुमान चालीसा का पठन सर्व हिंदू समाज के युवा वर्ग एवं हजारों महिलाओं भक्तों के उपस्थिति में बड़े ही श्रद्धा भाव से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया वैसे तो नगर के राम मानस मंदिर में प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को नगर के युवाओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है दुर्गा पंडाल पर मानो भक्तों का जन् सेलाभ उमर पड़ा हो ऐसा प्रतीत हो रहा था प्रतिदिन माता के दर्शन एवं श्रृंगार को देखने एवं अपनी मनोकामना पूर्ण करने की प्रार्थना लेकर शाम की आरती में भक्तों की संख्या बढ़ने लगी है पूरे समय जस गीत ढोल नगाड़ों के साथ माता प्रांगण में हो रहे हैं श्रद्धालु जन पूरे उमंग एवं उत्साह से नवरात्र का आनंद ले रहे हैं।

# कुर्रा सचिव संगीता ध्रुव निलंबित

नवापारा राजिम, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। निर्वाचन आयोग के चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई है। वहीं अब आचार संहिता में लापरवाही बरतने के चलते ग्राम पंचायत कुर्रा की सचिव संगीता ध्रुव को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा चुनाव की घोषणा के 24 घंटे के उपरांत शासकीय कार्यालय व उनके परिसर से होर्डिंग, दीवार लेखन, पोस्टर, स्टिकर्स, कटआउट, बैनर, झंडे, फ्लेक्स को हटाने निर्देश किया गया था। वहीं ग्राम पंचायत कुर्रा भवन की दीवार से राजनीतिक पोस्टर नहीं हटाया गया जिसके चलते ग्राम पंचायत कुर्रा सचिव संगीता ध्रुव को जिला पंचायत रायपुर के आदेश क्रमांक 936/उपसंचा./सचिव स्था./2023- 24, दिनांक 16/10/2023 के परिपालन में शासकीय काम में लापरवाही एवम स्वेच्छाचारिता बरतने छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के प्रतिकूल होने के चलते (अनुशासन तथा अपील) 1999 के नियम 4 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि चुनावों के दरमियान शासकीय कर्मचारियों को नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन करवाना हमारी मूल जिम्मेदारी है। सचिव का उक्त कार्य नियम विरूध्द था जिसके चलते उनके खिलाफअनुशासनात्मक कार्यवाही की गई।

\- **अभिनाश मिश्रा,** जिला पंचायत सीईओ

## सार-संक्षेप

### डोकरीडीह स्कूल में बनेगा सामुदायिक सहभागिता से अमृत गार्डन

**बिलाईगढ** 17 अक्टूबर (देशबधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम डोकरीडीह में अमृत गार्डन बनेगा। शासकीय मिडिल स्कूल डोकरीडीह के शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव मेरी मिट्टी मेरा देश के तहत ग्राम डोकरीडीह के शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल परिसर में सामुदायिक सहभागिता से अमृत गार्डन का निर्माण होगा ।अमृत गार्डन के निर्माण हेतु ग्राम डोगरीडीह के सभी घरों से मिट्टी एवं विकासखंड बिलाईगढ़ के विभिन्न गौठानों से खाद लाकर अमृत गार्डन का निर्माण किया जाएगा ।अमृत गार्डन में विभिन्न प्रकार के फलदार, छायादार एवं औषधिय पौधों का रोपण किया जाएगा ।अमृत गार्डन में वृक्षारोपण कार्य विकासखंड बिलाईगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय परमेश्वर दयाल मिश्रा एवं स्वर्गीय रेशम लाल जांगड़े के परिवार के सदस्यों के हाथों कराया जाएगा ।स्कूल में निर्मित होने वाले अमृत गार्डन शिक्षक ,बाल कैबिनेट इको क्लब के सदस्य ,पंचायत प्रतिनिधि , एसएमसी सदस्य , पालक गण एवं जनप्रतिनिधियों के सामुदायिक सहयोग से कराया जाएगा।



# सीनियर नेशनल कुराश व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिलेक्शन 20 से 22 तक




भाटापारा, 17 अक्टूबर। कुराश एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विवेकराज सिंह ने बताया की भारतीय कुराश महासंघ के द्वारा 12वीं सीनियर नेशनल कुराश सह वर्ल्ड चैंपियनशिप तुर्कीमेनिस्तान के लिए भारतीय कुराश दल की चयन प्रतियोगिता का आयोजन इस वर्ष कुराश एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ को दिया गया है जिसमे लगभग 20 राज्यों के 250 से अधिक खिलाड़ी व कोच मैनेजर शामिल होंगे यह प्रतियोगिता माहेश्वरी भवन भाटापारा मे 20 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक सम्पन होगा बता दे की यह खेल एशियान गेम्स मे शामिल है जो की जूड़ो और कुश्ती की तरह खेला जाता है भाटापारा के 2 खिलाड़ी एवं छत्तीसगढ़ से कुल 4 खिलाड़ी इस खेल मे अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व कर चुके है यह खेल स्कूल गेम्स मे भी विगत 8 वर्षो से सम्मिलित है जिसमे छत्तीसगढ़ की टीम हर वर्ष भाग लेती है।

# आचार संहिता के बाद प्रशासन हुआ मुस्तैद रायपुर कलेक्टर ने आरंग क्षेत्र में किया निरीक्षण

आरंग, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही राजनीतिक दलों के साथ-साथ प्रशासन भी अपनी तैयारियों में जुट गई है ।शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो इसके लिए प्रशासन कोई कोर कसर नही छोड़ रही है ।इसी के तहत रायपुर जिले के कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भूरे ने आरंग विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया ।कलेक्टर डॉ. भूरे जिले के अंतिम छोर में स्थैतिक निगरानी दल(एसएसटी) के पारागांव स्थित पॉइंट पहुँचे और उपस्थित दल से जानकारी ली ।इस दौरान उन्होंने दल को बाहर से आने वाले वाहनों की कड़ी चेकिंग और संदेहास्पद धनराशि या अन्य सामग्री पाए जाने पर जांच कर कार्यवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंदिरहसौद और आरंग तहसील में निर्वाचन कार्य मे पदस्थ अधिकारियों की बैठक भी ली। इस दौरान आरंग एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, सीएसपी कल्पना वर्मा,आरंग तहसीलदार राममूर्ति दीवान,मंदिरहसौद तहसीलदार विनोद साहू,आरंग थाना प्रभारी एसएन सिंह,मंदिरहसौद थाना प्रभारी रोहित मालेकर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# कुरुद क्षेत्र के लिए प्रत्याशी चयन में कांग्रेस ऊहापोह की स्थिति में



कुरूद , 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी चयन में अपनी लेट लतीफी के कारण जनता के बीच ढुलमूल रवैया को उजागर करती नजर आ रही है. पिछले विधानसभा चुनाव में मात्र एक दिन नामांकन दाखिले का समय बचा था वैसे ही कांग्रेस ने अपनी कुरूद विस क्षेत्र के प्रत्याशी की घोषणा की थी और संदेह का सामना किया था। यहां वर्तमान में भाजपा का कब्जा है और भाजपा की कीला को तोड़ने के प्रयास में कांग्रेस को 25 वर्षों से भी अधिक समय लग गया.अब किसी भी शर्त में कांग्रेस कुरूद में स्थापित भाजपा के किला को भेद ने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती इसलिए कांग्रेस प्रत्याशी चयन में उहापोह की स्थिति में नजर आ रही है। विश्वास्तु सूत्रों के मुताबिक कुरुद क्षेत्र के कांग्रेसी नेता इस समय दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं. श्रीमती लक्ष्मीकांत हेमंत साहू जो पिछले चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी थी वह भी इस बार भी कांग्रेस से दावेदारी की है. इस समय हेमंत साहू दिल्ली में उपस्थित हैं. अनुसूचित जनजाति आयोग की उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान और कांग्रेस नेता भरत नाहर दिल्ली में डटे हुए हैं.जनपद पंचायत कुरूद के अध्यक्ष श्रीमती शारदा साहू,युवा नेता देवव्रत साहू भी दमदारी के साथ दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं. नगर पंचायत कुरूद के अध्यक्ष तपन चंद्राकर पार्टी में सक्रियता के बल पर प्रबल दावेदारी पेश की है. कुरूद मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर और जिला पंचायत धमतरी के सभापति तारिणी चंद्राकर दोनों ने भी दावेदारी पेश की है.सभी दावेदारों में श्रीमती तारिणी चंद्राकर के नाम को प्रमुखता से लिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कल तक कुरुद क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है.कांग्रेस भी पिछली बार की गलती को दोहराने की भूल नहीं कर सकती.शायद इसलिए भी प्रत्याशी चयन में सावधानी बरत रही है।

## निधन

### अशोक पारख



**रायपुर,** 17 अक्टूबर। स्व. मंगलचंद जी पारख (गंडई वाले) के सुपुत्र अशोक पारख (गंडई वाले) चौबे कालोनी निवासी उम्र 68 वर्ष का निधन 17 अक्टूबर को हो गया है। वे डॉ. प्रकाश (कुवैत), उदयराज पारख के भाई, स्व. कमलचंद जी सुराना (बहनोई) एवं देवीचंद जी लूनिया के साले, मेहूल (पुत्र), सौरभ, रोहित, शैनिक (भतीजे) और सौ. रोली बरडिया (पुत्री), राहुल जी बरडिया (दामाद), सौ. रिजु (भतीजी), सिद्धार्थ जी (दामाद) व स्व.पारसमल, शिवराज, धरमचंद, स्व. प्रकाश, अशोक भंसाली के दामाद, जयंती भंसाली के फुफा थे। उनका मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।

### कु. शीतला तिवारी



**रायपुर,** 17 अक्टूबर। काशीराम नगर निवासी कु. शीतला तिवारी लिपिक रिकॉर्ड रूम कलेक्टर रायपुर, का लाइफ बर्थ में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन का राजस्व संघर्ष समिति के संरक्षक विजय कुमार झा एवं अध्यक्ष श्रीमती शीला बैस, सचिव विजय कुमार डागा, प्रदीप उपाध्याय, राधिका यदु आदि ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। कलेक्ट्रेट परिवार द्वारा मृत आत्मा को 2 मिनट मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## प्रादेशिकी का शेष...

### काले लिबास में शहर-शहर....

हो गया है। आसपास के गांव में तो रामलीला के लिए अभी से पूरी तैयारी किया जा रहा है। भूमिका निभाने वाले कलाकारों के लिए शहर से आवश्यक सामान खरीदे जा रहे हैं जिनमें मुकुट, सिलवानी, पजामा, धोती, गदा, धनुष बाण, तलवार, त्रिशूल, डमरू इत्यादि के लिए शहर पहुंचकर मनपसंद की सामग्री खरीद रहे हैं। अंगद की भूमिका निभाने वाले नरेश पाल ने बताया कि सामानों की कीमत तेजी के साथ बढ़ी है। सोच समझकर चयन करना पड़ रहा है। वर्तमान में सब जगह नवरात्र पर्व की धूम है। 23 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के साथ ही 24 अक्टूबर दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। कहीं कहीं पर दो-तीन दिन आगे भी बढ़ जाते हैं और शरद पूर्णिमा के पहले ही दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है।

### हार की डर से बौखलाए ...

हमने पूरा किया है। हमारी सरकार ने बिजली बिल आधा करने का वादा किया था उसे पूरा करके दिखाया है। इस योजना के अंतर्गत 42.5 लाख उपभोक्ता लाभान्वित हुए। रोज़गार उपलब्धता के मामले में छत्तीसगढ़ सरकार ने तो कीर्तिमान स्थापित कर दिखया है। देश की एकमात्र ऐसी सरकार है, जिसने रोज़गार उपलब्ध कराने के मामले में उत्कृष्ट काम किया है। आज जबकि बेरोज़गारी पूरे देश में चरम पर है, वही छत्तीसगढ़ सरकार ने रोज़गार सृजन के मामले में सबसे बेहतर काम किया है। मोदी जी की कुनीतियों के कारण देश स्तर पर जहाँ पढ़े लिखे युवा दर-दर भटक रहें है, वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने युवाओं के भविष्य को संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। आज पूरे देश में छत्तीसगढ़ राज्य रोज़गार उपलब्धता के मामले में अव्वल है। राजीव मित्र योजना, बेरोज़गारी भत्ता का प्रावधान, राजीव युवा मितान क्लब सरीखे योजनाओं से युवाओं को बेहद लाभ हुआ है। इसका नतीजा है की देश में बेरोजगारी दर 8 प्रतिशत होने के बावजूद प्रदेश में बेरोजगारी दर पिछले एक साल से मात्र 5 प्रतिशत है । प्रेसवार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा. रश्मि चंद्राकर, जीव जंतू बोर्ड उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, खिलावन बघेल, खिलावन साहू, ढेलू निषाद, संजय शर्मा, जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, प्रदेश कांग्रेस मिडिया कोआर्डिनेटर ऋषभ चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, राजू साहू, ममता चंद्राकर, नरेंद्र, निर्मल जैन, बादल मक्कड़, जितेंद्र साहू उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने गरियाबंद स्थित मद्य भाण्डागार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया



गरियाबंद, 17 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गरियाबंद स्थित मद्य भाण्डागार कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां स्टॉक में उपलब्ध मदिरा का निरीक्षण किया और वाहन से मदिरा के लोडिंग-अनलोडिंग कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने शराब के आवागमन के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मदिरा दुकान में देशी एवं अंग्रेजी शराब की खपत के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को निर्धारित मात्रा से अधिक मात्रा में मदिरा का विक्रय न करें एवं समस्त अभिलेख प्रतिदिन संधारित करें तथा प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए टोल फ्री नम्बर 14405 में अवगत करायें। कलेक्टर ने स्टॉक पंजी, सी.सी.टी.वी. कैमरे के संबंध में जानकारी ली एवं विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला आबकारी अधिकारी ए.के. सिंह, मद्य भाण्डागार अधिकारी नागेश राज श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अग्रसेन जयंती में शामिल हुए अग्र बंधु पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प




खरोरा, 17 अक्टूबर। महाराजा अग्रसेन की जयंती पर रविवार को शहर में धूमधाम पूर्वक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के अग्रशेन भवन से निकलकर नगर के तिगड्डा चौक पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में रथ पर अग्रशेन महाराज की मूर्ति लाइटिंग आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं। शोभायात्रा में समाजजन थिरक रहे थे। शोभा यात्रा का शहर में जगह-जगह फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। अग्रवाल समाज की ओर से महाराजा अग्रसेन की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान अग्रशेन भवन मे पिछले एक हफ्तों से चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था जिसका ईनाम भी वितरण किया गया। वहीं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल, व सचिव कैलाश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल,आनंद अग्रवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल व समाज प्रमुखो ने मिलकर निर्णय लिया था की पर्यावरण सरक्षण को मद्दे नजर रखते हुए अग्रवाल समाज किसी प्रकार का प्रदुषण नहीं करेगा. इसी के तहत शोभायात्रा कार्यक्रम मे कही भी फटाके नहीं फोड़े गए व पेजल व बाकि कचरों को भी डस्टबिन मे डाला गया। वहीं पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जहां विधायक अनीता शर्मा निजी कारणों से कार्यक्रम मे शामिल नहीं हो पाई तो उनके प्रतिनिधि बबलू भाटिया और छालीवुड अभिनेता व भाजपा धरसींवा प्रत्याशी अनुज शर्मा भी कार्यक्रम में पहुंचे।

# डॉ. डहरिया क्या बदल पाएंगे आरंग का इतिहास?

## भाजपा के पास कार्यकर्ताओं को एकजुट करना बड़ी चुनौती

**आरंग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। आरंग विधानसभा सीट छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण विधानसभा सीट है, आरंग सीट रायपुर जिले का हिस्सा है और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। ये रायपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। इस सीट पर साल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी और वर्तमान कैबिनेट मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया ने जीत दर्ज की थी। उस समय आरंग में कांग्रेस को 45त्न प्रतिशत वोट पड़े थे।डॉ शिवकुमार डहरिया ने भारतीय जनता पार्टी के संजय ढ़ीढ़ी को 25,077 वोटों के मार्जिन से हराया था।



वहीं इस सीट का इतिहास बताता है कि यहाँ हर चुनाव में मतदाताओं ने दूसरी पार्टी को मौका दिया है। यानी एक कार्यकाल कांग्रेस तो बीजेपी का दूसरा होता आया है।छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद साल 2003 के विधानसभा चुनाव से इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के संजय ढ़ीढ़ी जीते थे 48,556 वोट मिले थे, वहीं दुसरे स्थान पर कांग्रेस के गंगूराम बघेल रहे थे जिन्हें कुल 30,112 मत मिले थे। साल 2008 के विधानसभा चुनाव में वर्तमान कांग्रेस सरकार में पीएचक्यू मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने 34,655 वोटों से जीत हासिल की थी, जबकि दूसरे स्थान पर भाजपा के 2003 में विधायक चुने गए संजय ढ़ीढ़ी रहे इस चुनाव में संजय को कुल 33,318 वोट मिले थे। 2013 विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा ने यह सीट अपने नाम की और नवीन मार्कण्डेय के नाम जीत की मुहर लगाईं जिन्हें 59,067 वोट मिले थे। वहीं इस बार पिछले विधानसभा चुनाव के विधायक गुरु रूद्र कुमार 45,293 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर आ गए। पिछले 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने गुरु रूद्र कुमार की जगह अपना प्रत्याशी बदलते हुए डॉ शिव कुमार डहरिया को टिकट दिया जिन्होनें भाजपा प्रत्याशी संजय ढ़ीढ़ी को 25077 वोटों से करारी शिकस्त दी थी।

इस बार आरंग विधानसभा चुनाव के नतीजे पर पूरे प्रदेश की नजर रहेगी।प्रदेश के कद्दावर मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया के निर्वाचन क्षेत्र होने और सतनामी समाज के धर्मगुरु बालदास के पुत्र गुरु खुशवंत सिंह को भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद यह सीट अब हाई प्रोफाइल सीट हो चुकी है। आरंग का इतिहास बताता है कि राज्य गठन के बाद से कोई भी विधायक दोबारा चुनाव नही जीत पाया है और न ही किसी पार्टी ने लगातार चुनाव जीता हैं।लेकिन 2018 के चुनाव में धमाकेदार जीत दर्ज कर कैबिनेट मंत्री बनने वाले डॉ.शिवकुमार डहरिया के पास इस इतिहास को बदलने का मौका रहेगा।डॉ.शिवकुमार डहरिया ने एक मंत्री के रूप में क्षेत्र में जो विकासकार्य किये है शायद इसकी कल्पना आरंग क्षेत्र के लोगो ने नही की थी।मंत्री होने के बाद भी क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद, उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण, क्षेत्र के लिए हर समय उपलब्ध होना, क्षेत्र में उनकी सक्रियता के कारण लोग उनसे जुड़े हुए है।डॉ. डहरिया ने जिस प्रकार आरंग विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदली है उससे उन्हें फायदा हो सकता है।

# भाटापारा से कांग्रेस का प्रत्याशी का आज हो सकता है खुलासा

**भाटापारा**, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)।भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के दमदार प्रत्यासी शिवरतन शर्मा के खिलाफ कांग्रेस का प्रत्यासी कोन होगा, इस बात को लेकर चोक चौराहे पर तरह तरह के कयास लग रहे है और लोगो का मानना है की भाटापारा का कांग्रेस प्रत्यासी बलोदा बाजार के प्रत्यासी पर ही निर्भर करेगा, बहरहाल कांग्रेस की दूसरी सूची का कांग्रेस जनों को बेसब्री से इंतजार है।

**नगर में चर्चा का बाजार गर्म**

कांग्रेस की पहली सूची में भाटापारा से किसी का नाम नहीं आने से अब संभवत:कल या परसों तक आने वाली दूसरी सूची का लोगो को बेसब्री से इंतजार है।इस बीच राजनीति में रुचि रखने वाले यहां के लोग कांग्रेस प्रत्यासी कोन होगा, किस वर्ग से होगा महिला होगा या पुरुष,,इस बात को लेकर नगर की होटलों, प्रमुख बाजार चोक चोरहो पर तर्क वितर्क कर नगर का राजनीतिक बाजार ठंडा गर्म कर रहे है।कांग्रेस प्रत्यासी को लेकर जो सम राय सुनने को मिल रही है उसके मुताबिक इतना तो लग रहा है की भाटापारा में कांग्रेस नया बेदाग चेहरा को ही आगे लाएगी, लेकिन ये चेहरा किस वर्ग का होगा, इसका पूरा गणित जिले की अन्य विधान सभा सीटो के आधार पर लगाया जा रहा है।राजनीति में महारथ हासिल लोगो के अनुसार जिले की 3 विधान सभा सीटो पर एक ही वर्ग के प्रत्यासी उतारने की भूल कांग्रेस शायद नही करेगी और भाटापारा का प्रत्यासी बलोदा बाजार के प्रत्यासी के ऊपर होने की बात जानकर लोग दे रहे है।उनके मुताबिक अगर बलोदा बाजार में कांग्रेस किसी ओबीसी वर्ग को अपना प्रत्यासी बनाती है तो भाटापारा सीट किसी सामान्य वर्ग को जा सकती है, वही बलोदा बाजार से सामान्य को जाने पर भाटापारा से कांग्रेस प्रत्यासी ओ बी सी वर्ग से ही होगा, ऐसा सूत्रों का मानना है, उनका यहां तक का मानना है की जिले की 3 विधानसभा सीट में से अभी वर्तमान में सिर्फ कसडोल विधानसभा सीट पर ही कांग्रेस का कब्जा है और वहा ओबीसी वर्ग की ही महिला शकुंतला साहु विधायक है।बलोदा बाजार से भी कांग्रेस से कई दावेदार है जो की ओबीसी वर्ग से ही आते है और भाटापारा से भी ओबीसी वर्ग के दावेदारों ने अपनी ऊपर तक पहुंच बरकरार रखी है, ऐसे में भाटापारा सीट को लेकर यही कयास हो रहा है की यहां की सीट का निर्णय बलोदा बाजार के प्रत्यासी पर निर्भर होगा, क्योंकि एक ही जिले की 3 सीट पर कांग्रेस सामंजस्य बैठाने का पूरा प्रयास करेगी, बहरहाल भाटापारा के दमदार भाजपा प्रत्यासी शिवरतन शर्मा के सामने किस वर्ग का कोन प्रत्यासी होगा, इसका खुलासा संभवत कल या परसों में आने वाली कांग्रेस की दूसरी सूची से स्पष्ट हो जाएगा, तब तक नगर में कयासो का जोर आजमाइश का खेल चलता रहेगा।

# अग्रसेन जयंती पर किया गया भोज का आयोजन

**पलारी,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत दिनों महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर बलौदाबाजार ग्रामीण इकाई के पलारी क्षेत्र में अग्रसेन महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया उसके पश्चात महाराज अग्रसेन को माल्यार्पण कर आरती किया गया एवम प्रसाद वितरण किया गया। अंत में कार्यक्रम संचालक श्री अजीत कुमार अग्रवाल के निवास में सामाजिक भोज का आयोजन किया गया था। उक्त



कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के पलारी इकाई अध्यक्ष आर.के. अग्रवाल, बिपिन बिहारी अग्रवाल, कपूरचंद अग्रवाल, माधव अग्रवाल, अजीत कुमार अग्रवाल, मंगल प्रसाद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, महंत अग्रवाल, कमला अग्रवाल, शशिकला अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, राधा अग्रवाल, आरव अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, लव कुमार अग्रवाल, मदन मोहन अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठजन, महिलाएं एवम बच्चे उपस्थित थे।

# आरएन राइस मिल में 70 हजार नगद व चांदी के सिक्कों की चोरी

- पुलिस ने चौकीदार का लिया बयान
- कैंपस में रहने वाले चौकीदार व मिल ड्राइवर को इसकी भनक तक नहीं लगी

**बागबाहरा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीती रात में नगरीय सीमा के पहले नेशनल हाइवे 353 में स्थित आर.एन. राइस मिल में अज्ञात चोर ने 70 हजार नगद, 3 नग चांदी के सिक्के समेत चेक बुक की चोरी की सनसनीखेज घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। उल्लेखनीय बात यह रही कि दो चौकीदार सहित मिल ड्राइवर मिल कैंपस में बने कमरे में थे। लेकिन उन्हें चोरी होने की भनक तक नहीं लगी। सुबह सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की पतासाजी शुरु कर दी है। मिल संचालक प्रार्थी कमल अग्रवाल भी उसी कैंपस में रहते हैं। अग्रसेन जयंती कार्यक्रम के बाद रात 12 बजे आकर अपने घर में सो गए। सुबह लगभग साढ़े सात बजे घर से लगे ऑफिस में गये तो वहां कैश बॉक्स टेबल के नीचे से गायब था। खोजबीन करने के बाद ऑफिस के पीछे टूटी हालत में मिला। उसमें 70 हजार नगद रुपये के अलावा चांदी के तीन सिक्के, एक चेक बुक जिसमें तीन पन्ने हस्ताक्षरित थे, जो गायब मिले। इस चोरी घटना की सूचना मिल मालिक प्रार्थी कमल अग्रवाल ने तत्काल बागबाहरा थाने को दी। उन्होंने बताया कि सीसी टीवी कैमरा ऑफिस में 12–38 बजे रात चोर का ऑफिस में प्रवेश तथा बॉक्स ले जाने की घटना कैद हुई है। दुबले-पतले अज्ञात चोरों ने मुह में नकाब लगाया था। तथा सीधे टेबल के पास जाकर उक्त बॉक्स को निकाला। और अन्य किसी गोदरेज आदि को छुआ तक नहीं। उसके चलते ऐसा प्रतीत होता है कि उसे इस बात की जानकारी थी कि पैसे कहाँ रखे जाते हैं। पुलिस द्वारा मौका विवेचना से पता चला कि वह ऑफिस के पीछे गणपति पेट्रोल पम्प की तरफ से दीवाल फांदकर छत से होते हुए परिसर में प्रवेश किया।

**चोर दीवार फांदकर बाहर निकला, फ़ेंके फटे नोट:** राइस मिल मालिक कमल अग्रवाल ने बताया कि ऑफिस के पीछे बॉक्स ड्राज तोड़कर अज्ञात चोर दीवाल फांदकर बाहर निकला और फटे नोटों की गड्डी को फेंक दिया था। बहरहाल बागबाहरा पुलिस चौकीदार एवं मिल ड्राइवर आदि के बयान लेकर इस मामले की पतासाजी में जोरों से जुट गई है। वहीं साइबर टीम भी इस मामले में जुट गई है। बागबाहरा थाना प्रभारी महेश साहू ने बताया कि आर.एन. राइस मिल में हुई चोरी की घटना की बारीकी से जाँच कर एवं लोगों का बयान लेकर जाँच पड़ताल की जा रही है। सीसी टीवी कैमरे में कैद अज्ञात चोर को बहुत जल्दी पकड़ लिया जायेगा।

# संकट में प्लास्टिक बारदाना

**600 से 1000 रुपए सैकड़ा, फिर भी मांग नहीं**

**भाटापारा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। लगता नहीं कि बारदाने के दिन बहुरेंगे। आशंका इसलिए जताई जा रही है क्योंकि प्लास्टिक बैग में मांग तो दूर, पूछ-परख तक नहीं है। ऐसा तब हो रहा है, जब धान की खरीदी के लिए चंद दिन ही शेष रह गए हैं।

जूट के बाद, अब प्लास्टिक के बारदाने संकट में आ चुके हैं। बेहद कमजोर स्थिति में चल रहा यह कारोबार, फिलहाल कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं है क्योंकि स्थिति अब तक साफ नहीं हो पाई है कि बारदानों में सरकार और किसानों का हिस्सा कैसा रहेगा ? ऐसी स्थिति में अनिश्चितता के घेरे में है, प्लास्टिक बारदाने का बाजार।

**संकट पहली बार**

सरकार कितनी मात्रा में बारदाना देगी ? किसानों को कितने बारदाने अपने पास से देना है ? यह अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है। ऐसे में बारदाना बाजार संशय में है। इसलिए इसने प्लास्टिक के बारदाने में उपर से खरीदी पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है, जबकि तैयार हो चुके बारदाने के उठाव के लिए लगातार दबाव बना हुआ है।



**इसलिए भी रोक**

प्लास्टिक की प्रकृति होती है जल्द गर्म होना। इसकी वजह से इसमें भरे गए धान का रंग तो खराब होता है, साथ ही चावल की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। जबकि जूट की बोरियों में ऐसी परेशानी नहीं आती। बीते बरस मिली ऐसी ही जानकारी को ध्यान में रखते हुए इस साल प्लास्टिक के बारदाने की खरीदी और भंडारण बेहद कम रखी गई है।

**अब पूंजी की समस्या**

सरकार की तैयारी को देखते हुए इस क्षेत्र ने जूट के बारदाने की खरीदी और भंडारण में बड़ी रकम लगा डाली है। अच्छी मांग की उम्मीद में प्लास्टिक बारदाने में भी ऐसी ही व्यवस्था बनाई गई लेकिन ताजा परिस्थितियों को देखते हुए, दोनों पर लगाई गई पूंजी की वापसी पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं।

**इस दर पर भी मांग नहीं**

पूछ-परख और खरीदी के लिए जो कीमत तय की गई है उसके अनुसार प्लास्टिक के बारदाने 600 से 800 रुपए प्रति सैकड़ा और थोड़ी ठीक गुणवत्ता वाले बारदाने 800 से 1000 रुपए प्रति सैकड़ा है लेकिन इस कीमत पर भी, न पूछ-परख है ना खरीदी। लिहाजा बेहतरी की प्रतीक्षा में है यह कारोबार।

# शीतला मंदिर देवसुंद्रा में 72 मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित

**पलारी,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास खंड पलारी के ग्राम देवसुंद्रा में शारदीय नवरात्र पर्व पर ग्राम के शीतला माता देवालय में 72 श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित कराए गए। ग्राम देवसुंद्रा में नवरात्र के इस पावन पर्व पर दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न चौक में आदिशक्ति मां दुर्गा विराजित किए गए हैं जिसमें शिवमन्दिर चौंक, दुर्गा चौक, गांधी चौक अमली बगैचा बांड़ा



पारा फोकट पारा महामाया चौक स्कूल पारा यज्ञ चौक आदि स्थानों पर मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। इसके अलावा मां सरस्वती जी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। ग्राम की प्रमुख देवी माता शीतला देवालय में श्रद्धालुओ की भीड़ लगी है। इस प्रकार हमारे ग्राम देवसुंद्रा में वर्ष भर कुछ न कुछ धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# पैरा एथलेटिक्स में शामिल होने ईश्वरी चीन रवाना

**बागबाहरा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। एशियन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 23 से 28अक्टूबर तक चीन के हांगझाऊ में होने जा रहा है। इस अंतराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने के लिए बागबाहरा विकासखंड के करमापटपर स्थित फॉर्च्यून नेत्रहीन विद्यालय की छात्रा कु. ईश्वरी निषाद ग्राम पंचायत सम्हर रायपुर एयरपोर्ट से दिल्ली रवाना हुई। जहां से हांगझाऊ चीन के लिए रवाना होगी। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा अधिकृत कोच श्रीमती लक्ष्मी प्रिया साहू साथ में दिल्ली तक गई है।



रायपुर एयरपोर्ट में फॉर्चून नेत्रहीन विद्यालय के संचालक एवं छत्तीसगढ़ के कोच निरंजन साहू, ,प्रशांत सिंह रघुवंशी उपाध्यक्ष पैरा स्पोर्ट्स एसोसियेसन ,डिकेश टंडन सचिव, अमरजीत चावड़ा,ईश्वरी की माता श्रीमती मोंगराबाई निषाद ने उत्साह के साथ बिदाई दी। पूर्व संध्या संस्था के संस्थापक सदस्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही एवं डॉ विजय शर्मा बधाई देने फॉर्च्यून विद्यालय करमापटपर पहुंचे। तथा संचालक निरंजन साहू से चर्चा कर रायपुर एयरपोर्ट से बिदाई के पूर्व डॉ पाणिग्रही ने ईश्वरी निषाद से मोबाइल में बात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तथा सुरक्षा, स्वच्छता के संबंध में नियमो का पालन करने महत्वपूर्ण बातें बताई। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती संगीता सिंह, नगर के वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी, देवेंद्र साहू, सुरेंद्र श्रीवास्तव एवं ललित पटेल आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने में जुटा आरंग प्रशासन





**चेक पोस्ट एवं उड़न दस्ता की टीमों को दिए गए आवश्यक निर्देश**

**आरंग,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम आरंग डॉ अतुल विश्वकर्मा ने लगातार बैठकों का दौर जारी रखते हुए कोटवारों को निर्देशित किया की हमारे आचरण एवं व्यवहार से आदर्श आचार संहिता की झलक दिखनी चाहिए साथ ही उन्होंने अलर्ट करते हुए कहा की न तो राजनीतिक विषयों की मुनादी करनी है और ना ही किसी राजनीतिक सभा का हिस्सा बनना है, उन्होंने जिम्मेदारी देते हुए कहा की आंगनबाड़ी केंद्र, अस्पताल एवं स्कूल दीवारों में लिखे हुए राजनीतिक नारो, स्लोगन, पोस्टर की सघन जांच करते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से हटाए एवं बीएलओ के साथ सामंजस्य बैठा कर कार्य करें .वही अपरान्ह एसएसटी चेक पोस्ट एवं एफएसटी उड़न दस्ता की टीमों की बैठक लेते हुवे कहा की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और कहा की चेक पोस्ट से गुजरने वाली सामग्री एवम् वाहनों की जाँच किया जाना है जबकि उड़न दस्ते को मिली सूचना के आधार पर उस स्थान तक पहुंचना होगा उन्होंने इस अवसर पर वीडियो ग्राफर के कार्य के कार्य, डेली रिपोर्टिंग एवं इमरजेंसी के लिए सभी पुलिस थानों के नंबर एवं मजिस्ट्रेट से संपर्क का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सामग्री सोना, चांदी, नगदी, प्रचार प्रसार बैनर पोस्टर, नशे की वस्तु, या कुछ अन्य भी हो सकती है परंतु चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुपालन में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए कार्य कुशलता दिखाएं तो कॉम्प्लिकेशन कम आते हैं एवं इस अवसर पर तहसीलदार राममूर्ति दीवान, एवं विनोद कुमार साहू नायब तहसीलदार एन एस पिस्दा व सृजल साहू स्वीप प्रभारी शिक्षक गण महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव तथा टीम प्रभारी गण मनीष स्वर्णकार, पोषण साहू, वीर सिंह राज, छबिलाल साहू, ओमप्रकाश वर्मा, नेमीचंद वर्मा, इंदिवर दुबे, भानु प्रताप शर्मा, विकास नायक, प्रेमलाल मिरि, दुर्गा तंबोली, सुनील अंचल, मधुसूदन साहू, आदि व तीनों एसएसटी की टीम पारागांव, रानीसागर, लखोली, के सदस्य गण एवं भैंसा, भिलाई, समोदा, आरंग के कोटवार सहित जनपद व तहसील कर्मचारी गणों की उपस्थिति

# अग्रसेन जयंती पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाए अपनी प्रतिभा

**सरायपाली,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल महिला मंडल एवं नवयुवक संघ के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना हुनर का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को समाज की ओर से पुरस्कृत किया गया, समाज की ओर से रखे गए प्रतियोगिता में लूडो जूनियर में समर्थ अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि शिवांश अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे, जूडो सीनियर सिंगल में योगेश अग्रवाल प्रथम, महेश अग्रवाल द्वितीय, लूडो सीनियर डबल में अविनाश व नीरज अग्रवाल प्रथम स्थान, जबकि अतुल व अर्पित अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे. लूडो डबल में नीता अग्रवाल व रीया अग्रवाल प्रथम, साक्षी गोयल मुस्कान अग्रवाल द्वितीय, सांप सीढ़ी में गोपाल अग्रवाल प्रथम, आयांश अग्रवाल द्वितीय, कैरम प्रतियोगिता सिंगल में निहाल अग्रवाल प्रथम, किशन अग्रवाल द्वितीय, कैरम प्रतियोगिता डबल विपुल अग्रवाल, किशोर अग्रवाल प्रथम ,निहाल अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल द्वितीय स्थान, बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अतुल अग्रवाल प्रथम, किशोर अग्रवाल द्वितीय, नोक आउट दी ग्लास कृष्णा अग्रवाल प्रथम, चंदन अग्रवाल द्वितीय, बैडमिंटन एकल नितिन अग्रवाल प्रथम, शिवम अग्रवाल द्वितीय, बैडमिंटन डबल्स नितिन और हिमांशु अग्रवाल प्रथम, प्रवीण और किशन अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे। सुलेख प्रतियोगिता में पल्लवी अग्रवाल प्रथम, कंचन अग्रवाल द्वितीय, अग्रसेन जी का खजाना जिसमें तीन-तीन सदस्य थे हितेश अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, सागर अग्रवाल प्रथम, जतिन, कृष्णा, रोहन अग्रवाल द्वितीय, बैलून डांस में हितेश और प्रेरणा अग्रवाल प्रथम, अंकिता और कंचन अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे, चॉकलेट एंड द टेडी बुके शीतल अग्रवाल प्रथम, सिया मित्तल द्वितीय, मारवाड़ी गीत



सुषमा अग्रवाल प्रथम, कुसुम अग्रवाल द्वितीय, पेंटिंग प्रतियोगिता में मोनी अग्रवाल प्रथम, रिया अग्रवाल द्वितीय, दोघड़ सजाव प्रतियोगिता में खुशी अग्रवाल प्रथम, सिल्की अग्रवाल द्वितीय, लाफ्टर चैलेंज प्रतियोगिता हितेश अग्रवाल प्रथम, काम्या अग्रवाल द्वितीय, भारत घूमो यात्रा लक्ष्मी अग्रवाल प्रथम, शालू अग्रवाल द्वितीय, अग्रसेन जी की माला बनाने की प्रतियोगिता सिल्की अग्रवाल प्रथम, प्रियंका अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे, डांस चैंपियनशिप ड्रेस नवयुवक संघ जूनियर नित्या अग्रवाल प्रथम, सृति अग्रवाल द्वितीय, डांस एवं फैंसी सीनियर में तुष्य अग्रवाल प्रथम, आरोही अग्रवाल द्वितीय, डांस प्रतियोगिता जूनियर अद्वैत अग्रवाल प्रथम, काव्या एवं जानवी अग्रवाल द्वितीय, डांस प्रतियोगिता सीनियर आतुषोष अग्रवाल प्रथम, निहीं अग्रवाल द्वितीय, डांस प्रतियोगिता महिला मंडल 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के स्लो डांस में काम्या अग्रवाल प्रथम, माही अग्रवाल द्वितीय, ड्यूज़ डांस में भूमि एवं प्रियांशी अग्रवाल प्रथम, प्रिया एवं रुचिका अग्रवाल द्वितीय स्थान पर, मिस एंड द मिसेज सरायपाली में मिस में सिमरन अग्रवाल प्रथम, व राशी अग्रवाल द्वितीय, मिसेज में माधुरी अग्रवाल प्रथम, पार्टनर गेम में कृष्णा अग्रवाल, सुजय अग्रवाल प्रथम, कोमल अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल द्वितीय, महिला मंडल में लूडो प्रतियोगिता सिंगल में काजल अग्रवाल प्रथम, लक्ष्मी अग्रवाल द्वितीय, सांप सीढ़ी में प्रियंका अग्रवाल प्रथमह, कोमल अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे, मेहंदी प्रतियोगिता में सोनाली अग्रवाल प्रथम, कंचन अग्रवाल द्वितीय, विलो पास में ओम अग्रवाल प्रथम, समर्थ अग्रवाल द्वितीय, बंदनवार बनाओ में खुशी अग्रवाल प्रथम, नेहा अग्रवाल द्वितीय, मिलनी का चार सिक्का बनाव में रिया अग्रवाल प्रथम, सिल्की अग्रवाल द्वितीय, भाषण प्रतियोगिता में आशीष अग्रवाल प्रथम, रिया अग्रवाल द्वितीय, प्रौढ़ों का 1 मिनट प्रतियोगिता में संजय अग्रवाल प्रथम, मोहन अग्रवाल द्वितीय, अग्रसेन जी के साथ सेल्फी में नेहा अग्रवाल प्रथम स्थान पर, अग्रसेन प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में नीतीन एवं उनके टीम प्रथम स्थान, अग्रवाल ब्रदर्स द्वितीय स्थान पर, आवाज पहचानो प्रतियोगिता में हितेश गोयल, शाहील अग्रवाल, वैभव अग्रवाल प्रथम, नीलेश अग्रवाल, केशव अग्रवाल और नीरज अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे इसमें तीन-तीन लोगों की टीम थी। इस तरह 39 प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी लोगों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाये।

# 1स्थाई वारंट 4 गिरफ्तारी वारंट माननीय न्यायालय पेश

**भाटापारा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)।अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में धर पकड कार्यवाही हेतु स्पेशल टीम गठित कर कार्यवाही की गई। आज दिनांक 17.10.2023 को थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा स्थाई वारंटी/गिरफ्तारी वारंटियो की पतासाजी हेतु स्पेशल टीम गठित कर धरपकड़ कार्यवाही किया गया स्थाई वारंटी 01.अपराध क्रमांक 324/ 18 धारा 457,380 आईपीसी शेखर टंडन पिता विजय टंडन उम्र 18 वर्ष सेकंड वार्ड नंबर 10 मारो थाना नादघाट जिला बेमेतरा गिरफ्तारी वारंटी 01. अपराध क्रमांक 486/21 धारा 452,294,323,506 आईपीसी सुशील यादव उर्फ बंटी पिता रविशंकर यादव उम्र 30 वर्ष साकिन के के वार्ड भाटापारा शहर 02. अपराध क्रमांक 148/17 धारा 457,380 आईपीसी आकाश उर्फ काका राठौर पिता अनिल राठौड़ उम्र 19 वर्ष साकिन स्वीपर मोहल्ला शक्ति वार्ड भाटापारा शहर 03. अपराध क्रमांक 203/ 18 धारा 279,337,338 आईपीसी छोटू ध्रुव उर्फ अमर से पिता धनवार उम्र 25 वर्ष सा. नयापारा वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर 04. दंड प्रक्रिया क्रमांक 621/ 18 धारा 279, 337,338 आईपीसी राजेश ध्रुव पिता मंत्री ध्रुव उम्र 27 वर्ष साकिन नयापारा वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर के सकुनत पर जाकर घेरा बंदी का धरदबोच कर न्यायालय पेश किया गया।